3 राजधानी
आज 87000 लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य

6 अभिमत
नए रेलमंत्री के समक्ष कठिन चुनौतियां

10 स्पोर्ट्स
बजरंग व विनेश से पदक की उम्मीद

11 विदेश
चीन में मृत मिला भारतीय छात्र

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 281
लखनऊ, मंगलवार, 3 अगस्त, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



मुझे इंडस्ट्री से कोई शिकायत नहीं
विविध-12

www.dailypioneer.com

# शैक्षणिक परिसर होंगे गुलजार

## 16 अगस्त से पढ़ाई के लिए आधी क्षमता के साथ खुलेंगे हाईस्कूल से लेकर विवि स्तर तक के शिक्षण संस्थान

- कक्षा 1 से 8 तक के स्कूल रहेंगे अभी बंद
- सोमवार से शुक्रवार तक ही होगी पढ़ाई
- माध्यमिक स्तर के कॉलेज दो पालियों में संचालित होंगे



शिमला में सोमवार को एक महिला विद्यालय में शारीरिक दूरी का पालन करते हुए अध्ययनरत छात्राएं।

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश में** कोरोना के कम होते प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 अगस्त से हाईस्कूल से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक के शिक्षण संस्थान खोलने के निर्देश दिए हैं। 50 फीसदी क्षमता के साथ इन शिक्षण संस्थानों में 16 अगस्त से पढ़ाई शुरू होगी। वीकेंड पर शिक्षण संस्थान बन्द रहेंगे। पढ़ाई सोमवार से शुक्रवार तक होगी। प्रदेश में अभी कक्षा एक से लेकर आठ तक के स्कूलों के बच्चों को नहीं बुलाया जाएगा। इन बच्चों की अभी ऑनलाइन पढ़ाई जारी रहेगी। वहीं अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला ने देर शाम शासनादेश जारी कर कहा है कि माध्यमिक स्तर के विद्यालय दो पालियों में संचालित होंगे। पहली पाली सुबह 8 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली 12 30 से 4.30 तक संचालित होंगे। पहली पाली में 50 प्रतिशत शेष 50 प्रतिशत छात्रों को दूसरी पाली में बुलाया जाय।

प्रदेश में कोरोना संक्रमण की सुधरती स्थिति को देखते हुए बेसिक, माध्यमिक, उच्च, प्राविधिक और व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों को खोलने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा, बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी और टीम 9 अधिकारियों के साथ लोकभवन में बैठक की। जिसके बाद 16 अगस्त से आधी क्षमता के साथ माध्यमिक स्तर से लेकर यूनिवर्सिटी खोलने का फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की नियंत्रित स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सभी शिक्षण संस्थानों में नवीन सत्र प्रारंभ करने की तैयारी की जाए। सभी बोर्डों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परिणाम घोषित हो चुके हैं। ऐसे में स्नातक स्तर पर दाखिले की प्रक्रिया 5 अगस्त से प्रारंभ कर दी जानी चाहिए। माध्यमिक शिक्षण संस्थानों में भी जिन विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत किया गया है, उनके दाखिले की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाए। स्वाधीनता दिवस के दिन स्कूलों में स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव से जुड़े आयोजन होंगे। 16 अगस्त से आधी क्षमता के साथ पढ़ाई शुरू हो।

उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों तथा परास्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों को प्रोन्नत किया गया है, इसलिए स्नातक द्वितीय वर्ष तथा परास्नातक द्वितीय वर्ष के छात्रों हेतु उच्च शिक्षण संस्थान भौतिक रूप से 15 अगस्त से खोले जाएंगे। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर अमृत महोत्सव मनाए जाने के उपरांत 16 अगस्त से नियमित कक्षाएं एवं पठन पाठन का कार्य भौतिक रूप से शुरू हो जाएगा। शर्मा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। जो विवि एवं महाविद्यालय 12वीं की परीक्षा के परिणाम के आधार पर प्रवेश लेते हैं, उन संस्थानों में स्नातक प्रथम वर्ष का पठन पाठन का कार्य 1 सितंबर से शुरू होगा। इसके लिए प्रवेश की प्रक्रिया 5 अगस्त से शुरू होगी। जिन संस्थानों में प्रवेश परीक्षा के आधार पर स्नातक में दाखिले होते हैं, वहां पर 13 सितंबर से कक्षाएं शुरू होगी। उन्होंने कहा कि स्नातक द्वितीय वर्ष के जिन छात्रों की वर्ष 2020-21 में परीक्षा ली गई है उनका परिणाम 31 अगस्त तक घोषित कर दिया जाएगा। स्नातक तृतीय वर्ष के ऐसे छात्रों की कक्षाएं 13 सितंबर से शुरू होंगी। इसी प्रकार स्नातक तृतीय वर्ष का परिणाम 31 अगस्त तक घोषित होगा इसलिए परास्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाएं 13 सितंबर से शुरू होंगी। शनिवार एवं रविवार को कर्फ्यू के कारण विवि से लेकर शिक्षण संस्थानों में भी वीकेंड लागू रहेगा। केवल सोमवार से शुक्रवार तक ही पढ़ाई होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में अध्ययन-अध्यापन प्रारंभ होने के दृष्टिगत सैनिटाइजर, इंफ्रारेड थरमामीटर, मास्क आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। दो गज की दूरी की अनिवार्यता के अनुरूप व्यवस्था की जाए। ( शेष पेज 9 )

# हॉकी में बेटियों ने रचा इतिहास



टोक्यो ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद कोच के साथ प्रसन्नता व्यक्त करतीं भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी

**भाषा।** टोक्यो

- ओलंपिक में पहली बार सेमीफाइनल में

**अतीत की** मायूसियों को भुलाकर सुनहरे भविष्य की नींव का पत्थर रखने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम ने आस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज पर जीत दर्ज करके ओलंपिक सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जिसका जश्न पूरे हिन्दुस्तान ने मनाया जबकि कमलप्रीत कौर अपने पहले ओलंपिक में चक्काफेंक स्पर्धा में छठे स्थान पर रही। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के अंतिम चार में पहुंचने और बैडमिंटन में पी वी सिंधू के कांस्य पदक का जश्न अभी चल ही रहा था कि सुबह महिला हॉकी टीम ने असंभव को संभव कर दिखाया। तमाम चुनौतियों को पार करके एक जुनूनी कोच की विश्व विजेता टीम तैयार करने की कहानी को सिनेमाई पर्दे पर दिखाने वाली चक दे इंडिया की कहानी मानों तोक्यो में असल में देखने को मिली। ड्रैगफ्लिकर गुरजीत कौर के गोल और दीवार की तरह गोल के आगे डटी गोलकीपर सविता के शानदार प्रदर्शन से भारत ने विश्व में नंबर दो आस्ट्रेलिया को करीबी मुकाबले में 1-0 से हराकर अंतिम चार में जगह बना ली। दुनिया में नौवें नंबर की भारतीय महिला हॉकी टीम का सामना सेमीफाइनल में बुधवार को अर्जेंटीना से होगा जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में जर्मनी को 3-0 से हराया। ( विस्तृत पेज 11 )

# फिरोजाबाद का नाम बदलकर चंद्रनगर करने का प्रस्ताव पारित

**फिरोजाबाद ( भाषा )।** प्रदेश के फिरोजाबाद जिले का नाम बदलकर चंद्र नगर किए जाने संबंधी प्रस्ताव जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में पारित कर दिया गया है। पिछले शनिवार को जिला पंचायत बोर्ड की प्रथम बैठक में फिरोजाबाद सदर ब्लॉक से ब्लॉक प्रमुख भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण यादव ने फिरोजाबाद का नाम बदलकर चंद्र नगर किए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजने का अनुरोध लिखित तौर पर किया।

यादव ने सोमवार को बताया कि सांसद चंद्रसेन जादौन ने भी जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में फिरोजाबाद का नाम चंद्र नगर किए जाने की मांग का समर्थन किया। इसके बाद यह प्रस्ताव पारित कर दिया गया। अब इसे अंतिम निर्णय के लिए शासन को भेजा जाएगा। यादव ने कहा कि फिरोजाबाद का पूर्व में नाम चंद्रवाड़ था और बाद में इसे बदलकर फिरोजाबाद कर दिया गया था इसलिए इसका नाम चंद्र नगर होना चाहिए। ( शेष पेज 9 )



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में सिविल अस्पताल पहुंच कर कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज ली। टीकाकरण के बाद अस्पताल के निदेशक डॉ. एससी सुन्द्रियाल ने मुख्यमंत्री को प्रमाण पत्र प्रदान किया। (समाचार पेज 2)

# राज्य विधान मंडल का मानसून सत्र 17 अगस्त से

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य विधान** मंडल का मानसून सत्र 17 अगस्त से होगा। मंत्रिपरिषद ने राज्य विधान मण्डल के दोनों सदनों का द्वितीय सत्र (वर्षाकालीन सत्र) 17 अगस्त को आहूत कर लिये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। ज्ञातव्य है कि राज्य विधान मण्डल के दोनों सदनों का विगत सत्र 18 फरवरी 2021 को आहूत किया गया था। इस सत्र में विधान सभा एवं विधान परिषद की अंतिम बैठक 4 मार्च 2021 को हुई थीं। तत्पश्चात् दोनों ही सदनों का सत्रावसान भी 30 मार्च 2021 से कर दिया गया था। संविधान के अनुच्छेद 174 के खण्ड (1) में यह व्यवस्था है कि विधान मण्डल के प्रत्येक सदन के एक सत्र की अंतिम बैठक और आगामी सत्र की प्रथम बैठक के लिए नियत तारीख के बीच 6 माह का अन्तर नहीं होगा। चूंकि विगत सत्र में विधान सभा एवं विधान परिषद की अंतिम बैठक 4 मार्च 2021 को हुई थी, अत: इस संवैधानिक व्यवस्था के क्रम में विधान मण्डल का आगामी सत्र 4 सितम्बर 2021 से पूर्व आहूत किया जाना अपेक्षित है।

# पाकिस्तानी हैंडलरों को हवाला के जरिए रुपए पहुंचाने वाला 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पाकिस्तानी** हैंडलरों को हवाला के माध्यम से रुपए पहुंचाने वाले गिरोह का सदस्य और 50 हज़ार के इनामी अपराधी दिनेश कुमार सिंह उर्फ अजय कुमार सिंह उर्फ एके सिंह को आतंकवाद रोधी दस्ते ने गोरखपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी से बचने के लिए दिनेश पिछले 3 साल से फरार चल रहा था। एटीएस के आईजी डॉ. जीके गोस्वामी गोस्वामी ने बताया कि अभियुक्त को कोर्ट में पेश कर 7 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया जाएगा। इस दौरान उससे बैंक खातो में हुए ट्रांजेक्शन और बैंक खाते खुलवाने में सहयोग करने वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध में पूछताछ कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। डॉ. गोस्वामी ने बताया कि एटीएस को सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ लोग पाकिस्तानी हैण्डलर के कहने पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर विभिन्न बैंकों में खाता खुलवाकर उनमें धोखाधड़ी करके जनता के व्यक्तियों से पैसा मंगवाते है तथा उस पैसे को निकाल कर हवाला के माध्यम से पाकिस्तानी हैण्डलर को पहुंचाते हैं। ( शेष पेज 9 )

# प्रधानमंत्री से मिले पूर्वोत्तर के भाजपा सांसद

- विदेशी ताकतों पर क्षेत्र में तनाव पैदा करने का लगाया आरोप

**भाषा।** नई दिल्ली

**हाल ही** में असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद को लेकर पैदा हुए तनाव के मद्देनजर पूर्वोत्तर के भारतीय जनता पार्टी के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और आरोप लगाया कि विदेशी ताकतें क्षेत्र में आग भड़का रही हैं और कांग्रेस इस संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति कर रही है। केंद्रीय मंत्रियों किरेन रिजिजू और सर्बानंद सोनोवाल के साथ असम, मणिपुर, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश के सांसदों ने संसद भवन स्थित कार्यालय में प्रधानमंत्री से मुलाकात की ओर उन्हें चार पन्नों का एक ज्ञापन भी सौंपा। मुलाकात के बाद पत्रकारों से चर्चा में रिजिजू ने आरोप लगाया कि विदेशी ताकतें उकसाने वाले बयानों और सामग्रियों को तोड़मरोड़ कर पेश कर रही हैं और ऐसा करके क्षेत्र में आग को हवा देने का काम रही हैं। रिजिजू ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सांसदों से कहा कि पूर्वोत्तर उनके दिल के बेहद करीब है, इसलिए क्षेत्र के प्रति उनका प्यार भी स्वाभाविक है। रिजिजू के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कहा कि वह इस क्षेत्र को राजनीति के चश्मे से नहीं देखते। इस मुलाकात के दौरान सांसदों के प्रतिनिधमंडल ने प्रधानमंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा कि जो भी तत्व असम-मिजोरम मामले को भारत में अव्यवस्था फैलाने के एक माध्यम के रूप में देख रहे हैं, उन्हें वह कहना चाहते हैं कि उनकी शरारत काम नहीं करने वाली है। सांसदों ने कहा कि जिस प्रकार असम-मिजोरम सीमा पर हिंसा हुई उससे वह दुखी हैं। ज्ञापन के मुताबिक सांसदों ने कहा, इस मामले को लेकर कांग्रेस के नेतृत्व में समाज का एक राजनीतिक वर्ग राजनीति करने का प्रयास कर रहा है, जिसे हम खारिज करते हैं। वह इसे दूसरे पर हावी होने के माध्यम के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि असम ओर मिजोरम के मुख्यमंत्रियों ने इस मामले का शांतिपूर्ण समाधान करने की प्रतिबद्धता जताई है। ( शेष पेज 9 )

## प्रौद्योगिकी अपनाने में भारत किसी से पीछे नहीं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी को अपनाने में भारत आज दुनिया के किसी भी देश से पीछे नहीं है और वह नवोन्मेष तथा सेवा प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के मामले में वैश्विक नेतृत्व की क्षमता रखता है। मोदी ने यह बात डिजिटल भुगतान समाधान ई-रुपी लॉन्च करने के बाद कही। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत आज कैसे आधुनिक प्रौद्योगिकी की मदद से आगे बढ़ रहा है ई-रूपी उसका भी एक प्रतीक है। मुझे खुशी है कि यह शुरुआत ऐसे समय में हो रही है जब देश आजादी के 75 वर्ष पर अमृत महोत्सव मना रहा है। ( विस्तृत पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,950 | ↑ 364 | |
| निफ्टी | 15,885 | ↑ 122 | |
| सोना | 46,917 | ↓ 124 | /10g |
| चांदी | 66,473 | ↓ 18 | /kg |

## क्विक न्यूज

### नीतीश ने की फोन टैपिंग मामले की जांच की मांग

**पटना।** जनता दल (यू) सुप्रीमो और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पेगासस जासूसी कांड में जांच की मांग कर सहयोगी भाजपा को परेशानी में डाल दिया है। ऐसा करके नीतीश कुमार ने विपक्ष की मांग का समर्थन कर दिया है। नीतीश कुमार ने सोमवार को कहा कि हम इतने दिनों से टेलीफोन टैपिंग के बारे में सुन रहे हैं, इस मामले पर संसद में चर्चा की जानी चाहिए। लोग इतने दिनों से जांच की मांग कर रहे हैं वास्तव में इसकी जांच की जानी चाहिए। वहीं विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर बहस और जांच की मांग को लेकर संसद को दस दिनों से ठप कर रखा है। ओमप्रकाश चौटाला से हुई मुलाकात के बारे मे पूछे जाने पर नीतीश ने कहा, उनके प्रति हमारे मन में आज से नही बल्कि जमाने से सम्मान का भाव रहा है।

# दावा: इसी महीने आ जाएगी कोविड की तीसरी लहर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- आईआईटी हैदराबाद और कानपुर के विशेषज्ञों के मुताबिक एक से डेढ़ लाख तक आ सकते हैं केस, अक्टूबर में आएगा पीक

**आईआईटी** हैदराबाद और कानपुर ने खतरे की घंटी बजा दी है। उनका कहना है कि कोविड-19 की तीसरी लहर अगस्त के आने वाले हफ्तों में आ जाएगी तथा अगर स्थितियां काबू में रही तो रोजाना एक लाख अन्यथा करीब 150,000 लाख तक केस आएंगे। इसका पीक अक्टूबर में आएगा। हालांकि उनका कहना है कि यह दूसरी लहर की तरह तबाही नहीं मचाएगी, जब प्रतिदिन चार लाख तक केस पहुंच गए थे। रविवार को 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना वायरस के मामलों में इजाफा देखा गया था। रविवार को 40,134 नए मामले दर्ज किए गए तथा कुल पॉजिटिव मामले 3,16,95,958 हो गए, जबकि 422 लोगों की मौत हो गई। मई के मध्य में दूसरी लहर के खत्म होने के बाद पहली बार हफ्ते दर हफ्ते कोविड-19 के केसों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। बीते हफ्ते में सबसे ज्यादा केस केरल में आए।

एक समाचार एजेंसी से बातचीत में शोधार्थियों ने कहा कि केरल तथा महाराष्ट्र जैसे राज्य जहां पर कोविड के ज्यादा मामले आ रहे हैं वे तीसरी लहर में अहम भूमिका निभा सकते हैं। शोधार्थियों की यह भविष्यवाणी गणितीय मॉडल पर आधारित है। इससे पहले मई में आईआईटी हैदराबाद के प्रोफेसर मथुकुमल्ली विद्यासागर ने गणितीय मॉडल के आधार पर मई में आने वाले दिनों में दूसरी लहर की पीक के बारे में भविष्यवाणी की थी। लेकिन अप्रैल में की गई भविष्यवाणी की पिछले महीने के मध्य में पीक आएगा गलत थी। ट्वीटर पर शोधार्थियों की टीम ने इस पर सफाई देते हुए कहा कि गलत मानकों के कारण यह ऐसा हुआ क्योंकि यहां तक कि एक हफ्ते पहले तक महामारी का स्वरूप तेजी से बदल रहा था। विशेषज्ञ चेतावनी दे चुके हैं कि डेल्टा वैरिएंट चेचक की तरह आसानी से फैल सकता है तथा वैक्सीन ले चुके लोग भी इसे फैला सकते हैं। इंडियन सार्स-कोव-2 जीनोमिक्स कंर्सोटियम के आंकड़ों के मुताबिक मई, जून और जुलाई में कोविड-19 के हर 10 में आठ केस कोरोना वायरस के बेहद संक्रामक स्वरूप डेल्टा वैरिएंट के थे। इसके अलावा मेडिकल विशेषज्ञों ने यह भी चेतावनी दी है कि वैक्सीनेट लोग भी डेल्टा वैरिएंट को फैला सकते जिससे मामलों में तेजी आ सकती है। कोव-इंड-19 पर मिशिगन यूनिवर्सिटी के अध्ययन दल का ताजा आंकड़ा भी निराश करने वाला है, जिसमें कहा गया है कि भारत का आर काउंट 30 जुलाई को 1.01 तक पहुंच गया है। 12 मई के बाद दूसरी लहर खत्म होने के पश्चात भारत में पहली बार आर वैल्यू एक तक पहुंची है। आर वैल्यू कोविड-19 की मौजूदगी तथा उसके प्रसार के बारे में महत्वपूर्ण संकेतक है। केरल और पूर्वोतर राज्यों में काफी संख्या में सक्रिय मामले सामने आ रहे हैं। वहीं ताजा आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में आर काउंट एक से ज्यादा हो गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक आर काउंट यदि एक से कम है तो इसका मतलब केस कम हो रहे हैं।



पटना में एक पुलिसकर्मी की कोरोना जांच करता स्वास्थ्यकर्मी

# अगस्त-सितंबर में सामान्य से अधिक बरसात की संभावना

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत मौसम** विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि मानसून के उत्तरार्द्ध में अगस्त-सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने अगस्त के लिए जारी अनुमान में बताया कि इस महीने में भी मानसून के सामान्य रहने की संभावना है। महापात्र ने कहा कि पश्चिम मध्य प्रदेश और उससे लगे राजस्थान के हिस्से, महाराष्ट्र के अंदरूनी हिस्सों, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब के कुछ हिस्से और हिमाचल प्रदेश में अगस्त में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश के रायलसीमा क्षेत्र, कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, दक्षिण गुजरात, पूर्वोत्तर राज्यों और बिहार में इस महीने के दौरान सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। महापात्र ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में बताया, अगस्त से सितंबर 2021 के दौरान समूचे देश में वर्षा के सामान्य (दीर्घावधि औसत के 95 से 105 प्रतिशत) होने की संभावना है। वर्ष 1961-2010 की अवधि के लिए पूरे देश में अगस्त से सितंबर की अवधि की वर्षा दीर्घावधि (एलपीए) 428.3 मिमी है। हर साल आईएमडी दक्षिण पश्चिम मानसून के अगस्त-सितंबर के महीनों के लिए पूर्वानुमान जारी करता है जो बरसात की चार महीने की ऋतु के आखिरी दो महीने होते हैं। आईएमडी ने कहा कि स्थानिक वितरण से पता चलता है कि देश के उत्तर, पूर्व और पूर्वी हिस्से के कई क्षेत्रों में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। उसने बताया कि प्रायद्वीपीय भारत और उससे सटे मध्य भारत के अधिकतर हिस्सों मे सामान्य से लेकर सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। ( शेष पेज 9 )

# सभी अन्त्योदय परिवारों के हेल्थ कार्ड बनवाए जाएं: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हेल्थ कार्ड** बनाने के कार्य को पूरी रफ्तार के साथ संचालित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऐसे अन्त्योदय कार्ड धारक परिवार, जो प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अथवा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में से किसी भी योजना से शामिल नहीं हैं, उन्हे मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करते हुये हेल्थ कार्ड बनवाए जाएं।

मुख्यमंत्री सोमवार को लोक भवन में कोविड 19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में कोरोना की नियंत्रित स्थिति को देखते हुए स्वाधीनता दिवस के उपरान्त मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों के पुन: आयोजन की तैयारी की जाए। उन्होंने कहा कि आरोग्य मेलों के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही, आयुष्मान भारत योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के कार्ड भी बनाएं जाएं।

उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमण को नियंत्रित करने में सरकार की ट्रेस, टेस्ट एवं ट्रीट की रणनीति कारगर सिद्ध हो रही है। प्रदेश में संक्रमण तेजी से



कम हो रहा है, किन्तु यह पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। लिहाजा अतिरिक्त सतर्कता एवं सावधानी बरतने का समय है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को निरन्तर सुदृढ़ बनाकर रखा जाए। उन्होंने कोविड प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्हें अवगत कराया गया कि कोरोना संक्रमण के सम्बन्ध में विशेषज्ञों के आकलनों को देखते हुए संक्रमण से बचाव व उपचार की तैयारी को निरन्तर सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सभी मेडिकल कॉलेजों में बड़ी संख्या में पीकू एवं नीकू बेड तैयार कर लिए गए हैं। चिकित्सकों एवं अन्य चिकित्साकर्मियों के प्रशिक्षण का कार्य प्रगति पर है। ऑनलाइन एवं साक्षात दोनों माध्यमों से प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रदेश के लिए अब तक स्वीकृत 551 ऑक्सीजन संयंत्रों में से 257 ऑक्सीजन संयंत्र क्रियाशील हो गए हैं। वहीं अभी तक यूपी में 6700 पीआईसीयू में से 6572 स्थापित किए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड संक्रमण को नियंत्रित करने में वैक्सीनेशन एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य पूरी सक्रियता से संचालित किये जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी वैक्सीनेशन सेण्टर पर पर्याप्त संख्या में वैक्सीन की उपलब्धता रहे। कोविड वैक्सीनेशन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश में विगत दिवस तक 4 करोड़ 84 लाख 43 हजार 141 कोरोना वैक्सीन की खुराक दी जा चुकी है।

## सात दिन में बने लगभग ढाई लाख गोल्डन कार्ड

● नौ अगस्त तक अब भी है कार्ड बनवाने का मौका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश में** चल रहे आयुष्मान भारत पखवाड़े के तहत बीते सात दिनों में 2.46 लाख पात्र लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। यह पखवाड़ा नौ अगस्त तक चलेगा। अगर आप पात्र हैं और अभी तक गोल्डन कार्ड नहीं बनवाया है तो अपने आस पास लगने वाले शिविर में जाकर मुफ्त में कार्ड बनवा सकते हैं।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत ये गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं। 26 जुलाई से 1 अगस्त तक दो लाख 46 हजार 78 लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग प्रधानमंत्री जन आरोग्य आरोग्य योजना में रह जाते हैं उन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में कवर कर लिया जाता है ताकि सूबे का एक भी व्यक्ति इलाज से वंचित न रह जाए। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत आने वाले व्यक्ति को हर साल पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज दिया जाता है। ये इलाज सभी सरकारी अस्पतालों और बहुत से सूचीबद्ध प्राइवेट अस्पतालों मे मिलता है। इसमें 1000 से ज्यादा कैंसर और दिल की बीमारी जैसी कई गंभीर बीमारियों के लिए प्रदेश में 2900 सूचीबद्ध सरकारी व निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है। जिस पात्र लाभार्थी के पास आयुष्मान कार्ड है वह छोटी से लेकर बड़ी बीमारियों तक का इलाज अस्पताल में भर्ती होकर करवा सकते हैं। बीमारी की स्थिति में सभी मेडिकल जांच, ऑपरेशन, इलाज व दवा का खर्च इसके तहत कवर होता है। बीमारियों में मैटरनल हेल्थ और सी–सेक्शन या उच्च जोखिम प्रसव की सुविधा, नवजात और बच्चों के स्वास्थ्य, कैंसर, टीबी, कीमोथेरपी, रेडिएशन थेरेपी, हार्ट बाईपास सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, दांतों की सर्जरी, आंखों की सर्जरी, एमआरआई, सीटी स्कैन, दिल की बीमारी, किडनी, लीवर, डायबीटीज, कोरोनरी बायपास, घुटना बदलना, स्टंट डालना, आंख, नाक, कान और गले से संबंधित बीमारी आदि शामिल हैं। इसके साथ ही अस्पताल में एडमिट होने से पहले और बाद के खर्च भी इस हेल्थ बीमा में कवर किए जा रहे हैं।

## सिविल पहुंच कर मुख्यमंत्री ने ली वैक्सीन की दूसरी डोज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना वायरस** के खिलाफ चलाये जा रहे वैक्सीनेशन अभियान के दौरान पहली डोज लेने के उपरांत निर्धारित समय बीतने के बाद सोमवार को सिविल अस्पताल पहुंच कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूसरी डोज ली। टीकाकरण के बाद अस्पताल के निदेशक डॉ. एस सी सुन्द्रियाल ने मुख्यमंत्री को सर्टिफिकेट प्रदान किये।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने बीती चार मई को सिविल अस्पताल में ही कोरोना वैक्सीन की अपनी पहली डोज ली थी। अस्पताल के निदेशक डॉ सुभाष चंद्र सुन्द्रियाल ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लेने के लिए सोमवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल पहुंचे। वहां पर उन्होंने वैक्सीनेशन कार्यक्रम के बारे में पूरी जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने निदेशक से पूछा कि आपके यहां वैक्सीन की कोई कमी तो नहीं है या और कोई समस्या हो तो बताइए। निदेशक ने उन्हें बताया कि वैक्सीन पर्याप्त संख्या में मिल रही है और अलग अलग बूथ बनाकर सभी का टीकाकरण किया जा रहा है। किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है। निदेशक ने सीएम को बताया कि अब तक अस्पताल में 31 जुलाई तक 81477 लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। जो कि लखनऊ में किसी भी अस्पताल में लगाई जाने वाली वैक्सीन की सर्वाधिक डोज है। इस पर सीएम ने अस्पताल की सराहना भी की। वैक्सीन लगवाने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ करीब आधे घंटे तक ऑब्जरवेशन रूम में बैठे रहे। इसके बाद वहां से रवाना हो गए। वैक्सीन की सेकेंड डोज लेने के बाद मुख्यमंत्री ने ट्वीट करके अपनी खुशी जाहिर की। मुख्यमंत्री ने लिखा कि आज स्वदेशी कोविड वैक्सीन की दूसरी डोज प्राप्त कर मन प्रफुल्लित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में कोरोना वैक्सीन का यह सुरक्षा कवच सभी नागरिकों को मुफ्त प्रदान किया जा रहा है। आप सब लोग भी अपना क्रम आने पर टीका जीत का अवश्य लगवाएं। उन्होंने लिखा कि टीका जीत का लगवाएं तभी कोरोना हारेगा, भारत जीतेगा।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत आर्थिक सहयोग प्रदान करने का प्रस्ताव अनुमोदित

**कैबिनेट के फैसले**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश सरकार** ने सोमवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन पांच प्रस्तावों पर अपनी मंजूरी प्रदान की। इन निर्णय के अंतर्गत राज्य सरकार ने उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत आर्थिक सहयोग प्रदान करने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। इसके तहत 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे जिन्होंने कोविड 19 से भिन्न अन्य कारणों से अपने माता पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किसी एक अथवा अभिभावक को खो दिया है अथवा 18 से 23 वर्ष के ऐसे किशोर जिन्होने कोविड या अन्य कारणों से अपने माता पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किसी एक अथवा अभिभावक को खो दिया है तथा वह कक्षा 12 तक शिक्षा पूर्ण करने के उपरान्त राजकीय महाविद्यालय, विवि अथवा तकनीकी संस्थान से स्नातक डिग्री अथवा डिप्लोमा प्राप्त करने के लिए शिक्षा प्राप्त कर रहे हो या नीट, जेईई, क्लैट जैसे राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले अथवा जिनकी माता तलाकशुदा स्त्री या परित्यक्ता है अथवा जिनके माता पिता या परिवार का मुख्यकर्ता जेल में हैं अथवा ऐसे बच्चे जिन्हें बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति–बाल वैश्यावृत्ति से मुक्त कराकर परिवार–पारिवारिक वातावरण में समायोजित कराया गया हो अथवा भिक्षावृत्ति–वैश्यावृत्ति में सम्मिलित परिवारों के बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

इस योजना का लाभ एक परिवार के अधिकतम 2 बच्चों को मिल सकेगा तथा 18 वर्ष की आयु पूरी करने के उपरान्त कक्षा 12 तक शिक्षा पूर्ण करने के बाद भी राजकीय महाविद्यालय, विवि अथवा तकनीकी संस्थान से स्नातक डिग्री अथवा डिप्लोमा प्राप्त करने एवं राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षायें उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्रों को 23 वर्ष की आयु पूरी होने या स्नातक शिक्षा अथवा मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थान से डिप्लोमा प्राप्त करने में जो भी पहले हो तक इस योजना के अन्तर्गत लाभ दिया जायेगा। योजना के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों के दृष्टिगत योजना में यथावश्यक संशोधन एवं परिवर्तन के लिए मुख्यमंत्री को प्राधिकृत किया गया है।

**आगरा मेट्रो रेल परियोजना को मिली जमीन:** राज्य सरकार ने आगरा मेट्रो रेल परियोजना को गति देने के लिए जमीन की व्यवस्था करा दी है। आगरा मेट्रो रेल डिपो और ताजमहल मेट्रो रेलवे स्टेशन बनाने के लिए जमीन देने संबंधी प्रस्ताव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी दी। मेट्रो रेल डिपो निर्माण के लिए 15 वीं बटालियन पीएसी आगरा कैंपस की 7.4884 हेक्टेयर व मंडलायुक्त कार्यालय आगरा कैंपस की 1.0634 हेक्टेयर जमीन देने का फैसला किया गया है। ताजमहल मेट्रो स्टेशन के लिए उद्यान विभाग की आगरा स्थित शाहजहां पार्क की 1300 वर्ग मीटर स्थाई भूमि और 5398 वर्ग मीटर अस्थाई भूमि मेट्रो रेल कार्पोरेशन को देने का फैसला हुआ है। मेट्रो रेल कार्पोरेशन को यह भूमि एक रुपये प्रतीकात्मक प्रीमियम पर 90 वर्ष के पट्टे पर दी जाएगी। पट्टे का 30–30 साल पर नवीनीकरण किया जाएगा।

### सेवा की अवधि में मृत्यु की दशा में नॉमिनी या उत्तराधिकारी को मिलेगी पांच लाख की अनुग्रह राशि

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए निर्णय लिया है कि होमगाड्‌र्स स्वयंसेवकों एवं अवैतनिक अधिकारियों की सेवावधि में मृत्यु की दशा में उनके उत्तराधिकारी को अथवा स्थायी अपंगता की स्थिति में उनको 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। साथ ही एक अंग अथवा एक आंख की पूर्ण रूप से हानि होने की दशा में 2.5 लाख रुपये की अनुग्रह धनराशि दिये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। यह व्यवस्था 6 दिस बर 2020 से लागू होगी। साथ ही मंत्रिपरिषद ने सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना के अन्तर्गत ड्यूटी, प्रशिक्षणरत होमगाड्‌र्स स्वयंसेवकों एवं अवैतनिक अधिकारियों को दुर्घटना के कारण मृत्यु होने एवं अपंगता होने की दशा में बीमा कंपनी द्वारा दी जाने वाली धनराशि की व्यवस्था को तथा जो होमगाड्‌र्स स्वयंसेवक एवं अवैतनिक अधिकारी दुर्घटना बीमा से आच्छादित नहीं होते हैं, उनको उत्तर प्रदेश होमगाड्‌र्स स्वयंसेवक कल्याण कोष नियमावली 2013 के अनुसार दी जाने वाली धनराशि की व्यवस्था को समाप्त करने का निर्णय भी लिया है।

### खत्म होंगे 312 अन उपयुक्त कानून

● उप्र निरसन अध्यादेश 2021 का प्रारूप स्वीकृत

**लखनऊ।** मंत्रिपरिषद ने उत्तर प्रदेश निरसन अध्यादेश 2021 के प्रारूप को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके तहत राज्य सरकार 312 अधिनियमों को समाप्त करेगी। ज्ञातव्य है कि कुल 312 अधिनियमों को निरसित किये जाने के संबन्ध में शासन के संबन्धित प्रशासकीय विभागों से अनापत्तियां प्राप्त हुई। जिन्हें वर्तमान में अप्रचलित एवं अनुपयोगी होने के दृष्टिगत निरसित किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में राज्य विधान मण्डल सत्र आहूत नहीं है। नागरिकों एवं व्यवसाय पर विनियामक अनुपालन भार को कम करने की तात्कालिकता के दृष्टिगत स बन्धित प्रशासकीय विभागों की संस्तुति के आधार पर 312 अप्रचलित एवं अनुपयोगी हो चुके अधिनियमों को उत्तर प्रदेश निरसन अध्यादेश 2021 के माध्यम से निरसित किये जाने तथा इसके प्रतिस्थानी विधेयक के आलेख पर विभागीय मंत्री के अनुमोदन से इसे आगामी राज्य विधान मण्डल सत्र में पुर:स्थापित कराने जाने का भी निर्णय मंत्रिपरिषद द्वारा लिया गया है।

## सीएम से मिले बिहार सरकार के मंत्री सुमन

**लखनऊ।** राष्ट्रीय जनता दल के साथ ही सत्ता पर काबिज जनता दल यूनाइटेडए विकासशील इंसान पार्टी ऑफ इंडिया के नेताओं के बाद अब नीतीश कुमार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन ने यूपी का दौरा किया है। उन्होने आज यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात पी। उनके इस दौरे को यूपी में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से जोडकर देखा जा रहा है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा ने भी उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव लडऩे के संकेत दिए हैं। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के पुत्र और बिहार सरकार में मंत्री संतोष कुमार शनिवार से लखनऊ में थे। उन्होंने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। उन्होंने उत्तर प्रदेश में समाज के सभी वर्गों के लिए कार्यों के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार की सराहना की। इस मुलाकात के अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपहार के तौर पर उन्हें ऐतिहासिक कुंभ आयोजन की पुस्तक दी।

## सरकार के तानाशाही रवैये से तंग हर तबका: लल्लू

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि पूरे प्रदेश का समाज का हर तबका वर्तमान सरकार के तानाशाही रवैये से तंग आकर कांग्रेस की तरफ आशा भरी निगाह से देख रहा है। साढ़े चार साल के इस सरकार की कार्यकाल में केवल कांग्रेस लोगों के सुख–दुख में सड़क पर दिखी। इसलिए प्रदेश की जनता कांग्रेस के एक जिम्मेदार विपक्ष के रवैये को देखते हुए आशा भरी निगाह से देख रही है। लल्लू सोमवार को प्रदेश कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के इस संगठन के माध्यम से हम पूरे प्रदेश के चाहे व बेसिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, उच्च शिक्षक, मदरसा शिक्षक, संस्कृत शिक्षक सभी को एकजुट करते हुए उनके समस्याओं को विधान सभा, विधान परिषद में उठाने के का काम करेंगे।

## जनसमस्याओं का किया जाए त्वरित निदान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री केशव** प्रसाद मौर्य ने सोमवार को कालीदास मार्ग स्थित आवास पर लगभग 2 दर्जन से अधिक जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक–एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी तथा पुलिस अधिकारी से बात की। जनता दर्शन में सैकड़ों लोगों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्यायें बतायीं। बतायी गयी समस्याओं में मुख्य रूप से अवैध कब्जा, मारपीट, राजस्व अतिक्रमण, प्रधानमंत्री आवास के तहत आवास, सड़क, जमीनी विवाद, चिकित्सा सहायता, आर्थिक सहायता दिलाने के लिये मदद आदि थीं। जनता दर्शन में



आए लोगों से उपमुख्यमंत्री ने स्वयं आगे बढ़कर उनके पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं तथा त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। आवास पर आये मरीजों के इलाज हेतु उपमुख्यमंत्री ने आर्थिक सहायता दिलाने का विश्वास दिलाया और प्रत्येक व्यक्ति की हर सम्भव मदद हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उपमुख्यमंत्री ने कमिश्नर व जिलाधिकारी वाराणसी, जिलाधिकारी रायबरेली व फतेहपुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा, सीतापुर, एटा, फिरोजाबाद व सोनभद्र, पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती, उन्नाव व कन्नौज सहित शासन के कई उच्चाधिकारियों से समस्याओं के निराकरण के बाबत दूरभाष पर वार्ता भी की।

## हाथरस के कई प्रधान, बीडीसी व अन्य लोग कांग्रेस में शामिल

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के समक्ष जनपद हाथरस से भारी संख्या में पूर्व प्रधान, वर्तमान प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा महिलाओं एवं पुरुषों ने हाथरस जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण कराते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विगत् 30 सालों में सपा, बसपा, भाजपा की सरकारों से ऊबकर जनता आशा भरी निगाहों से कांग्रेस की ओर देख रही है। ज्वाइन करने वालों में मुख्यरूप से मोहन सिंह बघेल, बच्चू सिंह चौधरी, रोशन लाल बघेल, लाखन सिंह चक, शहजाद खां, इंसार अली, चन्द्रपाल सिंह सूर्यवंशी, छितर सिंह पचौरी, बच्चू सिंह, विनोद कुमार, शोबरन सिंह, सत्यपाल सिंह, जोगेन्द्र सिंह आदि रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, रायबरेली

पत्रांक : 44/एमबी–आरबीएल/ज0क0–ई०टेंडरिंग/सू०प्रका0/2021–21 दिनांक : 02.08.2021

**"ई–निविदा सूचना"**

15वां वित्त आयोग/अवस्थापना विकास निधि/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु अधिकृत निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं/फर्मो/डीलरों से निविदायें दिनांक 03.08.2021 से दिनांक 17.08.2021 सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसकी समस्त कार्यवाही www.e-tender.up.nic.in पर ही की जायेगी। अपलोड की गयी निविदायें दिनांक 18.08.2021 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। उक्त सूचना www.npprbl.in पर भी देखी जा सकती है। शासन के निर्देशों के अनुसार जी0एस0टी0 भी मान्य होगी। ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी जलकल कार्यालय से भी किसी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**टेण्डर शेड्यूल (www.e-tender.up.nic.in पर)**

| क्र0सं0 | नगर पालिका परिषद रायबरेली | फर्म | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Tender Release | Tender upload | 02-8-2021, 11.00 AM | 02-8-2021, 05.00 PM |
| 2- | | Tender Download | 03-8-2021, 11.00 AM | 17-8-2021, 05.00 PM |
| 3- | | Bid Submission | 03-8-2021, 11.00 AM | 17-8-2021, 05.00 PM |
| 4- | Bid Opening | | 18-8-2021, 11.00 AM | |

**कार्य का विवरण**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मात्रा | आंगणन धनराशि (GST सहित) | अर्नेस्टमनी | निविदा मूल्य +GST | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | रैन वाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना का कार्य। | 15Job. | 3365325 | 57040 | 1350 | 25 दिवस |
| 2. | मिनी ट्यूबवेल की स्थापना का कार्य मुन्शीगंज | 01Job. | 850000 | 14404 | 300 | 15 दिवस |
| 3. | नगर पालिका क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित प्राइमरी स्कूल के किचन व शौचालय में वाटर लाइन व टंकी फिटिंग्स का कार्य। | 01Job. | 1050000 | 17797 | 500 | 15 दिवस |

**शर्तें :–**

1. जी.एसटी. पंजीयन प्रमाण पत्र की कॉपी स्केन कर अपलोड करना अनिवार्य है।
2. पिन कार्ड की स्केन कर अपलोड करना अनिवार्य है।
3. सम्बन्धित अधिकृत विक्रेताओं/फर्मो/डिलरों द्वारा धरोहर धनराशि सामग्री की लागत का 02 प्रतिशत के रूप में जमानत धनराशि आनलाइन बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में संचालित खाता संख्या 40920100006088 आई.एफ.एस.सी. कोड BARBORANANA में जमा कराकर स्कैन कॉपी अपलोड करें।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त अनुबन्ध के समय 08 प्रतिशत जमानत धनराशि एफ.डी.आर./टी.डी.आर./एन.एस.सी. (जो अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, रायबरेली के पक्ष में बंधक हो) के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।
5. निविदा फार्म का मूल्य नगर पालिका परिषद के बैंक ऑफ बडौदा शाखा में संचालित खाता संख्या 40920100006088 आई.एफ.एस.सी. कोड BARBORANANA में ऑनलाइन जमा कराकर रसीद को अपलोड करना होगा।
6. निविदा की स्वीकृति प्रदान होने पर सम्बन्धित फर्म को कार्यादेश की प्राप्ति के 07 दिन के अन्दर एकरारनामा/अनुबन्ध एवं अग्रिम जमानत धनराशि जमा करना होगा।
7. ऐसी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा जिसकी अग्रिम धनराशि क्रम संख्या–3 के अनुसार संलग्न न की होगी।
8. फर्म द्वारा प्रस्तुत बिल की स्वीकृति जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदान कराये जाने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।
9. प्रत्येक दशा में कार्य निर्धारित समय के अन्दर पूर्ण करना होगा। समय से कार्य पूर्ण न होने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।
10. टेक्निकल बिड/उपरोक्त औपचारिकतायें पूर्ण होने पर एवं बिड ओपनिंग से पूर्व मोहर बन्द लिफाफे में समस्त डाक्यूमेन्ट जलकल कार्यालय में जमा करने पर ही निविदा पर विचार किया जायेगा।
11. कार्य की गारण्टी के साथ अनुबन्ध निष्पादित करना होगा।
12. कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आई.एस.आई. मार्क/कम्पनी मेक ही उपयोग की जायेगी इसका प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।
13. फर्म द्वारा उपर्युक्त कार्य क्षेत्र में विगत 02 वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा।
14. विस्तृत जानकारी हेतु ई–टेण्डरिंग के वेबसाइड www.e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(डॉ0 आशीष कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, रायबरेली।

(पूर्णिमा श्रीवास्तव)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, रायबरेली।



पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल का प्रमाणपत्र रोल नंबर 1108822 वर्ष 2019 जो कहीं गिरकर खो गया है। बहुत खोजने पर भी नहीं मिला। प्रतिमा राजपूत पुत्री शंकर राजपूत, भारतीय बालिका विद्यालय इंका, लखनऊ

**सूचना**

सूचित हो मैं अनुज रस्तोगी S/o विमलकांत रस्तोगी मेरी कार से मेरा लैपटॉप और मेरे मकान नंबर यूनिट नंबर B1 1217 DLF विभूति खण्ड गोमती नगर लखनऊ बिल्डर एग्रीमेंट और भुगतान की रसीद चोरी हो गयी है जिसका उपयोग अनुचित होगा।


# भ्रम पैदा करने में माहिर है भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सचमुच चमत्कारी पार्टी है। वह कब कौन रूप धारण कर ले कहना मुश्किल है। भाजपा नेतृत्व बड़े–बड़े वादे करें जनता को बहलाने का गुर जानता है। समाजवादी पार्टी के कामों पर अपना ठप्पा लगा कर भ्रम पैदा करने में माहिर हैं। अब केन्द्रीय मंत्री ने भविष्यवक्ता का भी रूप धारण कर लिया है। लोकतंत्र में जनता मतदान से सरकार बनाती है परन्तु केन्द्रीय गृहमंत्री ने बिना चुनाव मैदान में उतरे ही भविष्यवाणी कर दी है कि विपक्ष को सन् 2022 में करारी हार के लिए तैयार रहना चाहिए। यानी भाजपा राज में न अपील, न वकील और न दलील की कथा चलेगी। तानाशाही मानसिकता इसी को तो कहते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि समझ में



नहीं आता कि प्रधानमंत्री हों या गृहमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की किस बात के लिए तारीफ करते हैं। कोरोना संक्रमण के दौर में उत्तर प्रदेश में मौतों का ऐसा सिलसिला चला कि शवदाह गृहों में लाशें जलाने की जगह भी नहीं बची। अस्पतालों में बेड, दवा और इलाज का अकाल पड़ गया। इंजेक्शन और जीवन रक्षक दवाएं कालाबाजारी में ही उपलब्ध थी। आक्सीजन की कमी से अस्पतालों में तमाम सांसे उखड़ गई। हर तरफ चीत्कार और हाहाकार मचा था।

केन्द्रीय गृहमंत्री मुख्यमंत्री को प्रशंसा पत्र बांटते समय भूल गए कि भाजपा राज में महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं की बाढ़ आ गई है। लूट, अपहरण, हत्या रोज की वारदातें हो गई है। व्यक्ति का जीवन मरण तय करने का काम सत्ता संरक्षित अपराधियों को मिला हुआ है। समाज में नफरत का माहौल है। लोग त्रस्त हैं। अच्छा होता अपनी जीत का हवाई सपना देखने वाले केन्द्रीय गृहमंत्री और मुख्यमंत्री इस बात की भी नोटिस ले लेते कि उन्होंने किसानों के साथ जो धोखाधड़ी की है उससे किसान आंदोलन व्यापक होता जा रहा है। नौजवान बेरोजगारी से परेशान हैं। उनका भविष्य अंधकारमय है। ऐसी कौन सी विशेष बात भाजपा राज में हुई है कि जनता उसके लिए मुख्यमंत्री जी के नाम पर ताली पीटेगी। हर मोर्चे पर तो भाजपा सरकार विफल रही है। गरीब ज्यादा गरीब हुआ है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी–33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# आज 147 केंद्रों पर 87000 लोगों के वैक्सीनेशन का लक्ष्य

### ● कोरोना के खिलाफ लड़ाई में राजधानी में चलेगा महा टीकाकरण अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**जिला प्रशासन** द्वारा मंगलवार से वैक्सिनेशन का मेगा कैंप चलाया जाएगा। इसके तहत तीन अगस्त को 87000 लोगों के वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखा गया है। वैक्सीन सेंटरों पर लोगों को जरूरी सुविधाएं मिलेंगी। 147 स्थलों पर महा टीकाकरण अभियान चलाकर कीर्तिमान कायम किया जाएगा। ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग के अलावा वर्क प्लेस सीवीसी भी बनाई गईं हैं, चिन्हित स्थलों पर लाभार्थियों का मौके पर ही को-विन रजिस्ट्रेशन होगा।

कोरोना के खिलाफ लड़ाई में लखनऊ कल बड़ा कीर्तिमान बनाएगा। 3 अगस्त को शासन के निर्देशानुसार शहर में बड़े स्तर कोविड.19 टीकाकरण अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत जनपद में कुल 147 केंद्र (सेशन साइट्स) जिनमें 12 जनपद स्तरीय चिकित्सालयों बलरामपुर चिकित्सालय, एसपीएम चिकित्सालय, लोकबंधु राज नारायण चिकित्सालय, रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय, केजीएमयू, एसजीपीजीआई, डॉ. आरएमएल चिकित्सालय, बीआरडी चिकित्सालय महानगर, राम सागर मिश्र 100 शैय्या चिकित्सालय साढ़ामऊ, 100 शैय्या चिकित्सालय ठाकुरगंज, झलकारी बाई चिकित्सालय, अवंती बाई चिकित्सालय और 19 नगरीय एवं ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 20 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 81 वर्क प्लेस सीबीसी सहित 15 अन्य स्थान सहित कुल 348 टीकाकरण बूथों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें प्रत्येक बूथ पर औसतन 250 व्यक्तियों का टीकाकरण किया जाएगा। जिला प्रशासन की मानें तो लगभग 87,000 व्यक्तियों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अभियान में कोविशल्ड एवं को वैक्सीन दोनों प्रकार की वैक्सीन का प्रयोग करते हुए लाभार्थियों को प्रथम एवं द्वितीय खुराक से दी जाएगी। इस अभियान के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग के अतिरिक्त वर्क पलेस सीबीसी भी बनायी गयीं हैं, जिसमें लाभार्थियों को अपनी आईडी लेकर चिन्हित स्थलों पर जाना होगा जहां लाभार्थी को कोविन पोर्टल पर पंजीकृत करते हुए टीकाकरण किया जाएगा।

### डीएम ने की तैयारियों की गहन समीक्षा

**अभियान** को लेकर जिलाधिकारी ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षकों, सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारीगण, मुख्य चिकित्साधिकारी, सभी अपर नगर मैजिस्ट्रेट एवं उप जिलाधिकारीगण और अपर जिलाधिकारीगण और मुख्य विकास अधिकारी के साथ बैठक कर तैयारियों की गहन समीक्षा की। इसमें निर्देशित किया गया कि सेक्टर स्कीम के तहत पूर्व में गठित 24 सेक्टर्स के प्रत्येक सेक्टर प्रभारी चिकित्साधिकारी, सेक्टर प्रभारी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण अपन अपने क्षेत्र में निर्धारित किए गये टीकाकरण केंद्रों, बूथों का आज ही सघन निरीक्षण कर लें और सुनिश्चित कराएं कि प्रत्येक टीकाकरण केंद्र पर टीकाकरण के लिए आने वाले व्यक्तियों के वेटिंग एरिया, टीकाकरण चेम्बर और ऑब्जर्वेशन एरिया दिया जाय।

वहीं निर्देश दिए गए कि चिकित्सकों को आकस्मिक चिकित्सा सुविधा के लिए एईएफआई और स्वच्छ पेयजल, शौचालय की व्यवस्था एवं गर्मी, बरसात के तहत बैठने के लिए पर्याप्त स्थान, छाया की व्यवस्था की जाए। सम्बन्धित उप जिलाधिकारी या अपर नगर मैजिस्ट्रेट और सम्बन्धित अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुलिस अधिकारीगण आज ही भ्रमण कर इन व्यवस्थाएं निश्चित कराएंगे। यह भी निश्चित किया जाना है कि टीकाकरण कार्य की पोर्टल पर अपलोडिंग तत्काल हो जाएं ताकि कृत कार्यवाही एवं पोर्टल पर अपलोडिंग की कोई भिन्नता न रहे। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने लोगों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में इस महाभियान में शामिल होकर अपने और अपने परिवार को सुरक्षित करें।

#### मोहनलालगंज के पांच गांवों में विशेष कैम्प आज

**मोहनलालगंज।** वैक्सीन की एक हजार डोज ही मिल पाने से मंगलवार को मोहनलालगंज तहसील के पांच गांव में ही विशेष कैम्प आयोजित किए जा सकेंगे। जिसके लिए प्रशासन ने रोस्टर जारी कर दिया है। सीएचसी अधीक्षका डॉ. ज्योति कामले ने बताया मोहनलालगंज नगर पंचायत के बिन्दौवा और रानीखेड़ा में मंगलवार को कैम्प लगाकर लोगों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सीएचसी व राधास्वामी सत्संग व्यास में पूर्व की भांति वैक्सीनेशन चलता रहेगा। जबकि बीडीओ गोशाईगंज संजीव गुप्ता ने बताया ग्राम पंचायत देईटीकर और घोड़सारा में वैक्सीनेशन के लिए विशेष कैम्प आयोजित किया गया है। वहीं सीएचसी अधीक्षक नगराम डॉ.राजेश सिंह ने बताया समेसी में कैम्प लगाकर लोगों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सीएचसी पर भी वैक्सीनेशन किया जाएगा।

# नकलविहीन हों बीएड इंट्रेंस से लेकर टीजीटी व पीजीटी परीक्षा: दिनेश शर्मा

### ● उपमुख्यमंत्री ने परीक्षाओं को लेकर दिए अधिकारियों को निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश के** उपमुख्यमंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा ने उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021 से लेकर चयन बोर्ड द्वारा 7 एवं 8 अगस्त को प्रस्तावित टीजीटी परीक्षा तथा 17 एवं 18 अगस्त को प्रस्तावित पीजीटी की परीक्षा को शूचिता पूर्ण, पारदर्शी एवं नकल विहीन परीक्षा संपादित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसी भी परीक्षा केंद्र से परीक्षा की शुचिता से संबंधित अप्रिय घटना नहीं होनी चाहिएए परीक्षा केंद्र पर अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए।

योजना भवन में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक करते हुए उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि वर्तमान में कोविड 19 के कारण बदली हुई परिस्थितियों में सामाजिक दूरी तथा फर्नीचर आदि के सैनेटाइजेशन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से समन्वय बनाकर कोविड.19 से संबंधित स्वास्थ्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था भी करा ली जाए। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021 तथा आगामी समय में अन्य आयोगों द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को शुचिता पूर्ण, पारदर्शी एवं नकल विहीन संपन्न कराए जाने के संबंध में व्यापक निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि असामाजिक तत्वों तथा संवेदनशील परीक्षा केंद्रों का चिन्हीकरण कर लिया जाए और उन पर विशेष निगरानी रखी जाए। परीक्षाओं के आयोजन के संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता की शिकायत पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाएगी। समीक्षा बैठक में कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय आलोक कुमार राय, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा मोनिका गर्ग, अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा सुभाष चंद्र शर्मा, एडीजी एसटीएफ सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### फेसबुक पर महिला से दोस्ती पड़ी महंगी

**लखनऊ।** राजधानी की पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के खरिका तेलीबाग में रहने वाले युवक को, अज्ञात महिला के फेस बुक आई डी से फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली जिसे उसने स्वीकार कर ली जिस पर अश्लील मैसेज, वीडियो भेजे जाने लगे अब युवक को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसों की मांग की जा रही, पीड़ित युवक ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी हैए पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। रणधीर चौहान तेलीबाग के खरिका में रहते हैंएपुलिस को तहरीर देते हुए उन्होंने बताया किए बीती 29 जुलाई 2021 को फेस बुक पर रेखांजलि साहू नामक आई डी से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई जिसे रणधीर चौहान द्वारा स्वीकार कर लिया गया। रणधीर चौहान का कहना था कि उपरोक्त आई डी धारक महिला ने मैसेंजर से बातचीत शुरू कर दी, फिर अपने अश्लील वीडियो चलाने लगी। उसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी 8337921064 नंबर से दी और अन्य परेशानियों से छुटकारा पाने के एवज में 22 हजार रुपए की मांग की, अपने को फंसता देख रणधीर चौहान ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को फोन नंबर और फेस बुक आई डी के आधार पर तहरीर दी है, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### कल्याण सिंह को देखने पीजीआई पहुंचे विधान परिषद सभापति

**लखनऊ।** पीजीआई में भर्ती प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को देखने के लिए सोमवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुँवर मानवेन्द्र सिंह ने संस्थान पहुँच कर उनका हालचाल लिया। पीजीआई में उन्होंने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का इलाज कर रहे डॉक्टरों से उनकी बीमारी के बारे में जानकारी हासिल की एवं उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

### राकेश सक्सेना को दिया गया लोनिवि विभागाध्यक्ष का प्रभार

**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता (परिकल्प एवं नियोजन) राकेश कुमार सक्सेना को तात्कालिक प्रभाव से प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग का भी प्रभार प्रदान किया गया है । श्री सक्सेना अपने दायित्वों के साथ-साथ प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग के दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इस संबंध में आवश्यक कार्यालय ज्ञाप-आदेश उत्तर प्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

### केजीएमयू में फार्मासिस्ट से लेकर सहायक पीआरओ के तबादले

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में सोमवार को व्यापक स्तर पर एक स्थान से दूसरे स्थान पर तबादले किए गए हैं। तबादलों की फेहरिस्त में फार्मासिस्ट से लेकर सहायक पीआरओ व स्वागती संवर्ग के कर्मचारी शामिल हैं। यह कर्मचारी लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात थे। विवि के कुलपति डॉ बिपिन पुरी के निर्देश पर कुलसचिव आशुतोष कुमार द्विवेदी ने यह तबादला किया है। इसमें ट्रॉमा सेंटर में तैनात फार्मासिस्ट राम कुमार को सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। एचआरएफमें तैनात महेंद्र नारायण त्रिपाठी उप चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में सर्जिकल पर्चेज का काम देखेंगे। फार्मासिस्ट सुशील कुमार विद्यार्थी को रेस्पीरेटरी मेडिसिन से विभाग की ओपीडी में भेजा गया है। अभिलाषा वर्मा को क्वीनमेरी से ओपीडी में तैनाती दी गई है। इसी तरह सुशील कुमार कनौजिया को पोस्टमार्टम से हटाया गया। वह अब उप चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में सीएम-पीएम फंड देखेंगे। सीमा अवस्थी को शताब्दी के सब स्टोर से काम लेकर ओपीडी में भेजा गया है। राजेश कुमार को सर्जरी विभाग से ट्रॉमा सेंटर में लगाया गया है। इसी तरहए अन्य कर्मियों के भी तबादले किए गए हैं।

### युवक को थप्पड़ जड़ने वाली युवती के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** कृष्णा नगर थाना क्षेत्र स्थित अवध चौराहे पर सरेराह बीच सड़क पर दौड़ा दौड़ाकर सिलसिलेवार तरीके से कार सवार युवक को थप्पड़ जड़ने वाली दबंग युवती के खिलाफ़काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। हालांकि यह घटना आम आदमियों के अलावा चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मियों के सामने हुई थी। युवक गिड़गिड़ाता रहा, लेकिन दबंग युवती के कहर के आगे खाकी वर्दी वाले मूकदर्शक बने रहे। इस मामले में तमाशबीन बनी पुलिस ने पीड़ित चालक के खिलाफही मुकदमा दर्ज कर उसे हवालात में खड़ा कर दिया था। फिलहाल पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने युवक को बेरहमी से पीटने वाली युवती के खिलाफमुकदमा दर्ज मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताते चलें कि 30 जुलाई 2021 की शाम केसरी खेड़ा कॉलोनी कृष्णा नगर निवासी 28 वर्षीय युवती अवध चौराहे पर पैदल जा रही थी। युवती का आरोप है कि यूपी 32 एच ए 2545 एक्सयूवी पर सवार वजीरगंज निवासी शहादत अली, इनायत अली व दाऊद अली निवासी उपरोक्त टक्कर मारने की कोशिश की। इस पर युवती ने एक युवक को उपरोक्त एक्सयूवी से खींचकर उतार लिया और उसके ऊपर कहर बनकर टूट पड़ी। चौराहे पर सिलसिलेवार तरीके से युवक को बेरहमी से पीटने वाली घटना जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई कि आला अधिकारी सकते में आए और कृष्णा नगर पुलिस को तत्काल प्रभाव से निर्देश दिए कि युवक को पीटने वाली युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। पुलिस अफसरों का फरमान जारी होते ही पुलिस हरकत में आई और पीड़ित युवक की तहरीर पर युवती के खिलाफमुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### अब तक 2500 हड़ताली एंबुलेंस कर्मी बर्खास्त, कम्पनी को तीन दिन में मिले 30 हजार आवेदन

**लखनऊ।** प्रदेश में एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल को लेकर सेवा प्रदाता कंपनी और कर्मियों के बीच चल रही खींचतान के चलते अब तक 2500 से अधिक कर्मचारियों को बाहर निकाला जा चुका है। वही कंपनी की तरफसे नई भर्ती को लेकर प्रदेश में लगातार तीन दिन तक चलाए गए भर्ती अभियान के तहत 30,000 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जीवीके ईएमआरआई यूपी के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि हमारी टीम आवेदन पत्रों की जांच कर रही है। लोगों को तत्काल एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए तय मानकों के तहत योग्य पाए गए उम्मीदवारों को आवश्यकतानुसार जिलों में तैनाती देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। तैनाती से पूर्व हमारी एक्सपर्ट टीमों द्वारा क्रैश कोर्स के माध्यम से आवश्यक ट्रेनिंग देने के बाद ही उन्हें ड्यूटी के लिए भेजा जा रहा है। हैदराबादए गुजरात, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों से आई टीमों ने प्रदेश भर में पिछले तीन दिनों में बड़े स्तर पर भर्ती प्रक्रिया संचालित की है। रेड्डी ने बताया कि हड़ताल में शामिल और दूसरे कर्मचारियों को हड़ताल के लिए उकसाने वाले करीब 2500 से अधिक कर्मचारियों को अब तक बर्खास्त किया जा चुका है। करीब 15 हजार पुराने कर्मचारी पूर्व की भांति सेवाएं दे रहे हैं। हड़ताल में शामिल कर्मचारियों को 1 अगस्त तक ड्यूटी ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए थे और संस्था द्वारा निर्देश मिलने के बाद बड़ी संख्या में हड़ताल में शामिल रहे कर्मचारियों ने शपथ पत्र भरकर वापस ड्यूटी ज्वाइन कर ली है। शासन-प्रशासन के सहयोग से प्रदेश भर में सभी एम्बुलेंस पूर्व की भांति संचालित की जा रही हैं।

## रेडियो विभाग के हेडकांस्टेबल का फांसी से लटकता मिला शव

**लखनऊ।** मड़ियांव इलाके के अजीज नगर में सोमवार देर शाम रेडियों विभाग के हेडकांस्टेबल का संदिग्ध हालात में फांसी से लटकता शव मिला। सूचना पाकर मौके पर फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर मड़ियांव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि रेडियों विभाग में हेडकांस्टेबल के पद पर तैनात अरविन्द कुमार सिंह अपनी पत्नी डॉली व पांच महीने के बेटे के साथ अजीज नगर मड़ियांव में रहते थे।

मृतक अरविन्द की पत्नी मायके गई हुई थी। भाई अमित कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें नौकरानी से सोमवार शाम करीब पांच बजे सूचना मिली कि अरविन्द कुमार सिंह ने घर के कमरे में लगे पंखे में गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मृतक अरविन्द कुमार सिंह के पैर जमीन से छू रहे थे, और घर के कमरों के सभी दरवाजे खुले हुए थे। शाम करीब पांच बजे घर मे झाड़ू बर्तन सफाई के लिए आई नौकरानी से अरविन्द के फांसी लगाने की बात पता चली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम जांच पड़ताल में जुटी रही। इंस्पेक्टर ने बताया कि शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की कार्रवाई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

## स्कूलों ने शुरू की तैयारी, अपने नाम की डेस्क पर बैठेंगे बच्चे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● नहीं होगा असेम्बली का आयोजन, स्कूल परिसर के अन्दर किसी भी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा

**प्रदेश** में कोरोना के कम प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से 15 अगस्त से माध्यमिक स्तर के स्कूलों को खोलने के निर्देश के बाद राजधानी के स्कूलों ने तैयारी शुरू कर दी है। उप्र अनएडेड स्कूल एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि संक्रमण को देखते हुए स्कूल में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं के नाम से क्लास में डेस्क आवंटित कर दी जाएगी और उसी पर छात्र को बैठना होगा। जिस प्रकार परीक्षा के दौरान बच्चे बैठते हैं।

एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि स्कूल में डेस्क आवंटन के साथ ही क्लास शुरू होने और क्लास खत्म होने के बाद सैनिटाइजेशन कराया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि स्कूल पचास फीसदी छात्र क्षमता के साथ खोले जाएंगे। मास्क, थर्मल स्कैनिंग, सोशल डिस्टेसिंग का पालन किया जाएगा। सभी स्कूल प्रबंधकों की बैठक अगले दो दिनों में की जाएगी। सरकार की गाइडलाइन के अनुरुप स्कूलों में तैयारियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि स्कूल में असेम्बली का आयोजन भी नहीं किया जाएगा। स्कूल परिसर के अन्दर किसी भी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## सहकारिता मंत्री आज करेंगे मोबाइल एटीएम वैन, नेट बैंकिंग का शुभारम्भ



**लखनऊ।** कोआपरेटिव बैंक लि द्वारा संचालित कृषि सहकारी स्टाफप्रशिक्षण संस्थान इन्दिरा नगर लखनऊ सभागार का जीर्णोद्धार एवं मोबाइल एटीएम वैन, नेट बैंकिंग माइक्रो एटीएम तथा ग्रिवान्स पोर्टल का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रदेश के सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा मंगलवार 3 अगस्त को पूर्वान्ह 11 बजे करेंगें। यह जानकारी प्रबन्ध निदेशक वीके मिश्र ने दी है। उन्होंने बताया कि इस मौके पर प्रमुख सचिव सहकारिता बीएल मीना, सभापति तेजबीर सिंह, महाप्रबंधक-निदेशक रितु गुप्ता सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित होंगे।

## क्राइम ब्रांच करेगी जालसाजों से इंस्पेक्टर गुडम्बा की साठगांठ की जांच

### ● वन विभाग की जमीन बेचने का मामला, पीड़ित की शिकायत पर कमिश्नर ने दिए आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गुडम्बा में** महिला की जमीन पर कब्जा और और कब्जा कराने में आरोपियो से इंस्पेक्टर गुडम्बा की सांठगांठ के आरोपों की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है। सोमवार को कमिश्नर डीके ठाकुर से पीड़ित ने मुलाकात की और गुडम्बा थाने में दर्ज मुकदमा को दूसरी संस्था को ट्रांसफर करने का अनुरोध किया था। जिसके बाद कमिश्नर ने मुकदमा को क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दिया।

बहादुरपुर, फूलबाग कॉलोनी निवासी हरिश्चंद्र गिरि ने अपनी पत्नी मंजू गिरि ने ह्यूमन वेलफेयर इक्वल जस्टिस संस्था के संस्थापक हेमन्त कुमार मिश्रा के साथ कमिश्नर डीके ठाकुर से मुलाकात की। पीड़ित ने ने कमिश्नर से बताया कि दबंगों द्वारा जबरन उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसकी जमीन पर कब्जा कराने में इंस्पेक्टर गुडम्बा फरीद अहमद ने भी दबंगों का साथ दिया है। उसके द्वारा गुडम्बा थाने में दर्ज कराये गये मुकदमें में भी गुडम्बा पुलिस ने खेल कर दिया। ऐसे में मामले की निष्पक्ष जांच सम्भव नहीं है। ऐसे में मामले की विवेचना कही अन्यत्र ट्रांसफर कर दी जाए। पीड़ित के अनुरोध के बाद कमिश्नर ने मामले की विवेचना क्राइम ब्रांच को सौंप दिया। संस्था के संस्थापक के साथ पीड़ित दम्पति ने उप्र अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी से मिलकर इंस्पेक्टर गुडम्बा फरीद अहमद की शिकायत की। अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि किसी को भी सरकार की छवि को भूमिल करने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने पीड़ित को जांच कराकर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

**यह है मामला:** बहादुरपुर फूलबाग कॉलोनी निवासी हरिश्चंद्र गिरि ने 500 वर्ग फुट का एक प्लॉट बहादुरपुर में संजय कुमार से 27 जनवरी 2011 को बैनामा कराया था, लेकिन वह प्लॉट पर निर्माण नहीं करा सका। आरोप है कि स्थानीय निवासी हाफिज अब्दुल हसीब और मुजीब ने उसके प्लॉट पर कब्जा कर दो मंजिला इमारत बना ली। विरोध करने पर धमकी देने लगे। इसकी शिकायत पीड़ित ने गुडम्बा थाने पर की। जहां आपसी समझौते में आरोपी दूसरी जगह प्लॉट देने को राजी हो गये।

पीड़ित हरिश्चंद्र ने बताया कि आरोपियों ने 6 मार्च को अपने सहयोगी आदिलनगर निवासी डॉ. संतोष कुमार से छलपूर्वक 500 वर्ग फुट के स्थान पर 350 वर्ग फुट की रजिस्ट्री उसकी पत्नी मंजू गिरि के नाम से करवा दी। जिसके बाद कब्जा देने के नाम पर आरोपी तीन महीने तक टालमटोल करते रहे। हताश होकर पीड़ित ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचा। जहां उसे पता चला कि जिस जमीन की रजिस्ट्री आरोपियों द्वारा उसे की गई हैए वह वन विभाग की है।

## मोहर्रम को लेकर जारी सर्कुलर की भाषा शैली को लेकर शिया समुदाय ने जताई कड़ी आपत्ति

### ● डीजीपी मुख्यालय की ओर से किया गया था जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मोहर्रम को** लेकर डीजीपी मुख्यालय की ओर से जारी किए गए सर्कुलर की भाषा शैली को लेकर शिया समुदाय ने कड़ी आपत्ति जाहिर की है। मजलिसे उलेमा-ए-हिंद के महासचिव और शिया मौलाना सैयद कल्बे जवाद नकवी ने प्रदेश की सभी मातमी अंजुमनों, धार्मिक संगठनों, शिया व सुन्नी और हिंदू ताज़ियादारों से अपील की कि जब तक पुलिस प्रशासन इस विवादास्पद और अपमानजनक सर्कुलर के लिए माफी नहीं मांगता और इसे वापस नहीं लेता पुलिस प्रशासन की किसी भी मीटिंग में शामिल न हुआ जाए। शिया मौलाना ने मांग की कि इस संबंध में उत्तर प्रदेश के डीजीपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो क्योंकि पुलिस का यह सर्कुलर शिया-सुन्नी और हिंदू-मुसलमानों के बीच नफरत पैदा करने वाला है। वहीं यूपी पुलिस का कहना है कि जारी सर्कुलर में कुछ विवादित या नया नहीं जोड़ा गया है।

मौलाना नकवी इस संबंध में सोमवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर रहे थे। मोहर्रम को लेकर उत्तर प्रदेश में एक सर्कुलर जारी हुआ है। इसमें यूपी में इस साल मोहर्रम पर जुलूस नहीं निकालने का निर्देश दिया गया है। सर्कुलर मे दी गई गाइडलाइन में लिखी बातों पर शिया समुदाय आपत्ति जता रहा है। डीजीपी मुख्यालय की तरफसे जारी गाइडलाइंस के एक पाइंट पर मुख्य तौर पर शिया धर्मगुरु ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए यूपी पुलिस को कोर्ट में लेकर जाना चाहिए। वह बोले गाइडलाइंस शिया समुदास के ऊपर झूठे आरोपों का पुलिंदा है, लिखा है कि मुहर्रम में रेप होते हैं, गाय काटी जाती हैं। क्या यह सब कोविड गाइडलाइन हैं, मौलाना कल्बे जवाद ने आरोप लगाया कि ऐसा करके सिर्फशिया-सुन्नी नहीं बल्कि हिंदू-मुस्लिम का भाईचारा खराब करने की कोशिश हुई है। आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी और शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने भी इस सर्कुलर की निंदा की है। वहीं गाइडलाइंस को लेकर उठे विवाद पर एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा है कि तीन चार साल से यही सर्कुलर जारी हो रहा है। इंटेलिजेंस के इनपुट के आधार पर यह अपने अफसरों को सतर्कता बरतने के लिए जारी किया गया था।

## सील बिल्डिंगों की होगी निगरानी, जेई हर सप्ताह सर्वे कर देंगे रिपोर्ट

### ● एलडीए उपाध्यक्ष ने तय की अधिकारियों की जिम्मेदारी

### ● अब चोरी-छिपे निर्माण कार्य नहीं करा सकेंगे बिल्डर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**शहर के** अवैध निर्माणों के खिलाफ कड़ा कदम उठाते हुए एलडीए ने अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की है। एलडीए उपाध्यक्ष ने अवर अभियन्ताओं को अपने क्षेत्र की सील बिल्डिंगों का हर हफ्ते स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिए हैं। जिसकी इन अवैध निर्माण की निगरानी जोन के विहित प्राधिकारी और अधिशासी अभियन्ता करेंगे। यही नहीं एलडीए उपाध्यक्ष हर 15 दिन में बैठक कर इस कार्रवाई की समीक्षा की करेंगे।

सोमवार को एलडीए के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने अवैध निर्माणों के खिलाफ एक और कदम उठाते हुए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की है। अवर अभियन्ता अपने क्षेत्र की सील बिल्डिंगों का हर हफ्ते स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करेंगे। जिसकी निगरानी जोन के विहित प्राधिकारी और अधिशासी अभियन्ता द्वारा की जायेगी। उपाध्यक्ष द्वारा स्वयं हर 15 दिन में बैठक कर इस कार्यवाही की समीक्षा की जायेगी। उपाध्यक्ष के इस फैसले से प्राधिकरण द्वारा सील की गई बिल्डिंगों में चोरी-छिपे निर्माण व फिनिशिंग आदि का कार्य कराये जाने की कोई गुंजाईश नहीं होगी। उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने सोमवार को समस्त विहित प्राधिकारी तथा अधिशासी अभियन्ताओं के साथ की गई बैठक में इस सम्बन्ध में आदेश जारी किये। एलडीए के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने बैठक में निर्देशित किया कि प्रत्येक जोन में सील बिल्डिंगों व निर्माणकर्ताओं का ब्यौरा तथा इनसे सम्बन्धित वाद संख्या की पूरी सूची तैयार की जाय। इस सूची के आधार पर अवर अभियन्ता अपने-अपने क्षेत्र के सील किये गये व्यावसायिक एवं आवासीय भवनों का हर हफ्ते निरीक्षण कर यह निश्चित करायेंगे कि इन स्थानों पर किसी भी तरह का कोई निर्माण कार्य न हो रहा हो। इस दौरान उन्होंने विहित प्राधिकारी तथा अधिशासी अभियन्ताओं को भी फील्ड में निकल कर अवैध निर्माणों को चिन्हित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे हर 15 दिन में अवैध निर्माणों के खिलाफकी गई कार्यवाही की रिपोर्ट उनके समक्ष प्रस्तुत करें।

#### विहित प्राधिकारी बनाए गए नोडल अधिकारी

**बैठक** में प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार गंगवार ने शासन को भेजे जाने वाली प्रवर्तन से सम्बन्धित सूचनाओं को पोर्टल पर समय से अपडेट करने के सम्बन्ध में चर्चा की गई। इस पर उपाध्यक्ष ने विहित प्राधिकारी अमित राठौर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि समस्त जोन के सम्बन्धित अधिकारी अपने क्षेत्र की मासिक प्रगति रिपोर्ट पोर्टल पर समय से अपलोड करें। जिसकी समीक्षा विहित प्राधिकारी द्वारा की जायेगी। इसके अलावा उन्होंने विधिक प्रक्रिया का फ्लो चार्ट तैयार करने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने उन बिल्डिंगों जिनका ध्वस्तीकरण आदेश जारी हो चुका हैए उनकी मौजूदा स्थिति का ब्यौरा भी तैयार करने को कहा है।

# पांच अगस्त को होगा अनाज वितरण का महाभियान

## ● अन्न महोत्सव के जरिए अंत्योदय के सपने को पूरा करेगी बीजेपी

पायनियर समाचार सेवा, लखनऊ।

**योगी** सरकार आगामी पांच अगस्त को प्रदेश में अब तक का सबसे बड़ा राशन वितरण कार्यक्रम करने जा रही है। इस दिन 80 लाख राशन कार्ड धारकों को 80 हजार दुकानों से अनाज बंटेगा। पहली बार इतनी बड़ी संख्या में किये जा रहे राशन विरतण कार्यक्रम में प्रत्येक राशन की दुकान पर 100 राशन कार्ड धारकों को राशन बांटा जाएगा।

बीजेपी अब अन्न महोत्सव के जरिए अंत्योदय के अपने संकल्प को पूरा करेगी। सरकार व संगठन दोनों मिलकर पांच अगस्त को इस योजना का क्रियान्वयन करेंगे जिसमें यूपी की चयनित राशन की दुकानों पर उपस्थित लाभार्थियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संवाद करेंगे। उप्र में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष से लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ इस अन्य महोत्सव की शुरूआत करेंगे। हर दुकान पर बीजेपी का कार्यकर्ता मौजूद होगा और वहां पर मोदी-योगी का पोस्टर-बैनर भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही जिस थैले में लाभार्थी को आनाज दिया जाएगा वह भी भगवा रंग का होगा। थैले में भी मोदी योगी की तस्वीर होगी। ताकि लाभार्थी जब आनाज लेकर अपने घर जाए तो मोदी-योगी की योजनाओं का व्यापक संदेश जनता में जाएगा। सरकार व संगठन इस महोत्सव की पूरी तैयारी कर ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 अगस्त को होने



वाले इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के लिये टीम-9 के अधिकारियों से प्रदेश में तैयारियां तेज करने को कहा है। सेक्टर प्रणाली के आधार पर सभी जरूरी प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। अधिकारियों से ज्यादा से ज्यादा टेलीविजन सेट, वीडियो वॉल लगवाने को कहा गया है जिससे अधिक से अधिक लोग प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय चौधरी के अनुसार अन्न महोत्सव को पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। हर पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है ताकि समाज के अंतिम पायदान में खड़े अंतिम व्यक्ति को मोदी और योगी सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। लाभार्थी से संवाद के जरिए आम जनता में एक आत्म विश्वास पैदा होगा कि सरकार उनके साथ है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 5 अगस्त से राशन वितरण शुरू किया जाएगा। इसी दिन अन्न महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके अन्तर्गत प्रदेश की चयनित उचित दर दुकानों पर उपस्थित लाभार्थियों से प्रधानमंत्री द्वारा संवाद किया जायेगा। इस संबंध में वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से प्रमुख सचिव खाद्य वीना कुमारी द्वारा निर्देश दिए गए है। सरकार ने प्रदेश के समस्त डीएम और एमडी उप्र राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम, सम्भागीय खाद्य नियंत्रक और जिला पूर्ति अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रदेश में आयोजित होने वाले अन्न महोत्सव के संदर्भ में वाराणसी, गोरखपुर, मुरादाबाद, हमीरपुर, अयोध्या, बाराबंकी, शाहजहांपुर, कौशांबी, आगरा और बहराइच की चयनित उचित दर दुकानों पर उपस्थित लाभार्थियों से प्रधानमंत्री द्वारा संवाद किया जाएगा। इस दिन से प्रारंभ होने वाले प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत वितरण के लिए आवंटित खाद्यान्न की उठान प्रत्येक दशा में 31 जुलाई तक खाद्य विभाग की विपणन शाखा एवं उत्तर प्रदेश राज्य आवश्यक वस्तु निगम द्वारा भारतीय खाद्य निगम से कर दी जाएगी। मुख्य सचिव ने भी निर्देश जारी किए हैं कि योजना के अंतर्गत उठाई गई मात्रा को तत्परता से दुकानों को निर्गत किया जाएगा ताकि 5 अगस्त से पूर्व प्रत्येक उचित दर दुकान पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के खाद्यान्न की उपलब्धता हो जाए और 5 अगस्त से निर्बाध वितरण शुरू हो सके।

# सोशल मीडिया की राउंड द क्लॉक मॉनिटरिंग करेगी पुलिस

## ● त्योहारों के दृष्टिगत डीजीपी मुकुल गोयल ने पुलिस अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** मुकुल गोयल ने आगामी त्योहरों के दृष्टिगत सोशल मीडिया की राउण्ड द क्लॉक मॉनिटरिंग किए जाने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने कहा है कि सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर एवं व्हाट्सएप आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित होने पर संज्ञान में आते ही उसे ब्लॉक करते हुए सम्बन्धित के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए प्रभावी खण्डन किया जाए।

त्यौहार से पूर्व समस्त पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अभिसूचना कर्मियों की ब्रीफिंग कर दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। निर्देशों में कहा गया है कि श्रावण मास के मध्य मोहर्रम पड़ने के कारण संवेदनशीलता में वृद्धि होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। अतः इस अवसर पर विशेष सतर्कता व कड़े एवं प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जाएं।

संवेदनशील, साम्प्रदायिक एवं कन्टेनमेन्ट जोन में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए। त्यौहारों पर सार्वजनिक स्थल यथा बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और संवेदनशील स्थानों, धार्मिक स्थनों पर यथावश्यक व्यवस्थाएं कराई जाएं । सघन जांच एवं तलाशी की व्यवस्था के लिये स्वान दल, आतंकवादी निरोधक दस्ता एवं बम निरोधक दल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। यातायात कदापि न बाधित होने पाए । बैरियर एवं पुलिस चेक पोस्ट लगाकर संदिग्ध वाहनो की चेकिंग कराई जाए । मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का पालन सख्ती से किया जाए। असामाजिक तत्वों एवं अफवाह फैलाने वालों पर विशेष ध्यान दिया जाए । सार्वजनिक स्थनों पर किसी भी दशा में शस्त्रों का प्रदर्शन न हो एवं अवैध शस्त्रों को लेकर चलने वालों के विरुद्ध कड़ी विधिक कार्रवाई की जाए ।

भीड़ नियंत्रण, दंगा नियंत्रण से सम्बन्धित उपकरणों को तैयारी की हालत में रखा जाए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उनका तुरन्त उपयोग किया जा सके। क्षेत्राधिकारियों के कार्यालयों ए जनपद पुलिस कार्यालयों व परिक्षेत्रीय कार्यालयों में काफी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहते हैं, इनको तैयारी हालत में रिजर्व के रूप में रखा जाए और वहीं पर हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर आदि की व्यवस्था रखी जाए। जिससे इन्हें रिजर्व फोर्स के रूप में इस्तेमाल किया जा सके।

उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड निविदा

अधिकृत एवं अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से निम्न कार्य हेतु दिनांक 25.08.2021 को 14:00 बजे तक साधारण निविदा आमंत्रित की जाती है तथा उसी दिन 15.30 बजे के पश्चात खोली जायेगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि को आरटीजीएस/ एनईएफटी अथवा सीधे अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, लखीमपुर के खाता संख्या 50200029446442, आईएफ0एस0सी0 कोड- HDFC 0001914 बैंक का नाम एचडीएफसी बैंक लि0 लखीमपुर में जमा कराना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र अधिशाषी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड, लखीमपुर के कार्यालय से 25-08-2021 को 14:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। खुलने की तिथि को अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। सम्पूर्ण निविदा या निविदा के किसी भाग को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। साधारण निविदा खुलने की तिथि - 25.08.2021 निविदा सूचना सं0-04/वि0पारे0ख0 (लखी0)/ 2021-22 अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड लखीमपुर के निर्माणाधीन 220 के0वी0 उपकेन्द्र गोला पर 132 के0वी0 गोला फरधान लाइन के 132 के0वी0 फरधान वे का निर्माण कार्य में पिल्फरप्रूफ मीटरिंग एवं 132 के0वी0 सी0टी0 जक्शन बाक्स से कन्ट्रोल मीटर पैनल तक दो इंच एवं एक इंच के गैलवनाइज्ड पाइप की आपूर्ति एवं लगाने के साथ साथ ट्रेन्च कवर हटाने व पाइप में केबल डालने व केबल जोड़ने तथा प्रकाश व्यवस्था सम्बन्धित कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। धरोहर धनराशि रु0 2000.00 मात्र/- निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) 590/- मात्र (प्रति निविदा)। अधिशाषी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड, उ0प्र0 पावर ट्रान्स0 कारपो0 लि0 132 के0वी0 उपकेन्द्र (छाउछ) लखीमपुर-खीरी-उ0प्र0 262701 पत्रांक 710 दिनांक 2.8.21 'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'

## अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक दर पर न बिकें उर्वरकः देवेश चतुर्वेदी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों को गुणवत्तायुक्त रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने एवं उर्वरक का शत् प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के लिये प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि प्वाइंट ऑफसेल मशीन के माध्यम से उर्वरक की बिक्री के उपरांत सभी किसानों को कैश मेमो या पर्ची उपलब्ध करायी जाय। साथ ही यह भी निर्देश दिये हैं कि डीएपी एवं एनपीके उर्वरको की बिक्री बोरी पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक दर पर न की जाय। ऐसा करने वाले उर्वरक विक्रेताओं पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के आदेश दिये गये हैं।यह जानकारी अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ देवेश चतुर्वेदी ने देते हुये बताया कि थोक उर्वरक विक्रेता एवं थोक उर्वरक विक्रेता से फुटकर उर्वरक विक्रेता तक स्टॉक प्राप्त होते ही आईएफएमएस पोर्टल एवं पीओएस मशीन में रीयल टाईम एक्नालेजमेन्ट की व्यवस्था की जाए। भौतिक रूप से जैसे ही उर्वरक का मूवमेंट होता है, वैसे ही ऑनलाईन प्रणाली को अद्यावधिक कराया जाना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। पीओएस मशीन अथवा एन्ड्रायड फोन या कम्प्यूटर पर बायोमेट्रिक डिवाईस के माध्यम से ही उर्वरकों की बिक्री की जाए। उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण हेतु कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर छापे की कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

प्रतिशत दर ई-निविदा आमंत्रण प्रेस सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधिशासी अभियंता (सिविल), डाक निर्माण खण्ड, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए आनलाइन प्रतिशत रेट (सी0पी0डब्लू0डी0-7) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा संख्या :- 24/ई0ई0/पी0सी0डी0एल0/2021-22
कार्य का नाम- कंस्ट्रक्शन ऑफ पोस्ट आफिस बिल्डिंग एट किच्छौछा, फैजाबाद (यूपी.) ।
अनुमानित लागत :-28,62,930/-
धरोहर राशि :- शून्य/-
कार्य का समय- 120 (एक सौ बीस) दिन
बिड जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय 12.08.2021 समय :-18:00 बजे
निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण -www.dopcivil.euniwizarde.com पर उपलब्ध है।

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-8, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्र सं0 : 262/EE-8/21-22 दिनांक : 2.8.2021

अल्प कालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनाँक 9/8/2021 को अपराह्न 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 9/8/2021 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में **अधिशासी अभियन्ता, जोन-8** के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Laying of 250 mm dia sewer line from H.No 4/318 to H. No 4/163 Ruchikhand-I, Sharda Nagar Ward-I | 7600.00 | Rs.300 | 07 दिवस | |

निविदा प्राप्त करने की शर्त :- 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

अधिशासी अभियन्ता, जोन-8,
जलकल विभाग, लखनऊ

कॉन्टीनेन्टल केमिकल्स लिमिटेड
सीआईएन : एल24123यूपी1984पीएलसी014111
पंजीकृत कार्यालय : ए-7, सेक्टर-टप्पए नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश, फोन : 91-120-2423316
ई-मेल : info@continentalsoft.com, nkc@ continentalsoft.com, वेब : www.continentalchemicalsltd.com

30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु पृथक्कृत अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम
(रू. लाख में, सिवाय ईपीएस)

| क्र. सं. | विवरण | 3 माह समाप्त 30.6.2021 (अलेखापरीक्षित) | 3 माह समाप्त 30.6.2020 (अलेखापरीक्षित) | 3 माह समाप्त 31.3.2021 (लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31.03.2021 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से आय | 22.05 | 19.91 | 38.37 | 96.80 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 2.92 | 2.35 | 12.44 | 16.60 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 2.92 | 2.35 | 12.44 | 16.60 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 3.31 | 1.20 | 9.97 | 14.34 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 3.35 | 1.01 | 10.20 | 14.54 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 |
| 7 | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर जैसाकि पिछले वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | | | | 149.41 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों के लिए) | | | | |
| | मूल : | 0.15 | 0.05 | 0.44 | 0.64 |
| | तनुकृत : | 0.15 | 0.05 | 0.44 | 0.64 |

नोट्स :
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए हैं और तद्द्वारा निदेशक मंडल द्वारा 02-08-2021 को सम्पन्न इसकी बैठक में अभिलेखबद्ध किए गए हैं।
2. पूर्व अवधि के आंकड़े उनको चालू अवधि के आंकड़ों के साथ तुलनीय बनाने के लिए पुनर्समूहित/पुनर्वर्गीकृत किए गए हैं, जहां आवश्यक समझा गया है।
3. कम्पनी ने अब तक फैल रही कोविड-19 वैश्विक महामारी के सम्पत्ति, प्लाण्ट एवं इक्विपमेंट, निवेशों, मालसूचियों, व्यापार प्राप्यों इत्यादि की वहन राशियों पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों पर विचार किया है। इस उद्देश्य हेतु, कम्पनी ने वित्तीय परिणामों के अनुमोदन की तिथि तक सूचना के आंतरिक और बाह्य स्रोतों को ध्यान में रखा है, जिसमें क्रेडिट रिपोर्ट्स और संबंधित सूचना, आर्थिक पूर्वानुमान, कतिपय निवेशों का बाजार मूल्य इत्यादि सम्मिलित हैं। वर्तमान अनुमानों के आधार पर, कम्पनी को ऐसे वहन मूल्यों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की आशा नहीं है। कम्पनी के वित्तीय विवरणों पर कोविड-19 का प्रभाव, वित्तीय परिणामों के अनुमोदन की तिथि को लगाए गए अनुमान से भिन्न हो सकता है।
4. ये परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अधीन निर्धारित कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 (आईएनडी एएस) और यथासंभव अन्य मान्य लेखांकन पद्धतियों एवं नीतियों के अनुसार तैयार किए गए हैं।
5. कम्पनी केवल एक खंड में प्रचालन करती है।

बोर्ड के लिए तथा उसकी ओर से
हस्ता./-
नरेश कुमार चिब्बा
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00376963

स्थान : नोएडा
तिथि : 02-08-2021

## डेढ़ लाख फिरौती मांगने वाले दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की गाजीपुर पुलिस ने एक युवक का अपहरण कर डेढ़ लाख की फिरौती मांगने वाले दो अपहरण कर्ताओं को गिरफ्तार करने का दावा किया है। डीसीपी उत्तरी प्राची सिंह ने बताया कि गाजीपुर पुलिस ने सर्विलांस सेल की मदद से अपहृत क्षेत्र के इन्दिरानगर सेक्टर.14 में रहने वाले रोशन सिंह को सकुशल बरामद कर आरोपी नई दिल्ली के नेमसराय निवासी गौरव आहूजा व परसपुर गोण्डा के हिमान्चल पुरवा निवासी अखण्ड प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हाडा सिविक कार बरामद हुई। एडीसीपी प्राची सिंह ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाले अभय शंकर सिंह की पत्नी राधा सिंह ने कोतवाली पहुंचकर बीती रविवार शाम साढ़े पांच बजे के आसपास बेटे रोशन को अगवा किये जाने की सूचना देते हुए आरोपियों के खिलाफ नामजद लिखित तहरीर दी थी।

## जमीन की रंजिश में युवक की हत्या

### ● चाचा व चचेरे भाइयों ने मिलकर लोहे की रॉड से पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मलिहाबाद में 24 साल के युवक की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि जमीनी रंजिश में चाचा व चचेरे भाइयों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया। उसके बाद युवक के शव को उसी के घर के बाहर फेंक गए। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहींए आरोपियों की तलाश में 3 टीम बनाकर दबिश दी जारी है। मामला मलिहाबाद के दाऊद पुर गांव का है। यहां के निवासी रामसहाय का बेटा नरेंद्र सोमवार शाम को अपने खेत पर काम कर रहा था। इस जमीन को लेकर उसका चाचा रामासरे से लंबे से विवाद चला आ रहा था। आरोप है कि रामासरे अपने बेटे राम सूचित और राम समय के साथ खेत पर पहुंचे। तीनों ने नरेंद्र से मारपीट शुरू कर दी। उसके बाद पास के ही जगतपुर गांव उठाकर ले गए। यहां उसकी पीट.पीटकर हत्या कर दी। शव घर के पास ही छोड़कर भाग निकले। इस्पेक्टर मलिहाबाद नित्यानंद सिंह को आरोपियों को गिरफ्तार कर जल्द घटना का खुलासा करने का आदेश दिए गए हैं। सीओ मलिहाबाद योगेंद्र सिंह ने बताया कि हत्यारों की गिरफ्तार के लिए 3 टीम लगाई गई हैं। साथ ही उनके मोबाइल नंबर को सर्विलांस की मदद से लोकेशन भी पता करने की कोशिश की जा रही है। मलिहाबाद इंस्पेक्टर नित्यानंद सिंह ने बताया कि 25 साल पहले दोनों भाइयों के बीच जमीन का बटवारा हो गया था। घर के बाहर खाली पड़ी जमीन को लेकर दोनों में विवाद अभी भी चला आ रहा है। सोमवार शाम को भी इसको लेकर विवाद की बात सामने आई है।

उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 अतिअल्पकालीन ई0-निविदा सूचना सं0-03 /ईसीसीडी-I/2021-22

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न विवरणानुसार अंकित कार्यों के सम्पादन हेतु अतिअल्पकालीन ई0-निविदा सूचना संख्या-03/ईसीसीडी-I/2021-22 के द्वारा निम्नलिखित निविदाओं के सम्बन्ध में ई0-निविदाएँ दिनांक 12.08.2021 को सायं 05.00 बजे तक डाली/अपलोड की जा सकती हैं। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 13.08.2021 को सायं 03.30 बजे से तकनीकी भाव-पत्र (भाग-प्रथम) खोला जायेगा, जिसके मूल रूप से परिक्षणोंपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के वित्तीय भाव-पत्र (भाग-द्वितीय) खोले जायेंगे। निविदा से सम्बन्धी समस्त नियम व शर्तें ई-टेण्डर पोर्टल वेबसाइट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा में किसी भी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन/शुद्धि-पत्र हेतु ई-टेण्डरिंग पोर्टल/वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा जिसे निविदादाता उपरोक्त वेबसाइट पर देख सकते हैं। निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है :- **क्र0सं0 1 निविदा विशिष्ट संख्या** 06/2021-22 **कार्य का नाम** विवेकानन्दपुरी लखनऊ स्थित अधिकारी विद्युत कालोनी के आवास संख्या-4/8 (टाइप-चतुर्थ) में प्लास्टर रिपेयरिंग, रंगाई-पुताई, मच्छर रोधी जाली बदलवाये जाने एवं अन्य विविध जानपदीय अनुरक्षण कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 1500.00 **निविदा प्रपत्र मूल्य जी0एस0टी0 (18 प्रतिशत) सहित** रू0 1180.00 1000+180= 1180.00 **समयावधि** 01 माह **क्र0सं0 2 निविदा विशिष्ट संख्या** 07/2021-22 **कार्य का नाम** विवेकानन्दपुरी लखनऊ स्थित अधिकारी विद्युत कालोनी के आवास संख्या-5/5 (टाइप-पंचम) में प्लास्टर रिपेयरिंग, रंगाई-पुताई एवं अन्य विविध जानपदीय अनुरक्षण कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 2000.00 **निविदा प्रपत्र मूल्य जी0एस0टी0 (18 प्रतिशत) सहित** रू0 1180.00 1000+180= 1180.00 **समयावधि** 01 माह **अधिशासी अभियन्ता विद्युत जानपद निर्माण खण्ड-प्रथम उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 प्रथम तल, 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र, अलीगंज, लखनऊ** पत्रांकः 2235 दिनांक 2.8.2021 "राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

## खटिक समाज ने योगी कैबिनेट में मांगा स्थान

**लखनऊ।** खटिक समाज वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष मनीष चौधरी ने कहा है कि विगत 30 वर्षों से भाजपा में तनए मनए धन से अग्रिम भूमिका निभाने के बाबजूद भी साढ़े चार वर्ष बीत जाने के बाद सोनकर समाज में कोई भी मन्त्री न बनाये जाने पर आक्रोश है। खटिक समाज वेलफेयर सोसाईटी के तत्वावधान में संपन्न हुई एक बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस विस्तार में अगर खटिक समाज को सम्मान नहीं मिला तो खटिक समाज वेलफेयर सोसाइटी आगामी चुनाव में सोचने को मजबूर होगा। मनीष चौधरी ने कहा कि प्रत्येक विधान सभा में खटीक समाज के 10,000 से लेकर 25,000 तक मतदाता मौजूद है, फिर भी हमें उचित स्थान भाजपा की सरकार में नहीं मिला । खटिक समाज भाजपा के साथ मजबूती से डटा है। अगर खटिक समाज को महत्वपूर्ण स्थान नहीं दिया तो खटिक समाज अपने सम्मान को बचाने के लिए सोचेगा। पिछली सपा की सरकार में एक राज्य मंत्री का दर्जा मिला था। अब यदि भाजपा भी उचित स्थान व कैबिनेट में जगह नहीं देती है तो खटिक समाज वेलफेयर सोसाइटी प्रत्येक जिले में दौरा कर संगोष्ठी करेगा।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएँ आमंत्रित करते हैं :
**क्र. सं.: 1, ई-प्रापण निविदा संख्या : उप मु.इं.-नि.-गोंडा-05-2021 क्लोजिंग दिनांक : 25.08.2021, कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोंडा-बुढवल तीसरी लाइन निर्माण के क्रम में चौकाघाट-बुढवल स्टेशनों के मध्य सरजू नदी पर पुल सं.-383(7x24.4 मी.) के लिए डेक स्लैब के साथ डबल लाइन डबल "डी" टाइप वेल फाउन्डेशन के सब-स्ट्रक्चर का निर्माण, **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु.23,55,43,463.69, **बयाना राशि :** रु. 00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 (अठारह) माह। • बिड प्रारम्भ करने की तिथि-दिनांक 11.08.2021 • उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि-दिनांक 25.08.2021 15.00 बजे तक • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि-दिनांक 25.08.2021 15.30 बजे • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे। • श्री प्रकाश चन्द्र कार्यपालक इंजी./नि./गोंडा 09794844284
उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/गोंडा
मुजाधि/डब्ल्यू-132

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

## नगर पंचायत में अभियान चलाकर जारी होंगे प्रमाण पत्र

**मोहनलालगंज।** नगर पंचायत में अभियान चलाकर जन्म.मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। सोमवार को पायनियर में खबर छपने के बाद पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य और प्रधान के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए। अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने बताया भगवानपुर की दिवंगत पूर्व प्रधान सुनीता देवी के मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन में परिजनों को घटनास्थल स्पष्ट करने के लिए कहा गया था। सोमवार को उनके पति भंवरेश्वर ने घटनास्थल गौरा में होने का शपथ पत्र दिया है। जिसके बाद सुनीता देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। जबकि छिबऊखेड़ा निवासी दिवंगत पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य बेचालाल का मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया है। उधर एसडीएम डॉ.शुभी सिंह ने नगर पंचायत प्रशासन को अभियान चलाकर जन्म.मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। यही नहीं उन्होंने 4 अगस्त से 6 अगस्त तक नगर पंचायत मोहनलालगंज और अमेठी में तीन दिवसीय विशेष शिविर आयोजित कर लोगों को विभिन्न पेन्शन योजनाओं ,आयुष्मान कार्ड, कोविड टेस्टिंग ,आधार कार्ड, शादी अनुदान और अविवादित वरासत के लिए आवेदन लेकर लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने इसके अतिरिक्त तहसील की जबरौली एकनेरी व बहरौली ग्राम पंचायत में भी विशेष शिविर आयोजित करने का कार्यक्रम जारी किया है।

## बसपा के पूर्व राज्य मंत्री ने बीकेटी क्षेत्र का किया दौरा

**बख्शी का तालाब लखनऊ।** विधानसभा क्षेत्र के अरम्बा अमानीगंज सहित अन्य गांवों का दौरा पूर्व राज्य मंत्री सलाउद्दीन सिद्दीकी द्वारा किया गया । इस दौरान बसपा के कार्यकर्ताओं सहित आमजन की कुशलक्षेम का हालचाल लिया । उन्होंने इस दौरान लोगों को मास्क और सेनिटाइजर का वितरण किया । उन्होंने कहां की बसपा समाज के सबसे निचले स्तर के आदमी तक सभी सुविधाएं पहुचाने का काम करती हैं ।

## क्विक न्यूज

### यूपी लोनिवि मिनि. एसो. का 39वां द्विवार्षिक महाधिवेशन 25 को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग, मिनिस्ट्रीरियल एसोसिएशन का 39वां द्विवार्षिक महाधिवेशन 25 अगस्त को कानपुर नगर में होगा। यह निर्णय सोमवार को लखनऊ में प्रान्तीय कार्य कारिणी की बैठक में सुरेन्द्र लाल श्रीवास्वत की अध्यक्षता में लिया गया। एसोसिएशन के महामंत्री जेपी पाण्डेय ने बताया कि प्रान्तीय कार्यकारिणी के 7 पद और क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय महामंत्री के 18-18 पदों में चुनाव होना है। एसोसिएशन के प्रवक्ता सीपी श्रीवास्तव ने बताया कि कोविड 19 की महामारी हेतु जारी गाइड लाइन्स के अनुसार इस बार सीमित सदस्यों की संख्या से सहभागिता से महाधिवेशन सम्पन्न होगा निर्वाचन हेतु नामांकन 16 अगस्त 2021 को अपराह्न 12 बजे से 2 बजे तक प्रेरणा सदन 96 महात्मा गांधी मार्ग लखनऊ में होगा तथा उसी दिन नाम वापसी अपराह्न 3 बजे से 4 बजे तक होगी। 16 अगस्त को चुनाव अधिकारी द्वारा अन्तिम सूची जारी कर दी जायेगी। यूपी लोनिवि के प्रत्येक खण्ड से एक-एक प्रतिनिधि अधिवेशन में मताधिकार का प्रयोग कर नई कार्य कारिणी का गठन करेंगे।

### लेसा अधिकारियों ने सिस व ट्रांस गोमती में की नाइट पैट्रोलिंग

**लखनऊ।** बिजली व्यवस्था को ठीक करने के लिए एमडी मध्यांचल एसपी गंगवार के निर्देश पर लेसा के अधिकारियों द्वारा नाइट पेट्रोलिंग के साथ-साथ ट्रांसफार्मर की खराबी, विद्युत चोरी, लोगों की शिकायतों आदि का संज्ञान लेकर कार्रवाई की जा रही है। इसमें मुख्य अभियन्ता वितरण ट्रांस गोमती द्वारा विद्युत नगरीय वितरण खण्ड राजभवन के अन्तर्गत 33, 11 केवी विद्युत उपकेन्द्र का रात्रि निरीक्षण कर उपकेन्द्र में विद्युत आपूर्ति को सामान्य रखने तथा ब्रेक डाउन को समय से अटैण्ड करने एवं क्षेत्र की ट्रिपिंग को शून्य रखने के लिए निर्देशित किया गया। इन्दिरा नगर क्षेत्र में अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-नवम् द्वारा 33, 11 केवी विद्युत उपकेन्द्र एएएल तथा कल्याणपुर विद्युत उपकेन्द्र का निरीक्षण किया। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-द्वितीय द्वारा गोमती नगर विस्तार क्षेत्र के विद्युत उपकेन्द्र का रात्रि निरीक्षण कर परिवर्तकों की लोड बैलेसिंग का मापन किया गया। निरीक्षण में क्षेत्र के सभी 11 केवी फीडर पर लोड सामान्य पाया गया। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-षष्ठम ने अधिशासी अभियन्ता यूनिवर्सिटी के साथ भीकमपुर विद्युत उपकेन्द्र का औचक निरीक्षण कर उपकेन्द्र के पीक ऑवर्स लोड विद्युत आपूर्ति की स्थिति तथा विद्युत उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों की जांच की। पीक ऑवर्स लोड सामान्य पाया गया तथा क्षेत्र में विगत 24 घंटे में कोई ट्रिपिंग भी नहीं हुई। इसी तरह अधिशासी अभियन्ता वृन्दावन, अधिशासी अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण खण्ड सीतापुर रोड द्वारा जीएसआई विद्युत उपकेन्द्र का निरीक्षण किया गया।

### नए सिरे से संवारी जाएगी श्रीलाल शुक्ल वाटिका

**मोहनलालगंज।** नगर पंचायत में उपेक्षित पड़ी पद्मभूषण श्रीलाल शुक्ल वाटिका को नए सिरे से संवारा जाएगा। सोमवार को पायनियर के खुलासे के बाद अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने अतरौली के भोलाखेड़ा पहुंचकर वाटिका की हकीकत देखी और तकनीकि टीम को उसके कायाकल्प की कार्ययोजना तैयार करने को कहा है। पद्मभूषण श्रीलाल शुक्ल की स्मृतियों को सहेजने के लिए ग्राम पंचायत ने उनकी जन्मस्थली अतरौली के भोलाखेड़ा में मनरेगा से श्रीलाल शुक्ल वाटिका का निर्माण कराया था। लेकिन मोहनलालगंज नगर पंचायत के गठन के बाद देखरेख के अभाव में वाटिका उपेक्षित पड़ी हुई है। जिसे लेकर सोमवार को पायनियर में प्रमुखता से खबर छपने के बाद अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने मौका.मुआयना कर वाटिका का जायजा लिया। उन्होंने बताया जल्द ही वाटिका में पौधरोपण कर उसे नए सिरे से संवारा जाएगा। उधर एसडीएम डॉ. शुभी सिंह ने बताया मंगलवार को वह स्वयं भोलाखेड़ा जाकर श्रीलाल शुक्ल वाटिका का निरीक्षण करेंगी। फिर नगर पंचायत से वाटिका का कायाकल्प कराने के लिए निर्देश जारी करेंगी।

### खालिद जमाली बने एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के तहत पीजी डिप्लोमा करने वाले एलयू के पहले छात्र

**लखनऊ।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सत्र 2020-21 में एमएससी जीव रसायन में प्रवेश लेने वाले मो खालिद जमाली लखनऊ विश्वविद्यालय के पहले छात्र बन गए हैं, जिन्होंने एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के तहत पीजी डिप्लोमा हासिल किया है। इसके साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय देश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय होगा जो इसको प्रदान करेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी आयामों को पूरी तरह से अपने पाठ्यक्रम में शामिल करने वाला देश का पहला विश्वविद्यालय बना जब उसने सत्र 2020-21 में अपने परास्नातक कार्यक्रम में इस अकादमिक बैंक क्रेडिट को पूर्ण रूपेण लागू किया। विवि के प्रवक्ता प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट और मल्टीपल एंट्री एग्जिट प्वाइंट का फायदा अपने छात्रों तक सीधे पहुंचाने वाला पहला विश्वविद्यालय भी लखनऊ विश्वविद्यालय बना है। जिसके छात्र मोहम्मद खालिद जमाली ने विश्वविद्यालय के जीव रसायन विभाग में सत्र 2020-21 में एमएससी में दाखिला लिया।

### महिला सशक्तीकरण को लेकर पीजीआई ने शुरू किए प्रयास

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की पहल पर संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान की महिला सशक्तिकरण समिति द्वारा सोमवार को महिलाओं को उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और अधिकारों की दिशा में जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गांवोए ब्लॉक स्तर पर प्रत्येक महिला को अपने अधिकारोंए शिक्षा व स्वास्थ्य के विषय में जागरूक करना था। इस कार्यक्रम को वर्चुअली आयोजित किया गया। जिसे मोहनलालगंज निन्दूरा व देवा ब्लाक से जोड़ा गया। कार्यक्रम का प्रारंभ संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रोफेसर आर के धीमन द्वारा स्वागत अभिभाषण से हुआ। प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण आज के समय की आवश्यकता है।

# सावन के दूसरे सोमवार पर बम-बम हुई शिवनगरी, भक्तों की उमड़ी भीड़





पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

● मंगला आरती के बाद श्रद्धालु बढ़े, महामृत्युंजय, जागेश्वर, सारंगनाथ, गौतमेश्वर महादेव सहित रही सभी शिवालयों में रही आस्थावानों की भीड़

**सावन माह** के दूसरे सोमवार के मौके पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में मंगला आरती के बाद श्रद्धालुओं का दर्शन पूजन का दौर शुरू हुआ तो सायंकाल तक चार बजे तक 40हजार लोग बाबा दरबार में हाजिरी लगा चुके थे। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में मंगला आरती के पश्चात अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने प्रसाद वितरण किया। परिसर में बैरिकेडिंग और बाबा कोरोना गाइड लाइन का अनुपालन करते हुए श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया गया। एक एक कर आस्था वानों की भीड़ बाबा दरबार में प्रवेश करती रही और परिसर हर हर बम बम के उद्घोष से गूंजता रहा। देर रात शयन आरती के बाद बाबा दरबार में सावन के दूसरे सोमवार के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई। बाबा दरबार में शयन आरती के बाद बाबा शयन के लिए गए और सुबह मंगला आरती के बाद बाबा के दर्शन आम जनता को सुलभ हुए। मंगला आरती के बाद पूरा परिसर हर हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा। पूर्व साफ सफाई और परिसर को फूलों से सजाया गया। मंगला आरती में शामिल होने वाले लोग एक एक कर बाबा दरबार परिसर में पहुंचे और मंगला आरती के साक्षी बने।

**बाबा दरबार का हाल :** श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर मान्यता है कि मां पार्वती संग बाबा दर्शन देते हैं। इस दौरान दोपहर तक हजारों लोग बाबा दरबार में मत्था टेक चुके थे। देर रात से ही भक्त कतार में लगे थे। वहीं मंगला आरती में लगभग 200 लोग रहे तो सुबह कतार के बाद 10 बजे भीड़ सामान्य हो सकी।सुबह चार बजे मंगला आरती के दौरान मंगला आरती के लिए पहुंचे आस्थावानों का भी खूब जमावड़ा रहा। परिसर पूरी तरह आस्था से सराबोर रहा और आरती के दौरान बाबा के भक्त डमरू और वाद्य यंत्रों के साथ हर हर थाप पर झूमते और गाते नजर आए। आरती के बाद पूरा परिसर हर हर महादेव से गूंज उठा। हर हर बम बम और ओम नमः शिवाय के बोल से बाबा दरबार पूरी तरह आस्था से सराबोर नजर आया। वहीं बाबा दरबार में हाजिरी लगाने से पहले आस्थावानों ने गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई और स्नान ध्यान के साथ दान कर पुण्य के भागी भी बने। गंगा स्नान के दौरान पानी में इजाफा होने की वजह से घाट पर जल पुलिस की सक्रियता भी बनी रही और लोगों को स्नान के दौरान हिदायत भी देते रहे। घाट से लेकर बाबा दरबार तक आस्था गुलजार रही। दोपहर तक नदी तट पर लोगों की भीड़ भी सुबह की अपेक्षा काफी कम हो गई। इसके अलावा शहर के महामृत्युंजय महादेव, ईश्वरगंगी स्थित जागेश्वर महादेव, भेलूपुर स्थित तिलभाण्डेश्वर महोदव, त्रिलोचन बाजार स्थित त्रिलोचन महादेव, कोयला बाजार के ऊं कालेश्वर महादेव, गोदौलिया स्थित गौतमेश्वर महादेव, सारनाथ स्थित सारंगनाथ महादेव, माधोपुर के शूलटंकेश्वर महादेव सहित काशी के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की सुबह से देर रात दर्शन-पूजन की रही भीड़।

## सोनभद्र में जयकारों से गूंज उठा क्षेत्र

**बीजपुर/सोनभद्र।** श्रावण माह के दूसरे सोमवार को इलाके के शिव मंदिरों में श्रद्धालु भक्तो के दर्शन पूजन व जयकारो से इलाका गुंजायमान हो गया। श्रद्धालु भक्तों ने बाबा भोले नाथ को जलाभिषेक कर बिधि बिधान से पूजा अर्चना कर अपने मन के मुराद पूरी होने की मन्नते मांगी वही देश व समाज के कल्याण के लिए भी भूतभावन भगवान शंकर से प्रार्थना भी की। श्रद्धालुओं के सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक देवता नन्द सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक लक्ष्मन यादव समेत पुलिस एवं पीएसी के जवान मुस्तैदी के साथ तैनात रहे। इलाके के सिद्ध स्थल जरहाँ अजीरेश्वर महादेव के मंदिर पर प्रत्येक सोमवार को स्थानीय श्रद्धालु भक्तो समेत समीपी बार्डर स्थित छत्तीसगढ़ एम पी के श्रद्धालु भक्त भी इस सिद्ध पीठ के स्थान पर भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक कर आस्था भाव से मन्नत कर मन के मुराद पूरी होने की कामना करते हैं। भक्तो के सुरक्षा व्यवस्था में जगह जगह पुलिस पी ए सी के जवान मुस्तैदी के साथ तैनात रहे। दर्शनार्थियों के लिए मंदिर समिति की ओर से महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी जहाँ दर्शन पूजन के पश्चात भक्त महाप्रसाद ग्रहण कर रहे थे इसी तरह एनटीपीसी रिहन्द सिरसोती बेढ़िया हनुमान के साथ साथ अन्य शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए भक्तो का तांता लगा रहा। कोविड 19 का विशेष ध्यान प्रशासन द्वारा दिया जा रहा था लोगो को बारी बारी से ही जलाभिषेक कराया जा रहा था। इस मौके पर मंदिर समिति के संरक्षक राजेन्द्र सिंह बघेल राजकुमार सिंह श्याम सुंदर जायसवाल डॉ ब्रह्मजीत सिंह त्रिभुवन नरायण सिंह आर के सिंह जे एन चौरसिया अवधेश सिंह दीपक सूरज रणजीत अमित आदि सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते हुए दिखे।



## क्विक न्यूज

### सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का शुभारंभ

**सोनभद्र।** जिले में 2 अगस्त से सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा अभियान शुरू हो गया है जो 14 अगस्त तक चलेगा। स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर इस पखवाड़े के अंतर्गत लोगों को डायरिया से बचाव हेतु जागरूक करेगी और जिन घरों में 5 वर्ष तक के बच्चे हैं उन घरों में ओआरएस तथा जिंक के गोलियों का वितरण करेगी। जिससे लोगों को डायरिया की चपेट में आने से बचाया जा सके। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आर जी यादव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जिले में सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा 2 अगस्त से मनाया जा रहा है यह अभियान 14 अगस्त तक चलेगा। इस पखवाड़ा अभियान में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लगाया गया है जो घर घर जाकर 5 वर्ष तक के बच्चों को ओ आर एस के साथ साथ जिंक की गोलियों को वितरित करेंगी। इसके अलावा डायरिया से बचाव व प्रबंधन के प्रति लोगों को जागरूक करेंगी और साफ सफाई रखने हेतु सुझाव दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए स्वास्थ्य टीम द्वारा आम जनमानस को कोरोना से बचाव हेतु मुंह पर मास्क लगाने 2 गज की दूरी का पालन करने और सैनिटाइजर या साबुन से बार-बार हाथ धोने कोरोना टीका लगवाने हेतु प्रेरित किया जाएगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर भी यह पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसके लिए सभी अधीक्षकों एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं ।

### फर्नीचर की दुकान में लगी भीषण आग



**मऊ।** शहर कोतवाली अंतर्गत भीटी अंधा मोड़ स्थित जीवन राम इंटर कालेज के सामने एक फर्नीचर की दुकान में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गया। सूचना पाते ही अग्नि शमन दल मौके पर पहुंच गया। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। भीषण अगलगी में बेडए फर्नीचर समेत हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। नगर क्षेत्र के भीटी अंधा मोड़ स्थित जीवन राम इंटर कालेज के सामने नवीन प्रकाश राय की फर्नीचर की दुकान स्थित है। वे नित्य की भांति देर शाम को दुकान बंद करके घर चले गए थे। इस बीच रात में अज्ञात कारणों से उनकी दुकान में भीषण आग लग गया। इसकी सूचना पास.पड़ोस के लोगों ने दुकान मालिक को दिया। सूचना पाते ही दुकान मालिक मौके पर पहुंच गए। साथ ही साथ अग्नि शमन विभाग को भी आग लगने की सूचना दिया गया। सूचना पाते ही अग्नि शमन विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। भीषण अगलगी में बेडए फर्नीचर समेत हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

### कथा साहित्य के सूर्य थे प्रेमचन्द : आलोक

**बीजपुर/सोनभद्र।** साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था सोन संगम के तत्वावधान में कथा सम्राट प्रेमचन्द की जयंती के अवसर पर विवेकानन्द प्राथमिक विद्यालय एनटीपीसी शक्तिनगर परिसर में शनिवार की सायं विचारगोष्ठी एवं काव्य संध्या का आयोजन कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी रामागुंडम के अपर महाप्रबंधक आलोक चन्द्र ठाकुर थे। जबकि अध्यक्षता माहिर मिर्जापुरी ने की। संचालन डा मानिक चन्द पाण्डेय ने किया। स्वागत भाषण विजय दुबे ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुंशी प्रेमचन्द के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ. मानिक चन्द पाण्डेय ने कहा कि प्रेमचन्द ने युगीन यथार्थ को अपनी कहानियों एवं उपन्यासों का विषय बनाया। मुख्य अतिथि आलोक चन्द्र ठाकुर ने कहा कि प्रेमचन्द कथा साहित्य के सूर्य थे। जब भी हिन्दी कथा साहित्य का इतिहास लिखा जायेगा उसे प्रेमचन्द पूर्व और प्रेमचन्द पश्चात में विभाजित किया जायेगा। विवेकानन्द प्राथमिक विद्यालय के प्रबन्धक सुजीत कुमार सिंह ने प्रेमचन्द को ग्रामीण जनजीवन का कुशल चितेरा निरूपित किया।

### सरकार में लूट-खसोट : प्रभुनारायण



**सकलडीहा, चन्दौली।** केन्द्र सरकार के गृहमंत्री यूपी में कानून व्यवस्था के नाम पर प्रदेश सरकार का पीठ थपथपा रहे है। लेकिन हकीकत चारों तरफ जंगल राज कायम है। उक्त बाते सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव सोमवार को सपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा। इस दौरान कार्यकर्ताओं को अपना बूथ करे मजबूत का नारा देते हुए विधान सभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आवाहन किया। सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव क्षेत्र के ताराजीवनपुरए बसिला और फगुईया में सेक्टर के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में आये दिन लूट, हत्या, चोरी, बलात्कार हो रही है। गुंडे और माफिया सरेआम व्यापारी का सड़कों पर खून बहा रहे है। फिरौती के लिये महिला और व्यापारी और नौकरी पेशा वालो की हत्या हो रही है। इसके बाद भी केन्द्रीय मंत्री यूपी सरकार की सराहना कर रहे है। कोरोना काल में जिला प्रशासन लोगों को समय से वैक्सीन उपलब्ध नही करा पा रहे है। आक्सीजन और दवा के नाम पर लूट खसोट मचा है। इसके बाद भी सरकार सबका साथ सबका विकास और विश्वास जीतने का दावा कर रही है। सड़के गड्ढा युक्त है। लेकिन अधिकारी कागजों पर दुरूस्थ करने का दावा कर रहे है। प्रदेश में चारो ओर जंगल राज से लोग त्राहि त्राहि कर हरे है। इसके बाद भी सरकार किसानए व्यापारीए नौजवान और मुस्लमानों को परेशान करने में मशगुल है।

### 5 को सपा निकालेगी साइकिल यात्रा

**मीरजापुर।** विधानसभा चुनाव सन्निकट देखकर कार्यकर्ताओं को जागरूक करने के लिए समाजवादी पार्टी 5 अगस्त को साइकिल यात्रा निकालेगी इसके माध्यम से लोगो को केन्द्र व प्रदेश सरकार की विफ्लताओं की जानकारी दी जायेगी और 4 से 14 अगस्त तक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के गीत कलाकार और पदाधिकारी भाजपा के नाकामियों को उजागर करने के लिए बूथ ढोल और मजीरा बजायेंगेए सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के 8 अगस्त को आगमन व मड़िहान विधानसभा का सम्मेलन रखा गया है यह जानकारी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी पार्टी कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर आयोजित बैठक में बताई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा 5 अगस्त को पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनेश्वर मिश्र के जन्मदिवस पर समाजवादी पार्टी ने साइकिल यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। साइकिल यात्रा के माध्यम से लोगो को मंहगाईए भ्रष्टाचारए बेरोजगारीए अपराधए पंचायत चुनाव के मनमानी के सम्बन्ध में लोगो को जागरूक किया जायेगा।

### पीएम की वोकल फार लोकल की सोच साकार

**वाराणसी।** सनशाइन टाइल्स कंपनी प्राइवेट लिमिटेड भारत में एक प्रतिष्ठित और लोकप्रिय कंपनी है जो कि अपना व्यवसाय सनहार्ट ब्रांड के नाम से संचालित कर रहे हैं.उल्लेखनीय है कि सनहार्ट ब्रांड भारतीय सिरामिक इंडस्ट्री का छठा सबसे युवा ब्रांड बन गया है. सनहार्ट ब्रांड के उत्पादों में आकर्षक विविधता है, जिन्हें पूरी तरह से भारत में ही तैयार किया जाता है. यह ब्रांड पूरी तरह से प्रधानमंत्री मोदी के 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' की सोच को साकार करता है। पिछले लगातार 5 सालों से भारतीय सिरामिक कंपनी के रूप में सनहार्ट की गिनती भारत के सबसे बड़े निर्यातक के तौर पर होती है एवं श्री स्टार एक्सपोर्ट हाउस का दर्जा प्राप्त करनेवाला यह पहला सिरामिक ब्रांड भी है।

# भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक बने कवि अभय निर्भीक



**अम्बेडकरनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा अवध क्षेत्र के विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजकों एवं सह संयोजकों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में जनपद के प्रसिद्ध ओजस्वी कवि अभय निर्भीक को भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र के सह संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। अभय निर्भीक को सह संयोजक बनने पर जनपद के लोग सोशल मीडिया पर अपनी खुशी का इजहार करते हुए बधाई दे रहे हैं। भाजपा द्वारा उक्त दायित्व दिए जाने के बाद कवि अभय निर्भीक ने कहा कि समाज को जागरूक करना कवि का प्रथम कर्तव्य होता है और मैं अपनी राष्ट्रवादी विचारधारा के माध्यम से पार्टी और सांस्कृतिक क्षेत्र के लोगों के विकास के लिए निरंतर सकारात्मक कार्य करता रहूंगा। इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री त्रयम्बक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र सिंह मोनू, उपाध्यक्ष डॉ. रजनीश सिंह, रामशंकर सिंह, चन्द्र प्रकाश वर्मा, राणा रणधीर सिंह, बसखारी ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह, भियांव ब्लॉक प्रमुख गौरव सिंह, मनोज गुप्ता गुड्डू, बाल्मीकि उपाध्याय, विनय पांडेय, एडवोकेट भूपेंद्र सिंह, शशांक पालीवाल, अमित रघुवंशी, कुंवर जय सिंह, सचिन आज़ाद पांडेय नीरज अग्रहरि, रोशन जायसवाल सहित अन्य लोगों ने अभय निर्भीक को बधाई दी।

## चंदौली में एनकाउंटर में 4 बदमाश और एक पुलिसकर्मी घायल

संवाददाता। चंदौली

**जिले में** बढ़ रहे क्राइम ग्राफको देखते हुए अपराध व अपराधियों पर प्रभावी लगाम लगाने के लिए चंदौली पुलिस एक्शन मोड में आ गई है । तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई मुठभेड़ के दौरान एक ही रात में चार शातिर अपराधियो को गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ में घायल चारों अपराधियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए रविवार की रात को सदर कोतवाली के कटसिला मोड़ पर चेकिंग अभियान चला रही थी तभी बाइक सवार बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई, जिसमें एक मौके से गिरफ्तार लिया गया जबकि दूसरा भागने के दौरान मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया वहीं दो अन्य आरोपी धानापुर के शहीदगांव के समीप मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए।

# राष्ट्रपति के आगमन पर नवीन वस्त्र पहनेंगे रामलला

● महामहिम राष्ट्रपति के स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए रामलला को पहनाया जाएगा नया वस्त्रः पंडित कल्किराम

संवाददाता। अयोध्या



रामादल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कल्किराम

**श्रीरामलला** का दर्शन पूजन करने हेतु धर्म नगरी अयोध्या में महामहिम राष्ट्रपतिजी के आगमन की सूचना प्राप्त होने के बाद रामादल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कल्किराम महाराज द्वारा महामहिम के स्वस्थ्य दीर्घायुष्य जीवन की कामना के साथ श्रीराम लला को पहनाई जाने वाली विशिष्ट पोशाक को बनाने की तैयारी शुरू करते हुए श्रीराम जन्म भूमि के पुजारी श्री प्रदीप दास जी को भी बताया गया है कि महामहिम के दर्शन पूजन पर श्रीराम लला को पहनाई जाने वाली पोशाक रामादल ट्रस्ट द्वारा भेंट की जायेगी और श्रीकृष्णजन्मोत्सव महापर्व पर प्रधानमन्त्री मोदीजी के निमित्त विशेष पोशाक भेंट की जायेगी जो विगत कई वर्षों से सभी पर्वों पर किया जा रहा है। रामलला को पहनाया जाने वाला पोशाकों का दो सेट अर्पित किया को दर्शन पूजन के समय रामादल ट्रस्ट की ओर से धर्म ध्वज और विजय पताका के साथ श्रीरामचरितमानस का ग्रन्थ भी भेंट करने के लिए मुख्य पुजारी को सौंपा जायेगा।

रामादल अध्यक्ष पण्डित कल्किराम ने बताया कि प्रधानमन्त्री नरेन्दर दामोदरदास मोदीजी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के अथक प्रयासों का ही यह परिणाम है आज विरोधी भी अयोध्याजी की शरण ले रहे है अभी मन्दिर निर्माण का कार्य चल ही रहा है और विश्व पटल पर हमारी अयोध्याजी आकर्षण के केन्द्र बिन्दु में सुशोभित हो रही है।धर्म नगरी के इतिहास में पहली बार हो रहा महामहिम का आगमन सम्पूर्ण सनातन समाज के लिए एक सुखद क्षण है तो हम महामहिम के शुभागमन को सुखद बनाने में कोई कसर नही छोडेंगे। जिस समय महामहिम श्रीराम लला का दर्शन पूजन करेगें उस समय रामादल मुख्यालय पर महामहिम के स्वस्थ्य दीर्घायुष्य जीवन की कामना करते कमल पुष्पों से विशिष्ट यज्ञाहुति का आयोजन किया जायेगा।कल्कि जी महाराज ने बताया कि विगत 8वर्षों श्रीराम जन्म भूमि पर परम्परागत रूप से फहराया जाने वाला धर्म ध्वज और विजय पताका रामादल ट्रस्ट की ओर से मुख्य पुजारी श्रीसत्येन्द्रदासजी को भेंट किया जा रहा है जिसे मुख्य पुजारी श्री पूरे विधि.विधान से पूजन.अर्चन कर फहराते आ रहे हैं।

# कैंप लगाकर निराश्रित महिला पेंशन योजना के पात्रों के फार्म भरवाएं : स्वाति सिंह

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**प्रदेश** की बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, महिला कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती स्वाति सिंह सोमवार को सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों की बैठक कर प्रगति की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जनपद में गत वर्ष 54651 निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी गई है। इस वर्ष अब तक 749 महिलाओं को नई पेंशन स्वीकृत हो चुकी है। मंत्री स्वाति सिंह ने कहा कि पूरे जनपद में जगह-जगह कैंप लगाकर समस्त पात्र महिलाओं की निराश्रित पेंशन योजना में फार्म भरवा कर स्वीकृति की कार्रवाई करें। कोई पात्र महिला छूटने नहीं पाए। इसमें जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर उनके द्वारा बताए स्थानों पर कैंप लगाएं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में गत वर्ष 2929 लाभार्थियों को लाभ दिया गया। मंत्री स्वाति सिंह ने निर्देशित किया कि इसमें आगनबाडी के माध्यम से घर-घर जाने का अभियान चलाकर फार्म भरवाए। यह सरकार की बालिकाओं के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें बालिका के जन्म से लेकर स्नातक की पढ़ाई तक विभिन्न 06 चरणों में 15 हजार रुपये आर्थिक सहायता का प्रावधान है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में 159 बच्चों को योजना लाभ से लाभान्वित किया जा चुका है इसके अतिरिक्त स्पॉन्सरशिप योजना में 26 बच्चों को 2000-प्रति माह से लाभान्वित किया जा रहा है।

## चंद्रावल नदी में बाढ़ से दो दर्जन गांवों का संपर्क टूटा

**हमीरपुर( सं. )।** क्षेत्र में लगातार हो रही रुक रुक कर बारिश से अचानक चंद्रावल नदी में बाढ़ आने से मौदहा क्षेत्र के मौदहा- सिसोलर मार्ग पर पढोरी गांव में बने रपटा के तीन फीट ऊपर पानी बहने से दो दर्जन गांवों कान मौदहा कस्बे से सम्पर्क टूट गया है और लोंगों को लगभग पैतींस कोलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ रही है। चंद्रावल नदी से दूर रहने की अपील कर रही है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में मूसलाधार बारिश से अचानक चंद्रावल नदी में बाढ़ आ गयी है,सिसोलर से जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर पढ़ोरी ग्राम में चंद्रावल नदी पर बना रपटा जलमग्न होने के कारण लगभग दो दर्जन गांवों लेवा, पासुन, गहरौली खुर्द, बम्हरौली, भैंसमरी सहित लगभग दो दर्जन गांवों का तहसील मुख्यालय से सम्पर्क टूट गया है।

# संपत्ति के लालच में भाई ने बहन को घाघरा में फेंका

● सुबह ग्रामीणों ने बचायी जान

संवाददाता। श्रावस्ती,भिनगा

**जाको** राखे साईया मार सके न कोय जी हाँ यह कहावत आज चरितार्थ साबित हुई। सम्पत्ति के लालच में एक भाई राखी के बंधन को तोड़ते हुए आज हैवान बन गया अपनी बहन को मध्य रात्रि में घाघरा नदी में अपने दोस्तों की सहायता से फेक दिया लेकिन किशोरी जिंदा बच गई। संपति के लालच में अपनी 20 वर्षीय सगी बहन को घाघरा नदी में फेकने वाले भाई व उसके दोस्त के विरुद्ध भिनगा कोतवाली में पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।भिनगा कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मण पुर इटवरिया गाँव निवासी गुलफिशा को 30 जुलाई को उसका भाई कासिम इलाज के बहाने लखनऊ ले गया था। देर रात लखनऊ से वापस लौटते समय घाघरा नदी के संजय सेतु से कासिम ने अपने दोस्त की सहायता से अपनी बहन को रात करीब डेढ़ बजे घाघरा नदी में फेंक दिया था। सुबह होने पर ग्रामीणों ने किशोरी को नदी से बाहर सुरक्षित निकाल लिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी। इस मामले में श्रावस्ती जनपद के भिनगा कोतवाली में किशोरी के भाई व उसके दोस्त के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गांवों को डिजिटल ग्राम पंचायत बनाने का लक्ष्य: राजेन्द्र प्रताप

संवाददाता। उन्नाव

● ग्राम्य विकास मंत्री की मौजूदगी में सदर विस क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों का आयोजित हुआ सम्मान समारोह



**सदर** विधानसभा क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियो का सम्मान समारोह निराला प्रेक्षागृह में सदर विधायक पंकज गुप्ता के संयोजकत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रुप से ग्राम्य विकास मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद साक्षी जी महराज जी कर रहे थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये ग्राम्य विकास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव के अन्तिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के लिये सतत प्रयत्नशील व संकल्पबद्ध है। देश के विकास की आधारशिला पंचायत की ईकाईयां है, प्रदेश सरकार द्धारा हर गांव में पंचायत भवनए हर जरुरतमन्द तक आवासए शौचालय उपलब्ध कराये जा रहे है। गांव स्तर पर पंचायत सहायक की भर्तियां की जा रही है। गांवो को डिजिटल ग्राम पंचायत बनाने का लक्ष्य है। उन्होने कहा कि ग्राम प्रधानए क्षेत्र पंचायत सदस्यो का रिश्ता विधायकगणो के साथ भगवान शिव और विष्णु की भांति है दोनो एक.दूसरे के पूरक है व दोनो के हृदय में एक.दूजे के लिये अपार सम्मान व स्नेह होता है। सदर विधायक पंकज गुप्ता की मांग पर विकास खण्ड सि0 सरोसीए बिछियाए नवाबगंज व सफीपुर में आटो टोरियमए ब्लाक भवन के नवनिर्माण व सौन्दर्यीकरण करवाये जाने की घोषणा की तथा कहा कि तत्काल प्रभाव से इन ब्लाको के लिये अतिरिक्त ग्रान्ट जारी कर कार्य शुरु कराया जायेगा। सांसद साक्षी जी महराज ने कहा कि प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यो के अभिनन्दन का यह अद्भूत कार्यक्रम है इसकी जितनी सराहना की जाये कम है पंचायत प्रतिनिधियो का अभिनन्दन करते हुये उन्हे शुभकामनाये दी व कहा कि मै सदैव कन्धे से कन्धे मिलाकर आप सबके सहयोग से खड़ा रहूंगा। विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर ने भी सभी का अभिनन्दन करते हुये पंचायत प्रतिनिधियो को विकास की महत्तवपूर्ण कड़ी बताया। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने सभी का आभार जताते हुये क्षेत्र के विकासए तरक्की के लिये सहयोग की अपील की उन्होने कहा कि मेरा क्षेत्र विकास की दौड़ में काफी पीछे था जब मै विधायक बना तो आधे गांवो में बिजली नही सड़के जर्जर थी आज आप क्षेत्र का हर गांव मजरे के विद्युतीकरण हो चुका है। हर मजरा पक्की डामरीकृत सड़क से जुड़ गया है विकास की रफ्तार तेज हुई है मेरा लक्ष्य अपने विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा बनाना है। 70 सालो से पिछड़े इस क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। आप सब विश्वास रखिये आप सबके मान.सम्मान पर कभी आंच नही आने दूंगा रात 12 बजे जरुरत पड़ेगी तो मै आपके साथ कन्धा मिलाकर खड़ा रहूंगा। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख बिछिया नीरज गुप्ताए सि0 सरोसी कुशला देवी लोधीए नवाबगंज प्रमुख पति प्रकाश रावतए जिला पंचायत सदस्य सरला लोधीए शिवनन्दनी लोधीए सि0 सरोसी तृतीय सदस्य प्रीती सिंह के पति सिद्धार्थ सिंहए जिला पंचायत सदस्य अरुण सिंह ने सभी अतिथियो का बड़े माला व प्रतीक चिन्ह से मुख्य अतिथियो व सांसद जी का स्वागत किया। सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा मंत्री श्री सिंह व सांसद साक्षी महराज को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानए जिला पंचायत सदस्यों, बीडीसी सदस्यो को भी सम्मानित किया गया।

# नई शुरुआत

## इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा

**शिक्षा** के क्षेत्र में एक नया परिवर्तन लोगों के दिमाग में कुछ चिन्तायें पैदा कर रहा है। नीति आयोग ने आल इंडिया कौंसिल फार टेक्निकल एजुकेशन-एआईसीटीई के इस प्रस्ताव का समर्थन किया है कि राष्ट्रीय इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में अब इंटरमीडिएट में भौतिकी व गणित के विषय अनिवार्य होने की आवश्यकता नहीं होगी। छात्रों को प्लस टू परीक्षा में शामिल गणित, भौतिकी व रसायन समेत 14 विषयों में से किसी तीन में पास होने की जरूरत होगी। इसके पीछे तर्क यह दिया जा रहा है कि उद्योग तथा छात्रों का एक हिस्सा कृषि, बायोटेक्नोलोजी, एलेक्ट्रानिक्स या आईटी इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में तकनीकी कार्यक्रमों में भाग लेना चाहता है जो भौतिकी या गणित पर निर्भर नहीं हैं। एआईसीटीई का विचार विश्वविद्यालयों, आईआईटी, एनआईटी या आईआईएसईआर के बजाय संबंधित तकनीकी कालेजों पर लागू होगा। इस कदम से लोग आश्चर्यचकित हैं। कुछ लोगों का मानना है कि इससे छात्रों के एक हिस्से को लाभ होगा, पर इससे देश में तकनीकी शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण में अस्थिरता पैदा होगी क्योंकि बिना गणित व भौतिकी के इंजीनियरिंग की कल्पना नहीं हो सकती है। कुछ लोग याद करते हैं कि प्राचीन भारत में शून्य, त्रिकोणमिति तथा कैल्कुलस के कुछ आयामों की खोज हुई थी और क्या इस विरासत को खारिज कर दिया जाएगा। आलोचकों का मानना है कि यह कदम देश में इंजीनियरिंग कालेजों को बचाए रखने के लिए जरूरी है। हर साल सैकड़ों निजी इंजीनियरिंग व अन्य तकनीकी कालेज बंद हो रहे हैं क्योंकि उनकी सीटें ही नहीं भर पा रही हैं।

छात्र उन कालेजों में प्रवेश नहीं लेते हैं जहां शिक्षा के न्यूनतम मानकों



का पालन नहीं होता है, ढांचे का रखरखाव नहीं होता है तथा स्नातकों को नौकरियां नहीं मिलती हैं। छात्रों में महत्वाकांक्षायें बढ़ रही हैं और वे राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश लेते हैं या नए विविधितापूर्ण तकनीकी क्षेत्रों में जाते हैं। आलोचकों को लगता है कि एआईसीटीई का प्रस्ताव इन कालेजों में नई जान डाल सकता है, हालांकि यह सवाल अपनी जगह है कि शिक्षा की गुणवत्ता का क्या होगा। सुपर विषय कहे जाने वाले गणित व भौतिकी की प्रासांगिकता पर यह बहस जारी रहेगी। दुनिया तेजी से बदल रही है और तकनीक भी उसके साथ गतिशील है। खासकर शुरुआती वर्षों में शिक्षा का केन्द्र सैद्धान्तिक के साथ व्यावहारिक भी होना चाहिए। तकनीकी शिक्षा कार्यक्रमों में विविधता आ रही है तथा इसमें वाइन टेस्टर, साइबरसुरक्षा विशेषज्ञ, प्रसंस्कृत खाद्य विशेषज्ञ, साइट रिलायबेलेटी इंजीनियर व विकास प्रबंधन जैसे क्षेत्र शामिल हो रहे हैं। लिंकेडइन ने भारत में 2020 में उभरती इंजीनियरिंग नौकरियों की सूची बनाई है जिनका संबंध गणित या भौतिकी से ज्यादा नहीं है। 2021 की इंडिया स्किल रिपोर्ट के अनुसार भारत में हालिया वर्षों में नौजवानों द्वारा रोजगार प्राप्त करने की क्षमता में कमी आई है। इससे उनमें उच्च तकनीकी शिक्षा के माध्यम से कॅरियर अवसरों के अनुकूल मांग वाली क्षमतायें पैदा करना जरूरी हो गया है। तकनीक एक दुधारी तलवार की तरह है। इसने स्वचालीकरण को प्रोत्साहित किया है, लेकिन इसके बढ़ने से रोजगार कम हो रहे हैं। ऐसे में कौशल आधारित परिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता है। शिक्षा के बारे में विशिष्टतावादी विचार आज पुराने पड़ रहे हैं। ऐसे में एआईसीटीई को बेहतर प्रस्ताव देने चाहिए। उदाहरणार्थ वह प्रशिक्षण की ऐसी व्यवस्था बना सकता है जिसमें निजी क्षेत्र को कामगारों में आवश्यक कौशल देने का जिम्मेदार बनाया जाए तथा इसके आधार पर हर साल आवश्यक कौशलों की सूची की समीक्षा की जाए।

# नए रेलमंत्री के समक्ष कठिन चुनौतियां

निवेश विकास को गति देता है लेकिन इसके लिए आपको लाभों का मूल्यांकन करने और निवेश के बाद रिटर्न की जांच करने के लिए एक ईमानदार और मजबूत प्रणाली की आवश्यकता होती है।



**सुधांशु मणि**
(लेखक रेलवे के सेवानिवृत्त महाप्रबंधक हैं)




नए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के रिज्यूमे के विवरण के साथ मीडिया व्याकुल हो रहा है, शायद इसलिए कि यहां एक व्यक्ति है जिसके पास अनुभव का एक वास्तविक खजाना है : वह एम.टेक के साथ एक इंजीनियर है। आईआईटी, कानपुर के उत्पाद वैष्णव, व्हार्टन से प्रबंधन स्नातक हैं, उन्होंने ओडिशा में एक जिला मजिस्ट्रेट के रूप में अपना कामकाजी जीवन शुरू किया, बाद में निजी क्षेत्र में शामिल हो गए, अपना उद्यम शुरू किया और फिर राजनीति में शामिल हो गए। इस स्तर पर उनका उत्थान एक सेवानिवृत्त लेकिन युवा नौकरशाह-सह-उद्योग के कप्तान के लिए अभूतपूर्व है। वह आईटी और संचार के महत्वपूर्ण मंत्रालयों का भी प्रमुख है। उनका आगमन आशावाद के साथ भी हुआ है क्योंकि उन संगठनों में निराशा की भावना पैदा हो गई है जिनके वे अब प्रमुख हैं। प्रचार और फोटो ऑप्टिक्स के धुएं के पर्दे के पीछे ऐसे संगठन हैं जो जर्जर स्थिति में हैं। उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, खासकर रेल मंत्री के रूप में। चुनौतीपूर्ण चुनौतियां क्या हैं?

ऐसा कहा जाता है कि भारतीय रेलवे (आईआर) ने 2020-21 के लिए अपने परिचालन अनुपात (ओआर) में सुधार किया है, जो 2019-2020 में 98.4 से 97.5 हो गया है, 'राजस्व प्राप्तियों को अधिकतम करने और न्यूनतम करने के उद्देश्य से पहल के संयोजन के माध्यम से खर्चों की सख्त निगरानी के लिए वृद्धि हुई है। नियंत्रणीय राजस्व व्यय।' ओआर परिचालन दक्षता और परिणामी वित्तीय प्रदर्शन का एक उपाय है और यह बड़ी खबर होगी क्योंकि 2020-21 एक ऐसा वर्ष था जिसमें आईआर ने अपनी अधिकांश यात्री ट्रेनों को कोविड -19 महामारी के कारण नहीं चलाया था, जबकि इसकी सभी निश्चित लागत बनी हुई थी पहले के जेसे।

ऐसे साल में सुधार का दावा करना ओवरकिल के अलावा और कुछ नहीं है। मुख्य डेटा की बड़े पैमाने पर बाजीगरी कुछ वर्षों से चल रही है और जब तक एक सेब-से-सेब की तुलना नहीं की जाती है, तब तक यह केवल सच्चाई को उलझाकर एक गुलाबी तस्वीर पेश करना है। और एक कहानी है, जिसे मैं पिछले साल की दुर्दशा में जाने से पहले सबसे पहले पेश करूंगा।

परिचालन अनुपात वह राशि है जो प्रत्येक रुपया कमाने के लिए खर्च की जाती है और इसलिए यह जितना कम होगा उतना ही बेहतर होगा। यह एक अनुपात है, जिसमें अंश में कुल कार्य व्यय और हर में सकल आय, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में निकाला जाता है। ह्रक्र का उपयोग करने की प्रथा पांच दशक से अधिक पुरानी है। कार्य व्यय में ईंधन, प्रशासन, संचालन, रखरखाव, आदि पर सभी खर्च शामिल हैं, और मूल्यह्रास रिजर्व फंड (डीआरएफ) और पेंशन फंड (पीएफ) में किए गए योगदान में जोड़ा गया है। पूर्व को 1924 में मूल्यह्रास की देखभाल के लिए बनाया गया था, अर्थात, इसकी विशाल संपत्ति के प्रतिस्थापन या पुनर्वास और बाद में 1960 के दशक में सेवानिवृत्त आईआर कर्मचारियों के पेंशन के बढ़ते बोझ को पूरा करने के लिए स्थापित किया गया था। प्रारंभ में, ये योगदान इन मामलों पर वास्तविक व्यय से अधिक थे, जैसे कि भविष्य के लिए एक फंड बनाया गया था, लेकिन आज यह योगदान तार्किक रूप से, कम से कम वास्तविक व्यय के बराबर होना चाहिए। सकल आय में माल ढुलाई और यात्री परिवहन, विविध और गैर-किराया विविध से आय शामिल है जिसमें परिवहन मुख्य अर्जक है। 2010-11 में परिचालन अनुपात 94.6 था। 2015-16 में यह 90 थी जबकि 2019-20 में यह बढ़कर 98.2 हो गई।

डीआरएफ में व्यावहारिक रूप से कुछ भी नहीं जमा करने का मतलब यह नहीं है कि भारतीय रेल पर उपयोग में आने वाली संपत्तियों ने अचानक बूढ़ा होना बंद कर दिया है। यह केवल यह दर्शाता है कि यह केवल किसी ऐसी चीज को टालने का एक नासमझी भरा प्रयास है जिससे आपको भविष्य में अधिक पीड़ा होगी। पीएफ में योगदान में आधे से अधिक की कमी से पता चलता है कि शेष 49,000 करोड़ रुपये का वास्तविक खर्च उधार से पूरा किया गया था और यह खतरनाक रूप से एक बारहमासी ऋण जाल के करीब जी रहा है। आर्थिक तंगी को दूर करने की इस तरह की निरर्थक कवायद क्यों? क्या ऐसा इसलिए है क्योंकि मंत्रालय ने खर्च करने की होड़ में जाने का फैसला किया था?

पूर्व रेल मंत्री सुरेश प्रभु द्वारा निवेश को बढ़ावा देने का मंत्र है, लेकिन इसके लिए आपको निवेश से पहले लाभों का मूल्यांकन करने और निवेश के बाद रिटर्न की जांच करने के लिए एक ईमानदार और मजबूत प्रणाली की आवश्यकता है। ऐसा नहीं लगता है कि किया गया है। इस प्रणाली को अब तक पूंजीगत कार्यों में प्रति वर्ष लगभग 50,000 करोड़ रुपये निवेश करने के लिए तैयार किया गया था। अगले पांच वर्षों में 800,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की दृष्टि से उसी प्रणाली को अचानक 1,000,000 करोड़ रुपये तक खर्च करने का आदेश दिया गया था। अधिकारियों पर अनुपालन करने के लिए गंभीर दबाव के साथ, लागत-लाभ के लिए बहुत कम सम्मान के साथ अंधाधुंध निवेश किया गया है और किया जा रहा है।

जिस तरह से वर्षों में निवेश किया गया था, वह झूठा रूप से आईआर को सार्वजनिक निवेश के लिए एक परिपक्व गंतव्य के रूप में पेश करेगा। जबकि काम करने का खर्च काफी बढ़ रहा है, कैपेक्स, जो इससे काफी नीचे हुआ करता था, ने इस स्तर पर भारी उछाल दिखाया है कि यह इससे अधिक है। इस प्रकार के निवेश जिग को केवल इस शर्त पर उचित ठहराया जाएगा कि निवेश पर मिलने वाले रिटर्न से आय में वृद्धि हो; लेकिन यह कैसा दिखता है? आईआर की खर्च करने वाली पार्टी की पृष्ठभूमि को देखते हुए संख्याएं लगभग असली हैं। उदाहरण के लिए, 2015-16 में बजटीय सकल आय 183,578 करोड़ रुपये थी जबकि वास्तविक कमाई 164,334 करोड़ रुपये थी। 2019-20 के आंकड़े क्रमश: 205,733 करोड़ रुपये और 174,356 करोड़ रुपये थे।

यह आय में लगातार 10 प्रतिशत से अधिक कम प्रदर्शन दर्शाता है। निश्चित रूप से आईआर अपने लक्ष्यों के करीब बजट और प्रदर्शन करना जानता है? इसलिए, क्या यह एक जानबूझकर किया गया लेखांकन प्रक्षेपण है जो पूंजी के अधिक प्रवाह को आमंत्रित करने के लिए एक हंकी-डोरी तस्वीर दिखाने के लिए है? रेल बजट के आम बजट के साथ उस समय के विलय के साथ जब भारतीय रेल में भारी निवेश शुरू हुआ, अब इसमें गैर-जिम्मेदार वित्तीय कारनामों से सुरक्षा के कई कवच हैं और पीछे छिपने के लिए दीवारें भी हैं। स्पष्ट लापरवाही आंशिक रूप से केंद्र सरकार से अतिरिक्त-बजटीय समर्थन के नए मिले आराम में निहित है जो सब्सिडी के समान कुछ भी नहीं है।

और यह 2020-21 के लिए ओआर को घटाकर 97.5 करने के बारे में क्या है? वर्ष में सकल आय, माल ढुलाई आय में तीन प्रतिशत की बहुप्रचारित वृद्धि के बावजूद, 140,472 करोड़ रुपये थी, जिसे पूरी तरह से अपंग और फिर कम, यात्री सेवाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। टैरिफ के युक्तिकरण और अनुकूलन के माध्यम से बढ़ी हुई आय के बारे में बात कुछ और नहीं बल्कि विशेष ट्रेनों के रूप में चलने वाली नियमित ट्रेनों में उच्च यात्री किराए और कुछ खंडों में माल भाड़ा में वृद्धि है। अनुबंधों के अनुकूलन और वस्तुओं और सेवाओं की खरीद, और ऊर्जा लागत में बचत द्वारा व्यय को कम करने में बड़ा श्रेय लिया गया है। बड़ी संख्या में डीजल इंजनों के स्थिर होने के साथ सेवाओं में भारी कमी के परिदृश्य में, ये संख्या उनके द्वारा प्रकट की जाने वाली संख्या से अधिक छिपाती है। लब्बोलुआब यह है कि ओआर, जो शायद अभूतपूर्व 125-अंक पर चढ़ गया है, को फिर से उधार के माध्यम से पेंशन का ध्यान रखते हुए और मूल्यह्रास का प्रावधान न करके कृत्रिम रूप से 100 से नीचे रखा गया है। पीएफ में केवल 523 करोड़ रुपये और डीआरएफ को 200 करोड़ रुपये जमा करके एक नए निचले स्तर पर पहुंच गया है, हालांकि पेंशन खर्च स्वयं वर्ष में 54,000 करोड़ रुपये के दायरे में था।

आगे का रास्ता क्या है? एक बार जब नए मंत्री को आसन्न बर्बादी का दुष्चक्र स्पष्ट हो जाता है, तो उनके पास बुनियादी मुद्दों को हल करने का कार्य समाप्त हो जाएगा।

# घर तलाशने हेतु तकनीक का प्रयोग

"नए मिलीनियल मकान खरीदारों की जरूरतें पूरी करने के लिए फर्मों ने नये युग की तकनीक का प्रयोग कर नई पोस्ट-कोविड दुनिया में प्रवेश किया है।"



**शशांक वशिष्ठ**
(लेखक ईएक्सपी रियलिटी के कार्यकारी निदेशक हैं)

कोविड-19 वैश्विक महामारी की दो चुनौतीपूर्ण लहरों के बाद भारतीय रियल स्टेट क्षेत्र 2021 में धीरे-धीरे संभल रहा है। हालांकि, निर्माण एवं रियल इस्टेट उद्योगों में अप्रैल 2020 व मार्च 2021 के बीच क्रमश:8.6 प्रतिशत व 1.5 प्रतिशत की कमी आई, पर राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग-एनएओ के अनुसार चौथी तिमाही में वाईओयो वृद्धि में 14.5 प्रतिशत व 5.4 प्रतिशत उछाल देखा गया। अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रही है तथा टीकाकरण दर बढ़ने से रियल इस्टेट उद्योग भी इसका लाभ उठा रहा है।

कोविड-19 वैश्विक महामारी के पहले कुछ महीनों में आवासीय क्षेत्र को बड़ा जबर्दस्त धक्का लगा था। बड़ी तेजी से मांग में कमी आई। लेकिन अक्टूबर में किराये पर मकान से संबंधित मांग में भारी उछाल आया तथा कर्ज ब्याज दरें घटीं। इसका कारण त्योहारों का मौसम भी था जिससे ग्राहकों ने नए मकान खरीदे। महाराष्ट्र में स्टांप ड्यूटी में कमी आने ने भी मांग बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। वर्ष 2020 की दूसरी छमाही में काफी बड़ी संख्या में कर्मचारी अपने घरों से काम करने लगे जिसके कारण बड़े घरों की मांग और ज्यादा बढ़ी। ऐसी स्थिति में सकारात्मक रूप से रियल स्टेट फर्मों ने अपना बिजनेस करने के लिए डिजिटल तरीके अपनाए। हमने देखा कि अनेक छोटे शहरों में भी मकान मालिकों ने अपनी संपत्तियों को पहली बार आनलाइन किया। व्यावहारिक दृष्टिकोण से डिजिटल होना लाभदायक है क्योंकि साइटों का भौतिक निरीक्षण घटा जिसका कारण सोशल डिस्टेंसिंग था।

इसके साथ ही आजकल आवास की मांग ज्यादातर नौजवान मिलीनियल्स की ओर से आ रही है। वे स्वाभाविक रूप से



तकनीकी रूप से दक्ष होते हैं और हर जगह चौबीसों घंटे-सातों दिन कनेक्टिविटी चाहते हैं। एजेंटों और ग्राहकों, दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु तथा नए मिलीनियल मकान खरीदारों की जरूरतें पूरी करने के लिए फर्मों ने नये युग की तकनीक का प्रयोग कर नई पोस्ट-कोविड दुनिया में प्रवेश किया है।

वर्चुअल रियलिटी-वीआर के प्रयोग में काफी वृद्धि से मकान स्वामियों को अपने संभावित मकानों में डिजिटल रूप से घूमने का मौका मिलता है। डेवलपर डाउनलोड करने योग्य फ्लोर प्लान, 360 डिग्री ड्रोन व्यू, डोलहाउस व्यू तथा और बहुत कुछ शामिल कर विजुअल अनुभव को संभव बना रहे हैं। निकट भविष्य में रियल स्टेट ब्रोकरेज के वर्चस्व की उम्मीद की जाती है। इससे न कवे रियल स्टेट के समाधान निकलेंगे, बल्कि संपूर्ण वर्चुअल रूप से घरों की तलाश का अनुभव भी मिलेगा। इससे रियल स्टेट एजेंटों को भी लाभ होगा। वीआर में संभावित क्लाउड-आधारित वर्चुअल आफ्सि बनाने का अवसर मिलेगा जिससे भौतिक आफ्सिों की जरूरतें कम होंगी और कंपनियों का खर्च घटेगा। इसके साथ ही समुदाय में एकजुटता की भावना बनी रहती है तथा अंतर-विभागीय संवाद में सुविधा मिलती है, भले ही टीमें चाहे जिन शहरों में हों। वर्चुअल समाधानों से जमीनी स्थितियां बेहतर हुई हैं।

पिछले साल महामारी के चलते लॉकडाउन के दौरान एजेंटों को ग्राहकों को नियमित रूप से मकान दिखाने से वंचित होना पड़ा था तथा अनेक मकानमालिक अब भी घरों की आनलाइन ब्राउजिंग से हिचक रहे हैं। वर्चुअल आफिस समाधान से एजेंटों की डेटा, सीआरएम व अन्य संसाधनों तक पहुंच बढ़ेगी क्योंकि ये मोबाइल हो जाएंगे। इसके साथ ही उनको आवश्यकता होने पर बिना बाहर निकले आवश्यक इनपुट भी मिलेंगे। इन समाधानों से रियल स्टेट एजेंटों को अपना कौशल बढ़ाने में सहायता मिलेगी तथा वे पेशेवर रूप से सक्षम होंगे। इसका लक्ष्य एजेंटों की सहायता करना, उनकी पकड़ मजबूत करना, उनको तथ्यों से परिचित कराना तथा गेम माडल के माध्यम से प्रशिक्षित करना भी है।

हालांकि, देखने में यह आ रहा है कि नए युग की फर्मों का दृष्टिकोण प्रमुखत: कंपेनसेशन माडल की ओर है, पर एजेंट शेयरों से लाभ प्राप्त करने तथा हर बिक्री पर आकर्षक ब्रोकरेज पाने में ज्यादा दिलचस्पी रखते हैं। रियल स्टेट की दुनिया में वर्किंग माडल बदलने में कोई अपवाद नहीं है। अब परम्परागत रूप से साइट देखने तथा छूने के स्थान पर वर्चुअल समाधान निकलकर सामने आ रहे हैं, लेकिन मुख्य बात पहले जैसी है। कुशल रियल स्टेट एजेंट अब तकनीक से लैस हो चुके हैं और वे सफलतापूर्व वर्चुअल समझौते भी करा सकते हैं। इससे उनको सफलता तथा ग्राहकों व साथियों से सम्मान मिलेगा।

## आप की बात

### तीसरी लहर को आमंत्रण

**दुनिया** में कुछ दिनों तक स्थिर रहे कोरोना संक्रमण के फिर से गति पकड़ते आंकड़ों के मद्देनजर दो रिपोर्टों पर गौर करना जरूरी है। एक तो यह कि भारत में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़ी है और दूसरी यह कि अमेरिका में वैक्सीन की दोनों डोज लेने वालों के लिए भी अब मास्क की अनिवार्यता हो गई है। इन रिपोर्टों के बाद लोगों को कुछ भी अलग से समझाने की गुंजाइश नहीं रह जाती है क्योंकि वैक्सीनेशन में अमेरिका हम से काफी आगे है और फिर भी संक्रमण की जद में आता नजर आ रहा है। तीसरी लहर की आशंका के बीच देश और दुनियां में जनजीवन सामान्य है पर लापरवाह अधिक। पर्यटक और सार्वजनिक स्थल तथा बाजार भीड़ से गुलजार है। इतना ही नहीं लोग मास्क हीन तो है ही सामाजिक दूरी भी भीड़ भाड़ में खो गई है जो मुसीबत की वजह बन सकती है। अब अमेरिका के हालात समझना होंगे जो अपने नागरिकों को दोनों खुराक देने के बाद भी मास्क को अनिवार्य कर चुका है। अमेरिका में तेजी से फैलता डेल्टा वेरिएंट भी इसकी एक वजह है। पटल पर दोनों देशों के हालात एक से दिखते जरूर हैं मगर लगता है हमारे देश में माशा की अनिवार्यता तीसरी लहर के प्रभावी होने के बाद ही आवश्यक महसूस होगी।

- **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### कृषि सुधार एवं खाद्य सुरक्षा

**भारत** में कृषि नीतियां संस्थाओं की एक जटिल प्रणाली द्वारा अभिकल्पित और कार्यान्वित की जाती है। कृषि के कई पहलुओं से संबंधित संवैधानिक उत्तरदायित्व राज्यों पर है लेकिन केंद्र सरकार कृषि नीति के प्रति राष्ट्रीय दृष्टिकोण के विकास और राज्य स्तर पर इसके कार्यान्वयन के लिए आवश्यक धन उपलब्ध कराने के रूप में इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। किसानों की आजीविका के सभी पहलुओं पर सरकारी एजेंसियों का दखल है नवीनतम निष्कर्षों में विभिन्न केंद्रीय और राज्य मंत्रालयों तथा एजेंसियों को शामिल किया गया जो ग्रामीण संपत्ति के अधिकार, भूमि उपयोग एवं भूमि सीमा, कमोडिटी की कीमतें ,इनपुट सब्सिडी एवं विभिन्न कर, आधारभूत संरचना ,उत्पादन विपणन एवं फरीद सार्वजनिक वितरण, अनुसंधान शिक्षा एवं कृषि विस्तार सेवाएं जैसे तमाम विषयों में अपना प्रभाव रखते हैं। हमें कृषि क्षेत्र में और सुधार करने की आवश्यकता है जैसे की आय को अधिकतम तथा जोखिम को न्यूनतम करना इसके साथ-साथ उदारीकृत खेती, कृषि संस्थानों और शासन प्रणालियों में सुधार एवं एक प्रकार की विकेंद्रीकृत प्रणाली के अनुमोदन से हम कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार ला सकते हैं।

- **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### सदन बना अखाड़ा

**चाहे** लोकसभा हो या राज्यसभा राज्यों की विधानसभा हो या स्थानीय निकायों पंचायतों की सभा, ये सभी सदन ना केवल लोकतंत्र के मंदिर होते हैं, बल्कि देश तथा जनहित के ज्वलंत मुद्दों पर सार्थक व रचनात्मक बहस कर जनकल्याणकारी कार्यों की धूरी भी होते हैं। लेकिन अत्यंत दुखद पहलू यह है कि सत्ता पक्ष व विपक्ष की हठधर्मिता के चलते सदन अखाड़े में तब्दील हो गया है। जहां हो हल्ला, शोरगुल का राज है। टकराव के चलते सदन की कार्यवाही नहीं हो पाती और कीमती समय जाया होता है। किसी भी मुद्दों पर सहमति / असहमति हो सकती है। जिसकी चर्चा स्वस्थ बहस के जरिए होना चाहिए, ताकि समाधान वाला परिणाम निकले। कोई भी समझने को तैयार नहीं है। विपक्ष हठधर्मिता पर अड़ा हुआ है। प्रतिदिन लाखों रुपए की बर्बादी के बाद भी देश को इस सदन के जरिए कुछ भी प्राप्त नहीं हो रहा है। जो नहीं होना चाहिए। देश व जनहित के मुद्दों पर बहस कीजिए, जनता के सदन को ठप करने का अर्थ देश को ठप करना है।

- **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

## फरमाया




**भारत** में जुलाई महीने में 13 करोड़ से ज्यादा डोज दी गई। इस महीने इसमें तेजी आने वाली है। इस उपलब्धि के लिए हमें अपने स्वास्थ्य कर्मियों पर गर्व है।

- **मनसुख मांडवीय**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री



**उत्तर प्रदेश** में भाजपा भारी बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। योगी आदित्यनाथ ने 44 कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के द्वारा उत्तर प्रदेश को नंबर एक राज्य बना दिया है।

- **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री



**हमारी** पार्टी के दरवाजे सभी छोटी पार्टियों के लिए खुले हैं। कई छोटी पार्टियां पहले से ही हमारे साथ हैं। हमारे साथ और भी आएंगे।

- **अखिलेश यादव**
सपा अध्यक्ष

# धनबाद में न्यायाधीश की मौत के मामले में 243 लोग हिरासत में

● सत्रह लोग गिरफ्तार, दो पुलिस अधिकारी निलंबित

**भाषा।** धनबाद

**झारखंड** के धनबाद में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (अष्टम) उत्तम आनंद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में धनबाद पुलिस ने रविवार को 243 लोगों को हिरासत में लिया, 17 अन्य को गिरफ्तार किया और दो पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया। धनबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि न्यायाधीश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में 243 लोगों को हिरासत में लिया गया है, 17 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है जबकि न्यायाधीश को टक्कर मारने वाले ऑटो की चोरी की प्राथमीकि दर्ज करने में देरी के लिए पाथरडीह थाने के प्रभारी उमेश मांझी को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के सीसीटीवी फुटेज को सार्वजनिक करने पर प्रशिक्षु दरोगा आदर्श कुमार को भी निलंबित कर दिया गया है।

गौरतलब है कि न्यायमूर्ति आनंद 28 जुलाई को सुबह की सैर पर निकले थे और रास्ते में उन्हें एक ऑटो रिक्शे ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर पुलिस महानिदेशक ने तीन सदस्ईय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था जिसे उच्च न्यायालय की निगरानी में मामले की जांच करनी है।

पुलिस ने बताया था कि ऑटो चालक लखन कुमार वर्मा धनबाद के सुनार पट्टी का रहने वाला है जबकि दूसरा आरोपित राहुल वर्मा भी स्थानीय निवासी है और लखन कुमार वर्मा ने स्वीकार किया है कि घटना के वक्त ऑटो वही चला रहा था। उसकी गिरफ्तारी गिरिडीह से हुई जबकि दूसरे आरोपित राहुल वर्मा की गिरफ्तारी धनबाद स्टेशन से हुई। इस बीच शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की अनुशंसा कर दी जिसका दिवंगत न्यायाधीश के परिजनों ने स्वागत किया है।

# बुधवार को हो सकता है कर्नाटक कैबिनेट का विस्तार: बोम्मई

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को कहा कि अगर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के साथ आज होने वाली बैठक में मंत्रियों के नामों की सूची को अंतिम रूप दे दिया जाता है तो कैबिनेट विस्तार बुधवार को सकता है। रविवार देर रात राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली टीम को ध्यान में रखते हुए कैबिनेट में संतुलित तरीके से सदस्यों को शामिल किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा से शाम में उनकी मुलाकात होनी है।

गृह मंत्री अमित शाह से मिलने के लिए संसद रवाना होने से पहले पत्रकारों से बोम्मई ने कहा, सूची को आज या कल अंतिम रूप दिया जा सकता है। अगर आज रात तक इसे अंतिम रूप दे दिया जाता है तो बुधवार को कैबिनेट विस्तार हो सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष के साथ कैबिनेट गठन को लेकर शाम में व्यापक चर्चा होगी जिसमें यह भी शामिल है कि क्या कैबिनेट गठन एक ही बार में कर लिया जाए या कई चरणों में किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाम तय करते समय क्षेत्रीय और सामाजिक प्रतिनिधित्व के संतुलन को भी ध्यान में रखा जाएगा।

इन्हीं कारकों के आधार पर संख्या और नाम तय किए जाएंगे। कितने उपमुख्यमंत्री बनाने चाहिए, यह भी बैठक में तय होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा राजनीतिक हालात में सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मंत्री बनने के इच्छुक कुछ विधायक यहां उनसे मिले हैं और चर्चा की है। उन्होंने कहा कि वे यह भी जानते हैं कि सबको मंत्री नहीं बनाया जा सकता है। बोम्मई ने 28 जुलाई को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और 26 जुलाई को उनके पूर्ववर्ती बी एस एदियुरप्पा ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।



चेन्नई में तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन और राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का स्वागत करते हुए

# समन के बावजूद अनिल देशमुख ईडी के सामने नहीं हुए पेश

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को फिर से ईडी के सामने पेश नहीं हुए। ईडी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। देशमुख ने अपने अधिवक्ता इंद्रपाल सिंह के माध्यम से ईडी को दो पन्नों का पत्र भेजा और कहा कि वह अपना प्रतिनिधि भेज रहे हैं। ईडी ने पहले भी देशमुख को धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए तीन बार बुलाया था, लेकिन वह पेश नहीं हुए थे। ईडी ने राकांपा के नेता अनिल देशमुख और उनके बेटे हृषिकेश देशमुख को सोमवार को दक्षिण मुंबई में जांच एजेंसी के कार्यालय में पेश होने के लिए नया समन जारी किया, लेकिन वह पेश नहीं हुए। सूत्रों ने पूर्व में कहा था कि ईडी ने धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत अनिल देशमुख को तलब किया था क्योंकि एजेंसी मामले में उनका बयान दर्ज करना चाहती है।

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह ईडी द्वारा दर्ज धनशोधन मामले में किसी भी दंडात्मक कार्वाई से सुरक्षा के अनुरोध वाली अनिल देशमुख की याचिका पर तीन अगस्त को सुनवाई करेगा। अनिल देशमुख ने पिछले महीने कहा था कि वह अपनी याचिका पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद धन शोधन मामले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए ईडी के सामने पेश होंगे। बंबई उच्च न्यायालय के आदेश के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मामले में आरंभिक जांच शुरू की, जिसके बाद ईडी ने देशमुख और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया। अदालत ने सीबीआई से अनिल देशमुख के खिलाफ मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह द्वारा लगाए गए रिश्वत के आरोपों की जांच करने को कहा था। अप्रैल में गृह मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले देशमुख ने सभी आरोपों से इनकार किया था।

# अकाली दल के कई पूर्व नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री बलवंत सिंह रामूवालिया की पुत्री अमनजोत कौर रामूवालिया सहित पंजाब की प्रमुख विपक्षी पार्टी शिरोमणि अकाली दल के कई नेता सोमवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। राजधानी स्थित पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, भाजपा महासचिव व पंजाब के प्रभारी दुष्यंत गौतम और राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग की मौजूदगी में अमनजोत कौर रामूवालिया के अलावा अकाली दल के पूर्व राष्ट्रीय संगठन सचिव गुरप्रीत सिंह शाहपुर, अकाली दल के ही पूर्व उपाध्यक्ष चांद सिंह चट्ठा, आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में एक रहे चेतन मोहन जोशी और अकाली दल के गुरदासपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष बलजिंदर सिंह ढकोहा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर शेखावत ने कहा कि इन नेताओं का भाजपा में शामिल होना इंगित करता है कि पंजाब में हवा किस ओर बह रही है। उन्होंने कहा, हम सभी मिलकर प्रयास करेंगे कि पंजाब चुनाव का परिणाम भाजपा के पक्ष में आए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल किसानों के नाम पर और उनके कंधों पर बंदूक रख पंजाब की सत्ता में आना चाहते हैं। गौतम ने भाजपा में शामिल होने वाले सभी नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि किसान आंदोलन की आड़ में जिस तरह कुछ राजनीतिक दल संविधान की मर्यादा को ताक पर रखे हुए हैं, उनसे पंजाब की जनता बेहद दुखी है और राज्य में शांति व अमने चैन के लिए उनकी निगाहें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिकी हैं।

# भाजपा सरकार की प्राथमिक्ता में कोरोना नहीं बल्कि कैबिनेट बिस्तार: सिद्धरमैया

**भाषा।** कारवार

**कर्नाटक** की भारतीय जनता पार्टी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सोमवार को कहा कि इसका ध्यान केवल कैबिनेट बिस्तार पर है, न कि कोविड-19 पर। उत्तर कन्नड़ जिले के जिला मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, पर्याप्त अस्पतालों, बिस्तरों, वेंटिलेटर एवं ऑक्सीजन के अभाव में हजारों लोगों की मौत हो गई। ऐसा फिर से होने को रोका जाना चाहिए लेकिन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई कोविड-19 पर ध्यान केंद्रित करने की जगह कैबिनेट के बिस्तार के लिए दौड़ रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के विधायक अन्य कार्यों के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाने की जगह मंत्री पद के लिए लॉबिंग करने के वास्ते बेंगलुरू में हैं। सिद्धरमैया ने आरोप लगाया कि भाजपा विधायकों के लिए लोगों की जान से बढ़ कर मंत्री का पद है। उन्होंने सरकार को आगाह किया कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि स्थिति लॉकडाउन तक नहीं पहुंचे। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि पिछले दो दिनों में संक्रमितों की संख्या प्रदेश में दो हजार के आस-पास थी। सिद्धरमैया ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर को रोकने की होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया पड़ोसी महाराष्ट्र और केरल में तीसरी लहर की शुरूआत पहले ही हो चुकी है।

पड़ोसी राज्यों में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के आलोक में कांग्रेस नेता ने कहा कि टीकों की दोनों खुराक लगवा चुके लोगों के लिए महामारी के नियमों में ढील नहीं दी जानी चाहिए और पड़ोसी राज्यों से आने वाले लोगों के लिए निगेटिव जांच रिपोर्ट अनिवार्य किया जाना चाहिए। कर्नाटक में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 1875 नए मामले सामने आए थे जबकि 25 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में अब भी 24 हजार मरीजों का उपचार चल रहा है।

## क्विक न्यूज

### गृह मंत्री असम और मिजोरम के बीच तनाव का समाधान निकालने की कोशिश कर रहे हैं: के. हरि बाबू

**नई दिल्ली।** हाल ही में सीमा पर संघर्ष को लेकर असम और मिजोरम के मध्य तनाव के बीच, मिजोरम के राज्यपाल के हरि बाबू ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और कहा कि केंद्र इस मुद्दे का समाधान तलाशने की कोशिश कर रहा है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल सहित असम के भाजपा सांसदों ने भी दोपहर में प्रधानमंत्री से मुलाकात की। बाबू का दोपहर बाद गृह मंत्री अमित शाह से मिलने का कार्यक्रम है। पीएम से मुलाकात के बाद संसद में पत्रकारों से बात करते हुए बाबू ने कहा कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। गृह मंत्री तनाव को कम करने और इसका हल निकालने की कोशिश कर रहे है। दोनो मुख्यमंत्रियो (असम और मिजोरम के) ने शांति बहाली का वादा किया है। असम और मिजरोम के बीच सीमा विवाद को लेकर 25 जुलाई को मिजोरम पुलिस ने असम के अधिकारियों पर गोलीबारी कर दी, जिसमें असम के पांच पुलिस कर्मियो और एक नागरिक की मौत हो गई तथा एक पुलिस अधीक्षक समेत 50 अन्य जख्मी हो गए। मिजोरम की असम के कछार और हाइलाकंडी जिलो के साथ लगती सीमा पर तनाव अक्टूबर 2020 से बढ़ रहा है और घरों को जलाने और भूमि पर अतिक्रमण की घटनाएं लगातार हो रही हैं।

### त्रिपुरा में चराई जनजाति के सदस्य लौटे

**अगरतला।** मिजोरम से विस्थापित ब्रू जनजाति के लोगों के साथ संघर्ष के बाद उत्तरी त्रिपुरा जिले के दामचेरा से असम के करीमगंज पलायन करने वाली चराई जनजाति के सदस्य घर लौटने लगे हैं। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पानीसागर के उपमंडलीय अधिकारी (एसडीएम) रजत पंत ने बताया, पड़ोसी राज्य असम पलायन करने वाली जनजाति से कम से कम 269 सदस्य रविवार शाम लौट आए। अब उन्हें एक स्कूल में आश्रय दिया गया है और उन्हें भोजन और चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है... वे तब तक स्कूल में रहेंगे जब तक कि उनके घरों की मरम्मत नही हो जाती। एसडीएम ने कहा कि जनजाति से कुछ और लोग असम में अपने रिश्तेदारों के साथ रह रहे है और वे भी कुछ समय बिताने के बाद वापस आने के लिए तैयार है। उत्तरी त्रिपुरा जिले में कास्को ब्रू शिविर के पास ब्रू जनजाति के लोगो और स्थानीय आदिवासियो के बीच 26 जुलाई को हुई झड़प में 13 लोग घायल हो गए थे, जिसके बाद चराई जनजाति से 640 लोग असम के करीमगंज जिले के पाथरकंडी में मानिकबन गांव चले गए थे। उत्तरी त्रिपुरा के पुलिस अधीक्षक भानुपद चक्रवर्ती ने बताया कि अधिकारियों के साथ पानीसागर के विधायक बिनय भूषण दास ने मानिकबन का दौरा किया ताकि चराई जनजाति के लोगों को अपने-अपने घरों में लौटने के लिए मनाया जा सके।

### राष्ट्रपति ने करुणानिधि की प्रतिमा का अनावरण किया

**चेन्नई।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सोमवार को तमिलनाडु विधानसभा में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत एम करुणानिधि की प्रतिमा का अनावरण किया। यहां तमिलनाडु विधानमंडल के शताब्दी समारोह में भाग लेने आए कोविंद ने राज्य के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित और करुणानिधि के पुत्र व मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की उपस्थिति में द्रमुक के पूर्व अध्यक्ष की प्रतिमा का अनावरण किया। पहली बार 1957 में तिरुचिरापल्ली के कुलीथलाई से राज्य विधानसभा के लिए चुने गए द्रमुक के दिग्गज नेता करुणानिधि 2016 तक कुल 13 बार सदन के लिए चुने गए और उन्हें कभी चुनावी हार का सामना नही करना पड़ा। सात अगस्त 2018 को उनका निधन हो गया।

### पालघर में 30 लाख रुपए की आईएमएफएल जब्त, दो गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में अवैध रूप से लाई जा रही 30 लाख रुपए की भारत में निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) को दहानू के डुंडलवाड़ी नाका पर जब्त कर लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पालघर पुलिस के जनसंपर्क अधिकारी सचिन नवादकर ने बताया कि शनिवार और रविवार की दरमियानी रात को अपराध शाखा ने शराब की तस्करी के बारे में एक गुप्त सूचना मिलने पर तलाश अभियान चलाया। उन्होने बताया कि इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और तलासरी पुलिस मामले की और जांच कर रही है।

### बंगाल जहरीली शराबकांड मामले में मुख्य आरोपी को उम्रकैद

**कोलकाता।** कोलकाता की एक अदालत ने वर्ष 2011 में जहरीली शराब पीने से हुई 172 लोगों की मौत के मामले में मुख्य आरोपी खोड़ा बादशाह को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। अलीपुर जिला सत्र न्यायालय ने बादशाह उर्फ नूर इस्लाम फकिर को हत्या का दोषी करार दिया। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा कि बादशाह की मृत्यु होने तक सजा जारी रहेगी। बादशाह को लोगों को जहर देने का भी दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा सुनाई गई। अदालत ने कहा कि दोनों सजा एक साथ चलेंगी। 14 दिसंबर 2011 को बादशाह द्वारा बेची गई जहरीली शराब पीने से दक्षिण 24 परगना जिले के मगराहट, उस्थी और मंदिरबाजार में रहने वाले कम से कम 172 लोगों की मौत हो गई थी जबकि कई लोग स्थाई विकलांगता के शिकार हुए थे।


वृन्दावन में भाजपा सांसद हेमा मालिनी स्थानीय लोगों से मुलाकात करती हुईं।

# बलात्कार पीड़िता का यौन शोषण करने वाले पूर्व पादरी से शादी की अनुमति वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केरल के कोट्टियूर में रहने वाली बलात्कार पीड़िता की उस याचिका को खारिज कर दिया है कि जिसमें उन्होंने उनके साथ दुष्कर्म करने वाले पूर्व पादरी से शादी करने की इजाजत मांगी थी। यह पूर्व पादरी 20 साल की कैद की सज़ा काट रहा है। शीर्ष अदालत ने पूर्व पादरी की अलग से दायर याचिका भी खारिज कर दी। इस याचिका में उसने बलात्कार पीड़िता से शादी करने के लिए जमानत देने का आग्रह किया था। पीड़िता घटना के वक्त नाबालिग थी और उसने एक बच्चे को जन्म दिया है। न्यायमूर्ति विनीत सरन और न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी की पीठ ने पूर्व पादरी से कहा, उच्च न्यायालय ने सोच-समझकर फैसला दिया है और हम उसके निर्णय में दखल नहीं देना चाहेंगे। पीठ ने पीड़िता से कहा कि वह पूर्व पादरी से शादी करने की अपनी याचिका को लेकर निचली अदालत जा सकती हैं।

# असम पुलिस की अवैध गतिविधियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराए अरुणाचल सरकार: आपसू

**ईटानगर।** अखिल अरुणाचल प्रदेश छात्र संघ (आपसू) ने राज्य सरकार से हाल में लोवर सियांग जिले के विभिन्न गांवों में असम पुलिस द्वारा की गई कथित अवैध गतिविधियों के खिलाफ उच्चतम स्तर पर विरोध दर्ज कराने का अनुरोध किया है। राज्य के शीर्ष छात्र निकाय ने फसल बर्बाद करने के असम के अधिकारियों के कथित एकतरफा कृत्य की निंदा की और इसे अरुणाचल प्रदेश की शांति प्रिय जनता को धमकाने व डराने वाला कृत्य करार दिया।

आपसू ने विभिन्न मुद्दों को लेकर रविवार को यहां एक बैठक की। इसमें असम-मिजोरम के बीच सीमा पर हुई हिंसा के बाद असम के अपने पड़ोसी राज्यों के साथ चल रहे सीमा विवाद और राज्य के पापुम पारे जिले के लोरा गांव और लोंगडिंग जिले के लोंगखोजान गांव में चाय बागानों और चावल के खेतों को कथित रूप से नष्ट किए जाने के मुद्दों पर चर्चा की गई।

आपसू के अध्यक्ष हवा बगांग और महासचिव तोबोम दाई ने यहां एक संयुक्त बयान में कहा, राज्य सरकार द्वारा अपनाई गई चुप्पी और नरम रुख गलत संदेश दे रहा है और अंतरराज्ईय सीमावासियों पर इस तरह के अत्याचार करने के लिए अपने समकक्ष को प्रोत्साहित कर रहा है। उन्होंने बिना कोई कारण बताए उच्चस्तरीय समिति की बैठक को अंतिम समय में रद्द करने को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया।

आपसू नेताओं ने कहा, जब पहले से ही अरुणाचल प्रदेश और असम के बीच सीमा मुद्दे को उच्चतम स्तर पर हल करने की बात हो रही है, तो ऐसी घटनाएं संघर्ष के समाधान की कोशिशों पर पानी फेर देती हैं। किमिन में हालिया घटना भी एक बड़े विवाद की ओर इशारा करती हैं। आपसू ने अंतरराज्ईय सीमाओं पर यथास्थिति का सख्ती से पालन करने की वकालत और शांति व सौहार्द कायम करने की अपील की।

# महाराष्ट्र में महिला आईएएस को पदभार संभालने से रोका गया

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र में हाल ही में तबादला होकर आईं एक महिला आईएएस अधिकारी, परभणी डीएम के तौर पर पदभार ग्रहण नहीं कर सकीं क्योंकि विदा हो रहे जिलाधिकारी ने अंतिम समय में पदभार एसडीएम को सौंप दिया। एक सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा हस्तक्षेप करने के आरोप लग रहे हैं जोकि नए अधिकारी की तैनाती नहीं चाहते। बिना किसी नेता का नाम लिए भाजपा के एक स्थानीय विधायक ने सोमवार को कहा कि शिवसेना को परभणी की जनता द्वारा दिए गए समर्थन को नहीं भूलना चाहिए। एक सामाजिक संगठन ने विरोध-प्रदर्शन किया और मांग उठाई कि जनहित में तत्काल आईएएस अधिकारी अचल गोयल को पदभार सौंपा जाए।

महाराष्ट्र में शिवसेना के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी सरकार है जिसमें कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी गठबंधन सहयोगी हैं। परभणी के सांसद शिवसेना से हैं जबकि रांकापा नेता नवाब मलिक जिला प्रभारी मंत्री हैं। जागृत नागरिक अघाड़ी की अध्यक्ष माधुरी क्षीरसागर ने संवाददाताओं से कहा, सभी लोग इस बात को लेकर उत्सुक थे कि 31 जुलाई को दीपक मुगलीकर के सेवानिवृत्त होने के बाद डीएम का पदभार कौन संभालेगा? हमे पता चला कि आईएएस अधिकारी अचल गोयल को नया डीएम तैनात किया गया है और उनकी तैनाती की खबर अखबारों में भी प्रकाशित हुई थी। 31 जुलाई को राज्य सरकार ने मुगलीकर को पदभार एसडीएम राजेश केतकर को सौंपने को कहा। ऐसा कुछ राजनेताओं के चलते हुआ जोकि शर्मनाक है। यह दर्शाता है कि राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर किए जाने वाले दावे खोखले हैं। संगठन ने इस मामले में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के हस्तक्षेप की मांग उठाई।

# श्रीलंकाई नौसेना की गोलीबारी में एक मछुआरा घायल

**नागपट्टिनम (तमिलनाडु)।** अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास कोडियाकराई तट के नजदीक मछली पकड़ रहे कुछ मछुआरों पर श्रीलंकाई नौसेना ने कथित तौर पर गोलियां चलाईं जिसमें नागपट्टिनम जिले का एक मछुआरा घायल हो गया। 28 जुलाई को अक्कराईपेट्टई और कीचनकुप्पम गांव के 10 मछुआरे नागपट्टिनम बंदरगाह से एक मशीनी नौका में सवार होकर समुद्र में मछली पकड़ने के लिए गए थे। जब मछुआरे तड़के अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास कोडियाकराई तट के दक्षिण-पूर्व समुद्री इलाके में मछली पकड़ रहे थे, वहां गश्त लगा रहे श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों ने कथित तौर पर मछुआरों पर गोलियां चलाईं। दीपनराज मछुआरे ने इस घटना के बारे में बताते हुए कहा, श्रीलंकाई नौसेना के जवानों ने क्षेत्र में कई नौकाओं पर हमला करना शुरू कर दिया। उन्होंने पत्थर फेंके और फिर गोलियां चलाईं। एक गोली हमारी नाव की ओर आई और एक हिस्से को छेदती हुई कलाइसेलवन नामक मछुआरे को लगी, और वह बेहोश होकर गिर पड़ा।

# कृष्णा जल बंटवारे का मुद्दा हल करने के लिए आंध्र व तेलंगाना को मध्यस्थता की सलाह

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सुझाव दिया कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना कृष्णा नदी के जल बंटवारे को लेकर विवाद को सुलाझाने के लिए मध्यस्थता करें और वह गैर जरूरी तौर पर दखल नहीं देना चाहता है। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ आंध्र प्रदेश की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें आरोप लगाया गया है कि तेलंगाना ने उसे पीने और सिंचाई के उसके पानी के वैध हिस्से से वंचित कर दिया है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मैं इस मामले को कानूनी रूप से नहीं सुनना चाहता हूं। मैं दोनों राज्यों से ताल्लुक रखता हूं। अगर मध्यस्थता से मामला सुलझाया जा सकता है, तो कृपया ऐसा करें। हम उसमें सहायता कर सकते हैं। नहीं तो मैं इसे दूसरी पीठ को स्थानांतरित कर दूंगा। प्रधान न्यायाधीश का ताल्लुक आंध्र प्रदेश से है। मैं चाहता हूं कि आप दोनों (दोनों राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील) अपनी सरकारों को समझाएं और मामले को सुलझाएं। हम अनावश्यक रूप से हस्तक्षेप नहीं करना चाहते हैं। आंध्र प्रदेश की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे और महफूज़ अहसन नजकी ने निर्देश लेने के लिए वक्त मांगा।

तेलंगाना की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन भी इसपर सहमत हो गए। आंध्र सरकार ने जुलाई में यह दावा करते हुए शीर्ष अदालत में मामला दायर किया था कि तेलंगाना सरकार ने आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधि. 2014 के तहत गठित सर्वोच्च परिषद द्वारा लिए गए निर्णयों और इस अधि. और केंद्र के निर्देशों के तहत गठित कृष्ण नदी प्रबंधन बोर्ड के निर्देशों का पालन करने से इनकार कर दिया है। आंध्र प्रदेश में रहने वाले लोगों के जीवन के अधिकार सहित मौलिक अधिकारों का गंभीर रूप से उल्लंघन किया गया है क्योंकि तेलंगाना सरकार और उसके अधिकारियों द्वारा असंवैधानिक, अवैध और अन्यायपूर्ण ढंग से उनके पानी के वैध हिस्सै से वंचित किया जा रहा है।


खुन्ती में महिला खिलाड़ी निक्की प्रधान के माता-पिता महिला हाकी टीम के आस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के लिए जीत का प्रतीक दिखाते हुए।

# प्रौद्योगिकी अपनाने में भारत किसी से पीछे नहीं

## ●पीएम ने डिजिटल भुगतान समाधान ई-रुपी लॉन्च किया

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि प्रौद्योगिकी को अपनाने में भारत आज दुनिया के किसी भी देश से पीछे नहीं है और वह नवोन्मेष तथा सेवा प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के मामले में वैश्विक नेतृत्व की क्षमता रखता है।

प्रधानमंत्री ने यह बात डिजिटल भुगतान समाधान ई-रुपी लॉन्च करने के बाद अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत आज कैसे आधुनिक प्रौद्योगिकी की मदद से आगे बढ़ रहा है ई-रूपी उसका भी एक प्रतीक है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि यह शुरुआत ऐसे समय में हो रही है जब देश आजादी के 75 वर्ष पर अमृत महोत्सव मना रहा है। ऐसे समय में देश ने भविष्यवादी सुधारों का एक और अहम कदम बढ़ाया है। आज सरकार प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 300 से ज्यादा योजनाओं को लाभार्थियों को उपलब्ध करा रही है और करीब 90 करोड़ लोगों को इसका फायदा मिल रहा है। भारत में अब तक डीबीटी के जरिए करीब 17.50 लाख करोड़ रुपए सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजे जा चुके हैं। आज केंद्र सरकार 300 से ज्यादा योजनाओं का लाभ डीबीटी के माध्यम से लोगों तक पहुंचा रही है। लगभग 90 करोड़ देशवासियों को इसके तहत किसी ना किसी रूप में लाभ हो रहा है। राशन हो, एलपीजी गैस हो, इलाज हो, स्कॉलरशिप हो, पेंशन हो, मज़दूरी हो, घर बनाने के लिए मदद हो, ऐसे अनेक लाभ डीबीटी से मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत। लाख 35 हज़ार करोड़ रुपए सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंचाए गए हैं। इस बार तो किसानों से जो गेहूं की सरकारी खरीद हुई है, उसका लगभग 85 हज़ार करोड़ रुपए सीधा किसानों के बैंक खातों में ही हस्तांतरित किया गया है। इन सारे प्रयोगों का बहुत बड़ा लाभ यह हुआ है कि देश के करीब करीब पौने दो लाख करोड़ रुपए से अधिक गलत हाथों में जाने से बचे हैं। भारत आज दुनिया को दिखा रहा है कि प्रौद्यागिकी को अपनाने में वह किसी से भी पीछे नहीं हैं। नवोन्मेष की बात हो , सर्विस डिलीवरी में टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल की, भारत दुनिया के बड़े देशों के साथ मिलकर ग्लोबल लीडरशिप देने की क्षमता रखता है। भारत ने अपनी प्रगति को जो गति दी है, उसमें भी प्रौद्योगिकी की भूमिका बहुत अहम है। कोविड महामारी के दौरान प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से लोगों को मदद पहुंचाने के लिए तैयार किए आरोग्य सेतु ऐप और टीकाकरण के लिए बनाए गए कोविन पोर्टल का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत के लोगों को इनका फायदा मिल रहा है।

## रिकार्ड टीकाकरण, खिलाड़ियों की सफलताएं जैसी घटनाएं भारतीयों का दिल जीत रही हैं : मोदी

**नई दिल्ली।** रिकार्ड टीकाकरण से लेकर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह बढ़ने और तोक्यो ओलंपिक मे बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू तथा महिला व पुरूष हॉकी मे भारत के शानदार प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि यह घटनाएं आजादी की 75वी वर्षगांठ के अवसर पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव की शुरुआत के साथ ही हर भारतीय का दिल जीत रही है। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट मे कहा, अगस्त के महीने मे प्रवेश और अमृत महोत्सव की शुरुआत के साथ ही हमने कई सारी ऐसी घटनाएं देखी जो हर भारतीय का दिल जीतने वाली हैं। रिकार्ड टीकाकरण हुआ है और जीएसटी संग्रह भी बढ़ा है जो आर्थिक गतिविधियो के मजबूत होने की ओर संकेत करता है। एक अन्य ट्वीट मे उन्होंने कहा, पी वी सिंधू ने ना सिर्फ पदक जीता बल्कि हमने ओलंपिक के पुरुष और महिला हाकी मे भारतीय टीम के ऐतिहासिक प्रयास भी देखे। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि अमृत महोत्सव के अवसर पर भारत को नई ऊंचाइयो पर पहुंचाने के लिए 130 करोड़ भारतीय कड़ी मेहनत जारी रखेंगे। ज्ञात हो कि रविवार को जीएसटी संग्रह जुलाई महीने मे 33 प्रतिशत बढ़कर 1.16 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया।



मिर्जापुर में अष्टभुजा पर्वत विंध्याचल में नए उद्घाटन रोपवे का एक दृश्य

## उपराष्ट्रपति ने भाषा एआईसीटीई अनुवादक टूल का डेमो देखा

**भाषा।** नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने सोमवार को एक अनूठे टूल का प्रदर्शन देखा जो अंग्रेजी सामग्री का 11 विभिन्न भारतीय भाषाओं में अनुवाद करता है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष अनिल डी सहस्रबुद्धे और इसके मुख्य समन्वय अधिकारी बुद्ध चंद्रशेखर ने उप-राष्ट्रपति निवास में एआईसीटीई ट्रांसलेशन ऑटोमेशन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल पर प्रस्तुति दी। टूल अंग्रेजी भाषा के ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का ग्यारह अलग-अलग भाषाओं- हिंदी, बंगाली, मराठी, तेलुगु, तमिल, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, पंजाबी, असमिया और उड़िया में अनुवाद करता है। इस टूल की मुख्य विशेषताओं के बारे में बताते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि यह जटिल सूत्रों, अंग्रेजी पुस्तकों, शोध पत्रिकाओं, सरकारी दस्तावेजों और अंग्रेजी वीडियो का अनुवाद करने में सक्षम है।

## आईटी अधिनियम की रद्द धारा 66ए के तहत मुकदमे दर्ज किए जाने पर राज्यों को नोटिस

**भाषा।** नई दिल्ली



### ●उच्चतम न्यायालय में एनजीओ ने किया आवेदन

**उच्चतम न्यायालय** ने सोमवार को एक गैर सरकारी संगठन के उस आवेदन पर राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और सभी उच्च न्यायालयों को नोटिस जारी किए जिसमें कहा गया है कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की रद्द हो चुकी धारा 66ए के तहत अब भी लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने 2015 में एक फैसले में इस धारा को रद्द कर दिया था। न्यायमूर्ति आर एफ नरीमन और न्यायमूर्ति बी आर गवई की पीठ ने कहा कि चूंकि पुलिस राज्य का विषय है, इसलिए यह बेहतर होगा कि सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित क्षेत्रों को पक्षकार बनाया जाए तथा हम एक समग्र आदेश जारी कर सकते हैं जिससे यह मामला हमेशा के लिए सुलझ जाए। पीठ ने अपने आदेश में कहा, क्योंकि यह मामला पुलिस और न्यायपालिका से संबंधित है, हम सभी राज्यों, केंद्र शासित क्षेत्रों और सभी उच्च न्यायालयों के महापंजीयकों को नोटिस जारी करते हैं। पीठ ने कहा कि इन सभी को चार हफ्ते के अंदर नोटिस का जवाब देना होगा। साथही पीठ ने यह निर्देश भी दिया कि नोटिस के साथ सभी पक्षों को याचिका का विवरण भी भेजा जाए। गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय पारिख ने कहा कि इस मामले में दो पहलू हैं, पहला पुलिस और दूसरा न्यायपालिका जहां अब भी ऐसे मामलों पर सुनवाई हो रही है। पीठ ने कहा कि जहां तक न्यायपालिका का सवाल है तो उसका ध्यान रखा जा सकता है और हम सभी उच्च न्यायालयों को नोटिस जारी करेंगे। शीर्ष अदालत ने इस मामले में सुनवाई की अगली तारीख चार हफ्ते बाद तय की है। केंद्र की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शुरुआत में कहा कि उन्हें सरकार के हलफनामे पर यूपीसीएल का प्रत्युत्तर रविवार को ही मिला है और वह इसे पढ़ना चाहेंगे। उच्चतम न्यायालय ने पांच जुलाई को इस बात पर हैरानी और स्तब्धता जाहिर की थी कि लोगों के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66ए के तहत अब भी मुकदमे दर्ज हो रहे हैं जबकि शीर्ष अदालत ने 2015 में ही इस धारा को अपने फैसले के तहत निरस्त कर दिया था। सूचना प्रौद्योगिकी कानून की निरस्त की जा चुकी धारा 66ए के तहत भड़काऊ पोस्ट करने पर किसी व्यक्ति को तीन साल तक कैद और जुर्माने की सजा का प्रावधान था।

## लालू यादव, मुलायम सिंह ने दिल्ली में मुलाकात की

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय जनता दल** (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने सोमवार को दिल्ली में मुलाकात की। मुलायम सिंह यादव के बेटे अखिलेश यादव भी बैठक के दौरान मौजूद थे। लालू ने एक ट्वीट में कहा, देश के वरिष्ठतम समाजवादी साथी आदरणीय मुलायम सिंह जी से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। खेत-खलिहान, गैर-बराबरी, अशिक्षा,किसानों, गरीबों और बेरोजगारों के लिए हमारी साझा चिंताएं और लड़ाई है। आज देश को पूंजीवाद और सम्प्रदायवाद नहीं बल्कि लोकसमता एवं समाजवाद की अत्यंत आवश्यकता है। लालू ने बैठक की तस्वीरें भी साझा कीं। अखिलेश यादव ने भी बैठक की तस्वीरों को ट्वीट किया है। दोनों दलों के सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में यह बैठक हुई। इससे पहले अखिलेश लोकसभा की कार्यवाही में हिस्सा लेने गए थे।



राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने नई दिल्ली में समाजवादी पार्टी के प्रमुख मुलायम सिंह यादव से मुलाकात की

## क्विक न्यूज

### अल्पसंख्यकों को कमजोर वर्गों के रूप में माना जाना चाहिए: एनसीएम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि देश में अल्पसंख्यकों को कमजोर वर्गों के रूप में माना जाना चाहिए, जहां बहुसंख्यक समुदाय इतना सशक्त है। एनसीएम ने कहा कि संविधान में दिए गए सुरक्षा उपायों और वहां लागू कानूनों के बावजूद अल्पसंख्यकों में असमानता और भेदभाव की भावना बनी हुई है। एनसीएम ने एक हलफनामे में कहा, भारत जैसे देश में जहां बहुसंख्यक समुदाय सशक्त है, अनुच्छेद 46 के तहत अल्पसंख्यकों को कमजोर वर्गों के रूप में माना जाना चाहिए। चालीस-पृष्ठ के हलफनामे में कहा गया है कि यदि सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए विशेष प्रावधान और योजनाएं नहीं बनाई गई तो तो ऐसी सूरत में बहुसंख्यक समुदाय द्वारा उन्हें दबाया जा सकता है। एक याचिका के जवाब में यह हलफनामा दाखिल किया गया है जिसमें कहा गया था कि कल्याणकारी योजनाएं धर्म पर आधारित नहीं हो सकती हैं। अनुच्छेद 46 में कहा गया है कि राज्य लोगों के कमजोर वर्गों और विशेष रूप से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देगा और सभी प्रकार के सामाजिक अन्याय और शोषण से उनकी रक्षा करेगा।

### शिवसेना कार्यकर्ताओं ने मुंबई में अडानी हवाईअड्डा लिखे साइनबोर्ड को तोड़ा

मुंबई। शिवसेना कार्यकर्ताओं के एक समूह ने सोमवार दोपहर मुंबई में हवाईअड्डे के समीप छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पास अडानी हवाईअड्डा लिखे एक साइनबोर्ड को कथित तौर पर तोड़ दिया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने साइनबोर्ड के खिलाफ नारेबाजी की। हवाई अड्डे का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर रखा गया है। कुछ कार्यकर्ता बाद में पास में स्थित वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर आ गए, जिससे शहर के मुख्य उत्तर-दक्षिण मार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। घटना में शामिल कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है और मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। इस बीच, अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड के एक प्रवक्ता ने कहा कि मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अडानी एयरपोर्ट्स की ब्रांडिंग के आसपास की घटनाओं के आलोक में, हम पूरी तरह से आश्वस्त करते हैं कि एएएचएल ने केवल पिछली ब्रांडिंग को बदलकर अडानी एयरपोर्ट्स ब्रांडिंग किया है और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) की टर्मिनल पर ब्रांडिंग या पोजिशनिंग में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बयान में कहा गया कि सीएसएमआईए में ब्रांडिंग भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के मानदंडों और दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है। एएएचएल बड़े पैमाने पर विमानन समुदाय के हित में सरकार द्वारा निर्धारित सभी दिशानिर्देशों का पालन करना जारी रखेगा।

### मालाबार अभ्यास के अगले संस्करण में शामिल होंगे क्वॉड के चारों सदस्य देश

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना अगस्त की शुरुआत में दो महीने से अधिक समय के लिए दक्षिण चीन सागर, पश्चिमी प्रशांत और दक्षिण पूर्व एशिया जल क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति के युद्धपोतों से युक्त एक नौसैनिक कार्य समूह तैनात कर रही है, जिसका उद्देश्य रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में अपनी स्थिति को मजबूत करना है। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक माधवाल ने कहा कि अपनी तैनाती के दौरान, पोत पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में जापान, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका की नौसेनाओं के साथ मालाबार अभ्यास के अगले संस्करण में भाग लेंगे। यह लगातार दूसरा वर्ष होगा जब क्वॉड या चतुर्भुज गठबंधन के सभी चार सदस्य देशों की नौसेनाएं विशाल नौसैनिक युद्ध अभ्यास में हिस्सा लेंगी। चीन मालाबार अभ्यास के उद्देश्य को संदेह की नजर से देखता है क्योंकि उसे लगता है कि युद्धाभ्यास हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसके प्रभाव को नियंत्रित करने के प्रयासों का एक हिस्सा है।

## जाति आधारित जनगणना की मांग केंद्र के समक्ष उठाएंगे: नीतीश

**भाषा।** पटना



### ● कहा, राज्य स्तर पर कराने का विकल्प खुला

**बिहार के** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को कहा कि वह जाति आधारित जनगणना की मांग को केंद्र सरकार के समक्ष उठाएंगे और इस मुद्दे पर असहमति की स्थिति में उनकी सरकार एक राज्य-विशिष्ट जनगणना के लिए विकल्प खुला रखेगी। कुमार की पार्टी जद (यू) केंद्र और राज्य में भाजपा की सहयोगी है।

उन्होंने दोहराया कि बिहार में भावना सर्वसम्मति से जाति-आधारित जनगणना के पक्ष में है, जो समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित करेगी और अधिक प्रभावी शासन की सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने अपने साप्ताहिक जन संपर्क कार्यक्रम- जनता के दरबार में मुख्यमंत्री के मौके पर संवाददाताओं से कहा कि मैंने आज इस मुद्दे पर (प्रधानमंत्री को) पत्र लिखने की अपनी योजना के बारे में अधिकांश राजनीतिक दलों को सूचित कर दिया है। भाजपा को भी इसके बारे में सूचित किया गया है। हमें यह बताना होगा कि हम इस मुद्दे के बारे में क्या सोचते हैं।

यह केंद्र पर निर्भर करता है कि वह हमारे अनुरोध को स्वीकार करे या अस्वीकार करे। सभी जातियों की जनगणना से सामाजिक तनाव पैदा होने की आशंका को सिरे से खारिज करते हुए कुमार ने कहा, जब विधानसभा ने सर्वसम्मति से दो मौकों पर इसके समर्थन में प्रस्ताव पारित किया है, तो सभी दलों और सभी जातियों और धर्मों के सदस्यों ने इसका समर्थन किया। कोई संदेह नहीं होना चाहिए। यह देखते हुए कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली पिछली संप्रग सरकार के दौरान हुए एसईसीसी (सामाजिक आर्थिक जातिगत जनगणना) के निष्कर्षों को सांख्यिकीय सटीकता पर संदेहै के कारण सार्वजनिक नहीं किया गया था, बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा, इसलिए यह समझदारी होगी कि जब जनगणना चल रही हो तो लोगों की जाति आधारित गणना की जाए। यह कम से कम एक बार होना चाहिए। इससे सभी सामाजिक वर्गों को लाभ होगा।

## बंगाल जहरीली शराबकांड मामले में मुख्य आरोपी को उम्रकैद

**भाषा।** कोलकाता

**कोलकाता** की एक अदालत ने वर्ष 2011 में जहरीली शराब पीने से हुई 172 लोगों की मौत के मामले में मुख्य आरोपी खोड़ा बादशाह को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। अलीपुर जिला सत्र न्यायालय ने बादशाह उर्फ नूर इस्लाम फाकिर को हत्या का दोषी करार दिया। मगराहाट थाने में दर्ज 64 लोगों की मौत से जुड़े मामले में दोषी ठहराते हुए बादशाह को यह सजा सुनाई गई। वह जहरीली शराब से जुड़े एक अन्य मामले में पहले ही उम्रकैद की सजा काट रहा है जोकि उस्थी पुलिस थाने में दर्ज था। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा कि बादशाह की मृत्यु होने तक सजा जारी रहेगी। बादशाह को लोगों को जहर देने का भी दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा सुनाई गई। सात अन्य सह-आरोपियों को अपराध में उनकी संलिप्तता के ठोस सबूत के अभाव में बरी कर दिया।

## अफगानिस्तान जेल में बंद बेटी के प्रत्यर्पण के लिए याचिका दाखिल

**भाषा।** नई दिल्ली

### ● केरल के एक व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया

**केरल के** एक व्यक्ति ने उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया है कि वह अफगानिस्तान की पुल-ए-चरखी जेल में बंद अपनी बेटी और नाबालिग नवासी के प्रत्यर्पण व वापसी के लिए केन्द्र सरकार को निर्देश जारी करे। केरल के एर्णाकुलम जिले के निवासी वी जे सेबेस्टिन फ्रांसिस ने याचिका में कहा कि उनकी बेटी के खिलाफ यहां एनआईए ने गैर-कानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम और अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज कर रखा है। फ्रांसिस ने कहा कि आरोप है कि उनके दामाद ने बेटी और अन्य आरोपियों के साथ एशियाई देशों के खिलाफ युद्ध छेड़ने में एक आतंकवादी संगठन को प्रचारित करने की साजिश रची थी। याचिका में कहा गया है, इस योजना के अलावा, अफगानिस्तान में इस्लामी संगठन में शामिल होने के इरादे से पहली बंदी (बेटी) और दूसरी बंदी (नवासी) 30 जुलाई, 2016 को भारत से भाग गईं। इंटरपोल ने बंदी संख्या एक के नाम पर 22 मार्च 2017 को रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया था। फ्रांसिस ने कहा कि अफगानिस्तान पहुंचने के बाद उनके दामाद युद्ध में शामिल हुए और मारे गए। युद्ध में सक्रिय रूप से शामिल नहीं रही बेटी और नवासी को 15 नवंबर, 2019 को कई अन्य महिलाओं के साथ अफगान सेना के सामने आत्मसमर्पण करना पड़ा। एक समाचार पोर्टल को दिए साक्षात्कार के दौरान उनकी बेटी ने आईएसआईएस में शामिल होने के अपने फैसले पर पछतावा जाहिर किया था और वह भारत वापस लौटकर यहां की अदालतों में निष्पक्ष सुनवाई का सामना करना चाहती थी। भारत ने 2016 में अफगानिस्तान के साथ एक प्रत्यर्पण संधि की थी।




कोलकाता में खेला होबे दिवस का उद्घाटन करते हुए बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व खेल मंत्री अरूप विश्वास

## देश में कोविड-19 के 40,134 नए मामले आए

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत में** एक दिन में कोविड-19 के 40,134 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,16,95,958 हो गई। वहीं, लगातार छठे दिन उपचाराधीन मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 422 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,24,773 हो गई।

देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी बढ़कर 4,13,718 हो गई, जो कुल मामलों का 1.31 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में कुल 2,766 बढ़ोतरी दर्ज की गई। कोविड-19से ठीक होने की राष्ट्रीय दर 97.35 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कुल 46,96,45,494 नमूनों की कोविड-



19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 14,28,984 नमूनों की जांच रविवार को की गई। दैनिक संक्रमण दर 2.81 प्रतिशत है। वहीं, साप्ताहिक संक्रमण दर 2.37 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 3,08,57,467 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 मृत्यु दर 1.34 प्रतिशत है। देश में अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की कुल 47.22 करोड़ खुराके दी जा चुकी हैं। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख के पार हो गए। देश में 19 दिसम्बर को ए मामले एक करोड़ के पार, चार मई को दो करोड़ के पार और 23 जून को तीन करोड़ के पार चले गए थे।

आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से पिछले 24 घंटे में जिन 422 लोगों की मौत हुई, उनमें से महाराष्ट्र के 157, ओडिशा के 64 और केरल के 56 लोग थे।

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से अभी तक कुल 4,24,773 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र के।,32,948, कर्नाटक के 36,587, तमिलनाडु के 34,102, दिल्ली के 25,054, उत्तर प्रदेश के 22,763, पश्चिम बंगाल के 18,149 और पंजाब के 16,794 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

### महाराष्ट्र में 4,869 नए मामले, 90 की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सोमवार को कोविड-19 के 4,869 नए मरीज सामने आए जबकि 90 मरीजो की मौत हो गई। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक नए मामलों के बाद प्रदेश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 63,15,063हो गई जबकि महामारी से जान गंवाने वालों का आंकड़ा बढ़कर 1,33,038 हो गया। विभाग के मुताबिक प्रदेश मे अब तक 61,03,325 मरीज संक्रमण से उबर चुके है जबकि फिलहाल 75,303 मरीज उपचाराधीन हैं। राज्य में स्वस्थ होने की दर 96.65 प्रतिशत और मृत्युदर 2.1 प्रतिशत है। विभाग ने एक बयान मे कहा कि मुंबई में संक्रमण के 259 नए मामले सामने आए जबकि नौ और मरीजों की मौत हो गई। यहां नए मामलों के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 7,35,366 हो गई। जबकि महामारी से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 15,908 हो गई। मुंबई मंडल में आज 730 नए मामले सामने आए जबकि 15 मरीजों की जान चली गई। नासिक मंडल में संक्रमण के 829 नए मामले सामने आए जिनमें 739 के है। पुणे मंडल में 1,574 मरीज मिले तो कोल्हापुर मंडल में संक्रमण के।,399 नए मरीज मिले। प्रदेश मे आज।,67,117 नमूनों की कोविड-19 जांच की गई।

# आईओसी पेट्रोनास के साथ संयुक्त उद्यम को बेच सकती है कुछ पेट्रोल पंप

भाषा। नई दिल्ली

**देश** की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के वित्त निदेशक एस के गुप्ता ने सोमवार को कहा कि कंपनी अपने पेट्रोल पंप नेटवर्क का कुछ हिस्सा मलेशिया की कंपनी पेट्रोनास के साथ गठित अपने संयुक्त उद्यम को बेच सकती है।

इंडियन आयल भारत में पेट्रोलियम उत्पादों का खुदरा कारोबार करने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। देश भर में इसके नेटवर्क में 32,300 से अधिक पेट्रोल पंप हैं। कंपनी अपने विशाल ईंधन विपणन नेटवर्क का मौद्रीकरण करने के लिए, ऐसा करने पर विचार कर रही है। एलपीजी के आयात के लिए पेट्रोनास के साथ आईओसी का दो दशक से अधिक पुराना संयुक्त उद्यम इंडियनऑयल पेट्रोनास प्राइवेट लिमिटेड (आईपीपीएल) है, जिसमें दोनों की 50-50 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आईपीपीएल अपना अपने कारोबारी दायरे को बढ़ाकर उसमें ईंधन और प्राकृतिक गैस के विपणन को भी शामिल करने पर काम कर रही है। गुप्ता ने निवेशकों से वार्ता के दौरान कहा कि हमारे पास सभी विकल्प खुले हैं - आईपीपीएल नए खुदरा आउटलेट स्थापित कर सकती है, वह (राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित पेट्रोल पंपों पर) रास्ते के किनारे सुविधाएं स्थापित कर सकती है और हम अपने कुछ मौजूदा खुदरा पंपों संयुक्त उद्यम को बेचकर मौद्रिकरण भी कर सकते हैं।

आईपीपीएल ऐसे पेट्रोल पंप स्थापित कर सकता है जो न केवल पेट्रोल और डीजल बेचेंगे, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग और बैटरी स्वैपिंग पॉइंट के साथ ही सीएनजी, एलपीजी और एलएनजी डिस्पेंसिंग स्टेशन भी होंगे।

## विनिर्माण क्षेत्र ने पकड़ा जोर, तीन महीनों की सबसे तेज वृद्धि

**नई दिल्ली।** मांग में सुधार और कोविड-19 के स्थानीय प्रतिबंधों में ढील के बीच भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में जुलाई 2021 में पिछले तीन महीनों की सबसे तेज वृद्धि देखी गई।

एक मासिक सर्वेक्षण ने सोमवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित आईएचएस मार्किट भारत विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जून के 48.1 अंक से बढ़कर जुलाई में 55.3 अंक हो गया, जो तीन महीनों में सबसे मजबूत वृद्धि दर है। पीएमआई के तहत 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है।

# कुमार मंगलम ने वोडाफोन में अपनी हिस्सेदारी सरकार को सौंपने की पेशकश की

भाषा। नई दिल्ली

**आदित्य** बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कर्ज के बोझ से दबी वोडाफोन आइडिया लि. (वीआईएल) में अपनी हिस्सेदारी सरकार या किसी ऐसी इकाई को सौंपने की पेशकश की है जिसे सरकार समझती है कि वह कंपनी का परिचालन जारी रख सकती है।

अरबपति उद्योगपति बिड़ला ने जून में कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को लिखे पत्र में यह पेशकश की है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वीआईएल के ऊपर समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) की कुल देनदारी 58,254 करोड़ रुपए है।

इसमें से कंपनी 7,854.37 करोड़ रुपए का भुगतान कर चुकी है और उसपर अभी 50,399.63 करोड़ रुपए का बकाया है। वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल ने एजीआर को लेकर सरकार की गणना में सुधार के लिए उच्चतम न्यायालय में अपील की थी लेकिन उनकी अपील को खारिज कर दिया गया। बिड़ला की वीआईएल में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

उन्होंने पत्र में कहा है कि एजीआर देनदारी, स्पेक्ट्रम के भुगतान के लिए पर्याप्त समय की मोहलत तथा इन सबसे जरूरी, सेवाओं की दर न्यूनतम कीमत से ऊपर रखने की व्यवस्था नहीं होने की वजह से निवेशक कंपनी में निवेश के इच्छुक नहीं हैं।

बिड़ला ने यह पत्र सात जून को लिखा है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से जुलाई तक इन तीनों मुद्दों पर तत्काल सक्रिय सहयोग नहीं मिलने की स्थिति में वीआईएल की वित्तीय हालत डूबने कगार पर पहुंच जाएगी, जिसको संभालना मुश्किल होगा।

# विवाद निपटारे के लिए केयर्न से कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला है: सरकार

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने कहा कि उसे केयर्न एनर्जी की तरफ से कर उसके साथ विवाद का देश के कानूनी ढांचे के भीतर हल करने के लिए कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला है। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय एक मध्यस्थता मंच ने भारत सरकार के साथ कर संबंधी विवाद में कंपनी के पक्ष में निर्णय सुनाते हुए उसे क्षतिपूर्ति और ब्याज सहित 1.7 अरब अमेरिकी डॉलर का भुगतान करे।

मध्यस्थता अदालत ने दिसंबर के अपने निर्णय में सरकार को आदेश दिया था कि वह केयर्न एनर्जी को 1.2 अरब डॉलर का मुआवजा और उस पर ब्याज तथा कानूनी लागत का हर्जाना आदि चुकाए। भारत सरकार ने इस आदेश को स्वीकार नहीं किया, जिसके बाद केयर्न एनर्जी ने भारत सरकार की संपत्ति को जब्त करके देय राशि की वसूली के लिए विदेशों में कई न्यायालयों में अपील की। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि फ्रांस की एक अदालत ने भारत सरकार की कुछ संपत्तियों को पेरिस में जब्त करने का आदेश पारित किया है।

यह पूछे जाने पर कि क्या केयर्न ने विवाद के किसी भी प्रकार के सौहार्दपूर्ण समाधान की पेशकश की है, चौधरी ने कहा कि देश के कानूनी ढांचे के भीतर समाधान के लिए कोई औपचारिक प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया।

इस संबंध में हर्जाना वसूलने के लिए एक फ्रांसीसी अदालत से फ्रांस में 20 भारतीय सरकारी संपत्तियों को जब्त करने का आदेश दिया। तीन सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय पंचाट ने पिछले साल दिसंबर में एकमत से केयर्न पर भारत सरकार की पिछली तारीख से संशोधित कर कानून के आधार पर कंपनी से कर की मांग को खारिज कर दिया था। न्यायाधिकरण में भारत की ओर से नियुक्त एक जज भी शामिल थे। न्यायाधिकरण ने सरकार को उसके द्वारा बेचे गए शेयरों, जब्त लाभांश और कर रिफंड को वापस करने का निर्देश दिया है।

चार साल के दौरान पंचनिर्णय प्रक्रिया में शामिल रहने के बावजूद भारत सरकार ने इस फैसले को स्वीकार नहीं किया और न्यायाधिकरण की सीट- नीदरलैंड की अदालत में इसे चुनौती दी थी। इस आदेश के बाद के शुरुआती महीनों में सरकार चाहती थी कि विवाद का निपटारा विवाद से विश्वास योजना के तहत हो। कर विवाद को निपटाने के लिए लाई गई यह योजना अब बंद हो चुकी है

# वैश्विक रुख से शेयर बाजार में तेजी

भाषा। मुंबई

**शेयर** बाजारों में इस सप्ताह की शुरूआत तेजी के साथ हुई और सोमवार को दोनों मानक सूचकांक (बीएसई सेंसेक्स और एनएसई-निफ्टी) बढ़त के साथ बंद हुए। कंपनियों के बेहतर वित्तीय परिणाम, अनुकूल वृहत आर्थिक आंकड़े तथा विदेशों में मजबूत रुख का घरेलू बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। जुलाई में बेहतर बिक्री आंकड़े से वाहन कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार को मजबूती मिली। आईटी शेयरों में भी अच्छी लिवाली देखने को मिली।

30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 363.79 अंक यानी 0.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,950.63 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी 122.10 अंक यानी 0.77 प्रतिशत मजबूत होकर 15,885.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 3.25 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में टाइटन का शेयर रहा। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, टीसीएस, मारुति और इन्फोसिस भी प्रमुख रूप से लाभ में रहें।

एचडीएफसी का शेयर 0.88 प्रतिशत मजबूत हुआ। आवास ऋण देने वाली सबसे बड़ी वित्तीय कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में 31 प्रतिशत बढ़कर 5,311 करोड़ रुपए रहने की खबर से कंपनी का शेयर चढ़ा।

दूसरी तरफ, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, डा. रेड्डीज और एचडीएफसी बैंक समेत अन्य शेयरों में 1.66 प्रतिशत तक की गिरावट रही। रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीति प्रमुख विनोदी मोदी ने कहा कि वैश्विक शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और वाहनों के शेयरों में तेजी से मानक सूचकांकों को समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, वित्तीय, आईटी और दवा कंपनियों के शेयरों में तेजी से भी बाजार को मजबूती मिली। मुंबई में जुलाई में संपत्ति के पंजीकरण में तीव्र वृद्धि के बाद रियल्टी कंपनियों के शेयरों पर जोर रहा। वहीं वाहनों की बिक्री में वृद्धि से मूल उपकरण विनिर्माताओं के शेयरों में तेजी रही।

मांग में सुधार और कोविड-19 के स्थानीय प्रतिबंधों में ढील के बीच देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में जुलाई 2021 में पिछले तीन महीनों की सबसे तेज वृद्धि देखी गई। मौसमी रूप से समायोजित आईएचएस मार्किट भारत विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जून के 48.1 अंक से बढ़कर जुलाई में 55.3 अंक हो गया, जो तीन महीनों में सबसे मजबूत वृद्धि दर है।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के साथ रियल्टी, वाहन, आईटी तथा रसायन क्षेत्रों ने घरेलू बाजार को गति दी। जुलाई महीने में वाहन बिक्री में सुधार देखा गया। इसके अलावा संपत्ति पंजीकरण में वृद्धि से रियल एस्टेट परिदृश्य में सुधार से इन क्षेत्रों में कारोबार ऊंचा रहा।

उन्होंने कहा कि अमेरिका में 1,000 अरब डॉलर का बुनियादी ढांचा खर्च के पैकेज ने अर्थव्यवस्था के लिहाज से बेहतर संभावना की उम्मीद दी है। इससे वैश्विक बाजारों में माह की शुरूआत मजबूती के साथ हुई। एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई, सियोल, टोक्यो और हांगकांग लाभ में रहें। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी मध्याह्न कारोबार में तेजी का रुख रहा। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74.39 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 8 पैसे मजबूत होकर 74.34 पर पहुंच गई।

## बंगाल के वित्त मंत्री ने सीतारमण को पत्र लिखा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री अमित मित्रा ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर सार्वजनिक बीमा कंपनियों के निजीकरण की दिशा में आगे नहीं बढ़ने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि निजीकरण के कदम से देश के लोगों में असुरक्षा और संकट की भावना पैदा हुई है। मित्रा ने पत्र में कहा, मैं सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों का निजीकरण करने के भारत सरकार के नीतिगत फैसले पर अपनी ओर से चिंता व्यक्त कर सकता हूं, जो अर्थव्यवस्था के स्तंभ हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस का निजीकरण करने की योजना बना रही है, साथ ही भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की हिस्सेदारी बेचने की योजना भी है।

# देश का निर्यात जुलाई में 47 प्रतिशत बढ़कर 35.17 अरब डॉलर पर

भाषा। नई दिल्ली

**देश** का निर्यात जुलाई में 47.19 प्रतिशत बढ़कर 35.17 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पेट्रोलियम, इंजीनियरिंग और रत्न एवं आभूषण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन की वजह से कुल निर्यात में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। आंकड़ों के अनुसार जुलाई में आयात भी 59.38 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 46.40 अरब डॉलर रहा। इस तरह व्यापार घाटा 11.23 अरब डॉलर रहा। समीक्षाधीन महीने में पेट्रोलियम निर्यात बढ़कर 3.82 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

इंजीनियरिंग निर्यात 2.82 अरब डॉलर और रत्न एवं आभूषण निर्यात 1.95 अरब डॉलर रहा। हालांकि जुलाई में तिलहन, चावल, मांस, डेयरी और पॉल्ट्री उत्पादों के निर्यात में गिरावट आई। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, जुलाई में पेट्रोलियम, कच्चे तेल और उत्पादों का आयात 97 प्रतिशत बढ़कर 6.35 अरब डॉलर पर पहुंच गया। सोने का आयात 135.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2.42 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह मोती, बहुमूल्य और अर्द्धबहुमूल्य रत्नों का आयात 1.68 अरब डॉलर रहा।

हालांकि माह के दौरान परिवहन उपकरणों, परियोजना सामान तथा चांदी के आयात में गिरावट आई। आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) तथा बेल्जियम को निर्यात बढ़कर क्रमश: 2.4 अरब डॉलर, 1.21 अरब डॉलर और 48.9 करोड़ डॉलर रहा।

## कोविड-19 के चलते ऑटो एक्सपो 2022 स्थगित

**नई दिल्ली।** अगले साल फरवरी में ग्रेटर नोएडा में होने वाले देश के प्रमुख ऑटोमोबाइल शो-ऑटो एक्सपो को कोविड-19 महामारी के चलते स्थगित कर दिया गया है। उद्योग निकाय सियाम ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर की आशंका के चलते ऑटो एक्सपो को स्थगित किया गया है। दो साल में एक बार आयोजित होने वाला यह शो आखिरी बार फरवरी 2020 में हुआ था। सोसाइटी ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के महानिदेशक राजेश मेनन ने एक बयान में कहा, ऑटो एक्सपो जैसे कारोबारी शो में संक्रमण फैलने का जोखिम बहुत अधिक है, क्योंकि इसमें भीड़ बहुत अधिक होती है और सामाजिक दूरी बनाए रखना मुश्किल होगा। इसलिए इसे स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि ऑटो एक्सपो की अगली तारीख को इस साल के अंत में अंतिम रूप दिया जाएगा।

# पॉलिसी बाजार ने 6,017.5 करोड़ के आईपीओ के लिए आवेदन किया

भाषा। नई दिल्ली

**ऑनलाइन** बीमा मंच पॉलिसीबाजार और ऋण तुलना पोर्टल पैसाबाजार का संचालन करने वाली कंपनी पीबी फिनटेक ने बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 6,017.5 करोड़ रुपए जुटाने के लिए आवेदन किया है। ड्रॉफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के मुताबिक आईपीओ में 3,750 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयरों का एक नया निर्गम होगा, जबकि इसमें मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 2,267.50 करोड़ रुपए की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। ओएफएस के तहत एसवीएफ पायथन-दो (केमैन) 1,875 करोड़ रुपए के शेयर बेचेगा, यशिश दहिया 250 करोड़ रुपए के शेयर बेचेंगे और कुछ अन्य शेयरधारक भी शेयरों की पेशकश करेंगे। पीबी फिनटेक आईपीओ से पहले इक्विटी शेयरों के निजी नियोजन के जरिए करीब 750 करोड़ रुपए जुटाने पर विचार कर सकती है। कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी, मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, आईआईएफएल सिक्योरिटीज और जेफरीज इंडिया इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। पीबी फिनटेक बीमा और ऋण उत्पादों के लिए अग्रणी ऑनलाइन मंच है, जो प्रौद्योगिकी, डेटा और नवाचार के कारण बढ़त हासिल है।

# मारुति के चेयरमैन ने कहा जीएसटी की ऊंची दर

भाषा। नई दिल्ली

**माल** एवं सेवा कर (जीएसटी) की ऊंची दर तथा अधिग्रहण की ऊंची लागत की वजह से देश में कारों की मांग सुस्त बनी हुई है। देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के चेयरमैन आरसी भार्गव ने यह बात कही है।

कंपनी की 2020-21 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए भार्गव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें जब तक अधिग्रहण की लागत को कम करने के लिए कदम नहीं उठाएंगी, कार बाजार में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं होगी। उन्होंने कहा कि दुनिया के प्रमुख देशों में भारत में जीएसटी की दर सबसे ऊंची है। भार्गव ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर से चालू वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही प्रभावित हुई है। अगली तीन तिमाहियों का प्रदर्शन काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि लोगों का टीकाकरण कितना प्रभावी है और वे सुरक्षा प्रोटोकॉल का कैसे अनुपालन कर रहे हैं। मारुति के चेयरमैन ने कहा कि उत्पादन और बिक्री में फिर गिरावट आई है और पिछली तिमाही में जो सुधार शुरू हुआ था, उसे झटका लगा है। पहली तिमाही की बिक्री का आंकड़ा 3,53,600 इकाई पर सीमित रहा है। भार्गव ने इस बात पर जोर दिया कि भविष्य का परिदृश्य इस बात पर निर्भर करेगा कि संक्रमण को कैसे नियंत्रित किया जाता है। अगली तीन तिमाहियों का प्रदर्शन हमारे नागरिकों के टीकाकरण और उनके द्वारा सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुपालन पर निर्भर करेगा।

## पहली तिमाही में इंदौर सेज से 21.5 प्रतिशत बढ़ा

**इंदौर।** खासकर जीवनरक्षक दवाओं की मांग में उछाल से मौजूदा वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के दौरान इंदौर के विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) से निर्यात में करीब 21.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई और यह लगभग 3,103.32 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में इस बहुउत्पादीय सेज से 2,555.42 करोड़ रुपए का निर्यात किया गया था। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के एक आला अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस साल अप्रैल से जून के बीच इंदौर सेज से हुए निर्यात में करीब 65 फीसद भागीदारी दवाओं, खासकर जीवनरक्षक औषधियों की रही। उन्होंने बताया कि फिलहाल इंदौर सेज में फार्मा, पैकेजिंग सामग्री, इंजीनियरिंग, वस्त्र निर्माण और खाद्य प्रसंस्करण समेत अलग-अलग क्षेत्रों के 67 संयंत्र चल रहे हैं।

# पांच लाख करोड़ से अधिक की छह लाख आवासीय इकाइयों के निर्माण में देरी

भाषा। मुंबई

**देश** में 2021 के मध्य में सात शहरों में पांच लाख करोड़ रुपए मूल्य से अधिक की छह लाख मकानों के निर्माण कार्य अटक गए या फिर उसमें देरी हुई है। जमीन, मकान के बारे में परामर्श देने वाली कंपनी ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एनरॉक प्रॉपर्टी कंसल्टेंट की रिपोर्ट में कहा गया है कि इन इकाइयों के सात शहरों में परियोजनाएं हैं। ए परियोजनाएं 2014 या उससे पहले शुरू की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार 1.40 लाख करोड़ रुपए की 1.74 लाख मकान पूरी तरह से अटके पड़े हैं और इनमें से दो तिहाई इकाइयों की कीमत 80 लाख रुपए से कम है। इसमें कहा गया है कि सरकार की सस्ते और मध्यम आय की श्रेणी वाले मकानों के लिए कोष की विशेष

**रिपोर्ट**

सुविधा (एसडब्ल्यूएएमआईएच) से कई परियोजनाओं को राहत मिली लेकिन यह साफ नहीं है कि इस योजना से वास्तव में कितनी मदद मिली। रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली (एनसीआर) में सर्वाधिक आवासीय परियोजनाएं अटकी पड़ी हैं। इनमें 1.13 लाख मकान फंसे पड़े हैं, जिनका मूल्य 86,463 करोड़ रुपए है। उसके बाद मुंबई महानगर क्षेत्र में 42,417 करोड़ रुपए मूल्य के 41,730 मकान अटके पड़े हैं। फंसी पड़ी परियोजनाओं के मामले में एनसीआर अब आगे हैं। इस क्षेत्र में 6 लाख से अधिक इकाइयों में से 52 प्रतिशत फंसे पड़े हैं या उन्हें पूरा करने में देरी हुई है। इनका कुल मूल्य 2.49 लाख करोड़ रुपए है। वहीं मुंबई महानगर क्षेत्र में 1.52 लाख करोड़ रुपए की 28 प्रतिशत मकान अटके पड़े हैं। अटकी पड़ी या देरी वाली परियोजनाओं की सूची में पुणे में 29,390 करोड़ रुपए की 8 प्रतिशत जबकि कोलकाता में 17,960 करोड़ रुपए के 5 प्रतिशत मकान अटके पड़े हैं। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिणी राज्यों के शहरों में ज्यादातर आवासीय परियोजनाएं पटरी पर हैं। हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु का फंसी पड़ी परियोजनाओं में योगदान केवल 11 प्रतिशत है। एनरॉक प्रॉपर्टी कंसल्टेंट के अनुसंधान मामलों के प्रमुख प्रशांत ठाकुर ने कहा कि देरी या अटकी परियोजनाओं की संख्या में एनसीआर की हिस्सेदारी 2021 के मध्य में बढ़कर 52 प्रतिशत हो गई, जबकि पिछले बार के अध्ययन में 2019 के अंत तक यह 35 प्रतिशत थी।

# पेज 1 का शेष

## शैक्षणिक परिसर होंगे...

प्रत्येक संस्थान में कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से अनुपालन हो। शिक्षण संस्थानों के प्रारंभ होने के साथ 18 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों के टीकाकरण के विशेष शिविर लगाया जाना उचित होगा। स्वास्थ्य विभाग इस संबंध में पहले से ही सभी जरूरी तैयारी कर ले। सीएम ने निर्देश दिया कि परिषदीय विद्यालयों में स्वच्छता-सैनीटाइजेशन कराई जाए। शौचालयों की साफ-सफाई हो। कक्षाएं भी स्वच्छ रहें। बेसिक शिक्षा विभाग से समन्वय बनाकर ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करें।

## फिरोजाबाद का नाम...

इससे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में भी प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं जनपद के प्रभारी राजेंद्र सिंह उर्फ मोती सिंह ने शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करने के दौरान फिरोजाबाद की जगह चंद्र नगर कहकर संबोधित किया था। वहीं, कई अन्य संगठनों ने फिरोजाबाद का नाम चंद्र नगर के स्थान पर सुहाग नगर किए जाने की मांग उठाई है।

## पाकिस्तानी हैंडलरों को हवाला...

एटीएस ने इस सूचना पर छानबीन कर एकत्र की गई जानकारी के आधार पर बीती 24 मार्च 2018 को अभियुक्त अरशद नईम व नसीम अहमद, मुकेश प्रसाद, मुशर्रफअंसारी उर्फ निखिल राय उर्फडब्लू, सुशील राय उर्फअंकुर राय व दयानंद यादव को गिरफ्तार किया था। अभियुक्त अरशद नईम व नसीम के कब्जे से करीब 46 लाख रुपए बरामद हुए थे तथा अन्य सह अभियुक्तों के कब्जे से भारी मात्रा में विभिन्न बैंकों के पासबुक, चेकबुक व एटीएम कार्ड बरामद हुए थे। इस संबंध में एटीएस के गोमतीनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। आईजी ने बताया कि विवेचना के मध्य अभियुक्त दिनेश कुमार सिंह उर्फअजय कुमार सिंह उर्फएके सिंह निवासी गोरखपुर का नाम प्रकाश में आया था। दिनेश कुमार सिंह, मुशर्रफके साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर विभिन्न बैंकों में अपनी फोटो लगाकर विभिन्न नाम से बैंक खाता खुलवाता था तथा उन खातों को मुशर्रफ अंसारी को दे देता था। जिसमें जमा किए पैसे को निकालकर हवाला के माध्यम से भेजते थे। इस गिरोह द्वारा 150 से अधिक बैंक खातों को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खोला गया। जिनमें लाखों रुपए का लेनदेन हुआ। पैसा निकाल कर गिरोह के अन्य सदस्यों के माध्यम से दिल्ली से भेजते थे जहां से हवाला के माध्यम से पैसे बाहर भेजते थे।

## प्रधानमंत्री से मिले पूर्वोत्तर

उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में पिछले कुछ दिनों के भीतर विश्वास बहाली की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा, इसके बावजूद कांग्रेस का रवैया कपटपूर्ण और शरारत भरा रहा है। कांग्रेस और उसके नेताओं के मन में क्षेत्र की संस्कृति को लेकर तनिक भी सम्मान नहीं है। ज्ञापन में सांसदों ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने पूर्वोत्तर में विकास के ऐतिहासिक और बेमिसाल काम किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए सांसदों ने कहा, केंद्र की कांग्रेस की सरकारों ने क्षेत्र के लोगों के सपनों के साथ कभी भी न्याय नहीं किया। इस प्रतिनिधिमंडल में पूर्वोत्तर के 16 सांसद मौजूद थे। इनमें 12 असम से, दो अरुणाचल प्रदेश और एक-एक मणिपुर और त्रिपुरा से थे। उल्लेखनीय है कि सीमा विवाद को लेकर कछार जिले के धोलाई में हुई हिंसा में असम पुलिस के छह जवान मारे गए थे जबकि एक नागरिक की भी मौत हो गई थी।

## अगस्त-सितंबर में सामान्य...

आईएमडी ने इस साल मानसून के चार महीने के लिए माहवार पूर्वानुमान जारी करना शुरू किया है। महापात्र ने कहा, पूरे देश में अगस्त में औसत वर्षा सामान्य से (एलपीए का 94 से 106 फीसद) होने की संभावना है। 1961 -2010 की अवधि के लिए पूरे देश में अगस्त की वर्षा एलपीए का 258.1 मिमी है।आईएमडी के मुताबिक, स्थानिक वितरण से पता चलता है कि मध्य भारत के कई क्षेत्रों और उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से नीचे से लेकर सामान्य बारिश होने की संभावना है। उन्होंने कहा, प्रायद्वीप भारत और पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर भागों में सामान्य से लेकर सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। महापात्र ने कहा कि वर्तमान में समुद्र सतह तापमान (एसएसटी) और भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर पर वायुमंडलीय स्थितियां तटस्थ ईएनएसओ (अल नीनो) की स्थितियों का संकेत देती हैं। भारतीय मानसून को प्रभावित करने वाले कारकों में से एक एसएसटी है। मध्य और पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र सतह का तापमान ठंडा होने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। आईएमडी के मुताबिक, नवीनतम पूर्वानुमानों से पता चलता है कि ईएनएसओ की तटस्थ स्थिति मानसून ऋतु के शेष भाग के दौरान जारी रहने की संभावना है और मानसून ऋतु के अंत में या उसके बाद ला नीना स्थिति के फिर से उभरने की संभावना है। ला नीना प्रशांत महासागर के पानी के ठंडा होने से जुड़ा है, जबकि अल नीनो का संबंध पानी के गर्म होने से है।

# महाराष्ट्र के सांसद सीतारमण से मिले

भाषा। नई दिल्ली

**शिवसेना** और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के कई सांसदों ने सोमवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और महाराष्ट्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के बीमा दावों का तेजी का निपटान करने का आग्रह किया। महाराष्ट्र के 20 से अधिक सांसदों ने वित्त मंत्री से मुलाकात की। इनमें संजय राउत, अनिल देसाई, सुप्रिया सुले, अरविंद सावंत, राहुल शेवाले, प्रियंका चतुर्वेदी, प्रतापराव जाधव और सुनील तटकरे शामिल हैं। चतुर्वेदी ने बयान में कहा कि महाराष्ट्र ने गंभीर बाढ़ की स्थिति का सामना किया है जिससे जानमाल का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, हमने वित्त मंत्री से मुलाकात के दौरान हमारे मुख्यमंत्री के बीमा दावों के तेजी से निपटान के आग्रह को आगे बढ़ाया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ बैठक के दौरान विभिन्न बीमा कंपनियों ने राजस्व प्राधिकरण के पंचनामा या आकलन के आधार पर 50 प्रतिशत बीमा राशि का भुगतान करने की इच्छा जताई है। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व में जम्मू-कश्मीर और केरल की बाढ़ के दौरान भी ऐसा ही किया गया था। शेष बीमा राशि का भुगतान सभी दस्तावेजों सत्यापित होने के बाद किया जा सकता है।

# ई-रुपी से लाभार्थी को 100 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित हो सकेगा: उद्योग

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** उद्योग जगत का मानना है कि व्यक्ति और उद्देश्य केंद्रित डिजिटल भुगतान समाधान ई-रुपी से लक्षित लाभार्थी को पूरा लाभ सुनिश्चित हो सकेगा और उसमें किसी तरह की अपवंचना नहीं हो सकेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ई-रुपी की शुरूआत की। ई-रुपी को पारदर्शिता तथा लाभार्थी को लक्षित आपूर्ति के उद्देश्य से शुरू किया गया है। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि यह देश के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया के विस्तार की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आगे चलकर ई-रुपी से सरकार की विभिन्न योजनाएं जमीनी स्तर पर बेहतर हो सकेंगी। इससे सामाजिक कल्याण योजनाओं की प्रक्रिया तेज और सुगम हो सकेगी तथा साथ ही इससे कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधियों में निजी क्षेत्र की दक्षता बढ़ेगी। इसी तरह की राय जताते हुए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष टी वी नरेंद्रन ने कहा कि इस भुगतान तंत्र के जरिए सरकार नागरिकों को मौद्रिक समर्थन बिना मध्यवर्ती इकाइयों के प्रदान कर सकेगी। उन्होंने कहा कि वाउचर प्रणाली से सभी लाभार्थियों (फीचर फोन के प्रयोगकर्ताओं सहित) को लाभ होगा।

## अडाणी विल्मर ने 4,500 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा कराए

**नई दिल्ली।** खाद्य तेल कंपनी अडाणी विल्मर लि. ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिए 4,500 करोड़ रुपए जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास दस्तावेज जमा किए हैं। कंपनी फॉर्च्यून ब्रांड के तहत खाद्य तेल बेचती है और क्षेत्र की प्रमुख इकाई है। विवरण पुस्तिका के अनुसार अडाणी विल्मर आईपीओ के तहत 4,500 करोड़ रुपए के नए शेयर जारी करेगी। अडाणी समूह ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा, इसमें बिक्री पेशकश शामिल नहीं है। कंपनी आईपीओ के जरिए जुटाई गई राशि का उपयोग मौजूदा विनिर्माण संयंत्रों के विस्तार और नए कारखाने लगाने में होने वाले खर्च में करेगी। इसके अलावा कंपनी कर्ज चुकाने, रणनीतिक अधिग्रहण और निवेश तथा सामान्य कंपनी कार्यों में भी इस राशि का उपयोग करेगी।

# भारतीय महिला हाकी टीम ने रचा इतिहास

## आस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर पहली बार अंतिम चार में पहुंची

● सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से भिड़ेगी

**भाषा** । टोक्यो



पेनाल्टी कार्नर के जरिए गोल करतीं गुरजीत कौर

**ड्रैगफ्लिकर** गुरजीत कौर के गोल और गोलकीपर सविता की अगुवाई में रक्षापंक्ति के बेहतरीन प्रदर्शन से भारतीय महिला हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक खेलों के क्वार्टर फाइनल में विश्व में नंबर दो आस्ट्रेलिया को करीबी मुकाबले में 1-0 से हराकर पहली बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में प्रवेश करके नया इतिहास रचा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के 49 वर्ष बाद सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद विश्व में नौवें नंबर की महिला टीम ने यह इतिहास रचा। सेमीफाइनल में उसका सामना बुधवार को अर्जेंटीना से होगा, जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में जर्मनी को 3-0 से हराया।

गुरजीत ने 22वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर महत्वपूर्ण गोल किया। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी पूरी ताकत गोल बचाने में लगा दी जिसमें वह सफल भी रही। गोलकीपर सविता ने बेहतरीन खेल दिखाया और बाकी रक्षकों ने उनका अच्छा साथ दिया। आखिरी दो क्वार्टर में आस्ट्रेलिया ने लगातार हमले किए लेकिन भारतीयों ने उन्हें अच्छी तरह से नाकाम किया। भारतीय टीम आत्मविश्वास से भरी और खुद को साबित करने के लिए प्रतिबद्ध दिखी। उसने साहसिक प्रदर्शन किया और आस्ट्रेलिया पर करीबी जीत दर्ज की। भारतीय टीम का ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इससे पहले मास्को ओलंपिक 1980 में था जबकि टीम चौथे स्थान पर रही थी लेकिन तब केवल छह टीमों ने हिस्सा लिया था और मैच राउंड रोबिन आधार पर खेले गए थे। रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम की यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि क्योंकि पूल चरण में उसे शुरू में संघर्ष करना पड़ा। भारतीय टीम अपने पूल में दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड को हराकर चौथे स्थान पर रही थी जबकि आस्ट्रेलिया अपने पूल में शीर्ष पर रहा था। विश्व में दूसरे नंबर के आस्ट्रेलिया ने शुरुआती मिनटों में भारतीय रक्षकों को व्यस्त रखा। भाग्य भारत के साथ था जो दूसरे मिनट में स्टीफेनी केरशॉ के क्रास पर एंब्रोसिया मालोनी का शॉट पोस्ट से टकराने के कारण आस्ट्रेलिया बढ़त हासिल नहीं कर पाया। भारतीय खिलाड़ी हालांकि अधिक आत्मविश्वास में दिखी। भारत नौवें मिनट में गोल करने के करीब भी पहुंच गया था। लालरेमसियामी और वंदना कटारिया के प्रयासों से भारत ने आस्ट्रेलियाई रक्षापंक्ति में सेंध लगाई लेकिन रानी रामपाल का शॉट पोस्ट से टकरा गया।

भारत ने पहले क्वार्टर में गेंद पर अच्छा नियंत्रण बनाया और दूसरे क्वार्टर में भी अपने खेल में निरंतरता बनाए रखी। आस्ट्रेलिया को 19वें मिनट में मैच का पहला पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन भारतीयों ने बेहतरीन रक्षण से यह खतरा टाल दिया। इसके बाद मोनिका के आस्ट्रेलियाई सर्कल में बेहतरीन प्रयास से भारत ने पेनाल्टी कार्नर हासिल किया और गुरजीत ने उसे गोल में बदलकर 22वें मिनट में टीम को बढ़त दिला दी। गोल के बाएं छोर पर गए उनके शॉट का आस्ट्रेलियाई रक्षकों के पास कोई जवाब नहीं था। भारत के पास 26वें मिनट में बढ़त दोगुनी करने का मौका था जब सलीमा टेटे बीच मैदान से गेंद लेकर आगे बढ़ी लेकिन उनका शॉट निशाने पर नहीं लगा। इस तरह से रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम मध्यांतर तक 1-0 से आगे थी। आस्ट्रेलिया गोल करने के लिए बेताब था और उसने तीसरे क्वार्टर के शुरू में स्टीवर्ट ग्रेस के प्रयासों से मौका भी बनाया लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता ने मारिया विलियम्स के शॉट को रोककर यह हमला नाकाम कर दिया। आस्ट्रेलिया ने इसके बाद दो पेनल्टी कार्नर हासिल किए लेकिन सविता की अगुवाई में भारतीय रक्षापंक्ति अद्भुत और अदम्य साहस दिखाकर खतरे टालती रही। इस क्वार्टर में भारत की मध्यपंक्ति और रक्षापंक्ति का खेल दर्शनीय रहा। सुशील चानू, दीप ग्रेस एक्का, सलीमा टेटे, मोनिका सभी ने बेहतरीन खेल दिखाया। इस क्वार्टर में भारत के पास गोल करने का सबसे अच्छा मौका 44वें मिनट में था जब शर्मिला देवी ने दाएं छोर से गेंद रानी को थमाई लेकिन वह फिर से निशाने पर शॉट जमाने से चूक गई। भारतीय रक्षकों ने चौथे क्वार्टर में भी बेहतरीन खेल दिखाया। आस्ट्रेलिया के पास 50वें मिनट में गोल करने का मौका था लेकिन इस बार निक्की प्रधान उसकी राह में रोड़ा बनी। आस्ट्रेलिया को इसके बाद लगातार दो पेनाल्टी कार्नर मिले लेकिन सविता रूपी दीवार को भेद पाना उसके लिए मुश्किल था। आस्ट्रेलिया ने मैच समाप्त होने से दो मिनट पहले पेनाल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन सविता ने फिर से भारत पर आया खतरा टाल दिया। अंतिम सीटी बजने के साथ ही भारतीय खिलाड़ी झूमने लगी और एक दूसरे के गले लग गई।

## तीन हार के बाद फिल्म ने भरा जोश

**भाषा** । टोक्यो



**भारतीय** महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच सोर्ड मारिन ने सोमवार को खुलासा किया कि लगातार तीन हार से टीम का मनोबल टूट गया था लेकिन इसके बाद खिलाड़ियों ने आत्मविश्वास जगाने वाली फिल्म देखी जिससे उनमें नया ओज भरा और वे पहली बार ओलंपिक सेमीफाइनल में पहुंचकर इतिहास रचने में सफल रही। भारतीय टीम ने लगातार हार के बाद शानदार वापसी की और मारिन ने कहा कि आयरलैंड के खिलाफ करो या मरो मैच से पहले एक फिल्म देखने से टीम को मनोवैज्ञानिक रूप से मदद मिली। उन्होंने इस फिल्म के नाम का खुलासा नहीं किया। भारत की क्वार्टर फाइनल में विश्व के नंबर दो आस्ट्रेलिया पर 1-0 गोल की जीत के बाद मारिन ने कहा कि स्वयं पर विश्वास करने और अपने सपनों पर विश्वास करने से अंतर पैदा हुआ और यह अतीत को ध्यान में रखते हुए वास्तविकता का सामना करने से जुड़ा था। यह अहम चीज थी और हमने यही किया। उन्होंने कहा कि यदि आप हार जाते हैं तो आप स्वयं पर विश्वास करना नहीं छोड़ते हैं और यही मैंने लड़कियों से कहा। सबसे महत्वपूर्ण उस पल में जीना होता है। मैंने उन्हें एक फिल्म दिखाई और यह फिल्म वर्तमान पल को जीने से जुड़ी थी और मुझे लगता है कि इससे वास्तव में मदद मिली। आयरलैंड के खिलाफ हम इस फिल्म का जिक्र करते रहे। मारिन ने फिल्म का नाम बताने से इन्कार करते हुए कहा कि मैंने इसका जिक्र अपनी किताब में किया है जो मैंने लॉकडाउन के दौरान भारत में अपने अनुभवों के बारे में लिखी है।

# कमलप्रीत डिस्कस थ्रो में छठे स्थान पर

● दुती चंद ने 200 मी. दौड़ में भी अपने प्रदर्शन से देशवासियों को निराश किया

**भाषा** । टोक्यो




**भारतीय** चक्का फेंक खिलाड़ी कमलप्रीत कौर अपने पहले ओलंपिक के वर्षाबाधित फाइनल में 63.70 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो लगाकर छठे स्थान पर रही, जबकि फर्राटा धाविका दुती चंद 200 मीटर के सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी। शनिवार को क्वालीफाइंग दौर में दूसरे स्थान पर रही कमलप्रीत छह दौर के फाइनल में कभी भी पदक की दौड़ में नहीं रही। बारिश के कारण मुकाबला एक घंटे तक बाधित रहा। कमलप्रीत ने तीसरे दौर में 63.70 मीटर का थ्रो फेंका और छठे स्थान पर रही। इससे पहले 2010 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता कृष्णा पूनिया भी लंदन ओलंपिक 2012 में छठे स्थान पर रही थी। अपने निजी कोच के बिना आई कमलप्रीत पूरे फाइनल में नर्वस नजर आई। अभी तक वह एकमात्र अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट विश्व यूनिवर्सिटी खेल 2017 में भाग ले पाई हैं और उनमें आत्मविश्वास का अभाव दिख रहा था। बारिश के बाद फिसलन और उमस होने के कारण थ्रो फेंकना मुश्किल हो रहा था।

दाहिने कंधे पर पट्टी बांधकर आई कमलप्रीत ने 61.62 मीटर का थ्रो फेंका लेकिन अगला प्रयास अवैध रहा। इससे वह दबाव में आ गई चूंकि वह नौवें स्थान पर खिसक गई थी। इसके बाद उसने अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो 63.70 मीटर फेंका और छठे स्थान पर पहुंच गई। तीन दौर के बाद फाइनल में खेलने वाले 12 खिलाड़ियों में से चार बाहर हो गए थे। आखिरी तीन प्रयास में कमलप्रीत ने चौथा थ्रो फाउल फेंका जिसके बाद 61.37 मीटर का थ्रो फेंका।

आखिरी थ्रो भी फाउल रहा। अमेरिका की वालारी आलमैन 68.98 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण , जर्मनी की क्रिस्टीन पुडेंज को रजत और मौजूदा विश्व चैम्पियन क्यूबा की एमे पेरेज को कांस्य पदक मिला। दो बार की गत चैम्पियन क्रोएशिया की सैंड्रा पेरकोविच चौथे स्थान पर रही। इससे पहले दुती चंद ने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में इस सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन वह अपनी हीट में सातवें और अंतिम स्थान पर रहकर ओलंपिक से बाहर हो गई। दुती ने चौथी हीट में 23.85 सेकेंड का समय निकाला जो उनका इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है लेकिन यह सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था। 25 वर्षीय दुती इससे पहले अपनी पसंदीदा 100 मीटर दौड़ में भी सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई थी। दुती 41 प्रतिभागियों के बीच कुल 38वें स्थान पर रही और इस तरह से उनके ओलंपिक अभियान का निराशाजनक अंत हुआ।

दुती का सर्वश्रेष्ठ समय 23 सेकेंड का है जो उन्होंने एशियाई खेल 2018 में निकाला था। तब उन्होंने रजत पदक जीता था। ओड़िसा की धाविका सेमीफाइनल में पहुंचने के लक्ष्य के साथ ओलंपिक में आई थी लेकिन वह उसे भी हासिल नहीं कर पाई। उन्होंने विश्व रैंकिंग के आधार पर 200 मीटर के लिए क्वालीफाई किया था क्योंकि वह 22.80 सेकेंड के क्वालीफाईंग मार्क को हासिल करके स्वत:: प्रवेश नहीं कर पाई थी।

# पदक पक्का करने उतरेगी भारतीय पुरुष हाकी टीम

● सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन बेल्जियम से मुकाबला आज

**भाषा** । टोक्यो




**भारतीय** पुरुष हाकी टीम मंगलवार को यहां सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन बेल्जियम को हराकर फाइनल में जगह बनाते हुए 41 साल में पहला ओलंपिक पदक सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ उतरेगी। आठ स्वर्ण पदक सहित 11 ओलंपिक पदक जीतने वाले भारत का खेलों में समृद्ध इतिहास है और मनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम उस गौरव को लौटाने की राह पर है। भारत ने रविवार को क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और अब टीम पदक जीतने की दहलीज पर खड़ी है। भारत ने अपने आठ स्वर्ण पदक में से आखिरी पदक 1980 मॉस्को खेलों में जीता था लेकिन उन खेलों के दौरान सेमीफाइनल मुकाबला नहीं हुआ था क्योंकि सिर्फ छह टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। हाकी को मेजर ध्यानचंद और बलबीर सिंह सीनियर जैसे महान खिलाड़ी देने वाला भारत मौजूदा ओलंपिक से पहले कई ओलंपिक तक हॉकी के मैदान से खाली हाथ लौटता रहा है। भारत ने पिछली बार 1972 म्यूनिख ओलंपिक के दौरान सेमीफाइनल में हिस्सा लिया था और तब उसे चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 0-2 से हार झेलनी पड़ी थी। ग्राहम रीड के मार्गदर्शन में खेल रही भारतीय टीम को पता है कि बेल्जियम के खिलाफ मंगलवार को एक और अच्छा प्रदर्शन टीम का नाम इतिहास में दर्ज करा देगा, फिर चाहे पदक का रंग कोई भी क्यों ना हो।

## बेलारूस की फर्राटा धाविका को पोलैंड में मानवीय आधार पर मिला वीजा

**टोक्यो** । बेलारूस की एक ओलंपिक फर्राटा धाविका ने आरोप लगाया है कि उनकी टीम के अधिकारियों ने जबर्दस्ती उन्हें स्वदेश भेजने की कोशिश की, जबकि उसका मानना है कि वहां निरंकुश सरकार होने के कारण वह सुरक्षित नहीं है। उसे पोलैंड का मानवीय वीजा मिल गया है और वह उस देश में शरण ले सकती है। खिलाड़ी क्रिस्टसीना सिमानोस्काया को टोक्यो में पोलैंड दूतावास से मानवीय वीजा मिल गया है। बेलारूस स्पोर्ट सॉलिडेरिटी फाउंडेशन ने बताया कि उन्होंने उसे चार अगस्त का वारसॉ का टिकट खरीद दिया है। ताजा विवाद की शुरूआत तब हुई जब सिमानोस्काया ने अधिकारियों के टीम के प्रति बर्ताव की निंदा की जिसकी बेलारूस में सरकारी मीडिया ने काफी निंदा की है। सिमानोस्काया ने कहा कि उसे जबरन चार गुणा 400 मीटर रिले दौड़ने के लिए कहा गया जबकि उसने इसमें कभी भी भाग नहीं लिया।

# सिराज की शार्ट गेंद से मयंक चोटिल, पहले टेस्ट से बाहर

● लोकेश राहुल को मिल सकता है मौका

**भाषा** । नॉटिंघम



**भारत** के सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल अभ्यास सत्र के दौरान टीम के साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की शॉर्ट गेंद सिर पर लगने से चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाले शुरुआती टेस्ट से बाहर हो गए। इंग्लैंड दौरे पर गए भारतीय गेंदबाजों में सिराज सबसे तेज गेंदबाजी करते है।

अभ्यास के समय मयंक ने उनकी शॉट गेंद से नजरें हटा ली, जिसके बाद गेंद उनकी सिर के पिछले हिस्से में हेलमेट से टकरा गई। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल सोमवार को नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में भारतीय टीम के नेट सत्र के दौरान बल्लेबाजी करते समय हेलमेट पर गेंद लगने से चोटिल हो गए। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई की चिकित्सा टीम ने उनका आकलन किया और उनकी कनकशन जांच की गई। उनमें कनकशन के लक्षण दिखे, जिसके बाद वह इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनकी हालत हालांकि स्थिर है और वह चिकित्सकों की निगरानी में रहेंगे। भारतीय टेस्ट उपकप्तान अजिंक्य रहाणे से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मयंक के सिर में चोट लगी है।

मयंक हेलमेट खोलने के बाद कुछ असहज महसूस कर रहे थे और फिर फिजियो नितिन पटेल उनके साथ जमीन पर बैठे गए। इसके बाद वह सिर के पिछले हिस्से पर हाथ रखकर पटेल के साथ नेट से बाहर निकल गए। यह उम्मीद की जा है रही कि टेस्ट मैच खेलने के लिए मंजूरी मिलने से पहले अनिवार्य रूप से उन्हे कनकशन जांच से गुजरना होगा। मयंक की गैरमौजूदगी में लोकेश राहुल को सलामी बल्लेबाज के तौर पर मौका मिल सकता है।

## इंग्लैंड में जीतने के लिए अथक प्रयास करने होंगे: कोहली

**भाषा** । नॉटिंघम

**भारतीय** कप्तान विराट कोहली ने सोमवार को कहा कि इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला जीतने के लिए अथक प्रयास और पूरी तरह से उत्कृष्टता हासिल करने पर ध्यान देना जरूरी है। कोहली की अगुवाई में भारतीय टीम जो रूट की कप्तानी वाली इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी, जिसका आगाज बुधवार को पहले टेस्ट से होगा।

उन्होंने कहा कि पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में हमें हर दिन अथक प्रयास के साथ उत्कृष्टता हासिल करने पर ध्यान देना जारी रखना होगा। यहां आपको खुद से यह कहना होगा कि आप कड़ी मेहनत करना चाहता है और ऐसी परिस्थितियों का सामना करना चाहते है जो हर दिन हर टेस्ट मैच में कठिन होती हैं।

# जैस्मिन कमाचो ने महिला 100 मीटर बाधा दौड़ जीती



**एपी** । टोक्यो

**पुएर्तो** रिको की जैस्मिन कमाचो-क्विन ने उलटफेर करते हुए अमेरिका की केनी हैरिसन को पछाड़कर महिला 100 मीटर बाधा दौड़ का खिताब जीता। विश्व रिकॉर्ड धारक केनी के स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहने के साथ अमेरिका तोक्यो ओलंपिक की ट्रैक स्पर्धाओं में एक भी स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया। जैस्मिन ने 12.37 सेकेंड के साथ सोने का तमगा अपने नाम किया। केनी उनसे 0.15 सेकेंड पीछे रही और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जमैका की मेगान टेपर ने कांस्य पदक जीता। पुएर्तो रिको अमेरिकी क्षेत्र है लेकिन वह ओलंपिक में अपने ध्वज तले हिस्सा लेता है। ओलंपिक से पहले जैस्मिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 12.38 सेकेंड का था। उन्होंने सेमीफाइनल में 12.26 सेकेंड का समय लिया जिससे वह सर्वकालिक सूची में चौथे स्थान पर आ गईं। विश्व रिकॉर्ड केनी केनी के नाम है जिन्होंने 12.2 सेकेंड का समय लिया था।

# बजरंग व विनेश से पदक की उम्मीद

कुश्ती

● रवि दहिया भी मजबूत दावेदार

**भाषा** । टोक्यो

**भारत** के सात पहलवान टोक्यो खेलों में जब अपने अभियान की शुरुआत करेंगे तो सभी की नजरें बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट पर टिकी होंगी जिन्होंने ओलंपिक से पहले शानदार प्रदर्शन करके पदक की उम्मीदें जगाई हैं। कुश्ती में भारत के अभियान की शुरुआत मंगलवार को यहां सोनम मलिक करेंगी।

कुश्ती में भारत को तीन पदक की उम्मीद है और अगर पहलवान तीन पदक जीतने में नाकाम रहते हैं तो इसे कमतर प्रदर्शन माना जाएगा। बजरंग (65 किग्रा फ्रीस्टाइल) और विनेश (महिला 53 किग्रा) के अलावा रवि दाहिया (57 किग्रा फ्रीस्टाइल) से अगले कुछ दिनों में कुश्ती के मैट पर पदक जीतने की उम्मीद है। भारत की ओर से 19 साल की सोनम सबसे पहले महिला 62 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करने उतरेंगी।

उन्हें एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंगोलिया की बोलोरतुया खुरेलखू से भिड़ना है। सोनम और 19 साल की एक अन्य पहवान अंशू मलिक दोनों सीनियर सर्किट पर नई खिलाड़ी हैं और ऐसे में विरोधी खिलाड़ियों को उनके खेल की अधिक जानकारी नहीं है और भारतीय पहलवान विरोधियों को हैरान कर सकती हैं।

अंशू ने अच्छा प्रदर्शन किया है और उनके खेल में लगातार सुधार हो रहा है। इन दोनों ही खिलाड़ियों पर कोई दबाव नहीं है और अगर ए पदक के बिना भी लौटती हैं तो इन्हें भविष्य में यहां मिलने वाले अनुभव से फायदा ही होगा। सीनियर पहलवान विनेश अपनी स्पर्धा में शीर्ष वरीय पहलवान के रूप में उतरेंगी और जापान की मायू मुकाइदा के अलावा वह सभी विरोधियों को हराने में सक्षम हैं। विनेश के वर्ग में प्रतिस्पर्धा हालांकि काफी कड़ी होगी।

विनेश का डिफेंस बेहतर हुआ है और उनकी पलटवार करने की क्षमना का कोई सानी नहीं है। उन्होंने एशियाई चैंपियनशिप में खिताब जीतने के दौरान इसे दिखाया भी है। एशियाई चैंपियनशिप और अन्य प्रतियोगिताओं में हालांकि जापान और चीन की पहलवानों ने हिस्सा नहीं लिया था। पुरुष वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुआई बजरंग करेंगे जो विश्व स्तर पर काफी सम्मानित पहलवान हैं। बजरंग ने अपने पिछले 10 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीता है। बजरंग का स्टेमिना उनका पलड़ा भारी करता है लेकिन उनके पैर के रक्षण की परीक्षा होगी।

## दिग्गज क्रिकेटर शेन वार्न कोविड-19 से संक्रमित

**लंदन** । दिग्गज क्रिकेटर शेन वार्न का कोविड-19 के लिए किया गया परीक्षण पॉजिटिव आया है और इसलिए वह लंदन स्प्रिट और सदर्न ब्रेव के बीच खेले गए द हंड्रेड प्रतियोगिता के मुकाबले के दौरान उपस्थित नहीं रह पाए। आस्ट्रेलिया के पूर्व लेग स्पिनर 51 वर्षीय वार्न लंदन स्प्रिट की पुरुष टीम के मुख्य कोच हैं। क्लब ने बयान में कहा कि सुबह अस्वस्थ महसूस करने के बाद शेन का शुरुआती परीक्षण कराया गया जो कि पॉजिटिव आया है। उन्हें टीम और सहयोगी स्टाफ से अलग-थलग कर दिया गया है और पीसीआर परीक्षण के परिणाम का इंतजार है। इसमें कहा गया है, टीम प्रबंधन के एक दूसरे सदस्य का परीक्षण भी पॉजिटिव आया है और उन्हें भी अलग-थलग कर दिया गया है। कोई भी खिलाड़ी प्रभावित नहीं है। सदर्न ने लार्ड्स में खेले गए मैच में चार रन से जीत दर्ज की।

# घुड़सवार मिर्जा व्यक्तिगत इवेंटिंग में 23वें स्थान पर

**भाषा** । टोक्यो



**भारत** के फवाद मिर्जा ओलंपिक की घुड़सवारी स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बनने के बाद इवेंटिंग स्पर्धा में 23वें स्थान पर रहे। मिर्जा ने अपने घोड़े सिगन्योर मेडिकॉट के साथ व्यक्तिगत इवेंटिंग वर्ग के जंपिंग फाइनल्स में प्रवेश किया था। फाइनल में उन्हें 12.40 पेनल्टी अंक मिले और उनके कुल 59.60 पेनल्टी अंक रहे जिसमें क्वालीफाइंग स्पर्धाओं ड्रेसेज, क्रॉसकंट्री और जंपिंग के तीन दौर के अंक शामिल है। बेंगलुरू के 29 वर्ष के राइडर मिर्जा सिडनी ओलंपिक 2000 में इम्तियाज अनीस के बाद ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय हैं। दिवंगत विंग कमांडर आईजे लाम्बा (अटलांटा 1996) ओलंपिक में क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय थे। ड्रेसेज दौर में नौवें स्थान पर रहे फवाद को जंपिंग दौर में आठ पेनल्टी अंक मिले। उनके कुल पेनल्टी अंक 47.2 रहे और वह 25वें स्थान पर थे। मिर्जा और सिग्न्योर ने तकनीकी कारण से देर से शुरू हुए क्रॉसकंट्री को सिर्फ आठ मिनट में पूरी कर ली। जर्मनी की जूलिया क्राजेवस्की को स्वर्ण मिला जो इवेंटिंग के इतिहास में पहली महिला ओलंपिक चैम्पियन है।

# तालिबान को पीछे धकेल देंगे: गनी

● अफगानिस्तान के राष्ट्रपति ने देश में बढ़ती हिंसा के लिए अमेरिकी सैनिकों की वापसी को ठहराया जिम्मेदार

एपी। काबुल

**अफगानिस्तान के** राष्ट्रपति अशरफ गनी ने देश में बढ़ती हुई हिंसा के लिए अमेरिकी सैनिकों की तेजी से हो रही वापसी को जिम्मेदार ठहराते हुए सोमवार को कहा कि उनकी सरकार अब तालिबान के बढ़ते हुए प्रभाव से प्रांतीय राजधानियों के अलावा प्रमुख शहरी क्षेत्रों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगी। गनी ने पिछले कुछ महीनों से तालिबान और अफगान सरकारी बलों के बीच जारी संघर्ष के मद्देनजर सांसदों से तालिबान के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट होने तथा लामबंदी अभियान का समर्थन करने का आग्रह किया है। अमेरिकी और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सैनिकों की वापसी के मद्देनजर गनी का यह बयान काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गनी ने संसद को संबोधित करते हुए कहा, तालिबान के साथ शांति प्रक्रिया वार्ता से कोई लाभ नहीं हुआ बल्कि इससे अफगानिस्तान के लोगों में संदेह और संशय की स्थिति पैदा हो गई है। अफगान राष्ट्रपति ने कहा, तालिबान शांति में विश्वास नहीं करता है। अगले छह महीनों में अभूतपूर्व बदलाव होंगे और तालिबान को पीछे धकेल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अफगान सुरक्षाबलों को एक जिम्मेदारी सौंपी गई है और उनमें आतंकवादियों को हराने की क्षमता है। गनी ने तालिबान से शांति वार्ता में दोबारा शामिल होने का आग्रह करते हुए कहा कि उनकी सरकार को अमेरिका का समर्थन है।


संसद को संबोधित करते अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी

## अमेरिका ने अफगान शरणार्थी कार्यक्रम का विस्तार किया

**वाशिंगटन, एपी।** जो बाइडन प्रशासन ने इस महीने के अंत तक अमेरिकी सैनिकों की वापसी के पहले तालिबान की बढ़ती हिंसा के बीच अफगानिस्तान में खतरे का सामना कर रहे अफगान नागरिकों को निकालने के लिए अपने अभियान का सोमवार को और तेज कर दिया। विदेश विभाग ने कहा कि सरकार अमेरिका में शरणार्थी दर्जे के लिए योग्यता का विस्तार कर रही है। इसके तहत अमेरिकी मीडिया संगठनों, अमेरिका से मदद प्राप्त राहत और विकास एजेंसियों तथा अन्य राहत समूहों के मौजूदा और पूर्व कर्मचारियों को इसमें शामिल किया जाएगा। अमेरिकी सरकार, नाटो के मौजूदा और पूर्व कर्मचारी जो निर्धारित कार्यक्रम के तहत मापदंड पूरा नहीं कर रहे थे, वे भी अब इसके दायरे में आएंगे। विदेश विभाग ने कहा कि इस कदम का मतलब है कि हजारों अफगान नागरिकों और उनके करीबी परिजनों को अब शरणार्थियों के रूप में अमेरिका में स्थाई रूप से बसने का अवसर मिलेगा। विभाग ने उन लोगों की कोई निश्चित संख्या नहीं बताई है जो इस कार्यक्रम के लिए पात्र हो सकते हैं। विदेश विभाग ने एक बयान में कहा, अमेरिका का उद्देश्य शांतिपूर्ण, सुरक्षित अफगानिस्तान बना हुआ है। हालांकि, तालिबान की हिंसा बढ़ने के कारण बाइडन नेतृत्व वाली सरकार अमेरिका के साथ काम कर चुके अफगान नागरिकों को अमेरिका में शरणार्थी के तौर पर बसने का अवसर मुहैया कराएगी।


पाजु में दक्षिण कोरिया की सेना अपने युद्धक टैंकों के साथ उत्तर कोरिया की सीमा पर युद्धाभ्यास करती हुई

# आसियान नेता म्यांमा संकट और विशेष दूत की नियुक्ति पर करेंगे अहम बैठक

एपी। मनीला

**दक्षिण पूर्व** एशिया के शीर्ष राजनयिक म्यांमा में राजनीतिक संकट और हिंसा से निपटने में मदद करने के मकसद से एक विशेष दूत की नियुक्ति के लिए सोमवार को बैठक करेंगे। साथ ही कोरोना वायरस के प्रकोप को नियंत्रित करने में मददगार एक आपातकालीन योजना को अंतिम रूप देंगे, क्योंकि कई लोगों का मानना है कि सैन्य शासित देश में संक्रमण बेकाबू हो रहा है।

दक्षिणपूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) से जुड़े देशों के विदेश मंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद विवादित दक्षिण चीन सागर में संघर्ष रोकने के उद्देश्य से एक अनाक्रामकता संधि तैयार करने के लिए चीन के साथ चार वर्षों से चल रही धीमी वार्ता में कुछ प्रगति की घोषणा भी कर सकते हैं। दस राष्ट्रों वाले इस समूह को आलोचक सिर्फ अप्रभावी वार्ता करने वाला मंच कह कर खारिज करते हैं। वहीं, म्यांमा में सामने आने वाली परेशानियों पर कार्वाई करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव भी इस पर बढ़ रहा है। दक्षिण-पूर्व एशिया के एक राजनयिक ने एपी को बताया कि सोमवार को होने वाली मंत्रियों की ऑनलाइन बैठक में यह तय किया जाएगा कि थाईलैंड, इंडोनेशिया और मलेशिया के कम से कम तीन उम्मीदवारों में से किसे ब्लॉक के विशेष दूत के रूप में नामित किया जाना चाहिए ताकि देश के सत्तारूढ़ जनरलों और सू ची के नेतृत्व वाली प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के बीच समझौता करने का प्रयास किया जा सके। नाम उजागर ना करने की शर्त पर राजनयिक ने बताया कि म्यांमा, थाईलैंड के उम्मीदवार एवं थाईलैंड के पूर्व राजदूत यांगून विरासाकदी फुत्रकुल को तरजीह देता है, लेकिन यह तय नहीं है कि कब उसके सैन्य नेता दूत को स्वीकार करने का फैसला करेंगे और अगर सू ची तक पहुंच होगी, जिन्हें अन्य राजनीतिक नेताओं के साथ हिरासत में लिया गया है और कई आरोपों के तहत उन पर मुकदमा चल रहा है। गौरतलब है कि फरवरी में म्यांमा की सेना ने देश की बागडोर अपने हाथ में ले ली थी और सू ची तथा म्यांमा के कई बड़े नेताओं सहित 900 से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया थ। आसियान के नेताओं ने अप्रैल में जर्काता में भी मुलाकात की थी और हिंसा समाप्त करने तथा दोनों पक्षों के बीच बातचीत का आह्वान किया था, जिसमें आसियान मध्यस्थ की भूमिका निभाए।

# कनाडा के पूर्व मंत्री ने पाकिस्तान पर अफगानिस्तान में छद्म युद्ध में शामिल होने का लगाया आरोप

भाषा। इस्लामाबाद टोरंटो

● पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने कहा, हम क्रिस एलेक्जेंडर की अनावश्यक टिप्पणी की कड़ी आलोचना करते हैं जिसमें पाकिस्तान की भूमिका के बारे में भ्रामक दावे किए गए हैं

**कनाडा के** पूर्व मंत्री एवं राजनयिक क्रिस एलेक्जेंडर ने पाकिस्तान पर छद्म युद्ध और युद्ध अपराधों में संलिप्त होने तथा पड़ोसी अफगानिस्तान के खिलाफ आक्रामक कृत्य में शामिल होने का आरोप लगाया है। एलेक्जेंडर 2013 से 2015 तक कनाडा के नागरिकता एवं आव्रजन मंत्री रहे और उन्होंने रविवार को एक ट्वीट में कहा, तालिबान लड़ाके पाकिस्तान से अफगानिस्तान सीमा पार करने के लिए इंतजार कर रहे हैं[8230]कोई अब भी इनकार कर रहा है कि पाकिस्तान अफगानिस्तान के खिलाफ आक्रामक कृत्य में संलिप्त है और छद्म युद्ध व युद्ध अपराधों में शामिल है। एलेक्जेंडर के ट्वीट पर नाराजगी जाहिर करते हुए पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने वरिष्ठ कनाडाई राजनेता की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जाहिर की और उनके बयान को जमीनी हकीकत व तथ्यों से अनभिज्ञता के आधार पर किया गया भ्रामक दावा करार दिया।अफगानिस्तान सरकार के अधिकारी पाकिस्तान पर तालिबान को कथित तौर पर मदद देने का आरोप लगाते रहे हैं, लेकिन किसी विदेशी शख्सियत का इसे इंगित करने का यह अपनी तरह का दुर्लभ मामला है। भारत भी पूर्व में बार-बार पाकिस्तान से सीमा-पार आतंकवाद को समर्थन बंद करने और आतंकी समूहों को पनाहगाह उपलब्ध न कराने को कहा चुका है। अमेरिकी सेना की करीब 20 सालों बाद अफगानिस्तान से वापसी के अंतिम चरण के बीच एलेक्जेंडर का यह ट्वीट आया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने कहा कि अफगानिस्तान से 95 प्रतिशत अमेरिकी सैनिक रवाना हो चुके हैं और तालिबान ने देश के एक बड़े हिस्सा पर अपनी मौजूदगी का विस्तार किया है। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा, हम कनाडा के पूर्व मंत्री क्रिस एलेक्जेंडर की अनावश्यक टिप्पणी की कड़ी आलोचना करते हैं जिसमें अफगान शांति प्रक्रिया को लेकर पाकिस्तान की भूमिका के बारे में निराधार व भ्रामक दावे किए गए हैं। इस तरह की टिप्पणियां मुद्दे को लेकर समझ के पूर्ण आभाव व जमीनी हकीकत व तथ्यों की अज्ञानता को दर्शाती हैं। विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान सरकार ने यह मामला कनाडा की सरकार के साथ उठाया है। बयान के मुताबिक, कनाडाई पक्ष के साथ मामला उठाया गया है। हमनें कनाडाई अधिकारियों से इस प्रेरित और दुर्भावनापूर्ण अभियान के खिलाफ कदम उठाने को कहा है।

## नेपाल में कोविड-19 से 23 और लोगों की मौत

**काठमांडू** । नेपाल में कोविड-19 से 23 और लोगों की मौत होने के साथ ही कोरोना वायरस संक्रमण से मरने वालों की कुल संख्या 9,898 हो गई है। देश के स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि पिछले 24 घंटे में नेपाल में संक्रमण के 3,125 नए मामले सामने आए जिससे नेपाल में महामारी के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 6,99,649 हो गई है जिनमें 6,58,122 लोग ठीक हो चुके हैं। इसने कहा कि पिछले 24 घंटे में ।,925 लोगों ने महामारी को मात दी। मंत्रालय ने कहा कि देश में इस अवधि में कोविड-19 से 23 और लोगों की मौत हो गई जिससे कोरोना वायरस संक्रमण से मरने वालों की कुल संख्या 9,898 हो गई है। इसने बताया कि नेपाल में कोविड-19 से ठीक होने की दर 94.1 प्रतिशत तथा मृत्यु दर 1.5 प्रतिशत है। देश में संक्रमण के 31,629 उपचाराधीन मामले हैं।

## क्विक न्यूज

### चीन में मृत पाया गया भारतीय छात्र

**बीजिंग।** चीन के तियानजिन शहर के एक विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहा 20 वर्षीय भारतीय छात्र अपने कमरे मे मृत पाया गया है। उसकी मौत के कारणों का अभी पता नही चल सका है। चीन के स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बिहार के गया जिले का रहने वाला अमन नागसेन तियानजिन फॉरेन स्टडीज यूनिवर्सिटी में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन का छात्र था। वह 29 जुलाई को अपने कमरे में मृत पाया गया था। अमन की मौत के कारणों की जांच की जा रही है। अमन उन चुनिंदा भारतीय छात्रों में से एक था, जो कोविड-19 महामारी के दौरान चीन में ही रहे जबकि करीब 23 हजार भारतीय छात्र वीजा संबंधी पाबंदियों के कारण दोबारा चीन नही लौट सके। अमन की मौत के बारे में भारतीय दूतावास और उसके परिवार को सूचित कर दिया गया है। उसके शव को स्वदेश लाने की तैयारियां की जा रही है। गौरतलब है कि मौजूदा समय में भारत और चीन के बीच किसी यात्री उड़ान का संचालन नही हो रहा है।

### उत्तर कोरिया से रिश्तों में सुधार चाहता है दक्षिण कोरिया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने सोमवार को कहा कि वह प्रतिद्वंद्वी उत्तर कोरिया के साथ रिश्तो मे सुधार और बातचीत शुरू करने की कोशिश जारी रखेगा। उधर, उत्तर कोरिया ने चेतावनी दी है कि अगर दक्षिण कोरिया अमेरिका के साथ मिलकर सैन्य अभ्यास करता है तो इससे दुश्मनी फिर से शुरू हो सकती है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की ताकतवर बहन ने रविवार रात को चेताया कि यह सैन्य अभ्यास कोरियाई देशो के बीच आपसी विश्वास को बहाल करने की कोशिश को गंभीर रूप से कम करेगा और बेहतर रिश्तों की संभावना को धुंधला कर देगा। यह अभ्यास इस महीने होना है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अभ्यास का सटीक समय और अन्य विवरणो को अभी तय नही किया गया है और इनका निर्धारण अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के अधिकारियो द्वारा किया जाएगा। प्रवक्ता बू सेउंग-चान ने अपना पुराना बयान दोहराते हुए कहा कि सियोल और वाशिंगटन महामारी की मौजूदा स्थिति, उत्तर कोरिया की परमाणु महत्त्वाकांक्षा को रोकना मे कूटनीतिक कोशिश और दक्षिण कोरिया एवं अमेरिका की तैयारी जैसे कारको का परीक्षण कर रहे है।एकीकरण मंत्रालय की प्रवक्ता ली जोंग जू ने कहा कि सियोल उत्तर कोरिया के साथ बातचीत चाहता है लेकिन उसे इसके लिए कोई जल्दबाजी नही है। उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच सैन्य अभ्यासो को हमला करने के अभ्यास के तौर पर देखता है और अपने हथियारों का परीक्षण कर अक्सर उनका जवाब देता है।

ब्रिटेन ने यात्रा पाबंदी मे ढील दी

### ब्रिटेन के पर्यटन उद्योग ने और कदम उठाने की मांग की

**लंदन।** ब्रिटेन ने अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के पूरी तरह टीकाकरण करा चुके यात्रियो के लिए अपनी सीमाएं खोल दी। वही, पर्यटन उद्योग के प्रतिनिधियो ने सरकार से पाबंदी मे और ढील देने का अनुरोध किया। नए नियम ऐसे वक्त लागू किए गए है जब प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के नेतृत्व वाली सरकार यात्रा पाबंदी के संबंध मे यातायात व्यवस्था को लेकर एक नई श्रेणी बना सकती है। पर्यटन उद्योग के प्रतिनिधियो का कहना है कि नए नियमो के कारण लोग घर मे रहना पसंद करेंगे। टीके की सभी खुराक ले चुके लोग सोमवार से अंबर लिस्ट के तहत ब्रिटेन मे आ सकते है और उन्हे 10 दिनो के लिए पृथक-वास मे नही रहना होगा। सरकार एक अंबर वाचलिस्ट भी तैयार करना चाहती है जिसमें लोगो को कोविड-19 के मामले बढ़ने या नए स्वरूप का पता चलने पर उनके गंतव्यों के बारे मे आगाह किया जाएगा। हाउस ऑफ कॉमन्स की यातायात समिति के अध्यक्ष हव मेंमिन ने कहा, अंबर वाचलिस्ट को खतरे की तरह देखा जाएगा। इससे उन देशो की बुकिंग पर असर पड़ेगा। मेरी राय मे यात्रियो के लिए अब और अनिश्चितता की जरूरत नही है। इस पर स्पष्टता की जरूरत है। हीथ्रो हवाई अड्डे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉन होलांद काए ने कहा कि ब्रिटेन सरकार को यात्रियो के लिए रैपिड जांच का इस्तेमाल करना चाहिए और यात्रा पाबंदी मे ढील के लिए अमेरिका जैसे देशो के साथ मिलकर काम करना चाहिए। ब्रिटेन में 89 प्रतिशत वयस्क टीके की कम से कम एक खुराक ले चुके है और 73 प्रतिशत दोनो खुराक ले चुके है।

### तुर्की में आग का कहर जारी, मृतक संख्या बढ़कर हुई आठ

मैजीकॅय (तुर्की)। तुर्की के अंताल्या और मुगला में समुद्र तटों और आसपास के ग्रामीण इलाकों के पास पांचवे दिन भी जंगल मे आग का कहर जारी है। वही और शव मिलने से मरने वालो की संख्या बढ़कर आठ हो गई, जबकि कई ग्रामीणो के घर क्षतिग्रस्त हो गए है और उनके मवेशी भी मारे गए है। मुगला प्रांत के मैजीकॅय मे भी आग लगी है और वहां से भी ग्रामीणो को निकाला भी गया है। किसान नूरतंन अल्माज़ी ने बताया कि उन्होने सबकुछ खो दिया है। उन्होने कहा, मै बहुत पीड़ा मे हूं, मैने अपना एक बच्चा खो दिया। 63 वर्षीय महिला ने अपने मवेशियो और घर भी खो दिया है। उन्होने आग लगने के जिम्मेदार लोगो को मौत की सजा दी जाने की मांग की है। बोदरम के मेयर अहमद अरास ने बताया कि रविवार शाम आग की वजह से क्रोरतम और माजी के पास लोगो को नरक भोगना पड़ा। उन्होने कहा कि आग पर काबू नही पाया गया है और हम उम्मीद कर रहे है कि हम रिहायशी इलाको को बचा पाएंगे लेकिन पेड़ों को बचाने के लिए अब बहुत देर हो चुकी है।



मलेशिया की राजधानी कुआल्लामपुर में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते विपक्षी दल

## बर्लिन में प्रतिबंधों के बावजूद प्रदर्शन, हिरासत में लिए जाने के बाद एक व्यक्ति की मौत

एपी। बर्लिन

**जर्मनी में** कोविड-19 की रोकथाम के लिए उठाए गए सरकार के कदमों से असंतुष्ट लोगों को प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए जाने के बाद 49 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। बर्लिन पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सोमवार को मिट्टे जिला में अधिकारी जब व्यक्ति के पहचान पत्र की जांच कर रहे थे तब उसने अपने हाथ में और सीने में सिहरन की शिकायत की थी। कोविड-19 को लेकर आधिकारिक पाबंदी के बावजूद जिले में हजारों लोग प्रदर्शन में शामिल हुए थे। पुलिस ने बताया कि अधिकारियों ने एंबुलेंस के आने तक व्यक्ति का प्राथमिक उपचार किया और उसे अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। व्यक्ति की मौत के मामले में जांच शुरू कर दी गई है। प्रदर्शन कर रहे करीब 600 लोगों को इस मामले में हिरासत में लिया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने सप्ताहांत में विभिन्न प्रदर्शनों पर रोक लगा दी थी, लेकिन बर्लिन में प्रदर्शनकारियों ने इस प्रतिबंध की अवहेलना की। बर्लिन पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए रविवार को दो हजार से अधिक अधिकारियों को तैनात किया था। विभाग ने बताया कि इन अधिकारियों के साथ प्रदर्शनकारियों ने बदसलूकी की और उन पर हमला किया। बर्लिन पुलिस ने कहा, उन्होंने पुलिस की घेराबंदी तोड़ने की कोशिश की और हमारे सहयोगियों को खींचने की कोशिश की। इसलिए अधिकारियों को परेशान करने वालों पर बल प्रयोग करना पड़ा। जर्मनी की मीडिया के अनुसार, रविवार शाम तक पुलिस ने करीब 600 लोगों को हिरासत में ले लिया था और प्रदर्शनकारी तब भी शहर में रैली कर रहे थे। गौरतलब है कि इस रविवार को जर्मनी में कोविड-19 के 2,097 नए मामले सामने आए थे जो, गत रविवार को सामने आए नए मामलों से 500 से अधिक थे।

## हांगकांग में भ्रष्टाचार के आरोप में लोकतंत्र समर्थक पॉप गायक गिरफ्तार

एपी। हांगकांग

**हांगकांग के** एक नामी गायक एंथनी वोंग को भ्रष्टाचार रोधी संस्था ने सोमवार को इस आरोप में गिरफ्तार कर लिया कि उन्होंने तीन साल पहले एक राजनीतिक रैली में गाने गाकर कानून का उल्लंघन किया था।अर्द्ध स्वायत्त चीनी क्षेत्र में लोकतंत्र के लिए मुहिम चलाने वालों के खिलाफ सरकार के अभियान के तहत वोंग को गिरफ्तार किया गया। हांगकांग में भ्रष्टाचार के खिलाफ स्वतंत्र आयोग ने कहा कि 2018 की रैली में वोंग ने दो गाने गाए थे और रैली में उपस्थित लोगों से विधानसभा उपचुनाव में लोकतंत्र समर्थक उम्मीदवार अउ नोक हिन को वोट देने की अपील की थी। संस्था ने अउ को भी आरोपित किया है। अउ पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर रैली का प्रचार प्रसार किया और बताया कि वोंग प्रस्तुति देंगे। अउ चुनाव चीत गए थे। भ्रष्टाचार रोधी संस्था ने एक बयान में कहा कि किसी चुनावी कार्यक्रम में दूसरों का मनोरंजन करना भ्रष्ट आचरण और गंभीर अपराध है और यह चुनावी अध्यादेश के खिलाफ है। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक वोंग को जमानत पर रिहा कर दिया गया। अउ मार्च से जेल में हैं। पिछले साल गैर आधिकारिक प्राइमरी चुनाव के मामले में अउ समेत लोकतंत्र समर्थक 47 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया था। वर्ष 2019 में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद से लोकतंत्र समर्थक सरकार के निशाने पर हैं। चीन ने पिछले साल राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू किया था जिसके बाद से 100 से अधिक कार्यकर्ता गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

# फ्लोरिडा में कोविड-19 के कारण अस्पतालों में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या बढ़ी

एपी। ओरलैंडो (अमेरिका),

**महामारी की** शुरुआत के बाद से अमेरिका के फ्लोरिडा में एक दिन में सर्वाधिक नए मामले आने के बाद अस्पतालों में लोगों के भर्ती होने की संख्या भी पूर्व के रिकॉर्ड को तोड़ चुकी है। राज्य में टीकाकरण अभियान की शुरुआत से पहले कोविड-19 के सर्वाधिक मामले आए थे। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ एंड एंप : ह्यूमन सर्विसेज के आंकड़ों के अनुसार, सनशाइन स्टेट (फ्लोरिडा) में कोविड-19 से संक्रमित 10,207 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फ्लोरिडा अस्पताल संघ के अनुसार, इससे पूर्व टीकाकरण अभियान के शुरू होने से करीब छह महीना पहले 23 जुलाई 2020 को फ्लोरिडा में 10,170 लोग अस्पताल में भर्ती हुए थे।

यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ फ्लोरिडा में महामारी रोग विशेषज्ञ सहायक प्रोफेसर जेसन सलेमी के अनुसार, कोविड-19 से अस्पताल में भर्ती होने के मामले में फ्लोरिडा प्रति व्यक्ति दर के हिसाब से अभी शीर्ष पर है। पिछले सप्ताह फ्लोरिडा में औसतन रोजाना ।,525 वयस्क और 35 बच्चे अस्पतालों में भर्ती हुए थे और दोनों ही आंकड़े देश में प्रति व्यक्ति दर के हिसाब से अधिक हैं।

फ्लोरिडा में वायरस के बेहद संक्रामक डेल्टा स्वरूप के तेजी से फैलने और निवासियों के महामारी से पूर्व की सामान्य स्थिति में लौटने के कारण अस्पतालों में लोगों के भर्ती होने की संख्या और संक्रमण के मामले बढ़े हैं। सलेमी ने शनिवार को एक ईमेल में कहा, हाल में मामलों में बढ़ोतरी चौंकाती है लेकिन यह आश्चर्यजनक नहीं है। शनिवार को जारी संघीय स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, फ्लोरिडा में कोविड-19 के 21,683 नए मामले आए जो महामारी की शुरुआत के बाद एक दिन में सबसे अधिक हैं। हालिया मामलों की पुष्टि शुक्रवार को हुई थी जिन्हें शनिवार को अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्रों की वेबसाइट पर जारी किया गया। आंकड़े बताते हैं कि कितनी तेजी से राज्य में मामले बढ़ रहे हैं। महज एक दिन पहले फ्लोरिडा में कोविड-19 के 17,093 नए मामले आए थे।राज्य विधायिका के साथ ही रिपब्लिकन पार्टी से फ्लोरिडा के गवर्नर रोन डेसैंटिस ने अनिवार्य रूप से मास्क पहनने और टीके की आवश्यकताओं का विरोध किया है और कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए जरूरी दिशा-निर्देशों एवं पाबंदियों का पालन कराने से संबंधित स्थानीय अधिकारियों के अधिकारों को सीमित कर दिया है। अगले महीने से स्कूलों में कक्षाएं शुरू होने के मद्देनजर डेसैंटिस ने छात्रों द्वारा मास्क पहनने की अनिवार्यता को शुक्रवार को खत्म कर दिया था। फ्लोरिडा की डेमोक्रेटिक पार्टी से कृषि आयुक्त निक्की फ्राइड ने रविवार को फ्लोरिडा में अब तक टीकाकरण से दूर रहे लोगों से टीके की खुराक लेने की अपील की। निक्की फ्राइड डेसैंटिस की जगह फ्लोरिडा की गवर्नर बनने की दौड़ में हैं। उन्होंने कहा कि हाल में राज्य में टीकाकरण में हुई बढ़ोतरी से वह बहुत खुश थीं। तालाहासी में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा, मामलों में इजाफा जारी है और इसका हममें से हर एक व्यक्ति पर असर पड़ेगा। पिनेलस काउंटी के प्रशासक बैरी बर्टन ने टाम्पा बे टाइम्स को बताया कि मामलों के बढ़ने के मद्देनजर कुछ अस्पताल अपनी क्षमता को देखते हुए पहले से ही विभिन्न जगहों से एंबुलेंस की व्यवस्था में जुट गए हैं। मियामी में वायरस से संक्रमित बच्चों के अस्पतालों में भर्ती होने की संख्या भी बढ़ी है जिनमें से अधिकतर को गहन देखभाल की आवश्यकता है।

# टॉक टाइम

## वीरेन्द्र सक्सेना

*वीरेन्द्र सक्सेना ने अपने करियर की शुरुआत 1985 में मैसी साहब के साथ की थी और अब इंडस्ट्री में 36 साल बाद भी वे प्रासंगिक बने रहने में कामयाब रहे हैं। मुसबा हाशमी के साथ बातचीत में सक्सेना बता रहे हैं कि वे अभिनय से कैसे जुड़े और कैसे उन्होंने ज़ी टीवी के भाग्य लक्ष्मी के साथ छोटे पर्दे पर वापसी की।*

# मुझे इंडस्ट्री से कोई शिकायत नहीं



■ **अभिनय में कैसे आए?**

मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक दिन अभिनेता बनूंगा। मैं एक छोटे से शहर मथुरा से आता हूँ। उस समय, जब भी मैं लोगों को कोई घटना सुनाता था, तो कई लोगों ने मुझसे कहा कि मैं एक अच्छा अभिनेता हूं और मुझे मुंबई में अपनी किस्मत आजमानी चाहिए। मुझे पता था कि यह संभव नहीं था क्योंकि किसी भी चीज़ को आगे बढ़ाने के लिए आपको उसका अध्ययन करना होगा। साथ ही, मैं बहु-प्रतिभाशाली था, मैं संगीत वाद्ययंत्र बजाता था, गाता था और क्या कुछ नहीं करता था। इन गुणों ने मुझे अपने लोगों के बीच लोकप्रिय बना दिया। एक दिन मुझे एहसास हुआ कि मुझे दिल्ली चले जाना चाहिए। छोटे शहर में रहना भी उतना ही जरूरी है जितना उसको छोड़ देना। इसलिए, मैं दिल्ली शिफ्ट हो गया और एक महत्वपूर्ण व्यक्ति के सचिव के रूप में नौकरी करना शुरू कर दिया। मेरा काम एक दिन में तीन पत्र लिखना था। उसी दौरान, मैं अपने एक सीनियर से मिलने गया और उसने एक नाटक की पेशकश की। मैंने उसे किया और उसके लिए मेरी सराहना की गई। उसके बाद मुझे इस क्षेत्र में जाने का खयाल आया। अभिनय को आजमाने के लिए फिर मैंने अपनी नौकरी छोड़ दी। यह 1977 की शुरुआत में हुआ था।

■ **इंडस्ट्री का हिस्सा बनने का अनुभव कैसा रहा?**

मेरे पास हीरो जैसा चेहरा नहीं है। मैं एक औसत व्यक्तित्व का औसत दिखने वाला व्यक्ति हूं। लेकिन जब मुझे मेरी पहली फिल्म मिली, तो मैं उस प्रोजेक्ट के लिए साइन करने वाला पहला व्यक्ति था, बाकी कास्टिंग बाद में हुई। इसलिए, मैं दिल्ली में रहकर इंडस्ट्री में काम कर पाया क्योंकि मैं मुंबई नहीं जाना चाहता था। मुझे एक सीरियल तमस करने को मिला, जिस पर बाद में फिल्म बनी, जिसने मुझे अपने करियर को आगे बढ़ाने में बहुत मदद की। मैं आज जो हूं और जहां हूं, उससे खुश हूं। मैं अपनी पसंद के अनुसार काम करता हूं। मुझे मुंबई या इंडस्ट्री से कोई शिकायत नहीं है। मैं खुशहाल शादीशुदा हूं और मेरी पत्नी लेखिका भी हैं और अभिनेत्री भी। हमारे कोई बच्चे नहीं हैं, लेकिन हम एक खुशहाल जीवन जी रहे हैं।

■ **हालांकि ज्यादातर लोग मुंबई जाना चाहते हैं, मगर आपने कुछ समय के लिए नहीं जाने का फैसला किया। क्यों?**

> मेरे पास हीरो जैसा चेहरा नहीं है। मैं एक औसत व्यक्तित्व का औसत दिखने वाला व्यक्ति हूं। लेकिन जब मुझे मेरी पहली फिल्म मिली, तो मैं उस प्रोजेक्ट के लिए साइन करने वाला पहला व्यक्ति था, बाकी कास्टिंग बाद में हुई। इसलिए, मैं दिल्ली में रहकर इंडस्ट्री में काम कर पाया क्योंकि मैं मुंबई नहीं जाना चाहता था। मुझे एक सीरियल तमस करने को मिला, जिस पर बाद में फिल्म बनी, जिसने मुझे अपने करियर को आगे बढ़ाने में बहुत मदद की। मैं आज जो हूं और जहां हूं, उससे खुश हूं।

हां, बहुत से लोग एनएसडी से ट्रेनिंग लेते हैं और फिर छुट्टियों में मुंबई चले जाते हैं, लेकिन उनका तरीका यही है। मैं मुंबई शिफ्ट नहीं होना चाहता था। लेकिन तमस के बाद मुझे बहुत काम मिलने लगा। मैंने कई प्रोजेक्ट खो दिए और उनमें से एक महेश भट्ट की फिल्म थी जिसमें मैं एक खलनायक की भूमिका निभा रहा था, क्योंकि मुंबई में उपलब्ध नहीं था। फिर, मेरे एक वरिष्ठ ने मुझसे कहा कि मुंबई एक बाजार है और आपको पता होना चाहिए कि खुद को कैसे बेचना है। मैं समझ गया कि उसका क्या मतलब है और मैं इस शहर में आ गया।

■ **आपने बताया कि कैसे आपका हीरो जैसा व्यक्तित्व नहीं है। क्या आपको नहीं लगता कि बाह्य रूप अब हाशिए पर चला गया है?**

हां, यह धारणा कि व्यक्ति किसी खास तरीके को दिखना होगा, अब बदल गई है। इसीलिए कहानियां बदल गई हैं। या आप कह सकते हैं चूंकि कहानियां बदल गई हैं, इसलिए रूप पीछे की सीट ले लिया है। पहले निर्माता को फिल्म के नुकसान की चिंता रहती थी, लेकिन अब ओटीटी के साथ कई रास्ते खुल गए हैं। बहुत सी अच्छी फिल्में जिनकी जनता तक पहुंचने की कोई गुंजाइश नहीं थी, आखिरकार उन्हें एक रास्ता मिल गया है। हालांकि, केवल कुछ मुट्ठी भर ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म हैं जिनके बारे में हम जानते हैं, मगर वास्तव में उबारने के लिए लगभग 200 ऐसे प्लेटफ़ॉर्म हैं।

■ **क्या आपको लगता है कि आपको इंडस्ट्री में अपना स्थान मिल गया है?**

इस इंडस्ट्री में बहुत सारे अभिनेता काम करते हैं। मैं कोई हीरो या नायक नहीं हूं। मुझे जावेद साहब की पंक्तियाँ याद हैं : आप लोग कभी हीरो नहीं बन सकते हैं, आप बहुत अच्छे कांधे हैं। हीरो को ऊपर चढ़ाने के लिए आप का कांधा लगता है, आप की जरूरत यहीं रहेगी, इससे आगे ये फिल्म इंडस्ट्री आप को कहीं नहीं लेकर जाएगी। यह उनकी सर्वाधिक पुरानी पंक्तियों में से एक थी, लेकिन यह चलन अब समाप्त हो गया है। हमारा उद्देश्य समर्पण भाव से काम करना है। कई बार हमें एक अलग कहानी सुनाई जाती है और अंतिम उत्पाद पूरी तरह से अलग होता है और आप शिकायत नहीं कर सकते। आप बस इसे लेकर दुख महसूस करते हैं। यह असल में कोई बुरी बात नहीं है क्योंकि अंततः निर्माता अपनी फिल्म चलाना चाहता है, वह हम जैसे अभिनेताओं पर भरोसा नहीं करेगा। लेकिन उस ने कहा, हम जो कुछ भी करें, उसके प्रति हमें अपनी ईमानदारी रखनी चाहिए। रोल कितना भी बड़ा या छोटा क्यों न हो, किरदार के साथ न्याय करना हमारा फर्ज है।

■ **आप एक दशक से अधिक समय के बाद ज़ी टीवी के भाग्य लक्ष्मी के साथ टीवी पर वापसी कर रहे हैं। आपने भूमिका निभाने के लिए क्या किया?**

सच तो यह है कि मैं टीवी से ऊब चुका हूं। हर जगह एक ही तरह की कहानियां हैं और यह नीरस हो गई है। अब मुझे बिल्कुल भी दिलचस्पी नहीं है। लेकिन भाग्य लक्ष्मी एक अलग कहानी है जो वे बताना चाहते हैं। साथ ही, एकता (कपूर) की वजह से ही मैंने इसके लिए हां कहा। मैं उसका बहुत सम्मान करता हूं।

■ **आपकी भूमिका किस बारे में है?**

मैं लक्ष्मी (ऐश्वर्या खरे द्वारा अभिनीत) के पिता मनोज बाजवा का किरदार निभा रहा हूं। बिना ज्यादा खुलासा किए कहानी बाप-बेटी के रिश्ते और उनके जुड़ाव के बारे में है।

# ज़रूरत पर काम आने वाला दोस्त ही सच्चा दोस्त होता है



यहां हर किसी के जीवन में अलग-अलग तरह की दोस्ती होती है, और मैं बेहद खुशकिस्मत हूं कि मेरी बेस्टी - राशी बावा भी मेरी सह-कलाकार हैं। हम एक अद्भुत बंधन और विश्वास साझा करते हैं, जो हमें एक-दूसरे के साथ कुछ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने में मदद करता है। जब वह आसपास होती है, मुझे पता है कि मेरी सभी समस्याओं का समाधान मिल जाएगा। इस साल, मैत्री दिवस के लिए, मैंने अपने दोस्तों के साथ दोपहर का भोजन करने की योजना बनाई है क्योंकि यह उस बंधन का जश्न मनाने का दिन है जिसे हम संजोते रहे हैं। इसलिए, इस दिन के रूप में एक धमाका करने की योजना बनाने से मैं अपने दोस्तों से मिलूंगी और उन सभी लोगों के साथ दिन मनाऊंगी जिन्हें मैं बेहद प्यार करती हूं।

**- हिबा नवाब जो सोनी सब के ''जीजाजी छत पर कोई है'' में सीपी की भूमिका निभा रही हैं।**



भगवान आपको अपने दोस्तों के माध्यम से प्यार करता है - इस उद्धरण ने मेरा ध्यान आकर्षित किया, और मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। मेरे लिए फ्रेंडशिप डे का मतलब है जब मैं अपने दो सबसे अच्छे दोस्तों से मिलूं। वे कॉलेज से मेरे दोस्त हैं और मैं उन्हें 11 साल से जानता हूं। इंजीनियरिंग के उन चार सालों में आपके दोस्त ही आपका परिवार हैं और मेरे साथ यही हुआ है ये दोनों मेरे परिवार की तरह हैं। मेरे कॉलेज के आखिरी सेमेस्टर के दौरान, मेरा अभिनय करियर शुरू हुआ, और मैं सप्ताहांत अभिनय पाठ्यक्रम के लिए मुंबई आया करता था। मैं अपने सबसे अच्छे दोस्त भानु के साथ लगभग सब कुछ साझा करता था। जब मैंने भानु से कहा कि मैं अभिनय में अपना करियर बनाऊंगा, तो मुझे याद है कि भानु ने मेरे करियर के बारे में मेरे लिए एक बहुत ही भावनात्मक नोट लिखा था और पत्रिका के कवर पर आपको देखने की उम्मीद लिखी थी। सबसे प्यारी बात यह थी कि उसने मेरे लिए पैसे बचाए ताकि मैं आर्थिक रूप से मजबूत हो। मैं इसे सौभाग्य की निशानी मानता हूं और उन्होंने जो नोट मुझे दिया है, मैंने उसे संभाल कर रखा है। इस बार मैं उनके साथ कॉल या वीडियो कॉल पर फ्रेंडशिप डे मना रहा हूं।

**- शुभाशीष जो जीजाजी छत पर कोई है में जितेंद्र जामवंत जिंदल का किरदार निभा रहे हैं।**



फ्रेंडशिप डे मेरे दिल में एक बहुत ही खास जगह रखता है यह एक ऐसा दिन है जब हम उस बंधन का जश्न मनाते हैं जो हमारे बहुत करीब है। अपने दोस्तों के साथ मेरी सबसे प्यारी याद तब थी जब मैं उनके साथ एक संग्रहालय में स्कूल की यात्रा के लिए गई थी और हमने वहां दोस्ती दिवस मनाया। यह एक ऐसी याद है जिसे मैं कभी नहीं भूल पाऊंगी। हमने वहां घर का बना खाना मनाया और खूब मस्ती की। इस बार मैं इस खास दिन को अपने भाई के साथ मनाऊंगी क्योंकि वह मेरा सबसे अच्छा दोस्त है। हम लंच या डिनर के लिए बाहर जाएंगे। मेरे प्रशंसक भी मेरे दोस्तों की तरह हैं क्योंकि उन्होंने मुझे वह बनाया है जो मैं हूं। मैं उन्हें उस प्यार और स्नेह के लिए भी धन्यवाद देना चाहती हूं जो वे हमें दे रहे हैं।

**— युक्ति कपूर जो सोनी सब के मैडम सिर में करिश्मा का किरदार निभा रही हैं**



मेरे जीवन में फ्रेंडशिप डे हमेशा से एक बहुत ही खास दिन रहा है। मैं इस दिन के लिए बहुत उत्साहित रहती थी। जिस तरह से हम एक-दूसरे को उपहार और शुभकामनाएं देते हैं, मुझे बहुत अच्छा लगता है। इस दिन का मुख्य अनुष्ठान अपने मित्र के हाथ पर पट्टी बांधना है। जो वाकई में बेहद रोमांचक है। मैं अपने दोस्तों के लिए वो फैंसी और सुंदर बैंड लाया करता था। मेरा अग्रभाग बैंड से भर जाता था भले ही मैं इसे थोड़ी देर तक पहनती लेकिन स्कूल में मेरे शिक्षकों द्वारा डांटे जाने के बाद हमें इसे हटाना पड़ता है। फिर भी मेरे पास वो सारे बैंड हैं जिन्हें मैंने इकट्ठा किया है। मैं इसे मीठी यादों के साथ एक दिन कहती हूं और मैं उन्हें बहुत संजो कर रखती हूं।

**- प्रतिभा रांता जो ज़ी टीवी के कुर्बान हुआ में चाहत का किरदार निभा रही हैं**



फ्रेंडशिप डे हमेशा मुझे उन दिनों की याद दिलाता है जब बचपन में हम एक-दूसरे के लिए रंगीन फ्रेंडशिप बैंड चुनने में काफी समय लगाते थे। हमेशा 2-3 बैंड होते थे जो आपके सबसे खास दोस्तों के लिए खरीदे जाते थे जबकि एक गुच्छा दूसरों के लिए खरीदा जाता था। मुझे याद है जब मैं स्कूल में था, मैं लोगों से दोस्ती करने के लिए सबसे ज्यादा उत्साहित हुआ करता था और वास्तव में, मुझे अक्सर सबसे ज्यादा दोस्ती बैंड भी मिलते थे। इसमें हमारा पूरा दिन निकल जाता था और स्कूल में फ्रेंडशिप डे मनाने से अच्छा कोई दिन नहीं होता। बेशक, अब मेरा मानना है कि दोस्ती का जश्न मनाने के लिए कोई एक विशेष दिन नहीं हो सकता है और यह कुछ ऐसा है जो हमें अक्सर इस महामारी के दौरान करना चाहिए। इस तरह मैं अपने जीवन में सबसे अद्भुत दोस्त पाकर धन्य हूं, चाहे वह मेरे शो, हमारीवाली गुड न्यूज में हो या उद्योग से बाहर भी हो। अपने सभी दोस्तों से जिनसे मैं महामारी के कारण नहीं मिल पा रहा हूं, मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि मुझे आप लोगों की याद आती है।

**— राघव तिवारी जो ज़ी टीवी के हमारीवाली गुड न्यूज में आदित्य तिवारी की भूमिका निभाते हैं।**



चूंकि यह फ्रेंडशिप डे है, इसलिए मैं अपनी दोस्त इशिका के बारे में बात करना चाहूंगी। शुरुआत में मैं बहुत शर्मीली और अंतर्मुखी हुआ करती थी, जिसे हमेशा लोगों से बात करने में डर लगता था। बचपन में मेरे ज्यादा दोस्त नहीं थे क्योंकि मैं कभी स्कूल नहीं जाती थी। एक दिन मैं अपनी इमारत की लिफ्ट के पास अपनी मां के इंतज़ार में खड़ी थी, और अचानक एक लड़की मेरे पास आई और बोली, ''तुम टीवी पर सही अभिनय करती हो, मैंने तुम्हारे विज्ञापन देखे हैं, तुम क्यों नहीं आती और खेलती हो। वहीं और फिर, हमने नंबरों का आदान-प्रदान किया और तभी मैंने बगीचे में खेलते हुए वास्तव में दोस्त बनाना शुरू किया। इस घटना को लगभग 11 साल हो चुके हैं और जब से मैं इशिका से मिली हूं। वह वह है जो हमेशा मेरे लिए खास रही है और हमेशा रहेगी। मैं उसके जैसा दोस्त पाकर खुद को धन्य महसूस करती हूं।

**- रीम शेख जो ज़ी टीवी के तुझसे है राब्ता में कल्याणी की भूमिका निभा रही हैं**



सरल शब्दों में दोस्ती एक ऐसा रिश्ता है जो आपका अपने चुने हुए परिवार के साथ होता है। दोस्त वे बहनें और भाई हैं जो हमारे पास कभी नहीं थे और जीवन के उतार-चढ़ाव में हमारे साथ हैं। अपने दोस्तों को विशेष अवसरों के लिए मनाना या बस उनके दिन को रोशन करना बहुत अच्छा लगता है। मैं सभी को मित्रता की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूं।

**- सपना ठाकुर जो ज़ी टीवी के क्यूं रिश्तों में कट्टी बट्टी में समायरा का किरदार निभा रही हैं**

# मेलोड्रामा से भरपूर मिमी



**नेटफ्लिक्स**
**कीर्ति सनन, मनोज पाहवा, सुप्रिया पाठक, पंकज त्रिपाठी, साई तम्हाणकर, शेख इशाक मोहम्मद**
**रेट : 5/10**

सभी बॉलीवुड फिल्मों के साथ समस्या यह है कि वे सभी मेलोड्रामा की ओर झुक जाते हैं, आंसू और कई गर्म शब्दों का आदान-प्रदान होता है क्योंकि यह अपने अंतिम चरण में आता है। यह लगभग वैसा ही है जैसे निर्देशक को यह नहीं पता था कि इसे कैसे समाप्त किया जाए और यह तय किया कि नाटक, भावनाएं और आंसू जरूरतमंदों को करेंगे। लेकिन वे भूल गए हैं कि दर्शकों को अब अच्छा कंटेंट देखने की आदत हो गई है। कोई भी गलत कदम और यह खेल का अंत है।

यही वह बीमारी है जिससे मिमी पीड़ित है। यह एक अच्छे नोट पर शुरू होता है। शुरुआत में हंसी बहुत आती है। डायलॉग और सिचुएशन फनी हैं और हंसाते हैं। सरोगेसी के इर्द-गिर्द पूरी बातचीत और भारत में लोग कैसे हैरान हैं कि यह सब कैसे काम करता है, इससे किसी के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी।

मनोज पाहवा, सुरपिया पाठक, पंकज त्रिपाठी और शेख इशाक मोहम्मद का प्रदर्शन सबसे अच्छा है। सुप्रिया पाठक और मनोज पाहवा ने अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन शो को चुराने वाले हैं पंकज त्रिपाठी। एक टैक्सी ड्राइवर भानु के रूप में, वह बिल्कुल कमाल का है। उनके एक्सप्रेशन देखने लायक हैं। कुछ मायनों में, वह इस जहाज का संचालन करने वाले व्यक्ति हैं, भले ही इसमें कृति सनोन प्रमुख हैं। निर्देशक लक्ष्मण उटेकर ने त्रिपाठी के एक्सप्रेशन्स को इतनी खूबसूरती से कैद किया है कि वह शानदार है।

आतिफ की भूमिका निभाने वाले शेख इशाक मोहम्मद एक और युवा अभिनेता हैं, जिन्हें उनके प्रदर्शन के लिए सराहना की आवश्यकता है। मनोज पाहवा के छात्र के रूप में, वह मजाकिया हैं और उनकी छोटी-छोटी टिप्पणियां आपको स्क्रीन पर आते ही हंसाती और मुस्कुराती हैं।

बहुत सारी भावनाएं हैं, मसाला भी है और आइटम सांग भी है, इसकी जरूरत नहीं थी। चूंकि, यह राजस्थान के एक छोटे से शहर की पृष्ठभूमि पर आधारित है, इसका मतलब है कि फिल्म उतनी ही यथार्थवादी है जितनी अंत में अनावश्यक नाटक के बावजूद मिल सकती है।

**— शालिनी सक्सेना**

# चिप एन डेल : पार्क लाइफ



**डिज्नी+हॉटस्टार**
**आईएनजी (वॉयस ओवर) : केसी चेस, मैथ्यू गेज़ी, बिल फार्मर**
**रेटेड : 5.5/10**

हम में से लगभग सभी लोग चिप एन डेल - शरारती लेकिन प्यारे चिपमंक्स को देखते हुए बड़े हुए हैं। इस बार दोनों एक पार्क में अपने जीवन के साथ वापस आ गए हैं। अच्छी बात यह है कि 22 से अधिक चलने वाले समय में छोटी तीन कहानियां यह सुनिश्चित करती हैं कि छोटे टाट स्क्रीन के सामने ज्यादा समय न बिताएं। हालाँकि, यह सुनिश्चित करता है कि वे आनंद लें कि कैसे चिपमंक्स मुसीबत में पड़ जाते हैं और फिर उन मुद्दों को हल करते हैं जिनका वे दैनिक जीवन में सामना करते हैं।

अफसोस की बात है कि कहानियां नासमझ हैं और केवल टॉडलर्स को ही पसंद आती हैं। बेशक, वयस्क इसमें शामिल हो सकते हैं क्योंकि वे अपने बच्चों को स्क्रीन पर हरकतों का आनंद लेते हुए देखते हैं। लेकिन अगर वयस्क किसी ऐसी चीज की तलाश में हैं जो समझ में आता है, तो वे इससे दूर रहना चाहते हैं। एक संदेश भी है। एक जो माता-पिता अपने बच्चों को सिखा सकते हैं - चोरी करना कितना बुरा है और लड़ने के बजाय एक साथ चीजों को साझा करना और करना कितना अच्छा है।

गैर-मौखिक एनीमेशन उन बच्चों की बोरियत को दूर करने के लिए निश्चित है जो वर्तमान महामारी के कारण अपने घरों की सुरक्षा में फंस गए हैं। कुल मिलाकर एक प्यारा एनीमेशन जिसमें बहुत मज़ा आता है जो छोटे बच्चों को पसंद आएगा।

**— शालिनी सक्सेना**

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 281
लखनऊ, मंगलवार, 3 अगस्त, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



मुझे इंडस्ट्री से कोई शिकायत नहीं
विविध-12

www.dailypioneer.com

# शैक्षणिक परिसर होंगे गुलजार

## 16 अगस्त से पढ़ाई के लिए आधी क्षमता के साथ खुलेंगे हाईस्कूल से लेकर विवि स्तर तक के शिक्षण संस्थान

- कक्षा 1 से 8 तक के स्कूल रहेंगे अभी बंद
- सोमवार से शुक्रवार तक ही होगी पढ़ाई
- माध्यमिक स्तर के कॉलेज दो पालियों में संचालित होंगे



शिमला में सोमवार को एक महिला विद्यालय में शारीरिक दूरी का पालन करते हुए अध्ययनरत छात्राएं।

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश में** कोरोना के कम होते प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 अगस्त से हाईस्कूल से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक के शिक्षण संस्थान खोलने के निर्देश दिए हैं। 50 फीसदी क्षमता के साथ इन शिक्षण संस्थानों में 16 अगस्त से पढ़ाई शुरू होगी। वीकेंड पर शिक्षण संस्थान बन्द रहेंगे। पढ़ाई सोमवार से शुक्रवार तक होगी। प्रदेश में अभी कक्षा एक से लेकर आठ तक के स्कूलों के बच्चों को नहीं बुलाया जाएगा। इन बच्चों की अभी ऑनलाइन पढ़ाई जारी रहेगी। वहीं अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला ने देर शाम शासनादेश जारी कर कहा है कि माध्यमिक स्तर के विद्यालय दो पालियों में संचालित होंगे। पहली पाली सुबह 8 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली 12 30 से 4.30 तक संचालित होंगे। पहली पाली में 50 प्रतिशत शेष 50 प्रतिशत छात्रों को दूसरी पाली में बुलाया जाय।

प्रदेश में कोरोना संक्रमण की सुधरती स्थिति को देखते हुए बेसिक, माध्यमिक, उच्च, प्राविधिक और व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों को खोलने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा, बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी और टीम 9 अधिकारियों के साथ लोकभवन में बैठक की। जिसके बाद 16 अगस्त से आधी क्षमता के साथ माध्यमिक स्तर से लेकर यूनिवर्सिटी खोलने का फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की नियंत्रित स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सभी शिक्षण संस्थानों में नवीन सत्र प्रारंभ करने की तैयारी की जाए। सभी बोर्डों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परिणाम घोषित हो चुके हैं। ऐसे में स्नातक स्तर पर दाखिले की प्रक्रिया 5 अगस्त से प्रारंभ कर दी जानी चाहिए। माध्यमिक शिक्षण संस्थानों में भी जिन विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत किया गया है, उनके दाखिले की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाए। स्वाधीनता दिवस के दिन स्कूलों में स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव से जुड़े आयोजन होंगे। 16 अगस्त से आधी क्षमता के साथ पढ़ाई शुरू हो।

उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों तथा परास्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों को प्रोन्नत किया गया है, इसलिए स्नातक द्वितीय वर्ष तथा परास्नातक द्वितीय वर्ष के छात्रों हेतु उच्च शिक्षण संस्थान भौतिक रूप से 15 अगस्त से खोले जाएंगे। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर अमृत महोत्सव मनाए जाने के उपरांत 16 अगस्त से नियमित कक्षाएं एवं पठन पाठन का कार्य भौतिक रूप से शुरू हो जाएगा। शर्मा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। जो विवि एवं महाविद्यालय 12वीं की परीक्षा के परिणाम के आधार पर प्रवेश लेते हैं, उन संस्थानों में स्नातक प्रथम वर्ष का पठन पाठन का कार्य 1 सितंबर से शुरू होगा। इसके लिए प्रवेश की प्रक्रिया 5 अगस्त से शुरू होगी। जिन संस्थानों में प्रवेश परीक्षा के आधार पर स्नातक में दाखिले होते हैं, वहां पर 13 सितंबर से कक्षाएं शुरू होगी। उन्होंने कहा कि स्नातक द्वितीय वर्ष के जिन छात्रों की वर्ष 2020-21 में परीक्षा ली गई है उनका परिणाम 31 अगस्त तक घोषित कर दिया जाएगा। स्नातक तृतीय वर्ष के ऐसे छात्रों की कक्षाएं 13 सितंबर से शुरू होंगी। इसी प्रकार स्नातक तृतीय वर्ष का परिणाम 31 अगस्त तक घोषित होगा इसलिए परास्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाएं 13 सितंबर से शुरू होंगी। शनिवार एवं रविवार को कर्फ्यू के कारण विवि से लेकर शिक्षण संस्थानों में भी वीकेंड लागू रहेगा। केवल सोमवार से शुक्रवार तक ही पढ़ाई होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में अध्ययन-अध्यापन प्रारंभ होने के दृष्टिगत सैनिटाइजर, इंफ्रारेड थरमामीटर, मास्क आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। दो गज की दूरी की अनिवार्यता के अनुरूप व्यवस्था की जाए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में सिविल अस्पताल पहुंच कर कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज ली। टीकाकरण के बाद अस्पताल के निदेशक डॉ. एससी सुन्द्रियाल ने मुख्यमंत्री को प्रमाण पत्र प्रदान किया। (समाचार पेज 2)

# राज्य विधान मंडल का मानसून सत्र 17 अगस्त से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य विधान** मंडल का मानसून सत्र 17 अगस्त से होगा। मंत्रिपरिषद ने राज्य विधान मण्डल के दोनों सदनों का द्वितीय सत्र (वर्षाकालीन सत्र) 17 अगस्त को आहूत कर लिये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। ज्ञातव्य है कि राज्य विधान मण्डल के दोनों सदनों का विगत सत्र 18 फरवरी 2021 को आहूत किया गया था। इस सत्र में विधान सभा एवं विधान परिषद की अंतिम बैठक 4 मार्च 2021 को हुई थीं। तत्पश्चात् दोनों ही सदनों का सत्रावसान भी 30 मार्च 2021 से कर दिया गया था। संविधान के अनुच्छेद 174 के खण्ड (1) में यह व्यवस्था है कि विधान मण्डल के प्रत्येक सदन के एक सत्र की अंतिम बैठक और आगामी सत्र की प्रथम बैठक के लिए नियत तारीख के बीच 6 माह का अन्तर नहीं होगा। चूंकि विगत सत्र में विधान सभा एवं विधान परिषद की अंतिम बैठक 4 मार्च 2021 को हुई थी, अतः इस संवैधानिक व्यवस्था के क्रम में विधान मण्डल का आगामी सत्र 4 सितम्बर 2021 से पूर्व आहूत किया जाना अपेक्षित है।

वहीं प्रदेश सरकार ने सोमवार को मंत्रिमंडल की बैठक में पांच प्रस्तावों पर अपनी मंजूरी प्रदान की। राज्य सरकार 312 अधिनियमों को समाप्त करेगी। ज्ञातव्य है कि कुल 312 अधिनियमों को निरसित किये जाने के संबन्ध में शासन के संबन्धित प्रशासकीय विभागों से अनापत्तियां प्राप्त हुई। जिन्हें वर्तमान में अप्रचलित एवं अनुपयोगी होने के दृष्टिगत निरसित किया जाना प्रस्तावित है।

# पूर्वी लद्दाख में लंबित मुद्दे तेजी से हल करने को भारत- चीन सहमत

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय और चीनी सेनाओं ने पूर्वी लद्दाख में लंबित मुद्दों को तेजी से हल करने पर सहमति जताई और 12वें दौर की सैन्य स्तर की वार्ता को रचनात्मक करार दिया। सोमवार को जारी एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। भारत-चीन सैन्य वार्ता के दो दिन बाद भारतीय सेना की ओर से जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास भारत-चीन सीमा क्षेत्र के पश्चिमी सेक्टर से सैनिकों की वापसी के संबंध में स्पष्ट एवं गहन विचार साझा किए गए। बयान के मुताबिक, दोनों पक्षों ने बैठक के इस दौर को रचनात्मक करार दिया जिसने पारस्परिक समझ को और बढ़ाया। वे बाकी बचे मुद्दों को वर्तमान समझौतों एवं प्रोटोकॉल के अनुसार त्वरित आधार पर हल करने को लेकर सहमत हुए। साथ ही बातचीत एवं वार्ता की गति बरकरार रखने पर भी सहमति जताई गई। इसके मुताबिक, दोनों पक्ष एलएसी पर स्थिरता सुनिश्चित करने के प्रभावी प्रयासों को जारी रखने को लेकर भी सहमत हुए।

# प्रधानमंत्री से मिले पूर्वोत्तर के भाजपा सांसद

- विदेशी ताकतों पर क्षेत्र में तनाव पैदा करने का लगाया आरोप

भाषा। नई दिल्ली

**हाल ही** में असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद को लेकर पैदा हुए तनाव के मद्देनजर पूर्वोत्तर के भारतीय जनता पार्टी के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और आरोप लगाया कि विदेशी ताकतें क्षेत्र में आग भड़का रही हैं और कांग्रेस इस संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति कर रही है। केंद्रीय मंत्रियों किरेन रिजिजू और सर्बानंद सोनोवाल के साथ असम, मणिपुर, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश के सांसदों ने संसद भवन स्थित कार्यालय में प्रधानमंत्री से मुलाकात की ओर उन्हें चार पन्नों का एक ज्ञापन भी सौंपा। मुलाकात के बाद पत्रकारों से चर्चा में रिजिजू ने आरोप लगाया कि विदेशी ताकतें उकसाने वाले बयानों और सामग्रियों को तोड़मरोड़ कर पेश कर रही हैं और ऐसा करके क्षेत्र में आग को हवा देने का काम रही हैं। रिजिजू ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सांसदों से कहा कि पूर्वोत्तर उनके दिल के बेहद करीब है, इसलिए क्षेत्र के प्रति उनका प्यार भी स्वाभाविक है। रिजिजू के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कहा कि वह इस क्षेत्र को राजनीति के चश्मे से नहीं देखते। इस मुलाकात के दौरान सांसदों के प्रतिनिधमंडल ने प्रधानमंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा कि जो भी तत्व असम-मिजोरम मामले को भारत में अव्यवस्था फैलाने के एक माध्यम के रूप में देख रहे हैं, उन्हें वह कहना चाहते हैं कि उनकी शरारत काम नहीं करने वाली है।

## प्रौद्योगिकी अपनाने में भारत किसी से पीछे नहीं: मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि प्रौद्योगिकी को अपनाने में भारत आज दुनिया के किसी भी देश से पीछे नहीं है और वह नवोन्मेष तथा सेवा प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के मामले में वैश्विक नेतृत्व की क्षमता रखता है। मोदी ने यह बात डिजिटल भुगतान समाधान ई-रुपी लॉन्च करने के बाद अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत आज कैसे आधुनिक प्रौद्योगिकी की मदद से आगे बढ़ रहा है ई-रूपी उसका भी एक प्रतीक है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि यह शुरुआत ऐसे समय में हो रही है जब देश आजादी के 75 वर्ष पर अमृत महोत्सव मना रहा है। ऐसे समय में देश ने भविष्यवादी सुधारों का एक और अहम कदम बढ़ाया है। मोदी ने कहा कि आज सरकार प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 300 से ज्यादा योजनाओं को लाभार्थियों को उपलब्ध करा रही है और करीब 90 करोड़ लोगों को इसका फायदा मिल रहा है।

# पाकिस्तानी हैंडलरों को हवाला के जरिए रुपए पहुंचाने वाला 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पाकिस्तानी** हैंडलरों को हवाला के माध्यम से रुपए पहुंचाने वाले गिरोह का सदस्य और 50 हज़ार के इनामी अपराधी दिनेश कुमार सिंह उर्फअजय कुमार सिंह उर्फ एके सिंह को आतंकवाद रोधी दस्ते ने गोरखपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी से बचने के लिए दिनेश पिछले 3 साल से फरार चल रहा था। एटीएस के आईजी डॉ. जीके गोस्वामी गोस्वामी ने बताया कि अभियुक्त को कोर्ट में पेश कर 7 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया जाएगा। इस दौरान उससे बैंक खातो में हुए ट्रांजेक्शन और बैंक खाते खुलवाने में सहयोग करने वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध में पूछताछ कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। डॉ. गोस्वामी ने बताया कि एटीएस को सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ लोग पाकिस्तानी हैण्डलर के कहने पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर विभिन्न बैंकों में खाता खुलवाकर उनमें धोखाधड़ी करके जनता के व्यक्तियों से पैसा मंगवाते है तथा उस पैसे को निकाल कर हवाला के माध्यम से पाकिस्तानी हैण्डलर को पहुंचाते हैं।

# चैंपियन को चित कर सेमीफाइनल में पहुंच गयीं भारत की बेटियां

ओलंपिक

- सेमीफाइनल में कल अर्जेंटीना से भिड़ेगी महिला हॉकी टीम

भाषा। टोक्यो

**अतीत की** मायूसियों को भुलाकर सुनहरे भविष्य की नींव का पत्थर रखने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम ने आस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज पर जीत दर्ज करके ओलंपिक सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जिसका जश्न पूरे हिन्दुस्तान ने मनाया जबकि कमलप्रीत कौर अपने पहले ओलंपिक में चक्काफेंक स्पर्धा में छठे स्थान पर रही। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के अंतिम चार में पहुंचने और बैडमिंटन में पी वी सिंधू के कांस्य पदक का जश्न अभी चल ही रहा था कि सुबह महिला हॉकी टीम ने असंभव को संभव कर दिखाया। तमाम चुनौतियों को पार करके एक जुनूनी कोच की विश्व विजेता टीम तैयार करने की कहानी को सिनेमाई पर्दे पर दिखाने वाली चक दे इंडिया की कहानी मानों तोक्यो में असल में देखने को मिली। ड्रैगफ्लिकर गुरजीत कौर के गोल और दीवार की तरह गोल के आगे डटी गोलकीपर सविता के शानदार प्रदर्शन से भारत ने विश्व में नंबर दो आस्ट्रेलिया को करीबी मुकाबले में 1-0 से हराकर अंतिम चार में जगह बना ली। दुनिया में नौवें नंबर की भारतीय महिला हॉकी टीम का सामना सेमीफाइनल में बुधवार को अर्जेंटीना से होगा जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में जर्मनी को 3-0 से हराया। गुरजीत ने 22वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर महत्वपूर्ण गोल किया। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी पूरी ताकत गोल बचाने में लगा दी जिसमें वह सफल भी रही। गोलकीपर सविता ने बेहतरीन खेल दिखाया और बाकी रक्षकों ने उनका अच्छा साथ दिया। आखिरी दो क्वार्टर में आस्ट्रेलिया ने लगातार हमले किए लेकिन भारतीयों ने उन्हें अच्छी तरह से नाकाम किया। (विस्तृत पेज 11)

# फिरोजाबाद का नाम बदलकर चंद्रनगर करने का प्रस्ताव पारित

**फिरोजाबाद (भाषा)।** प्रदेश के फिरोजाबाद जिले का नाम बदलकर चंद्र नगर किए जाने संबंधी प्रस्ताव जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में पारित कर दिया गया है। पिछले शनिवार को जिला पंचायत बोर्ड की प्रथम बैठक में फिरोजाबाद सदर ब्लॉक से ब्लॉक प्रमुख भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण यादव ने फिरोजाबाद का नाम बदलकर चंद्र नगर किए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजने का अनुरोध लिखित तौर पर किया। यादव ने सोमवार को बताया कि सांसद चंद्रसेन जादौन ने भी जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में फिरोजाबाद का नाम चंद्र नगर किए जाने की मांग का समर्थन किया। इसके बाद यह प्रस्ताव पारित कर दिया गया। अब इसे अंतिम निर्णय के लिए शासन को भेजा जाएगा। यादव ने कहा कि फिरोजाबाद का पूर्व में नाम चंद्रवाड़ था और बाद में इसे बदलकर फिरोजाबाद कर दिया गया था इसलिए इसका नाम चंद्र नगर होना चाहिए। इससे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में भी प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं जनपद के प्रभारी राजेंद्र सिंह उर्फ मोती सिंह ने शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करने के दौरान फिरोजाबाद की जगह चंद्र नगर कहकर संबोधित किया था।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,950 | ↑ | 364 | |
| निफ्टी | 15,885 | ↑ | 122 | |
| सोना | 46,917 | ↓ | 124 | /10g |
| चांदी | 66,473 | ↓ | 18 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आईटी अधिनियम की रद धारा 66ए के तहत मुकदमे दर्ज किए जाने पर राज्यों को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक गैर सरकारी संगठन के उस आवेदन पर राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और सभी उच्च न्यायालयों को नोटिस जारी किए जिसमें कहा गया है कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की रद्द हो चुकी धारा 66ए के तहत अब भी लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे है। उच्चतम न्यायालय ने 2015 में एक फैसले में इस धारा को रद्द कर दिया था। न्यायमूर्ति आर एफ नरीमन और न्यायमूर्ति बी आर गवई की पीठ ने कहा कि चूंकि पुलिस राज्य का विषय है, इसलिए यह बेहतर होगा कि सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित क्षेत्रों को पक्षकार बनाया जाए तथा हम एक समग्र आदेश जारी कर सकते है।

# पांच अगस्त को होगा अनाज वितरण का महाभियान

- अस्सी लाख राशन कार्ड धारकों को 80 हजार दुकानों से बंटेगा राशन
- प्रधानमंत्री करेंगे कार्ड धारकों से सीधा संवाद
- प्रदेश में 14.81 करोड़ लाभार्थियों को हर माह मिल रहा है निशुल्क राशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी सरकार** आगामी पांच अगस्त को प्रदेश में अब तक का सबसे बड़ा राशन वितरण कार्यक्रम करने जा रही है। इस दिन 80 लाख राशन कार्ड धारकों को 80 हजार दुकानों से अनाज बंटेगा। पहली बार इतनी बड़ी संख्या में किये जा रहे राशन विरतण कार्यक्रम में प्रत्येक राशन की दुकान पर 100 राशन कार्ड धारकों को राशन बांटा जाएगा। इतना ही नहीं इसी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी यहां के 80 हजार स्थानों पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद करेंगे।

प्रधानमंत्री इस दौरान राशन कार्ड धारकों, जन प्रतिनिधियों, बोर्ड व निगमों के पदाधिकारियों से बातचीत करेंगे। योजना के तहत मिले लाभ से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी भी लेंगे। उनकी अन्य समस्याओं को भी उनसे साझा करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 अगस्त को होने वाले इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के लिये टीम-9 के अधिकारियों से प्रदेश में तैयारियां तेज करने को कहा है। सेक्टर प्रणाली के आधार पर सभी जरूरी प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। अधिकारियों से ज्यादा से ज्यादा टेलीविजन सेट, वीडियो वॉल लगवाने को कहा गया है जिससे अधिक से अधिक लोग प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के तहत नवम्बर तक और राज्य सरकार की ओर से अगस्त तक मुफ्त राशन दिया जाना है। 25 करोड़ की आबादी वाले राज्य यूपी के 14.81 करोड़ लाभार्थियों को हर माह निशुल्क राशन दिया जा रहा है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार की ओर से पिछले साल अप्रैल से नवंबर तक और इस साल मई से जुलाई तक करीब 09 करोड़ 99 लाख 97 हजार 815 कुंतल निशुल्क राशन बांट दिया गया है। केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से 16 महीने तक प्रति यूनिट पांच किलो राशन दिया गया, एक व्यक्ति को 80 किलो राशन अभी तक दिया जा चुका है। प्रदेश में कोई भी भूखा नहीं रहे इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना की पहली और दूसरी लहर में यूपी के गरीबों और जरूरतमंदों को मुफ्त राशन दिया है। इस दौरान उन्होंने उन्होंने एक भी जरूरतमंद राशन से वंचित न रहे का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जिसके पास राशन कार्ड न हो उसके तत्काल राशन कार्ड बनवाए जाएं।



प्रतीकात्मक चित्र

# विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा में गतिरोध जारी

**नई दिल्ली (भाषा)।** पेगासस जासूसी मामला और केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों समेत कुछ मुद्दों को लेकर कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण सोमवार को लोकसभा और राज्य सभा की कार्यवाही सुरचारु रूप से नहीं चल सही। लोकसभा की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी सदस्यों के शोर-शराबे के बीच ही सोमवार को सदन ने साधारण बीमा कारबार (राष्ट्रीयकरण) संशोधन विधेयक, 2021 को मंजूरी दी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अधिकरण सुधार विधेयक, 2021 भी पेश किया। वहीं राज्यसभा में सरकार और विपक्षी दलों के बीच गतिरोध सोमवार को भी जारी रहा और तीन बार के स्थगन के बाद दोपहर तीन बज कर 40 मिनट पर उच्च सदन की बैठक पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे के कारण उच्च सदन में शून्यकाल नहीं हो पाया और प्रश्नकाल कुछ ही देर चल पाया।

# अगस्त-सितंबर में सामान्य से अधिक बरसात की संभावना

भाषा। नई दिल्ली

**भारत मौसम** विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि मानसून के उत्तरार्द्ध में अगस्त-सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने अगस्त के लिए जारी अनुमान में बताया कि इस महीने में भी मानसून के सामान्य रहने की संभावना है। महापात्र ने कहा कि पश्चिम मध्य प्रदेश और उससे लगे राजस्थान के हिस्से, महाराष्ट्र के अंदरूनी हिस्सों, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब के कुछ हिस्से और हिमाचल प्रदेश में अगस्त में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश के रायलसीमा क्षेत्र, कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, दक्षिण गुजरात, पूर्वोत्तर राज्यों और बिहार में इस महीने के दौरान सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। महापात्र ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में बताया, अगस्त से सितंबर 2021 के दौरान समूचे देश में वर्षा के सामान्य (दीर्घावधि औसत के 95 से 105 प्रतिशत) होने की संभावना है। वर्ष 1961-2010 की अवधि के लिए पूरे देश में अगस्त से सितंबर की अवधि की वर्षा दीर्घावधि (एलपीए) 428.3 मिमी है। हर साल आईएमडी दक्षिण पश्चिम मानसून के अगस्त-सितंबर के महीनों के लिए पूर्वानुमान जारी करता है जो बरसात की चार महीने की ऋतु के आखिरी दो महीने होते हैं। आईएमडी ने कहा कि स्थानिक वितरण से पता चलता है कि देश के उत्तर, पूर्व और पूर्वी हिस्से के कई क्षेत्रों में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। उसने बताया कि प्रायद्वीपीय भारत और उससे सटे मध्य भारत के अधिकतर हिस्सों मे सामान्य से लेकर सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है।

# सभी अन्त्योदय परिवारों के हेल्थ कार्ड बनावाए जाएं: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**हेल्थ कार्ड** बनाने के कार्य को पूरी रफ्तार के साथ संचालित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऐसे अन्त्योदय कार्ड धारक परिवार, जो प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अथवा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में से किसी भी योजना से शामिल नहीं हैं, उन्हे मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करते हुये हेल्थ कार्ड बनवाए जाएं।

मुख्यमंत्री सोमवार को लोक भवन में कोविड 19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में कोरोना की नियंत्रित स्थिति को देखते हुए स्वाधीनता दिवस के उपरान्त मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों के पुन: आयोजन की तैयारी की जाए। उन्होंने कहा कि आरोग्य मेलों के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही, आयुष्मान भारत योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के कार्ड भी बनाएं जाएं।

उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमण को नियंत्रित करने में सरकार की ट्रेस, टेस्ट एवं ट्रीट की रणनीति कारगर सिद्ध हो रही है। प्रदेश में संक्रमण तेजी से कम हो रहा है, किन्तु यह पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। लिहाजा अतिरिक्त सतर्कता एवं सावधानी बरतने का समय है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को निरन्तर सुदृढ़ बनाकर रखा जाए। उन्होंने कोविड प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्हें अवगत कराया गया कि कोरोना संक्रमण के सम्बन्ध में विशेषज्ञों के आकलनों को देखते हुए संक्रमण से बचाव व उपचार की तैयारी को निरन्तर सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सभी मेडिकल कॉलेजों में बड़ी संख्या में पीकू एवं नीकू बेड तैयार कर लिए गए हैं। चिकित्सकों एवं अन्य चिकित्साकर्मियों के प्रशिक्षण का कार्य प्रगति पर है। ऑनलाइन एवं साक्षात दोनों माध्यमों से प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रदेश के लिए अब तक स्वीकृत 551 ऑक्सीजन संयंत्रों में से 257 ऑक्सीजन संयंत्र क्रियाशील हो गए हैं। वहीं अभी तक यूपी में 6700 पीआईसीयू में से 6572 स्थापित किए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड संक्रमण को नियंत्रित करने में वैक्सीनेशन एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य पूरी सक्रियता से संचालित किये जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी वैक्सीनेशन सेण्टर पर पर्याप्त संख्या में वैक्सीन की उपलब्धता रहे। कोविड वैक्सीनेशन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश में विगत दिवस तक 4 करोड़ 84 लाख 43 हजार 141 कोरोना वैक्सीन की खुराक दी जा चुकी है।

## सात दिन में बने लगभग ढाई लाख गोल्डन कार्ड

**● नौ अगस्त तक अब भी है कार्ड बनवाने का मौका**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश में** चल रहे आयुष्मान भारत पखवाड़े के तहत बीते सात दिनों में 2.46 लाख पात्र लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। यह पखवाड़ा नौ अगस्त तक चलेगा। अगर आप पात्र हैं और अभी तक गोल्डन कार्ड नहीं बनवाया है तो अपने आस पास लगने वाले शिविर में जाकर मुफ्त में कार्ड बनवा सकते हैं।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत ये गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं। 26 जुलाई से 1 अगस्त तक दो लाख 46 हजार 78 लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग प्रधानमंत्री जन आरोग्य आरोग्य योजना में रह जाते हैं उन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में कवर कर लिया जाता है ताकि सूबे का एक भी व्यक्ति इलाज से वंचित न रह जाए। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत आने वाले व्यक्ति को हर साल पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज दिया जाता है। ये इलाज सभी सरकारी अस्पतालों और बहुत से सूचीबद्ध प्राइवेट अस्पतालों मे मिलता है। इसमें 1000 से ज्यादा कैंसर और दिल की बीमारी जैसी कई गंभीर बीमारियों के लिए प्रदेश में 2900 सूचीबद्ध सरकारी व निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है। जिस पात्र लाभार्थी के पास आयुष्मान कार्ड है वह छोटी से लेकर बड़ी बीमारियों तक का इलाज अस्पताल में भर्ती होकर करवा सकते हैं। बीमारी की स्थिति में सभी मेडिकल जांच, ऑपरेशन, इलाज व दवा का खर्च इसके तहत कवर होता है। बीमारियों में मैटरनल हेल्थ और सी-सेक्शन या उच्च जोखिम प्रसव की सुविधा, नवजात और बच्चों के स्वास्थ्य, कैंसर, टीबी, कीमोथेरपी, रेडिएशन थेरेपी, हार्ट बाईपास सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, दांतों की सर्जरी, आंखों की सर्जरी, एमआरआई, सीटी स्कैन, दिल की बीमारी, किडनी, लीवर, डायबीटीज, कोरोनरी बायपास, घुटना बदलना, स्टंट डालना, आंख, नाक, कान और गले से संबंधित बीमारी आदि शामिल हैं। इसके साथ ही अस्पताल में एडमिट होने से पहले और बाद के खर्च भी इस हेल्थ बीमा में कवर किए जा रहे हैं।

## सिविल पहुंच कर मुख्यमंत्री ने ली वैक्सीन की दूसरी डोज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना वायरस** के खिलाफ चलाये जा रहे वैक्सीनेशन अभियान के दौरान पहली डोज लेने के उपरांत निर्धारित समय बीतने के बाद सोमवार को सिविल अस्पताल पहुंच कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूसरी डोज ली। टीकाकरण के बाद अस्पताल के निदेशक डॉ. एस सी सुन्द्रियाल ने मुख्यमंत्री को सर्टिफिकेट प्रदान किये।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने बीती चार मई को सिविल अस्पताल में ही कोरोना वैक्सीन की अपनी पहली डोज ली थी। अस्पताल के निदेशक डॉ सुभाष चंद्र सुन्द्रियाल ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लेने के लिए सोमवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल पहुंचे। वहां पर उन्होंने वैक्सीनेशन कार्यक्रम के बारे में पूरी जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने निदेशक से पूछा कि आपके यहां वैक्सीन की कोई कमी तो नहीं है या और कोई समस्या हो तो बताइए। निदेशक ने उन्हें बताया कि वैक्सीन पर्याप्त संख्या में मिल रही है और अलग अलग बूथ बनाकर सभी का टीकाकरण किया जा रहा है। किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है। निदेशक ने सीएम को बताया कि अब तक अस्पताल में 31 जुलाई तक 81477 लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। जो कि लखनऊ में किसी भी अस्पताल में लगाई जाने वाली वैक्सीन की सर्वाधिक डोज है। इस पर सीएम ने अस्पताल की सराहना भी की। वैक्सीन लगवाने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ करीब आधे घंटे तक ऑब्जरवेशन रूम में बैठे रहे। इसके बाद वहां से रवाना हो गए। वैक्सीन की सेकेंड डोज लेने के बाद मुख्यमंत्री ने ट्वीट करके अपनी खुशी जाहिर की। मुख्यमंत्री ने लिखा कि आज स्वदेशी कोविड वैक्सीन की दूसरी डोज प्राप्त कर मन प्रफुल्लित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में कोरोना वैक्सीन का यह सुरक्षा कवच सभी नागरिकों को मुफ्त प्रदान किया जा रहा है। आप सब लोग भी अपना क्रम आने पर टीका जीत का अवश्य लगवाएं। उन्होंने लिखा कि टीका जीत का लगवाएं तभी कोरोना हारेगा, भारत जीतेगा।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत आर्थिक सहयोग प्रदान करने का प्रस्ताव अनुमोदित

**कैबिनेट के फैसले**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश सरकार** ने सोमवार को मंत्रिमंडल की बैठक में पांच प्रस्तावों पर अपनी मंजूरी प्रदान की। इन निर्णय के अंतर्गत राज्य सरकार ने उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत आर्थिक सहयोग प्रदान करने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। इसके तहत 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे जिन्होंने कोविड 19 से भिन्न अन्य कारणों से अपने माता पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किसी एक अथवा अभिभावक को खो दिया है अथवा 18 से 23 वर्ष के ऐसे किशोर जिन्होने कोविड या अन्य कारणों से अपने माता पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किसी एक अथवा अभिभावक को खो दिया है तथा वह कक्षा 12 तक शिक्षा पूर्ण करने के उपरान्त राजकीय महाविद्यालय, विवि अथवा तकनीकी संस्थान से स्नातक डिग्री अथवा डिप्लोमा प्राप्त करने के लिए शिक्षा प्राप्त कर रहे हो या नीट, जेईई, क्लैट जैसे राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले अथवा जिनकी माता तलाकशुदा स्त्री या परित्यक्ता है अथवा जिनके माता पिता या परिवार का मुख्यकर्ता जेल में हैं अथवा ऐसे बच्चे जिन्हें बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति-बाल वैश्यावृत्ति से मुक्त कराकर परिवार-पारिवारिक वातावरण में समायोजित कराया गया हो अथवा भिक्षावृत्ति-वैश्यावृत्ति में सम्मिलित परिवारों के बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

इस योजना का लाभ एक परिवार के अधिकतम 2 बच्चों को मिल सकेगा तथा 18 वर्ष की आयु पूरी करने के उपरान्त कक्षा 12 तक शिक्षा पूर्ण करने के बाद भी राजकीय महाविद्यालय, विवि अथवा तकनीकी संस्थान से स्नातक डिग्री अथवा डिप्लोमा प्राप्त करने एवं राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षायें उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्रों को 23 वर्ष की आयु पूरी होने या स्नातक शिक्षा अथवा मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थान से डिप्लोमा प्राप्त करने में जो भी पहले हो तक इस योजना के अन्तर्गत लाभ दिया जायेगा। इस योजना के अन्तर्गत पात्रता की श्रेणी में आने वाले परिवार के अधिकतम दो बच्चों को प्रतिमाह प्रति बालक-बालिका 2500 रुपये की सहायता धनराशि प्रदान की जायेगी। यह योजना शत प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित है। योजना के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों के दृष्टिगत योजना में यथावश्यक संशोधन एवं परिवर्तन के लिए मुख्यमंत्री को प्राधिकृत किया गया है। ज्ञातव्य है कि कोविड 19 के कारण अनाथ हुए बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का संचालन किया जा रहा है।

### सेवा की अवधि में मृत्यु की दशा में नॉमिनी या उत्तराधिकारी को मिलेगी पांच लाख की अनुग्रह राशि

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए निर्णय लिया है कि होमगाड्र्स स्वयंसेवकों एवं अवैतनिक अधिकारियों की सेवावधि में मृत्यु की दशा में उनके उत्तराधिकारी को अथवा स्थायी अपंगता की स्थिति में उनको 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। साथ ही एक अंग अथवा एक आंख की पूर्ण रूप से हानि होने की दशा में 2.5 लाख रुपये की अनुग्रह धनराशि दिये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। यह व्यवस्था 6 दिस बर 2020 से लागू होगी। साथ ही मंत्रिपरिषद ने सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना के अन्तर्गत ड्यूटी, प्रशिक्षणरत होमगाड्र्स स्वयंसेवकों एवं अवैतनिक अधिकारियों को दुर्घटना के कारण मृत्यु होने एवं अपंगता होने की दशा में बीमा क पनी द्वारा दी जाने वाली धनराशि की व्यवस्था को तथा जो होमगाड्र्स स्वयंसेवक एवं अवैतनिक अधिकारी दुर्घटना बीमा से आच्छादित नहीं होते हैं, उनको उत्तर प्रदेश होमगाड्र्स स्वयंसेवक कल्याण कोष नियमावली 2013 के अनुसार दी जाने वाली धनराशि की व्यवस्था को समाप्त करने का निर्णय भी लिया है।

### खत्म होंगे 312 अन उपयुक्त कानून

**● उप्र निरसन अध्यादेश 2021 का प्रारूप स्वीकृत**

**लखनऊ।** मंत्रिपरिषद ने उत्तर प्रदेश निरसन अध्यादेश 2021 के प्रारूप को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके तहत राज्य सरकार 312 अधिनियमों को समाप्त करेगी। ज्ञातव्य है कि कुल 312 अधिनियमों को निरसित किये जाने के स बन्ध में शासन के स बन्धित प्रशासकीय विभागों से अनापत्तियां प्राप्त हुई। जिन्हें वर्तमान में अप्रचलित एवं अनुपयोगी होने के दृष्टिगत निरसित किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में राज्य विधान मण्डल सत्र आहूत नहीं है। नागरिकों एवं व्यवसाय पर विनियामक अनुपालन भार को कम करने की तात्कालिकता के दृष्टिगत स बन्धित प्रशासकीय विभागों की संस्तुति के आधार पर 312 अप्रचलित एवं अनुपयोगी हो चुके अधिनियमों को उत्तर प्रदेश निरसन अध्यादेश 2021 के माध्यम से निरसित किये जाने तथा इसके प्रतिस्थानी विधेयक के आलेख पर विभागीय मंत्री के अनुमोदन से इसे आगामी राज्य विधान मण्डल सत्र में पुर:स्थापित कराने जाने का भी निर्णय मंत्रिपरिषद द्वारा लिया गया है। सातवें उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग द्वारा निरसन के लिए संस्तुत कुल 1430 अधिनियमों में से निरसन के लिए 960 अधिनियम शेष हैं। इन शेष 960 अधिनियमों में से 297 अधिनियमों तथा व्यापार की सुगमता के दृष्टिगत औद्योगिक विकास विभाग द्वारा निरसन के लिए सन्दर्भित किये गये 15 अधिनियमों कुल 312 अधिनियमों के निरसन के स बन्ध में स बन्धित प्रशासकीय विभागों से अनापत्ति प्राप्त होने के आधार पर उन्हें निरसित किये जाने की कार्यवाही की जानी है।

# जनता की समस्याओं का किया जाए त्वरित निदान: केशव प्रसाद मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री केशव** प्रसाद मौर्य ने सोमवार को कालीदास मार्ग स्थित आवास पर लगभग 2 दर्जन से अधिक जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी तथा पुलिस अधिकारी से बात की। जनता दर्शन में सैकड़ों लोगों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्यायें बतायीं। बतायी गयी समस्याओं में मुख्य रूप से अवैध कब्जा, मारपीट, राजस्व अतिक्रमण, प्रधानमंत्री आवास के तहत आवास, सड़क, जमीनी विवाद, चिकित्सा सहायता, आर्थिक सहायता दिलाने के लिये मदद आदि थीं। जनता दर्शन में आए लोगों से उपमुख्यमंत्री ने स्वयं आगे बढ़कर उनके पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं तथा त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। आवास पर आये मरीजों के इलाज हेतु उपमुख्यमंत्री ने आर्थिक सहायता दिलाने का विश्वास दिलाया और प्रत्येक व्यक्ति की हर सम्भव मदद हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उपमुख्यमंत्री ने कमिश्नर व जिलाधिकारी वाराणसी, जिलाधिकारी रायबरेली व फतेहपुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा, सीतापुर, एटा, फिरोजाबाद व सोनभद्र, पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती, उन्नाव व कन्नौज सहित शासन के कई उच्चाधिकारियों से समस्याओं के निराकरण के बाबत दूरभाष पर वार्ता भी की।

लखीमपुर की राजकुमारी ने भूमि से संबंधित, सीतापुर के सुनील पांडे ने शौचालय आवंटन के सम्बन्ध में धांधली की जांच कराने, बाराबंकी के राम प्रकाश बाजपेई ने चकबंदी के बारे में अपनी समस्याएं रखीं। सिद्धार्थनगर की सुनीता सिंह ने कैंसर के इलाज हेतु आर्थिक मदद दिलाने अंबेडकरनगर की अविता ने आर्थिक सहायता दिलान, प्रयागराज की श्यामकली के इलाज हेतु आर्थिक सहायता दिलाने, लखनऊ के राम प्रकाश बाजपेयी ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने जैसी विभिन्न समस्याएं रखीं।

### हाथरस के कई प्रधान, बीडीसी व अन्य लोग कांग्रेस में शामिल

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के समक्ष जनपद हाथरस से भारी संख्या में पूर्व प्रधान, वर्तमान प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा महिलाओं एवं पुरुषों ने हाथरस जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण कराते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विगत् 30 सालों में सपा, बसपा, भाजपा की सरकारों से ऊबकर जनता आशा भरी निगाहों से कांग्रेस की ओर देख रही है। बड़ी संख्याओं में लोगों का कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करना, लोकप्रियता का द्योतक है। ज्वाइन करने वालों में मुख्यरूप से मोहन सिंह बघेल, बच्चू सिंह चौधरी, रोशन लाल बघेल, लाखन सिंह चक, शहजाद खां, इंसार अली, चन्द्रपाल सिंह सूर्यवंशी, छितर सिंह पचौरी, बच्चू सिंह, विनोद कुमार, शोबरन सिंह, सत्यपाल सिंह, जोगेन्द्र सिंह, हरिओम बाबा, माधव सिंह आदि शामिल थे।

### सपा प्रतिनिधिमण्डल आज रायबरेली जाएगा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल जनपद रायबरेली में हुई हत्याओं की जांच हेतु मंगलवार 3 अगस्त को जाएगा। समाजवादी प्रतिनिधिमण्डल के सदस्य जनपद रायबरेली के ग्राम नन्दा पुरवा मजरे ढिडौली निवासी अंकुर चौधरी तथा विधानसभा ऊंचाहार के जगतपुर ग्राम बिछियावादी निवासी धनंजय यादव की गोली मार कर की गई हत्याओं की जांच एवं शोक संतप्त परिवारों से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त करेंगे। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल में मनोज पाण्डेय विधायक, आशा किशोर पूर्व विधायक, इं वीरेन्द्र यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी रायबरेली, चन्द्रराज सिंह पटेल पूर्व सदस्य जिला पंचायत तथा मोहम्मद इलियास जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी रायबरेली शामिल हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, रायबरेली

पत्रांक : 44 / एमबी–आरबीएल / ज0क0–ई०टेंडरिंग / सू०प्रका0 / 2021–21 दिनांक : 02.08.2021

**"ई–निविदा सूचना"**

15वां वित्त आयोग / अवस्थापना विकास निधि / राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु अधिकृत निर्माताओं / अधिकृत विक्रेताओं / फर्मो / डीलरों से निविदायें दिनांक 03.08.2021 से दिनांक 17.08.2021 सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसकी समस्त कार्यवाही www.e-tender.up.nic.in पर ही की जायेगी। अपलोड की गयी निविदायें दिनांक 18.08.2021 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। उक्त सूचना www.npprbl.in पर भी देखी जा सकती है। शासन के निर्देशों के अनुसार जी0एस0टी0 भी मान्य होगी। ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी जलकल कार्यालय से भी किसी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**टेण्डर शेड्यूल (www.e-tender.up.nic.in पर)**

| क्र0सं0 | नगर पालिका परिषद रायबरेली | फर्म | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Tender Release | Tender upload | 02-8-2021, 11.00 AM | 02-8-2021, 05.00 PM |
| 2- | | Tender Download | 03-8-2021, 11.00 AM | 17-8-2021, 05.00 PM |
| 3- | | Bid Submission | 03-8-2021, 11.00 AM | 17-8-2021, 05.00 PM |
| 4- | Bid Opening | | 18-8-2021, 11.00 AM | |

**कार्य का विवरण**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मात्रा | आंगणन धनराशि (GST सहित) | अर्नेस्टमनी | निविदा मूल्य +GST | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | रैन वाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना का कार्य। | 15Job. | 3365325 | 57040 | 1350 | 25 दिवस |
| 2. | मिनी ट्यूबवेल की स्थापना का कार्य मुन्शीगंज | 01Job. | 850000 | 14404 | 300 | 15 दिवस |
| 3. | नगर पालिका क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित प्राइमरी स्कूल के किचन व शौचालय में वाटर लाइन व टंकी फिटिंग्स का कार्य। | 01Job. | 1050000 | 17797 | 500 | 15 दिवस |

**शर्तें :–**

1. जी.एसटी. पंजीयन प्रमाण पत्र की कॉपी स्केन कर अपलोड करना अनिवार्य है।
2. पिन कार्ड की स्केन कर अपलोड करना अनिवार्य है।
3. सम्बन्धित अधिकृत विक्रेताओं / फर्मों / डिलरों द्वारा धरोहर धनराशि सामग्री की लागत का 02 प्रतिशत के रूप में जमानत धनराशि आनलाइन बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में संचालित खाता संख्या 40920100006088 आई.एफ.एस.सी. कोड BARBORANANA में जमा कराकर स्कैन कॉपी अपलोड करें।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त अनुबन्ध के समय 08 प्रतिशत जमानत धनराशि एफ.डी.आर. / टी.डी.आर. / एन.एस.सी. (जो अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, रायबरेली के पक्ष में बंधक हो) के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।
5. निविदा फार्म का मूल्य नगर पालिका परिषद के बैंक ऑफ बडौदा शाखा में संचालित खाता संख्या 40920100006088 आई.एफ.एस.सी. कोड BARBORANANA में ऑनलाइन जमा कराकर रसीद को अपलोड करना होगा।
6. निविदा की स्वीकृति प्रदान होने पर सम्बन्धित फर्म को कार्यादेश की प्राप्ति के 07 दिन के अन्दर एकरारनामा / अनुबन्ध एवं अग्रिम जमानत धनराशि जमा करना होगा।
7. ऐसी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा जिसकी अग्रिम धनराशि क्रम संख्या–3 के अनुसार संलग्न न की होगी।
8. फर्म द्वारा प्रस्तुत बिल की स्वीकृति जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदान कराये जाने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।
9. प्रत्येक दशा में कार्य निर्धारित समय के अन्दर पूर्ण करना होगा। समय से कार्य पूर्ण न होने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।
10. टेक्निकल बिड / उपरोक्त औपचारिकतायें पूर्ण होने पर एवं बिड ओपनिंग से पूर्व मोहर बन्द लिफाफे में समस्त डाक्यूमेन्ट जलकल कार्यालय में जमा करने पर ही निविदा पर विचार किया जायेगा।
11. कार्य की गारण्टी के साथ अनुबन्ध निष्पादित करना होगा।
12. कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आई.एस.आई. मार्क / कम्पनी मेक ही उपयोग की जायेगी इसका प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।
13. फर्म द्वारा उपर्युक्त कार्य क्षेत्र में विगत 02 वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा।
14. विस्तृत जानकारी हेतु ई–टेण्डरिंग के वेबसाइड www.e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**(डॉ0 आशीष कुमार सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, रायबरेली।**

**(पूर्णिमा श्रीवास्तव)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, रायबरेली।**



**पायनियर वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल का प्रमाणपत्र रोल नंबर 1108822 वर्ष 2019 जो कहीं गिरकर खो गया है। बहुत खोजने पर भी नहीं मिला। प्रतिमा राजपूत पुत्री शंकर राजपूत, भारतीय बालिका विद्यालय इंका, लखनऊ

**सूचना**

सूचित हो मैं अनुज रस्तोगी S/o विमलकांत रस्तोगी मेरी कार से मेरा लैपटॉप और मेरे मकान नंबर यूनिट नंबर B1 1217 DLF विभूति खण्ड गोमती नगर लखनऊ बिल्डर एग्रीमेंट और भुगतान की रसीद चोरी हो गयी है जिसका उपयोग अनुचित होगा।


# भ्रम पैदा करने में माहिर है भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**● समाज में नफरत का माहौल है, लोग त्रस्त हैं**

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सचमुच चमत्कारी पार्टी है। वह कब कौन रूप धारण कर ले कहना मुश्किल है। भाजपा नेतृत्व बड़े-बड़े वादे करें जनता को बहलाने का गुर जानता है। समाजवादी पार्टी के कामों पर अपना ठप्पा लगा कर भ्रम पैदा करने में माहिर हैं। अब केन्द्रीय मंत्री ने भविष्यवक्ता का भी रूप धारण कर लिया है। लोकतंत्र में जनता मतदान से सरकार बनाती है परन्तु केन्द्रीय गृहमंत्री ने बिना चुनाव मैदान में उतरे ही भविष्यवाणी कर दी है कि विपक्ष को सन् 2022 में करारी हार के लिए तैयार रहना चाहिए। यानी भाजपा राज में न अपील, न वकील और न दलील की कथा चलेगी। तानाशाही मानसिकता इसी को तो कहते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि समझ में नहीं आता कि प्रधानमंत्री हों या गृहमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की किस बात के लिए तारीफ करते हैं। कोरोना संक्रमण के दौर में उत्तर प्रदेश में मौतों का ऐसा सिलसिला चला कि शवदाह गृहों में लाशें जलाने की जगह भी नहीं बची। अस्पतालों में बेड, दवा और इलाज का अकाल पड़ गया। इंजेक्शन और जीवन रक्षक दवाएं कालाबाजारी में ही उपलब्ध थी। आक्सीजन की कमी से अस्पतालों में तमाम सांसे उखड़ गई। हर तरफ चीत्कार और हाहाकार मचा था।

केन्द्रीय गृहमंत्री मुख्यमंत्री को प्रशंसा पत्र बांटते समय भूल गए कि भाजपा राज में महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं की बाढ़ आ गई है। लूट, अपहरण, हत्या रोज की वारदातें हो गई है। व्यक्ति का जीवन मरण तय करने का काम सत्ता संरक्षित अपराधियों को मिला हुआ है। समाज में नफरत का माहौल है। लोग त्रस्त हैं। अच्छा होता अपनी जीत का हवाई सपना देखने वाले केन्द्रीय गृहमंत्री और मुख्यमंत्री इस बात की भी नोटिस ले लेते कि उन्होंने किसानों के साथ जो धोखाधड़ी की है उससे किसान आंदोलन व्यापक होता जा रहा है। नौजवान बेरोजगारी से परेशान हैं। उनका भविष्य अंधकारमय है। ऐसी कौन सी विशेष बात भाजपा राज में हुई है कि जनता उसके लिए मुख्यमंत्री जी के नाम पर ताली पीटेगी। हर मोर्चे पर तो भाजपा सरकार विफल रही है। गरीब ज्यादा गरीब हुआ है, मंहगाई ने उसकी कमर तोड़ दी है। चंद पूंजीघरानों की सम्पत्ति लॉकडाउन के समय में भी कई गुना बढ़ गई।

# सावन के दूसरे सोमवार पर बम-बम हुई शिवनगरी, भक्तों की उमड़ी भीड़





पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**सावन माह** के दूसरे सोमवार के मौके पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में मंगला आरती के बाद श्रद्धालुओं का दर्शन पूजन का दौर शुरू हुआ तो सायंकाल तक चार बजे तक 40हजार लोग बाबा दरबार में हाजिरी लगा चुके थे। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में मंगला आरती के पश्चात अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने प्रसाद वितरण किया। परिसर में बैरिकेडिंग और बाबा कोरोना गाइड लाइन का अनुपालन करते हुए श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया गया। एक एक कर आस्?थावानों की भीड़ बाबा दरबार में प्रवेश करती रही और परिसर हर हर बम बम के उद्घोष से गूंजता रहा। देर रात शयन आरती के बाद बाबा दरबार में सावन के दूसरे सोमवार के लिए तैयारियां शुरू कर दी गईं। बाबा दरबार में शयन आरती के बाद बाबा शयन के लिए गए और सुबह मंगला आरती के बाद बाबा के दर्शन आम जनता को सुलभ हुए। मंगला आरती के बाद पूरा परिसर हर हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा। परिसर में इससे पूर्व साफसफाई और परिसर को फूलों से सजाया गया। मंगला आरती में शामिल होने वाले लोग एक एक कर बाबा दरबार परिसर में पहुंचे और मंगला आरती के साक्षी बने।

## मंगला आरती के बाद श्रद्धालु बढ़े, महामृत्युंजय, जागेश्वर, सारंगनाथ, गौतमेश्वर महादेव सहित रही सभी शिवालयों में रही आस्थावानों की भीड़

**बाबा दरबार का हाल :** श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर मान्यता है कि मां पार्वती संग बाबा दर्शन देते हैं। इस दौरान दोपहर तक हजारों लोग बाबा दरबार में मत्था टेक चुके थे। देर रात से ही भक्त कतार में लगे थे। वहीं मंगला आरती में लगभग 200 लोग रहे तो सुबह कतार के बाद 10 बजे भीड़ सामान्य हो सकी।सुबह चार बजे मंगला आरती के दौरान मंगला आरती के लिए पहुंचे आस्थावानों का भी खूब जमावड़ा रहा। परिसर पूरी तरह आस्था से सराबोर रहा और आरती के दौरान बाबा के भक्त डमरू और वाद्य यंत्रों के साथ हर थाप पर झूमते और गाते नजर आए। आरती के बाद पूरा परिसर हर हर महादेव से गूंज उठा। हर हर बम बम और ओम नमः शिवाय के बोल से बाबा दरबार पूरी तरह आस्था से सराबोर नजर आया। वहीं बाबा दरबार में हाजिरी लगाने से पहले आस्थावानों ने गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई और स्नान ध्यान के साथ दान कर पुण्य के भागी भी बने। गंगा स्नान के दौरान पानी में इजाफा होने की वजह से घाट पर जल पुलिस की सक्रियता भी बनी रही और लोगों को स्नान के दौरान हिदायत भी देते रहे। घाट से लेकर बाबा दरबार तक आस्था गुलजार रही। दोपहर तक नदी तट पर लोगों की भीड़ भी सुबह की अपेक्षा काफी कम हो गई। इसके अलावा शहर के महामृत्युंजय महादेव, ईश्वरगंगी स्थित जागेश्वर महादेव, भेलूपुर स्थित तिलभाण्डेश्वर महोदव, त्रिलोचन बाजार स्थित त्रिलोचन महादेव, कोयला बाजार के ऊं कालेश्वर महादेव, गोदौलिया स्थित गौतमेश्वर महादेव, सारनाथ स्थित सारंगनाथ महादेव, माधोपुर के शूलटंकेश्वर महादेव सहित काशी के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की सुबह से देर रात दर्शन-पूजन की रही भीड़।

## सोनभद्र में जयकारों से गूंज उठा क्षेत्र

**बीजपुर/सोनभद्र।** श्रावण माह के दूसरे सोमवार को इलाके के शिव मंदिरों में श्रद्धालु भक्तो के दर्शन पूजन व जयकारो से इलाका गुंजायमान हो गया। श्रद्धालु भक्तों ने बाबा भोले नाथ को जलाभिषेक कर बिधि बिधान से पूजा अर्चना कर अपने मन के मुराद पूरी होने की मन्नते मांगी वही देश व समाज के कल्याण के लिए भी भूतभावन भगवान शंकर से प्रार्थना भी की। श्रद्धालुओ के सुरक्षा ब्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक देवता नन्द सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक लल्लन यादव समेत पुलिस एवं पीएसी के जवान मुस्तैदी के साथ तैनात रहे। इलाके के सिद्ध स्थल जरहां अजीरेश्वर महादेव के मंदिर पर प्रत्येक सोमवार को स्थानीय श्रद्धालु भक्तो समेत समीपी बार्डर स्थित छत्तीसगढ़ एम पी के श्रद्धालु भक्त भी इस सिद्ध पीठ के स्थान पर भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक कर आस्था भाव से मन्नत कर मन के मुराद पूरी होने की कामना करत हैं। भक्तों के सुरक्षा ब्यवस्था में जगह जगह पुलिस पी ए सी के जवान मुस्तैदी के साथ तैनात रहे। दर्शनार्थियों के लिए मंदिर समिति की ओर से महाप्रसाद की ब्यवस्था की गई थी जहाँ दर्शन पूजन के पश्चात भक्त महाप्रसाद ग्रहण कर रहे थे।इसी तरह एनटीपीसी रिहन्द सिरसोती बेड़िया हनुमान के साथ साथ अन्य शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए भक्तो का तांता लगा रहा। कोबिद 19 का विशेष ध्यान प्रशासन द्वारा दिया जा रहा था लोगो को बारी बारी से ही जलाभिषेक कराया जा रहा था। इस मौके पर मंदिर समिति के संरक्षक राजेन्द्र सिंह बघेल राजकुमार सिंह श्याम सुंदर जायसवाल डॉ ब्रह्मजीत सिंह त्रिभुवन नरायण सिंह आर के सिंह जे एन चौरसिया अवधेश सिंह दीपक सूरज रणजीत अमित आदि सक्रि य भूमिका का निर्वहन करते हुए दिखे।



## क्विक न्यूज

### सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का शुभारंभ

**सोनभद्र।** जिले में 2 अगस्त से सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा अभियान शुरू हो गया है जो 14 अगस्त तक चलेगा। स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर इस पखवाड़े के अंतर्गत लोगों को डायरिया से बचाव हेतु जागरूक करेगी और जिन घरों में 5 वर्ष तक के बच्चे हैं उन घरों में ओआरएस तथा जिंक के गोलियों का वितरण करेगी। जिससे लोगों को डायरिया की चपेट में आने से बचाया जा सके। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आर जी यादव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जिले में सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा 2 अगस्त से मनाया जा रहा है यह अभियान 14 अगस्त तक चलेगा। इस पखवाड़ा अभियान में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लगाया गया है जो घर घर जाकर 5 वर्ष तक के बच्चों को ओ आर एस के साथ साथ जिंक की गोलियों को वितरित करेंगी। इसके अलावा डायरिया से बचाव व प्रबंधन के प्रति लोगों को जागरूक करेंगी और साफ सफाई रखने हेतु सुझाव दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए स्वास्थ्य टीम द्वारा आम जनमानस को कोरोना से बचाव हेतु मुंह पर मास्क लगाने 2 गज की दूरी का पालन करने और सैनिटाइजर या साबुन से बार-बार हाथ धोने कोरोना टीका लगवाने हेतु प्रेरित किया जाएगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर भी यह पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसके लिए सभी अधीक्षकों एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं ।

### फर्नीचर की दुकान में लगी भीषण आग



**मऊ।** शहर कोतवाली अंतर्गत भीटी अंधा मोड़ स्थित जीवन राम इंटर कालेज के सामने एक फर्नीचर की दुकान में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गया। सूचना पाते ही अग्नि शमन दल मौके पर पहुंच गया। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। भीषण अगलगी में बेडए फ र्नीचर समेत हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। नगर क्षेत्र के भीटी अंधा मोड़ स्थित जीवन राम इंटर कालेज के सामने नवीन प्रकाश राय की फर्नीचर की दुकान स्थित है। वे नित्य की भांति देर शाम को दुकान बंद करके घर चले गए थे। इस बीच रात में अज्ञात कारणों से उनकी दुकान में भीषण आग लग गया। इसकी सूचना पास.पड़ोस के लोगों ने दुकान मालिक को दिया। सूचना पाते ही दुकान मालिक मौके पर पहुंच गए। साथ ही साथ अग्नि शमन विभाग को भी आग लगने की सूचना दिया गया। सूचना पाते ही अग्नि शमन विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। भीषण अगलगी में बेडए फर्नीचर समेत हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

### कथा साहित्य के सूर्य थे प्रेमचन्द : आलोक

**बीजपुर/सोनभद्र।** साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था सोन संगम के तत्वावधान में कथा सम्राट प्रेमचन्द की जयंती के अवसर पर विवेकानन्द प्राथमिक विद्यालय एनटीपीसी शक्तिनगर परिसर में शनिवार की सायं विचारगोष्ठी एवं काव्य संध्या का आयोजन कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी रामागुंडम के अपर महाप्रबंधक आलोक चन्द्र ठाकुर थे। जबकि अध्यक्षता माहिर मिर्जापुरी ने की। संचालन डा मानिक चन्द पाण्डेय ने किया। स्वागत भाषण विजय दुबे ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुंशी प्रेमचन्द के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ. मानिक चन्द पाण्डेय ने कहा कि प्रेमचन्द ने युगीन यथार्थ को अपनी कहानियों एवं उपन्यासों का विषय बनाया। मुख्य अतिथि आलोक चन्द्र ठाकुर ने कहा कि प्रेमचन्द कथा साहित्य के सूर्य थे। जब भी हिन्दी कथा साहित्य का इतिहास लिखा जायेगा उसे प्रेमचन्द पूर्व और प्रेमचन्द पश्चात में विभाजित किया जायेगा। विवेकानन्द प्राथमिक विद्यालय के प्रबन्धक सुजीत कुमार सिंह ने प्रेमचन्द को ग्रामीण जनजीवन का कुशल चितेरा निरूपित किया।

### सरकार में लूट-खसोट : प्रभुनारायण



**सकलडीहा, चन्दौली।** केन्द्र सरकार के गृहमंत्री यूपी में कानून व्यवस्था के नाम पर प्रदेश सरकार का पीठ थपथपा रहे है। लेकिन हकीकत चारों तरफ जंगल राज कायम है। उक्त बाते सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव सोमवार को सपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा। इस दौरान कार्यकर्ताओं को अपना बूथ करे मजबूत का नारा देते हुए विधान सभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आवाहन किया। सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव क्षेत्र के ताराजीवनपुरए बसिला और फगुईया में सेक्टर के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में आये दिन लूट, हत्या, चोरी, बलात्कार हो रही है। गुंडे और माफिया सरेआम व्यापारी का सड़कों पर खून बहा रहे है। फिरौती के लिये महिला और व्यापारी और नौकरी पेशा वालो की हत्या हो रही है। इसके बाद भी केन्द्रीय मंत्री यूपी सरकार की सराहना कर रहे है। कोरोना काल में जिला प्रशासन लोगों को समय से वैक्सीन उपलब्ध नही करा पा रहे है। आक्सीजन और दवा के नाम पर लूट खसोट मचा है। इसके बाद भी सरकार सबका साथ सबका विकास और विश्वास जीतने का दावा कर रही है। सड़के गड्ढा युक्त है। लेकिन अधिकारी कागजों पर दुरूस्थ करने का दावा कर रहे है। प्रदेश में चारो ओर जंगल राज से लोग त्राहि त्राहि कर हरे है। इसके बाद भी सरकार किसानए व्यापारीए नौजवान और मुस्लमानों को परेशान करने में मशगुल है।

### 5 को सपा निकालेगी साइकिल यात्रा

**मीरजापुर।** विधानसभा चुनाव सन्निकट देखकर कार्यकर्ताओं को जागरूक करने के लिए समाजवादी पार्टी 5 अगस्त को साइकिल यात्रा निकालेगी इसके माध्यम से लोगो को केन्द्र व प्रदेश सरकार की विफलताओं की जानकारी दी जायेगी और 4 से 14 अगस्त तक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के गीत कलाकार और पदाधिकारी भाजपा के नाकामियों को उजागर करने के लिए बूथ ढोल और मजीरा बजायेंगेए सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के 8 अगस्त को आगमन व मड़िहान विधानसभा का सम्मेलन रखा गया है यह जानकारी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी पार्टी कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर आयोजित बैठक में बताई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा 5 अगस्त को पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनेश्वर मिश्र के जन्मदिवस पर समाजवादी पार्टी ने साइकिल यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। साइकिल यात्रा के माध्यम से लोगो को मंहगाईए भ्रष्टाचारए बेरोजगारीए अपराधए पंचायत चुनाव के मनमानी के सम्बन्ध में लोगो को जागरूक किया जायेगा।

### पीएम की वोकल फार लोकल की सोच साकार

**वाराणसी।** सनशाइन टाइल्स कंपनी प्राइवेट लिमिटेड भारत में एक प्रतिष्ठित और लोकप्रिय कंपनी है जो कि अपना व्यवसाय सनहार्ट ब्रांड के नाम से संचालित कर रहे हैं.उल्लेखनीय है कि सनहार्ट ब्रांड भारतीय सिरामिक इंडस्ट्री का छठा सबसे युवा ब्रांड बन गया है. सनहार्ट ब्रांड के उत्पादों में आकर्षक विविधता है, जिन्हें पूरी तरह से भारत में ही तैयार किया जाता है. यह ब्रांड पूरी तरह से प्रधानमंत्री मोदी के 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' की सोच को साकार करता है। पिछले लगातार 5 सालों से भारतीय सिरामिक कंपनी के रूप में सनहार्ट की गिनती भारत के सबसे बड़े निर्यातक के तौर पर होती है एवं थ्री स्टार एक्सपोर्ट हाउस का दर्जा प्राप्त करनेवाला यह पहला सिरामिक ब्रांड भी है।

## चोरी की योजना बनाते समय तीन गिरफ्तार

**मुग़लसराय, चन्दौली।** स्थानीय जीआरपी डीडीयू ने चेकिंग के दौरान जीटीआर ब्रिज के पास से चोरी की योजना बनाते समय 3 लोगों को गिरफ्तार किया जिनके पास से पुलिस ने एक लोहे का कटर, 2 पलास 5700 रु नगदी सहित एक मोबाइल फोन बरामद किया पकड़े गए लोगों में चकला मुर्म, मृत्युंजय सिंह व गुड्डू बताए जाते हैं। जो ट्रेनों व स्टेशनों पर चोरी का कार्य करते थे। जिन पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

## जन सुनवाई एवं बाल सेवा योजना जागरूकता शिविर 4 अगस्त को

**मीरजापुर।** बुधवार को प्रातः 10:30 बजे से अनीता सिंह सदस्या, राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता मे जिला पंचायत सभागार मीरजापुर में महिला उत्पीड़न के रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु व महिला उत्पीड़न की घटनाओ की जन सुनवाई एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी ने बताया कि जनपद की ऐसी महिलायें जो पारिवारिक व घरेलू हिंसा, समाजिक हिंसा या अन्य किसी प्रकार से पीड़ित है या उनका उत्पीड़न किया जा रहा हो, सदस्या के समक्ष उपस्थित होकर अपनी बाते, शिकायते करते हुये न्याय प्राप्त कर सकती हैं।

## अचानक तार में आये करंट से दो भैंसें मरीं

**धानापुर,चन्दौली।** क्षेत्र के नेकनामपुर में सोमवार को सायं 5 बजे के लगभग विद्युत कर्मियों के घोर लापरवाही के कारण निरंजन यादव की दो भैंस मर गयी। बताया जाता है कि विगत 20 जुलाई को 11 हजार वोल्ट के चार खंबे और तार गांव के मुख्य मार्ग के पास गिर गये थे। जिसपर आज काम चल रहा था पोल खड़े हो गए थे और तार जोड़ दिया गया था लेकिन उसे ऊपर नही खिंचा गया था कार्य अधूरा था जो सड़क पर ही पड़ा था। जिसमे सायं लगभग 5 बजे सप्लाई आते ही उसमे करंट दौड़ गयी और निरंजन यादव की दो भैंस उसी समय आ गयी और उसके स्पर्श में आते ही वही मर गयी। रास्ते से लोगों का आना जाना था लेकिन संयोग रहा कि कोई तार के स्पर्श में नही आया। कुछ लोग भैंसों को बचाने के लिए दौड़े ही थे कि लोगों ने उन्हें रोक लिया और बड़ी घटना होने से बच गयी। लेकिन किसान निरंजन यादव का लगभग डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हो गया। विद्युत विभाग एवं कर्मचारियों के इस लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने गरीब किसान को जिला प्रशासन से मदद की मांग की है

## शानदार पृष्ठभूमि वाले निदेशकों को अपने साथ जोड़ा

**वाराणसी।** वैश्विक महामारी जैसी भयंकर बीमारी से लड़ते हुए देश की मेडिकल संस्थान को समर्पित देश की अग्रणी फ ार्मा कंपनियों में से एक एमक्योर फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने अपने निदेशक मंडल में विशिष्ट पेशेवर लोगों की नियुक्ति की है और इस तरह कंपनी ने अपनी लीडरशिप लाइन को और मजबूत करने का सिलसिला जारी रखा है। कंपनी ने हाल ही में विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक अनुभव रखने वाले चार स्वतंत्र निदेशकों को अपने निदेशक मंडल में शामिल किया है।

# कैंप लगाकर निराश्रित महिला पेंशन योजना के पात्रों के फार्म भरवाएं : स्वाति सिंह

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



## डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाकर कन्या सुमंगला योजना में फार्म भरवाएं

**उत्तर प्रदेश की** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, महिला कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती स्वाति सिंह सोमवार को सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों की बैठक कर प्रगति की समीक्षा की।
बैठक में बताया गया कि जनपद में गत वर्ष 54651 निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी गई है। इस वर्ष अब तक 749 महिलाओं को नई पेंशन स्वीकृत हो चुकी है। मंत्री स्वाति सिंह ने कहा कि पूरे जनपद में जगह-जगह कैंप लगाकर समस्त पात्र महिलाओं की निराश्रित पेंशन योजना में फार्म भरवा कर स्वीकृति की कार्रवाई करें। कोई पात्र महिला छूटने नहीं पाए। इसमें जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर उनके द्वारा बताए स्थानों पर कैंप लगाएं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में गत वर्ष 2929 लाभार्थियों को लाभ दिया गया। मंत्री स्वाति सिंह ने निर्देशित किया कि इसमें आगनबाडी के माध्यम से घर-घर जाने का अभियान चलाकर फार्म भरवाए। यह सरकार की बालिकाओं के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें बालिका के जन्म से लेकर स्नातक की पढ़ाई तक विभिन्न 06 चरणों में 15 हजार रुपये आर्थिक सहायता का प्रावधान है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में 159 बच्चों को योजना लाभ से लाभान्वित किया जा चुका है इसके अतिरिक्त स्पॉन्सरशिप योजना में 26 बच्चों को 2000- प्रति माह से लाभान्वित किया जा रहा है तथा 235 नए बच्चों का चिन्हीकरण कर उन्हें लाभान्वित करने की कार्रवाई की जा रही है। जनपद में संचालित वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिला व बालिकाओं की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 173 महिला-बालिकाओं को सेवाएं प्रदान की जा चुकी हैं।

## सरकार की योजनाओं से महिलायें हो रही आत्मनिर्भर : तिवारी

**सकलडीहा,चन्दौली।** बथावर गांव में भाजपा की ओर से सोमवार को जनचौपाल लगाकर महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सरकार द्वारा संचालित स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इस मौके पर समूह की महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण कराने का भरोशा दिया। सम्मान समारोह को सम्बोधित करते विधान सभा प्रभारी सुर्यमुनी तिवारी ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के तहत एनआरएलएम के माध्यम जिले में पच्चास हजार से अधिक महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया है। कई महिलायें सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान, सिलाई बुनाई,बिजली बिल सहित अन्य योजनाओं के तहत आत्मनिर्भर बन रही है। यही नही बैंक सखीए मनरेगा मेठ, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन सहित अन्य योजनाओं में समूह की महिलाओं को प्राथमिकता के तौर पर रोजगार और नियुक्त किया जा रहा है।

## चंदौली में ताबड़तोड़ एनकाउंटर में 4 बदमाश और एक पुलिसकर्मी घायल



संवाददाता। चंदौली

**जिले में** बढ़ रहे क्राइम ग्राफको देखते हुए अपराध व अपराधियों पर प्रभावी लगाम लगाने के लिए चंदौली पुलिस एक्शन मोड में आ गई है । तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई मुठभेड़ के दौरान एक ही रात में चार शातिर अपराधियो को गिरफ्तार किया गया है । मुठभेड़ में घायल चारों अपराधियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है । मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए रविवार की रात को सदर कोतवाली के कटसिला मोड़ पर चेकिंग अभियान चला रही थी तभी बाइक सवार बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई, जिसमें एक मौके से गिरफ्तार लिया गया जबकि दूसरा भागने के दौरान मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया वहीं दो अन्य आरोपी धानापुर के शहीदगांव के समीप मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए । दरअसल, रविवार की रात करीब 12 बजे सदर कोतवाली क्षेत्र के कटसिला मोड़ के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों को टार्च दिखाकर रुकने का इशारा किया तो एक बदमाश भाग गया जबकि दूसरे ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया । बदमाश के बंदूक से निकली गोली सदर कोतवाल के वाहन को छूते हुए निकल गई। पहले से ही अलर्ट पुलिस ने जवाबी फायरिंग के दौरान गोली बदमाश के पैर में लगी और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। पुलिस की मदद से घायल बदमाश को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया।

## बेटी ने अपने ही पिता की हत्या करवाई

### असलहे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**29 जुलाई** की रात रोहनिया थानाक्षेत्र के करनाडांडी-मोहनसराय ओवरब्रिज पर तमाचाबाद थाना मिर्जामुराद निवासी किराना व्यवसायी राजेश जायसवाल की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना का सफल अनावरण रोहनिया पुलिस ने किया है। मृतक को उसकी कलयुगी पुत्री ने अपने प्रेम द्वारा गोली मारकर हत्या करवाई थी क्योंकि मृतक उन दोनों के प्यार के बीच दीवार बनकर खड़े थे। मृतक की बेटी ने ही उस रात अपने आशिक को पिता के घर से निकलने और हेरिटेज अस्पताल जाने की सूचना दी थी, जिसके बाद उनकी हत्या की गयी। पुलिस ने मृतक की पुत्री और उसके आशिक सहित एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है जो उस दिन घटना के दौरान मौजूद था। इस सम्बन्ध में यातायात पुलिस लाइन सभागार में बात करते हुए एसपी देहात अमित वर्मा ने बताया कि राजेश जायसवाल की हत्या के सम्बन्ध में परिजनों के द्वारा नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। मेरे द्वारा क्राइम ब्रांच वाराणसी ग्रामीण तथा थाना रोहनिया की संयुक्त टीम गठित कर निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में एलआईयू व इलेक्ट्रानिक सर्विलांस से यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतक राजेश जायसवाल की पुत्री का गाँव के लड़के से प्रेम सम्बन्ध था। करीब एक वर्ष पूर्व मृतक की पुत्री द्वारा अपना पासपोर्ट बनवाने हेतु आवेदन किया गया था, जिसमें मृतक की लड़की नें पासपोर्ट में अपने पिता का नम्बर न देकर घटना में शामिल अभियुक्त जावेद का नम्बर दिया था। पुलिस जाँच के दौरान राजेश जायसवाल से पूछताछ की गयी। उसके द्वारा अपनी पुत्री का पासपोर्ट बनवाने के सम्बन्ध में अनभिज्ञता प्रकट की तथा राजेश नें अपनी पुत्री व अभियुक्त के परिजनों नें लड़के तथा लड़की को काफी डांटा था। एसपी ग्रामीण ने बताया कि उसके पश्चात दोनों एक दूसरे से शादी करने के लिए परिवार वालों पर दबाव बनाते रहे, लेकिन मृतक राजेश इसके लिए राजी नहीं थे।

## मच्छोदरी स्मार्ट स्कूल का प्रवेश फार्म जमा करते समय कोविड-19 की जमकर धज्जियां उड़ीं

### अभिभावकों ने कड़ी धूप में लाइन लगाकर फार्म को जमा किया



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**पठानी टोला** स्थित प्राइमरी पाठशाला में सोमवार को अभिभावकों ने अपने कक्षा 1 से लेकर कक्षा पांच तक का प्रवेश फार्म जमा करते समय कोविड-19 का पालन न करते हुए धज्जियां उड़ाई। इस पठानी टोला प्राइमरी स्कूल में सरकार द्वारा बनाया गया मच्छोदरी स्मार्ट स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार ने 23 जुलाई से लेकर 29 जुलाई तक करीब 1500 फार्म बच्चों के आधार को लेकर बंटवाया था। सोमवार को फार्म जमा करने के लिए अभिभावकों ने इस कड़ी धूप में लगे रहे। बच्चों के भविष्य के लिए माता-पिता दोनों चिंतित हैं किन्तु कार्यकारी प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों के अभिभावकों से कोविड-19 पालन नहीं कराया और एक दूसरे से सटकर अपने बच्चों के प्रवेश फार्म को जमा किया। फार्म जमा करने का समय पूर्वाह्न 10 से 12 बजे तक था। लेकिन अभिभावकों ने सुबह 8:30 बजे ही फार्म जमा करने के लिए लाइन में लग गये। जनता को अभी ठीक से पता नहीं है कि बच्चे हिन्दी मीडियम में पढ़ेगे या सीबीएसई बोर्ड के पैटर्न पर, किन्तु कार्यकारी प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार द्वारा बीएसए के गाइड लाइन पर हिन्दी मीडियम मच्छोदरी स्मार्ट स्कूल का फार्म बंटवाया।कुल मिला जुलाकर जनता कोविड-19 को भूल कर अपने बच्चे के प्रवेश फार्म को सबमिट किया।

## मऊ में आज शुरु होगा मेगा टीकाकरण महाअभियान

संवाददाता। मऊ

### जिले के 95 केन्द्रों को बनाया गया है केन्द्र

**कोरोना** संक्रमण की रोकथाम करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस लिया है। इस क्रम में मंगलवार को मेगा टीकाकरण महाअभियान चलाया जाएगा। इसके तहत तहत जिले में 95 स्थानों को वैक्सीनेशन सेंटर बनाया गया है। साथ ही साथ 35 हजार लोगों को टीकाकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हे।
अब तक 20 हजार लोगों द्वारा आन लाइन स्लॉट की भी बुकिंग कर लिया गया है। इसके तहत वर्तमान समय में जिले में मंगलवार को मेगा टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया जाएगा। फिलहाल अभी यह सिर्फएक दिन ही चलाया जाएगा। महाअभियान के दौरान पूरे जनपद में 35 हजार लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसकी पूरी तरह से तैयारी कर लिया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉण् एसएन दुबे ने बताया कि महाभियान में टीका लगवाने के विभाग ने सभी स्लाट खोल दिए है। सोमवार की शाम तक 20 हजार लोगों ने अपने स्लॉट की बुकिंग करा लिया है। सीएमओ ने बताया कि 18 पार के लोगों को बिना स्लाट बुकिग टीका नहीं लगेगाए जबकि 45 पार के कुछ लोगों को आन द स्पाट टीका लगाने की सुविधा प्रदान किया जाएगा।

# गांवों को डिजिटल ग्राम पंचायत बनाने का लक्ष्यः राजेन्द्र प्रताप

**संवाददाता।** उन्नाव

● **ग्राम्य विकास मंत्री की मौजूदगी में सदर विस क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों का आयोजित हुआ सम्मान समारोह**



**सदर** विधानसभा क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियो का सम्मान समारोह निराला प्रेक्षागृह में सदर विधायक पंकज गुप्ता के संयोजकत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रुप से ग्राम्य विकास मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद साक्षी जी महराज जी कर रहे थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये ग्राम्य विकास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव के अन्तिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के लिये सतत प्रयत्नशील व संकल्पबद्ध है। देश के विकास की आधारशिला पंचायत की ईकाईयां है, प्रदेश सरकार द्वारा हर गांव में पंचायत भवनए हर जरुरतमन्द तक आवासए शौचालय उपलब्ध कराये जा रहे है। गांव स्तर पर पंचायत सहायक की भर्तियां की जा रही है। गांवो को डिजिटल ग्राम पंचायत बनाने का लक्ष्य है। उन्होने कहा कि ग्राम प्रधानए क्षेत्र पंचायत सदस्यो का रिश्ता विधायकगणो के साथ भगवान शिव और विष्णु की भांति है दोनो एक.दूसरे के पूरक है व दोनो के हृदय में एक.दूजे के लिये अपार सम्मान व स्नेह होता है। सदर विधायक पंकज गुप्ता की मांग पर विकास खण्ड सि0 सरोसीए बिछियाए नवाबगंज व सफीपुर में आटो टोरियमए ब्लाक भवन के नवनिर्माण व सौन्दर्यीकरण करवाये जाने की घोषणा की तथा कहा कि तत्काल प्रभाव से इन ब्लाको के लिये अतिरिक्त ग्रान्ट जारी कर कार्य शुरु कराया जायेगा। सांसद साक्षी जी महराज ने कहा कि प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यो के अभिनन्दन का यह अद्भुत कार्यक्रम है इसकी जितनी सराहना की जाये कम है पंचायत प्रतिनिधियो का अभिनन्दन करते हुये उन्हे शुभकामनाये दी व कहा कि मै सदैव कन्धे से कन्धे मिलाकर आप सबके सहयोग से खड़ा रहूंगा। विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर ने भी सभी का अभिनन्दन करते हुये पंचायत प्रतिनिधियो को विकास की महत्तवपूर्ण कड़ी बताया। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने सभी का आभार जताते हुये क्षेत्र के विकासए तरक्की के लिये सहयोग की अपील की उन्होने कहा कि मेरा क्षेत्र विकास की दौड़ में काफी पीछे था जब मै विधायक बना तो आधे गांवो में बिजली नही सड़के जर्जर थी आज आप क्षेत्र का हर गांव मजरे के विद्युतीकरण हो चुका है। हर मजरा पक्की डामरीकृत सड़क से जुड़ गया है विकास की रफ्तार तेज हुई है मेरा लक्ष्य अपने विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा बनाना है। 70 सालो से पिछड़े इस क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। आप सब विश्वास रखिये आप सबके मान.सम्मान पर कभी आंच नही आने दूंगा रात 12 बजे जरुरत पड़ेगी तो मै आपके साथ कन्धा मिलाकर खड़ा रहूंगा। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख बिछिया नीरज गुप्ताए सि0 सरोसी कुशला देवी लोधीए नवाबगंज प्रमुख पति प्रकाश रावतए जिला पंचायत सदस्य सरला लोधीए शिवनन्दनी लोधीए सि0 सरोसी तृतीय सदस्य प्रीती सिंह के पति सिद्धार्थ सिंहए जिला पंचायत सदस्य अरुण सिंह ने सभी अतिथियो का बड़े माला व प्रतीक चिन्ह से मुख्य अतिथियो व सांसद जी का स्वागत किया। सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा मंत्री श्री सिंह व सांसद साक्षी महराज को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानए जिला पंचायत सदस्योए बी0डी0सी0 सदस्यो को भी सम्मानित किया गया। सदर विधानसभा क्षेत्र के कुल 140 बी0डी0सी0 सदस्यो में 137 व 82 प्रधानो में 80 प्रधानगण मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से वरिष्ठ भाजपा नेता आनन्द अवस्थी, किरन सिंहए अनिल कुशवाहाए अनुराग अवस्थी, मण्डल अध्यक्ष सुशील तिवारी, अमित त्रिपाठी, आदित्य त्रिपाठी, सुरेन्द्र जायसवाल व प्रधानो में सुखवीर लोधी, सुरेश लोधी, अरविन्द यादव, आलोक तिवारी, संजय कुमार गौतमए विनयकान्त कुशवाहा, संदीप यादव, रजनीश, नीलम आदि लोग मौजूद रहे।

**उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड निविदा**

अधिकृत एवं अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से निम्न कार्य हेतु दिनांक 25.08.2021 को 14:00 बजे तक साधारण निविदा आमंत्रित की जाती है तथा उसी दिन 15.30 बजे के पश्चात खोली जायेगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि को आरटीजीएस/ एनईएफटी अथवा सीधे अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, लखीमपुर के खाता संख्या 50200029446442, आई0एफ0एस0सी0 कोड– HDFC 0001914 बैंक का नाम एचडीएफसी बैंक लि0 लखीमपुर में जमा कराना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र अधिशाषी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड, लखीमपुर के कार्यालय से 25–08–2021 को 14:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। खुलने की तिथि को अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। सम्पूर्ण निविदा या निविदा के किसी भाग को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। साधारण निविदा खुलने की तिथि – 25.08.2021 निविदा सूचना सं0–04/वि0पारे0ख0 (लखी0)/ 2021–22 अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड लखीमपुर के निर्माणाधीन 220 के0वी0 उपकेन्द्र गोला पर 132 के0वी0 गोला फरधान लाइन के 132 के0वी0 फरधान वे का निर्माण कार्य में पिल्फरप्रूफ मीटरिंग एवं 132 के0वी0 सी0टी0 जक्शन बाक्स से कन्ट्रोल मीटर पैनल तक दो इंच एवं एक इंच के गैलवनाइज्ड पाइप की आपूर्ति एवं लगाने के साथ साथ ट्रेन्च कवर हटाने व पाइप में केबल डालने व केबल जोड़ने तथा प्रकाश व्यवस्था सम्बन्धित कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। धरोहर धनराशि रु0 2000.00 मात्र/– निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) 590/– मात्र (प्रति निविदा)। अधिशाषी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड, उ0प्र0 पावर ट्रान्स0 कारपो0 लि0 132 के0वी0 उपकेन्द्र (छाउछ) लखीमपुर–खीरी–उ0प्र0 262701 पत्रांक 710 दिनांक 2.8.21 'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'

## बच्ची डीसीएम की चपेट में आकर घायल

**सफीपुर उन्नाव।** रोड पार कर रही बच्ची डीसीएम की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। राहगीरों ने वाहन को कब्जे में लेकर घायल बच्ची को सीएचसी में भर्ती करायाए जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।कोतवाली क्षेत्र के जमालुद्दीन पुर निवासी छोटेलाल की आठ वर्षीय पुत्री प्रतिज्ञा खेल खेल में उन्नाव हरदोई मार्ग जा पहुंची और रोड पार करने लगी तभी तेज रफ़्तार डीसीएम की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। राहगीरों ने भाग रहे डीसीएम चालक को वाहन सहित पकड़ परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने राहगीरों की मदद से बच्ची को स्थानीय सीएचसी लेकर पहुंचे।

**प्रतिशत दर ई–निविदा आमंत्रण प्रेस सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधिशासी अभियंता (सिविल), डाक निर्माण खण्ड, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए आनलाइन प्रतिशत रेट (सी0पी०डब्लू0डी0–7) ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा संख्या :– **24/ई0ई0/पी0सी0डी0एल0/2021–22**

कार्य का नाम– **कंस्ट्रक्शन ऑफ पोस्ट आफिस बिल्डिंग एट किच्छौछा, फैजाबाद (यूपी.)** ।

अनुमानित लागत :–28,62,930/–

धरोहर राशि :– शून्य/–

कार्य का समय– 120 (एक सौ बीस) दिन

बिड जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय 12.08.2021 समय :–18:00 बजे

निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण -www.dopcivil.euniwizarde.com पर उपलब्ध है।

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन–8, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्र सं0 : 262/EE–8/21–22 दिनांक : 2.8.2021

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनाँक 9/8/2021 को अपराह्न 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 9/8/2021 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में **अधिशासी अभियन्ता, जोन–8** के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Laying of 250 mm dia sewer line from H.No 4/318 to H. No 4/163 Ruchikhand-I, Sharda Nagar Ward-I | 7600.00 | Rs.300 | 07 दिवस | |

**निविदा प्राप्त करने की शर्त** :– 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन–8,**
**जलकल विभाग, लखनऊ**

**कॉन्टीनेन्टल केमिकल्स लिमिटेड**
सीआईएन : एल24123यूपी1984पीएलसी014111
पंजीकृत कार्यालय : ए–7, सेक्टर–टप्पए नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश, फोन : 91–120–2423316
ई–मेल : info@continentalsoft.com, nkc@ continentalsoft.com, वेब : www.continentalchemicalsltd.com

**30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु पृथक्कृत अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम**

(रू. लाख में, सिवाय ईपीएस)

| क्र. सं. | विवरण | 3 माह समाप्त 30.6.2021 (अलेखापरीक्षित) | 3 माह समाप्त 30.6.2020 (अलेखापरीक्षित) | 3 माह समाप्त 31.3.2021 (लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31.03.2021 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से आय | 22.05 | 19.91 | 38.37 | 96.80 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 2.92 | 2.35 | 12.44 | 16.60 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 2.92 | 2.35 | 12.44 | 16.60 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 3.31 | 1.20 | 9.97 | 14.34 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 3.35 | 1.01 | 10.20 | 14.54 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 |
| 7 | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर जैसाकि पिछले वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | | | | 149.41 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/– प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों के लिए) मूल : तनुकृत : | 0.15<br>0.15 | 0.05<br>0.05 | 0.44<br>0.44 | 0.64<br>0.64 |

नोट्स :
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए हैं और तद्द्वारा निदेशक मंडल द्वारा 02–08–2021 को सम्पन्न इसकी बैठक में अभिलेखबद्ध किए गए हैं।
2. पूर्व अवधि के आंकड़े उनको चालू अवधि के आंकड़ों के साथ तुलनीय बनाने के लिए पुनर्समूहित/पुनर्वर्गीकृत किए गए हैं, जहां आवश्यक समझा गया है।
3. कम्पनी ने अब तक फैल रही कोविड–19 वैश्विक महामारी के सम्पत्ति, प्लाण्ट एवं इक्विपमेंट, निवेशों, मालसूचियों, व्यापार प्राप्यों इत्यादि की वहन राशियों पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों पर विचार किया है। इस उद्देश्य हेतु, कम्पनी ने वित्तीय परिणामों के अनुमोदन की तिथि तक सूचना के आंतरिक और बाह्य स्रोतों को ध्यान में रखा है, जिसमें क्रेडिट रिपोर्ट्स और संबंधित सूचना, आर्थिक पूर्वानुमान, कतिपय निवेशों का बाजार मूल्य इत्यादि सम्मिलित हैं। वर्तमान अनुमानों के आधार पर, कम्पनी को ऐसे वहन मूल्यों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की आशा नहीं है। कम्पनी के वित्तीय विवरणों पर कोविड–19 का प्रभाव, वित्तीय परिणामों के अनुमोदन की तिथि को लगाए गए अनुमान से भिन्न हो सकता है।
4. ये परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अधीन निर्धारित कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 (आईएनडी एएस) और यथासंभव अन्य मान्य लेखांकन पद्धतियों एवं नीतियों के अनुसार तैयार किए गए हैं।
5. कम्पनी केवल एक खंड में प्रचालन करती है।

बोर्ड के लिए तथा उसकी ओर से
हस्ता./–
नरेश कुमार चिब्बा
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00376963

स्थान : नोएडा
तिथि : 02–08–2021

# कादरी गेट व मेडिकल चौकी इंचार्ज सहित सोलह उपनिरीक्षक, दो निरीक्षकों की तैनाती में फेर बदल

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**पुलिस अधीक्षक** अशोक कुमार मीणा नें बीती देर रात शहर के कादरी गेट, थाना मऊदरवाजा कि मेडिकल कालेज चौकी व कमालगंज के खुदागंज चौकी इंचार्जो सहित कुल 16 उपनिरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल कर महकमें में खलबली मचा दी।

एसपी ने पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत निरीक्षक कमलेश कुमार को निरीक्षक अपराध फतेहगढ़, निरीक्षक मिर्जा सदरे आलम बेग को मानिटरिंग सेल का प्रभारी बनाया गया है।सम्मन सेल के प्रभारी दारोगा कृष्णावतार पाण्डेय को न्यायालय सुरक्षा, पुलिस लाइन से बृजेश कुमार तिवारी को प्रभारी सम्मन सेल, जहानगंज से दारोगा विवेक कुमार को सेशन हवालात, जहानगंज से दारोगा प्रशांत यादव को कोतवाली मोहम्मदाबाद भेजा गया है। मोहम्मदाबाद से दारोगा उदय वीर सिंह को थाना कंपिल, कंपिल के सिवारा चौकी इंचार्ज उदय भान सिंह को न्यायालय सुरक्षा,थाना मऊदरवाजा के मेडिकल चौकी इंचार्ज स्वदेश कुमार को कम्पिल के सिवारा का चौकी इंचार्ज बनाया गया है।वहीँ थाना कंपिल के दारोगा सुरेन्द्र यादव, शहर के पल्ला चौकी इंचार्ज राजेश चौबे व कादरी गेट चौकी इंचार्ज रमेश यादव को थाना जहानगंज भेजा गया है। पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत उपनिरीक्षक प्रताप सिंह को कमालगंज की खुदागंज चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। पुलिस लाइन से दारोगा राजेश राय को कादरी गेट चौकी इंचार्ज की जिम्मेदारी दी गयी है। पुलिस लाइन में तैंनात बाल कुमार त्रिपाठी को शहर के पल्ला चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। खुदागंज चौकी इंचार्ज जगदीश भाटी को थाना कंपिल भेजा गया है। कोतवाली फतेहगढ़ से दारोगा नितिन यादव को मऊदरवाजा की मेडिकल चौकी का प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन से दारोगा जितेन्द्र कुमार को थाना फतेहगढ़ भेजा गया है।निरीक्षक व उप निरीक्षकों के तबादले के साथ ही 43 कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल भी इधर से उधर किये गये है।

## अतिक्रमण हटाने को चेताया

**फर्रुखाबाद।** बीते तकरीबन दो सप्ताह से चल रही अतिक्रमण हटानें की कार्यवाही सोमवार को मुनादी तक पंहुच गयी। जिसके बाद पीडब्लूडी ने 48 घंटे की मोहलत दी है। राजेपुर कस्बे में अतिक्रमण के पैमाइश व मुनादी का कार्य कराया गया। मुनादी के दौरान भ्रमण कर अतिक्रमण न किए जाने की अपील की।

**उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 अतिअल्पकालीन ई0–निविदा सूचना सं0–03 /ईसीसीडी– I/2021–22**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न विवरणानुसार अंकित कार्यों के सम्पादन हेतु अतिअल्पकालीन ई0–निविदा सूचना संख्या–03/ईसीसीडी– I/2021–22 के द्वारा निम्नलिखित निविदाओं के सम्बन्ध में ई0–निविदाएँ दिनांक 12.08.2021 को सायं 05.00 बजे तक डाली/अपलोड की जा सकती हैं। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 13.08.2021 को सायं 03.30 बजे से तकनीकी भाव–पत्र (भाग–प्रथम) खोला जायेगा, जिसके मूल रूप से परिक्षणोंपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के वित्तीय भाव–पत्र (भाग–द्वितीय) खोले जायेंगे। निविदा से सम्बन्धी समस्त नियम व शर्तें ई–टेण्डर पोर्टल वेबसाइट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा में किसी भी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन/शुद्धि–पत्र हेतु ई–टेण्डरिंग पोर्टल/वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा जिसे निविदादाता उपरोक्त वेबसाइट पर देख सकते हैं। निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है :– **क्र0सं0** 1 **निविदा विशिष्ट संख्या** 06/2021–22 **कार्य का नाम** विवेकानन्दपुरी लखनऊ स्थित अधिकारी विद्युत कालोनी के आवास संख्या–4/8 (टाइप–चतुर्थ) में प्लास्टर रिपेयरिंग, रंगाई–पुताई, मच्छर रोधी जाली बदलवाये जाने एवं अन्य विविध जानपदीय अनुरक्षण कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 1500.00 **निविदा प्रपत्र मूल्य जी0एस0टी0 (18 प्रतिशत) सहित** रू0 1180.00 1000+180= 1180.00 **समयावधि** 01 माह **क्र0सं0** 2 **निविदा विशिष्ट संख्या** 07/2021–22 **कार्य का नाम** विवेकानन्दपुरी लखनऊ स्थित अधिकारी विद्युत कालोनी के आवास संख्या–5/5 (टाइप–पंचम) में प्लास्टर रिपेयरिंग, रंगाई–पुताई एवं अन्य विविध जानपदीय अनुरक्षण कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 2000.00 **निविदा प्रपत्र मूल्य जी0एस0टी0 (18 प्रतिशत) सहित** रू0 1180.00 1000+180= 1180.00 **समयावधि** 01 माह **अधिशासी अभियन्ता विद्युत जानपद निर्माण खण्ड–प्रथम उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 प्रथम तल, 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र, अलीगंज, लखनऊ** पत्रांकः 2235 दिनांक 2.8.2021 "राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

## जल भराव के बाद संक्रामक रोगों का हमला बढ़ा

**घाटमपुर।** बीते दिनों क्षेत्र में हुई रिकार्ड बारिश के बाद अभी भी तमाम गांवों में लोगों के घरों में पानी भरा है वहीं जल भराव के साथ ही संक्रामक रोगों का हमला शुरु हो गया है, क्षेत्र की सीएचसी और पीएचसियों की ओपीडी करने वाले डाक्टर भी स्वीकार करते हैं कि इन दिनों ओपीडी में आने वाले मरीजों में 70 प्रतिशत मरीज बुखार से पीड़ित होते है, वहीं क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवायें न काफी होने से नर्सिंग होमों में इलाज के नाम पर बुखार पीड़ितों को इलाज के नाम पर लूटा जा रहा है।

बैसे तो बारिश का मौसम शुरु होते ही नगरीय क्षेत्र के साथ–साथ ग्रामीण अंचल में वेक्टर जनित रोगों का हमला शुरु हो जाता है पर बाते दिनों बारिश से बाढ़ जैसे हालात के साथ मलेरिया के अलवा डेंगू, चिकनगुनियाँ और मस्तिष्क बुखार का कहर शुरु हो गया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएँ आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं.: 1, ई-प्रापण निविदा संख्या : उप मु.इं.-नि.-गोंडा-05-2021 क्लोजिंग दिनांक : 25.08.2021, कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोंडा-बुढवल तीसरी लाइन निर्माण के क्रम में चौकाघाट-बुढवल स्टेशनों के मध्य सरजू नदी पर पुल सं.-383(7x24.4 मी.) के लिए डेक स्लैब के साथ डबल लाइन डबल "डी" टाइप वेल फाउन्डेशन के सब-स्ट्रक्चर का निर्माण, **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु.23,55,43,463.69, **बयाना राशि :** रु. 00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 (अठारह) माह। • बिड प्रारम्भ करने की तिथि-दिनांक 11.08.2021 • उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि-दिनांक 25.08.2021 15.00 बजे तक • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि-दिनांक 25.08.2021 15.30 बजे • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे। • श्री प्रकाश चन्द्र कार्यपालक इंजी./नि./गोंडा 09794844284

**उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/गोंडा**
**मुजाधि/डब्ल्यू-132**

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

## बकरी चराने गये बालक की खनन के गड्ढे में डूबने से मौत

**फर्रुखाबाद ।** साथियों के साथ बकरी चरानें गये बालक की खनन के गड्डे में डूबने से दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की जानकारी होनें पर कोहराम मच गया। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम जाजपुर बंजारा निवासी 10 वर्षीय हिमांशु पुत्र बबलू जाटव सोमवार दोपहर अपने साथी गौरवम प्रदीप और शिवम के साथ रेलवे लाइन के किनारे बकरी चरानें गया था। वहीं शौच करनें के बाद गड्डे के पास गया तो उसका पैर फिसलनें से वह गहरे गढ्डे में चला गया। जिससे उसकी डूबने से मौत हो गयी। ग्रामीण हिमांशु का शव निकाल कर घर ले आये तो कोहराम मच गया। मृतक हिमांशु की माँ मीरा देवी का रो–रो कर बुरा हाल हो गया।सूचना मिलने पर कोतवाल दिलीप कुमार बिंद, दारोगा मोहित मिश्रा आदि मौके पर आ गये। हिमांशु चार भाई–बहनों में तीसरे नंबर का था दरोगा मोहित मिश्रा ने पंचनामा भरकर शब को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल डीके बिंद नें बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## नदी में कूद कर विवाहिता ने दी जान

**पुखरॉया, कानपुर देहात।** मूसानगर थाना क्षेत्र के सरारौटा गॉव में मायके में रह रही एक विवाहिता महिला ने नदी में कूदकर जान दे दी। महिला का शव सोमवार चतुरीपुरवा गॉव के सामने बरामद हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरोटा निवासी रामनरेश की पुत्री लक्ष्मी की शादी जलालपुर हमीरपुर के साथ हुयी थी, ससुराल में अनबन के चलते वह मायके में रह रही थी रविवार की शाम को उसने नदी में कूद कर जान दे दी। सोमवार को कडी मशक्कत के बाद उसका शव चतुरीपुरवा गॉव के सामने बरामद किया गया। मूसानगर एसओ दीपक कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

## क्विक न्यूज

### डेढ़ माह पूर्व अपहृत युवक बरामद

**बांगरमऊ उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीकोट से करीब डेढ़ माह पूर्व अपहृत युवक को पुलिस ने नाटककीय ढंग से सकुशल बरामद कर लिया है । हालांकि अपहर्ता अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ग्राम जोगीकोट निवासी उमाकांत की पत्नी गुड्डी ने गत 25 जून को थाने में तहरीर देकर कहा था कि 15 जून की मध्य रात उसका पुत्र सोनू शौच के लिए घर से बाहर निकला था । लेकिन सुबह तक वह घर नहीं लौटा । काफी खोजबीन करने के बाद भी सोनू का सुराग नहीं लगा । तहरीर में गांव के ही अमरेश पुत्र अलकनाथ ए रजनीश पुत्र सहदेव ए संजय पुत्र धम्मन व सुभाष पुत्र सागर पर अपहरण कर गायब किए जाने की शंका व्यक्त की गई थी । पुलिस ने तहरीर के आधार पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। आज सोमवार को बेहटा पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि हरदोई बॉर्डर पर स्थित ग्राम सचानकोट के निकट से अपहृत सोनू को सकुशल बरामद कर लिया गया । हालांकि पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति में यह नहीं बताया कि अपहृत युवक डेढ़ माह तक कहां रहा और अपहर्ताओ के चंगुल से आखिर छूटा कैसे?

### आक्सीजन प्लांट का किया निरीक्षण

**उन्नाव।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने जिला चिकित्सालय में तैयार किये गये आक्सीजन प्लांट का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 पवन कुमार को निर्देश दिये कि आक्सीजन प्लांट से आपूर्ति होने वाली आक्सीजन को जिला अस्पताल के चिन्हित स्थलों के वार्ड संख्या.एक व दो, आइसोलेशन वार्ड, महिला चिकित्सालय, बाल रोग वार्ड आदि स्थानों पर आक्सीजन पाइप लाइन की व्यवस्था को पूरी तरह से संचालित होने से संतुष्ट हो लें कहीं कोई कमी न रह जाए। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर आक्सीजन पाइप लाइन की व्यवस्था को देखा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि आक्सीजन प्लान्ट पूरी तरह से क्रियाशील है, जो कमियां रह गई हैं कार्यदायी संस्था से तत्काल पूरी कराई जा रही हैं। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय के अन्दर आवारा पशुओं के चहल कदमी पर नाराजगी व्यक्त करी। निर्देश दिये कि ऐसी व्यवस्था की जाये कि चिकित्सालय भवन के अन्दर कोई भी जानवर न प्रवेश कर पाये।

### सीडीओ ने की समीक्षा

**कानपुर देहात।** सीडीओ सौम्या पाण्डेय ने विकास भवन सभागार में अधीनस्थ अधिकारियें के साथ पीएम, सीएम आवास योजना की समीक्षा कर पात्रों को उसका लाभ प्रदान किये जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर सीडीओ ने बताया कि शासन की मॅशा है कि प्रत्येक व्यक्ति के सर पर छत हो तथा शासन की योजना को गरीब पात्रों तक पहुॅचाना हमारी प्राथमिकता है इसमें लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मलासा व रसूलाबाद ब्लाक में वीडीओ व अन्य कर्मचारियों के लापरवाही पूर्ण आचरण पर सीडीओ ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुये उनके एक दिन के वेतन रोकने के निर्देश दिये। सीडीओ ने इस मौके पर बताया कि लापरवाही के सम्बन्ध में जीरों टालरेंस नीति अपनाई जा रही है लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी।

### गंगा खतरे के निशान से 20 सेंटीमीटर दूर

**फर्रुखाबाद।** गंगा में लगातार हो रही बढ़ोत्तर नें गंगा की जद में आने वाले ग्रामीणों की धडकनें बढ़ा दी है। लिहाजा अब गंगा लगातार खतरे के निशान की तरफबढ़ रहीं है। दर्जनों गाँव जलमग्न हो गये है। कंपिल के तराई से लेकर विकास खंड शमसाबाद और गंगापार तक कई गांव में पानी घुस चुका है। अचानक बढ़े पानी से हाहाकार मच गया है। ढाईघाट किनारे के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। वहीं कमालगंज क्षेत्र में भी बाढ का पानी लगातार बढनें से लोग अपने पक्के मकान तोड़ने पर मजबूर हैं।विकास खंड राजेपुर के ग्राम माखन नगला,सुभनापुर, मंझा की मड़ैया, रामप्रसाद नगला, बनासीपुर, फुलहा, करनपुर घाट के साथ ही चाचूपुर गाँव की तरफ भी पानी का प्रवाह तेज हो गया है। समेत आस पास के कई गांव में पानी भर गया है। कई परिषदीय वि ालय भी पानी में डूब गए हैं।

### आपदा राहत के तहत 60 लाख का अनुदान दिया गया

**कानपुर देहात।**डीएम के निर्देश पर एडीएम साहबलाल ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा वर्तमान में अतिवृष्टि के कारण उत्पन्न जलभराव व आकाशीय विद्युत से प्रभावित हुये मृतक आश्रितों को 60 लाख रूपये का भुगतान किया जा रहा है। घरों के गिरने व ढहने पर मानक के अनुरूप 60 लोगों को राहत धनराशि का भुगतान कराया जा रहा है। दैवीय आपदा में हताहत हुये प्रत्येक मृतक के वारिसान को 4 लाख की अनुग्रह राशि दी गयी है।

### जलभराव के साथ विद्युत आपूर्ति ठप्प होने से बढी परेशानी

**कानपुर देहात।** ग्रामीण क्षेत्र छोडों शहरी क्षेत्रों व औद्योगिक इलाकों पर भी नदियों की कटान से व्यापक तबाही मचायी है। लोग जानवरों के साथ ऊॅचें सुरक्षित स्थानो पर शरण पाने को मजबूर है वहीं ठप्प विद्युत आपूर्ति ने और ज्यादा मुसीबत बढा दी है लोग अॅधेरे में जहरीले सॉपो व कीडों के बीच रहने को मजबूर हो अपने व अपनों के जीवन को खतरे में डालकर भगवान से इस मुसीबत से छुटकारा पाने की प्रार्थना करते नजर आ रहे है।

### डीएम ने एसपी के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**कानपुर देहात।** बाढ़ की चपेट में आये लोगों की आखिर तीन दिन प्रशासन ने सुधि ली जब डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह एसपी केशव कुमार चौधरी के साथ बाढ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर मौके पर पहुॅचे। डीएम ने पहाडपुर, चिरौरा, इटैलिया गॉवों का भ्रमण किया डीएम ने सदर एसडीएम राजीव राज को प्रभावित क्षेत्रोंमें सम्पूर्ण व्यवस्थाओं से लैस करने का निर्देश दिया। नावों की प्रर्याप्त व्यवस्था के साथ संक्रामक बीमारियों के प्रसार को हर हाल में रोकने के निर्देश दिये। डीएम ने गौशालाओं के निरीक्षण के साथ उनके सुरक्षित रहने के लिये कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रभावित क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश भी डीएम ने दिये। डीएम ने मिट्टी के कटान से प्रभावित हुये सम्पर्क मार्गों को तत्काल बहाने करने के निर्देश भी एसडीएम को दिये।

### दबंगों ने महिला को पीटा

**रूरा, कानपुर देहात।** थाना क्षेत्र के गदनपुर गॉव में अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही महिला को दबॅगों ने अकेले पाकर जमकर पीटा। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जॉच शुरू कर दी है। पीडित शर्मिला ने बताया कि वह सोमवार की सुबह अपने दरवाजे पर झाडू लगा रही थी उसी समय जितेन्द्र, दीपा व लालू ने गाली गलौज कर लातघूसों से मारपीट की तथा जान से मार देने की धमकी दी। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र मालिक ने बताया कि मामले की छानबीन के बाद उचित कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

### संदिग्ध हालत में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम असहट पिपरहा डेरा में रविवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में लगभग 25 वर्षीय एक युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मृतक के साले ने बहनोई के भाई पर हत्या कर शव फांसी पर लटकाए जाने का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार असहट पिपरहा डेरा गांव निवासी स्व0 सुखराम का पुत्र राम बाबू ने रविवार की रात संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। उधर सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के साले सुनील पुत्र रामलखन निवासी नन्दूपुर थाना कमासिन जनपद बांदा ने मृतक के भाई पर आरोप लगाया कि दोनों के बीच घर के बटवारे को लेकर विवाद चला आ रहा है। तीन दिन पूर्व वह पत्नी के साथ घर आया था और दो दिन पूर्व वापस यहां आ गया था।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# संपत्ति अधिकारी ने कार्यवाही के नाम पर किया किनारा

● कृषि विवि के जिम्मेदार अधिकारियों एवं तहसील प्रशासन की कार्यशैली से व्यापारियों का हंगामा

संवाददाता। मिल्कीपुर अयोध्या

**कुमारगंज** थाना क्षेत्र स्थित राजस्व गांव बवां में खातेदार द्वारा अपने खेत की भूमि पर कराए जा रहे निर्माण को कृषि विवि कुमारगंज की भूमि बताते हुए निर्माण कार्य बंद कराने की पैरवी कृषि विश्वविद्यालय के संपत्ति विभाग के अधिकारियों की ओर से की जा रही है। कृषि विवि के संपत्ति अधिकारी की शिकायतों के बाद तहसीलदार पल्लवी सिंह स्थलीय निरीक्षण में मौके पर पहुंची और उन्होंने निर्माण कार्य रुकवा कर दोनों पक्षों का सहमति पत्र लिखाना चाही कि कृषि विवि के संपत्ति अधिकारी डॉ सीताराम मिश्रा एवं प्रभारी सुरक्षा अधिकारी एसपी सिंह तथा विवि के पदेन सुरक्षा अधिकारी आरके सिंह हस्ताक्षर बनाने से हाथ खड़े कर मौके से भाग खड़े हुए। हालांकि मूल खातेदार आशीष पांडे ने तहसील प्रशासन की ओर से लिखे गए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर बना दिया और तहसीलदार पल्लवी सिंह के निर्देश पर निर्माण कार्य रुकवा दिया।

कुमारगंज निवासी पवन कुमार उपाध्याय ने राजस्व गांव बवा के अभिलेखों में दर्ज गाटा संख्या 1950 में कृषि विश्वविद्यालय की भूमि को बताते हुए शिकायत की थी। जिसके बाद तहसील प्रशासन की ओर से क्षेत्रीय लेखपाल ने सरसरी नाप कर दी थी। सरसरी नाप में खातेदार आशीष पांडे रोहित पांडे एवं राहुल पांडे सहित आशा पांडे को खेत की भूमि पर कब्जा मिला था। क्षेत्रीय लेखपाल मोहम्मद अहमद विवि के संपत्ति अधिकारी की शिकायतों के बाद सोमवार को कुमारगंज कस्बा स्थित रोहित पांडे के खाते की भूमि पर तहसीलदार पल्लवी सिंह सहित आधा दर्जन लेखपालों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे जहां सैकड़ों की संख्या में व्यापारियों ने तहसीलदार सहित राजस्व कर्मियों को घेर लिया और विवि प्रशासन की शिकायतों को करार देते हुए आरोप लगाया कि आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय की स्थापना बीते वर्ष 1976 में हुई थी और उसी समय विवि प्रशासन की ओर से क्षेत्रीय किसानों की अधिग्रहीत की गई भूमि का सीमांकन कराने के उपरांत चहारदीवारी का निर्माण भी करा लिया गया था। ऐसे में अब कृषि विश्वविद्यालय की भूमि बाउंड्री वॉल के बाहर होने का औचित्य नहीं बनता। तहसीलदार पल्लवी सिंह ने व्यापारियों एवं क्षेत्रीय लोगों के भाव को समझते हुए तत्काल मौके पर निर्माण करा रहे लोगों को निर्माण रोकने का निर्देश दिया जिस के क्रम में खातेदार आशीष पांडे ने लेखपालों की टीम की ओर से उल्लिखित लेख पत्र पर हस्ताक्षर बना दिया जबकि बेनामीदार मंजू गुप्ता एवं उनके पति गया प्रसाद अग्रहरि हस्ताक्षर बनाने के समय गायब हो गए। यही नहीं कृषि विश्वविद्यालय के शिकायतकर्ता संपत्ति अधिकारी डॉ सीताराम मिश्रा एवं सुरक्षा अधिकारी एसपी सिंह विश्वविद्यालय की सुरक्षा टीम के साथ हस्ताक्षर बनाने से मना करते हुए मौके से भाग निकले विश्वविद्यालय प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों का कारनामा देख तहसीलदार पल्लवी सिंह दंग रह गई। उन्होंने भी माना कि विवि प्रशासन अब कुमारगंज कस्बे के व्यापारी सहित खातेदार भू स्वामियों के प्रति दमनात्मक रवैया अख्तियार कर रहा है। विश्वविद्यालय के संपदा अधकारी डॉ सीताराम मिश्रा सहित प्रभारी सुरक्षा अधिकारी डॉक्टर एसपी सिंह के कारनामे को लेकर कुमारगंज कस्बा के व्यापारियों एवं क्षेत्रीय लोगों ने सवालिया निशान लगाना शुरू कर दिया है। उनका आरोप है कि संपत्ति अधिकारी डॉ सीताराम मिश्रा खातेदारों से अनुचित अनुतोष की प्रत्याशा में व्यापारियों एवं खातेदारों का उत्पीड़न कर रहे हैं।

# शिव मन्दिरों में हुआ जलाभिषेक, पूजन अर्चन की रही धूम

संवाददाता। टाण्डा अम्बेडकरनगर

**सावन माह** मेभगवान भोले नाथ माता पार्वती का श्रद्धा पूर्वक जलाभिषेक पूजन, अर्चन करने से इच्छित वर की प्रप्तिहोती है। इसी उद्देश्य से औधोगिक नगर टाण्डा मे दुसरे सोमवार को भोर से ही स्नान आदि कर हाथ मे जल का कलश व पूजन समाग्री माला, फूल, बेलपत्र, धतूरा, भाग, दूब समी, भाग, मिष्ठान आदि लेकर हर हर महादेव, बम भोले, ओम नमः शिवाय, आदि के उदघोष से मन्दिरों मे प्रवेश कर जलाभिषेक दुग्धाभिषेक पूजन अर्चन किया। टाण्डा नगर के प्राचीन प्रसिद्श्री तामेश्वर नाथ महादेव मन्दिर व झारखण्ड महादेव मन्दिर झारखण्डी छज्जा पुर के साथ साथ नागेश्वर नाथ महादेव मन्दिर चौक, मुक्तेश्वर महादेव मन्दिर उदाशीन आश्रम छज्जापुर, नर्बदेश्वर महादेव मन्दिर कस्बा आदि में श्रद्धालुओ ने जलाभिषेक पूजन अर्चन किया।

# राष्ट्रपति के आगमन पर नवीन वस्त्र पहनेंगे रामलला

● महामहिम राष्ट्रपति के स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए रामलला को पहनाया जाएगा नया वस्त्रः पंडित कल्किराम

संवाददाता। अयोध्या


रामादल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कल्किराम

**श्रीरामलला** का दर्शन पूजन करने हेतु धर्म नगरी अयोध्या में महामहिम राष्ट्रपतिजी के आगमन की सूचना प्राप्त होने के बाद रामादल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कल्किराम महाराज द्वारा महामहिम के स्वस्थ्य दीर्घायुष्य जीवन की कामना के साथ श्रीराम लला को पहनाई जाने वाली विशिष्ट पोशाक को बनाने की तैयारी शुरू करते हुए श्रीराम जन्म भूमि के पुजारी श्री प्रदीप दास जी को भी बताया गया है कि महामहिम के दर्शन पूजन पर श्रीराम लला को पहनाई जाने वाली पोशाक रामादल ट्रस्ट द्वारा भेंट की जायेगी और श्रीकृष्णजन्मोत्सव महापर्व पर प्रधानमन्त्री मोदीजी के निमित्त विशेष पोशाक भेंट की जायेगी जो विगत कई वर्षों से सभी पर्वों पर किया जा रहा है। रामलला को पहनाया जाने वाला पोशाकों का दो सेट अर्पित किया को दर्शन पूजन के समय रामादल ट्रस्ट की ओर से धर्म ध्वज और विजय पताका के साथ श्रीरामचरितमानस का ग्रन्थ भी भेंट करने के लिए मुख्य पुजारी को सौंपा जायेगा।

रामादल अध्यक्ष पण्डित कल्किराम ने बताया कि प्रधानमन्त्री नरेन्दर दामोदरदास मोदीजी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के अथक प्रयासों का ही यह परिणाम है आज विरोधी भी अयोध्याजी की शरण ले रहे है अभी मन्दिर निर्माण का कार्य चल ही रहा है और विश्व पटल पर हमारी अयोध्याजी आकर्षण के केन्द्र बिन्दु में सुशोभित हो रही है।धर्म नगरी के इतिहास में पहली बार हो रहा महामहिम का आगमन सम्पूर्ण सनातन समाज के लिए एक सुखद क्षण है तो हम महामहिम के शुभागमन को सुखद बनाने में कोई कसर नही छोडेंगे। जिस समय महामहिम श्रीराम लला का दर्शन पूजन करेगें उस समय रामादल मुख्यालय पर महामहिम के स्वस्थ्य दीर्घायुष्य जीवन की कामना करते कमल पुष्पों से विशिष्ट यज्ञाहुति का आयोजन किया जायेगा।कल्कि जी महाराज ने बताया कि विगत 8वर्षों श्रीराम जन्म भूमि पर परम्परागत रूप से फ्हराया जाने वाला धर्म ध्वज और विजय पताका रामादल ट्रस्ट की ओर से मुख्य पुजारी श्रीसत्येन्द्रदासजी को भेंट किया जा रहा है जिसे मुख्य पुजारी श्री पूरे विधि.विधान से पूजन.अर्चन कर फ्हराते आ रहे हैं।

# भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक बने कवि अभय निर्भीक



**अम्बेडकरनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा अवध क्षेत्र के विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजकों एवं सह संयोजकों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में जनपद के प्रसिद्ध ओजस्वी कवि अभय निर्भीक को भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र के सह संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। अभय निर्भीक को सह संयोजक बनने पर जनपद के लोग सोशल मीडिया पर अपनी खुशी का इजहार करते हुए बधाई दे रहे हैं। भाजपा द्वारा उक्त दायित्व दिए जाने के बाद कवि अभय निर्भीक ने कहा कि समाज को जागरूक करना कवि का प्रथम कर्तव्य होता है और मैं अपनी राष्ट्रवादी विचारधारा के माध्यम से पार्टी और सांस्कृतिक क्षेत्र के लोगों के विकास के लिए निरंतर सकारात्मक कार्य करता रहूंगा। इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री त्रयम्बक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र सिंह मोनू, उपाध्यक्ष डॉ. रजनीश सिंह, रामशंकर सिंह, चन्द्र प्रकाश वर्मा, राणा रणधीर सिंह, बसखारी ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह, भियांव ब्लॉक प्रमुख गौरव सिंह, मनोज गुप्ता गुड्डू, बाल्मीकि उपाध्याय, विनय पांडेय, एडवोकेट भूपेंद्र सिंह, शशांक पालीवाल, अमित रघुवंशी, कुंवर जय सिंह, सचिन आज़ाद पांडेय नीरज अग्रहरि, रोशन जायसवाल सहित अन्य लोगों ने अभय निर्भीक को बधाई दी।

# 15 वर्षीय छात्रा गायब अपहरण का मुकदमा दर्ज

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** घर से बाहर निकली 15 वर्षीय छात्रा के गायब हो जाने पर छात्रा की मां ने टाण्डा कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपहरण का मुकदमा पंजीकृत कराया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुबारकपुर का हैं। जहाँ की रहने वाली सुमन देवी पत्नी स्वर्गीय अनूप ने बताया कि उसकी पुत्री आदर्श जनता इंटर कॉलेज टांडा में कक्षा 9 की में उत्तीण छात्रा है। दिनांक 25/7/21 को प्रातः 7:15 पर वह अपने घर से जीनीयस कोचिंग सेंटर मोहल्ला मुसहाँ थाना अलीगंज साइकिल लेकर पढ़ने गई थी और वहां से उसी दिन लगभग 2 बजे अपने घर वापस आ गई। उसके बाद उसने अपनी जींस पैंट के जगह पर लोवर पहना। खाना खाने के बाद वह घर से बाहर निकली थी तभी घर के पास से ही कोई अज्ञात व्यक्ति आपराधिक कृत्य अथवा दुराचार करने की नियत से बहला-फुसलाकर भगा ले गया। काफी देर बाद घर ना वापस आने पर काफी खोजबीन किया गया परंतु उसका कहीं पता नहीं चल सका।

# खाद्यान्न वितरण तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

● पांच अगस्त को होगा वितरण, पर्यवेक्षणीय अधिकारी सेक्टर आफिसर एवं नोडल अधिकारियों को दी गयी जिम्मेदारी


बैठक में भाग लेते डीएम संजय कुमार खत्री।

**प्रयागराज।** डीएम संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अन्तर्गत निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित हुई। पर्यवेक्षणीय अधिकारी सेक्टर आफिसर एवं नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गयी। पीएम गरीब कल्याण योजना के अन्तर्गत 5 अगस्त को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण होना है। योजना के तहत आच्छादित लाभार्थियों को पांच किलो प्रति व्यक्ति खाद्यान्न का वितरण किया जायेगा। डीएम ने इसे सफल बनाने के लिए पर्यवेक्षणीय अधिकारी सेक्टर आफिसर एवं नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की है। उन्होंने संभागीय खाद्य नियंत्रक एवं जिला खाद्यय वितरण अधिकारी को निर्देशित किया है कि खाद्यान्न का उठान समय से करके उचित दर की दुकानों को आवंटन के अनुरूप खाद्यान्न पांच अगस्त से पूर्व उपलब्ध करा दिया जाये। अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक उचित दर दुकान पर कम से कम सौ लाभार्थियों को विधिवत लिखित रूप में बुलाएंगे।

शासन द्वारा उपलब्ध कराये गये बैग में खाद्यान्न लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा वितरित किया जायेगा। संबंधित अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों को बुलाया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम स्तरीय कर्मचारियों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों स्वयं सहायता समूह के सदस्यों की भी सहायता ली जायेगी। खाद्यान्न वितरण स्थानों पर कोविड प्रोटोकॉल पालन कराते हुए प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुनने के लिए टीबी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। टेलीविजन सेट की स्थापना ऐसे स्थान पर की जाएगी जो सुरक्षित हो तथा उपस्थित जन मानस को सुगमता से दिखायी दे। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना से सम्बंधित खाद्यान्न का उठान वाले वाहनों को सामान्य प्रतिबंधों से मुक्त रखा जाये। उचित दर दुकानों एवं आयोजन स्थलों पर साफ सफाई का विशेष ध्यान देने को कहा है।

## क्विक न्यूज

### एसपी संजय राय ने किया झारखंड धाम में दर्शन

**मालीपुर अम्बेडकरनगर।** सावन माह के दूसरे सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय ने थाना क्षेत्र स्थित झारखंड धाम में पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कोविड 19 की गाइड लाइन का अनुपालन सुनिश्चित कराएं जाने का निर्देश थानाध्यक्ष विवेक वर्मा को दिया। जायजा लेने के उपरांत बाबा झारखंड महादेव के समक्ष मत्था टेका और उनका आशीर्वाद लिया। सावन माह में कोरोणा के चलते कावंड यात्रा स्थगित कर दी गई है। साथ ही शिव मंदिरों में दर्शन पूजन अर्चन जलाभिषेक आदि कार्यक्रम सीमित कर दिया गया है। सरकार की गाइड लाइन का अनुपालन सुनिश्चित कराएं जाने के लिए पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शिव पूजा स्थलों का लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में सावन मास के दूसरे सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय ने थानाध्यक्ष विवेक वर्मा संग बाबा झारखंड धाम का दौरा किया। व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद धाम में भोलेनाथ शिव शंकर का पूजन अर्चन कर उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही थानाध्यक्ष विवेक वर्मा को कोविद 19 के लिए सरकार की गाइड लाइन का पालन कराने की हिदायत दी।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का पर्याय तकनीकी शिक्षा में आगे

**प्रयागराज।** निर्माताओं के लिए सभी प्रशंसाओं के बीच एक नया नाम सुर्खियों में आया है। राज कुशवाहा जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का पर्याय तकनीकी शिक्षा में अग्रणी और भारत में एक्सिस चेन ऑफकॉलेज के संस्थापक हैं। क्योंकि राहत काज़मी की फ़िल्म लाइन्स उनतीस जुलाई को रिलीज़ हुई और वह फ़िल्म के प्रमुख निर्माताओं में से एक हैं। राहत काज़मी और हिना खान की लाइनें वूटसेलेक्ट पर स्ट्रीमिंग शुरू हो गई हैं। दुनिया भर में इसे बेहतरीन समीक्षाएं मिल रही हैं। कान्स में पहली बार देखने और न्यूयॉर्क सिनेमैटोग्राफी अवार्ड्स में अपनी जीत के बाद फिल्म का बहुत इंतजार था। राज कुशवाहा ने राहत काज़मी फिल्म्स के साथ मिलकर लाइन्स का निर्माण किया। जिसमें भावनात्मक स्पर्श के साथ एक अद्भुत कहानी है।

### गरीबी और जिंदगी के संघर्षों के बावजूद होगी जरूरत

**प्रयागराज।** गरीबी और जिंदगी के संघर्षों के बावजूद वह हमेशा अपनी जरूरतों से पहले दूसरों की जरूरतों का ख्याल रखती है। हर दिन हजारों तरीकों से दूसरों की खुशियों के लिए जीती है। इतना कि आप खुद तकदीर से यह दुआ मांगेंगे कि उसके साथ नरमी से पेश आए। मुंबई हम पांच सात फेरे पवित्र रिश्ता जोधा अकबर कुमकुम भाग्य कुंडली भाग्य और ब्रह्मराक्षस जैसे सफलतम शोज़ देने के बाद ज़ी टीवी और बालाजी टेलीफिल्म्स मिलकर एक बार फिर दर्शकों को जिंदगी प्यार कर्म और भाग्य की एक दिलचस्प कहानी भाग्य लक्ष्मी दिखाने जा रहे हैं। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित भाग्य लक्ष्मी लक्ष्मी नाम की एक निस्वार्थ लड़की की कहानी है। जिसके पास सीमित साधन हैं। शो का प्रीमियर तीन अगस्त को होगा। इसका प्रसारण हर सोमवार से शनिवार रात साढ़े आठ बजे किया जाएगा। बिजनेस हेड अपर्णा भोसले ने कहा कि बाला जी के साथ लंबे समय का रिश्ता है। ऐसे कार्यक्रम तैयार किए जो हमारे दर्शकों से गहराई से जुड़ जाते हैं।

### विद्युतीकृत टेक्नालॉजी के लिए प्रतिबद्धता आवश्यक

**प्रयागराज।** विद्युतीकृत वाहनों को अपनाना प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता के क्रम में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर टीकेएम ने बैट्री की वारंटी बढ़ाने की घोषणा की। भारत में कंपनी के सभी सेल्फ चार्जिंग हाइब्रिड वाहनों एसएचईवी के लिए है। यह विस्तार एक अगस्त दो हजार इक्कीस को प्रभावी बिक्री इसके एसएचईवी मॉडल या टोयोटा कैमरी अथवा वेलफायर मॉडल के लिए किया गया है। वर्ल्ड नेचर कंजर्वेशन डे यानी अट्ठाइस जुलाई के महत्ववपूर्ण मौके पर की गई है। एसोसिएट जनरल मैनेजर एजीएम सेल्स एंड स्ट्रैजिक मार्केटिंग वी वाइजलाइन सिगामनी ने कहा टोयोटा दो दशक से दुनिया भर में वाहनों के विद्युतीकरण में लगी हुई है। प्राथमिकता होने के नाते विविध सेवा योजनाएं मुहैया कराने के लिए प्रयास करता रहता है। बिजलीकरण की गति बेहतर करने में लगे हुए हैं। मेक इन इंडिया के साथ बड़े पैमाने पर विद्युतीकरण में योगदान करने की है।

### घर से निकला युवक नहीं पहुंचा दिल्ली, रिपोर्ट दर्ज

**प्रयागराज।** कुन्दहाँ रामापुर मछलीशहर जौनपुर का रहने वाला संतोष कुमार 36 वर्ष पुत्र हरिशंकर गत दो जुलाई से लापता है। उस दिन संतोष काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस से नई दिल्ली के निकला था। जो दिल्ली नही पहुंचा। घरवालों ने उसकी खोजबीन की लेकिन उसका पता नही चल सका। घरवालों ने अपने रिश्तेदारों के यहाँ पता लगवाया लेकिन कुछ जानकारी नही मिल सकी। घरवालों ने थक हारकर 29 जुलाई को कैंट वाराणसी जीआरपी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। बताया जा रहा है कि वह घर से दिल्ली जाने की बात कहकर निकला लेकिन वहाँ नही पहुंचा। घरवाले संतोष के इस तरह से अचानक लापता होने से हैरान परेशान हैं। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर परिवार वालों का आश्वासन दिया है।

# बाइक और साइकिल की टक्कर में दो घायल

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** बीती रात्रि में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने एक वृद्ध को टक्कर मार दिया और खुद मोटरसाइकिल ले कर गिर पड़ा जिससे बाइक सवार भी गम्भीर रूप से घायल होगया। कोतवाली पुलिस ने एम्बुलेंस से दोनो को जिला अस्पताल भेजा जहां से दोनो को लखनऊ रिफर कर दिया गया है। बीते रविवार की रात्रि लगभग 10 बजे टाण्डा नगर के चौक हयात गंज के गंज मोहल्ले में तेज रफ्तार बाइक न. यूपी 45 ऐई 85 25 जो संजय पुनिया नाम का युवक चला रहा था तेज स्पीड जे कारण सामने वृद्ध के आने पर नियंत्रण खो बैठा और वृद्ध को टक्कर मार दी जिससे वृद्ध ऊपर उछल गया और नीचे गिर कर बेहोश हो गया और मोटरसाइकिल सवार भी गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद हेलाल अशरफ एडोवोकेट ने कोतवाली पुलिस डायल 112 व 108 एम्बुलेंस को काल कर एम्बुलेंस से अस्पताल भेजवाया। वृद्ध का नाम नही पता चल सका है।

# 2022 के विस चुनाव हेतु कांग्रेस ने कसी कमर




**अयोध्या।** कांग्रेस पार्टी द्वारा जनपद के सभी न्याय पंचायतों में 2 किमी की पदयात्रा का 9, 10 व 11 अगस्त को आयोजन किया जाएगा इस पद यात्रा के माध्यम से गांव-गांव कांग्रेस पार्टी द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों से लोगों को अवगत कराते हुए कांग्रेस पार्टी से जोड़ा जाएगा पार्टी का यह कार्यक्रम 2022 के विधानसभा चुनाव में मील का पत्थर साबित होगी उक्त बातें प्रदेश सचिव जनपद प्रभारी हनुमंत विश्वकर्मा ने कमला नेहरू भवन में 2022 विस चुनाव की तैयारी बैठक में कही। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव व संचालन जिला प्रवक्ता मोहम्मद शरीफने किया। उन्होंने सभी ब्लॉक अध्यक्षों ब्लॉक प्रभारियों व पदाधिकारियों से अभिलंब न्याय पंचायत अध्यक्षों ग्राम अध्यक्षों एवं कांग्रेस के बीएलओ के नामों को जिला कार्यालय व प्रदेश कार्यालय भेजने की अनुरोध किया। विश्वकर्मा ने कहा आने वाले 2022 के विस चुनाव में काम करने वालों को ही प्राथमिकता दी जाएगी पार्टी द्वारा दिए गए कार्यक्रमों का जो भी सक्रियता व निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करेगा निश्चित तौर पर पार्टी उसे ही अपना उम्मीदवार बनाएगी और इसकी समीक्षा समय.समय पर स्वयं उनके व प्रदेश कांग्रेस एवं नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा की जाएगी। जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा पार्टी के कार्यक्रमों में सभी पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी व पूरी कर्मठता से करना होगा ब्लॉक प्रभारियों व ब्लॉक अध्यक्षों की विशेष जिम्मेदारी होगी। प्रदेश सचिव को आश्वस्त किया कि वह प्रदेश के निर्देशों का पूरी तरह पालन करते हुए पार्टी की मजबूती के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह, अशोक सिंह, उग्रसेन मिश्रा, प्रदेश सचिव सुनील पाठक, महानगर अध्यक्ष अकबर अली मेजर, पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कमलासन पाण्डेय, पीसीसी सदस्य अशोक सिंह, वेद कमल सिंह, राम करन कोरी, शरद शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष राज कुमार सिंह, विनोद यादव, उमाकांत गुप्ता, दिनेश चौधरी, प्रभात यादव, राहुल मौर्या, रामचरित्र मौर्य, घनश्याम तिवारी, अब्दुल हकीम, रामनरेश मौर्य, रामसागर रावत, अजमल खलील, बलवीर सिंह कोरी, लाल मोहम्मद, उमेश उपाध्याय, मोहम्मद अहमद टीटू, नंदकुमार सोनकर, नीलम कोरी, मधु पाठक, उमा सिंह, भीम शुक्ला, बसंत मिश्रा, प्रदीप निषाद, आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# रोटरी ने आधारशिला आश्रम में बुजुर्गों को बांटे कपड़े और खाद्यान्न

**प्रयागराज।** नैनी स्थित अधारशिला वृद्धाश्रम में रोटरी प्रयागराज की ओर से वरिष्ठ जन नमन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 82 वरिष्ठ लोगों को कपड़े महिलाओं को साड़ी पुरषों को कपड़े खाद्यान तथा बैठने के लिए 20 कुर्सी चार पंखा और दो एग्जॉस्ट पंखे वितरित किये गए। रोटरी के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर मेहता ने विश्व के बारह लाख रोटरी सदस्यों से आह्वान किया है कि सेवा कर लोगों की निन्दगी बदलें। रोटरी प्रयागराज ने रोटरी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया है। रोटरी प्रयागराज के निदेशक प्रो योगेश्वर तिवारी ने बताया कि आश्रम में बीस महिलाओं समेत 82 बुजुर्ग रहते हैं। जिनका कोई नहीं है। प्रयागराज के अध्यक्ष संजीव गोयल सचिव दिलीप गुप्ता घोषित मंडलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष स्तुति अग्रवाल डा आर एन मिश्रा प्रकाश आजाद तपन अग्रवाल अमिताभ सोनी ने संयुक्त रूप से कहा कि रोटरी प्रयागराज के सदस्य आश्रम में आशीर्वाद लेने आये हैं। आश्रम की रोटरी निरंतर सेवा करता रहेगा। कोषाध्यक्ष अनुभूति ने डा कविता श्रीपत अग्रवाल डा अर्चना सिन्हा अजय सिन्हा दीपक मेहरोत्रा राजीव गुप्ता अजय एवं डा शीला मंध्यान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विपिन अग्रवाल अमित जायसवाल योगराज नागपाल रवि राज सिंह संजीव अग्रवाल आदि ने आश्रम में फलदार वृक्षों को रोपित किया। डा अवनींद्र अग्रवाल राजेश भार्गव शिव प्रकाश अस्थाना और रवि केसरवानी ने पुरुषों से संवाद किया। कविता अग्रवाल मधु आजाद संगीता सोनी निशा नागपाल नीता गोयल अर्चना गोयल और रेकी विशेषज्ञ ज्योत्स्ना अस्थाना ने महिलाओं के साथ समय व्यतीत किया। रोटरी के निदेशक प्रो योगेश्वर तिवारी ने बताया कि आश्रम में भविष्य में निःशुल्क चिक्तिसा शिविर लगाकर नेत्र रक्तचाप और मधुमेह की जांच की जाएगी।

# एनटीपीसी टांडा द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम विकास सलाहकार समिति की बैठक



**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा के ग्राम विकास सलाहकार समिति की बैठक डीएम सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। प्रधान एवं एनटीपीसी टांडा के समूह महाप्रबंधक, एसके सिंह,, महाप्रबंधक (मेकेनिकल इरेक्शन) आरके सिंह, अपर महाप्रबंधक (मा. सं.), एसएन पाणिग्राही, उप प्रभागीय वनाधिकारी शरद श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक (आर एंड आर-एलए) परवेज़ खान, उप महाप्रबंधक (मा0सं0), मृणालिनी एवं ग्राम विकास सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में एनटीपीसी टांडा के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्राम विकास सलाहकार समिति के अध्यक्ष के रूप में डीएम ने कहा कि एनटीपीसी टांडा ने कोविड-19 के दौर में आसपास के गाँवों को हरसंभव राहत एवं सहायता प्रदान की है, वह अत्यन्त सराहनीय है। आसपास के गाँवों के विकास एवं ग्रामवासियों को खुशहाल बनाने के संबंध में अनेक बहुमूल्य सुझाव दिए। पर्यावरण संरक्षण, किसानों के कौशल विकास, विद्यालयों में आधारभूत संरचना का विकास, पेयजल प्रबंधन इत्यादि महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्य करके एनटीपीसी टांडा आसपास के गाँवों के विकास में योगदान दे सकती है। बैठक के दौरान परियोजना प्रभावित गाँवों के प्रधानों से भी सुझाव आमंत्रित किए गये। अनेक प्रधानों ने अपने-अपने गाँवों से संबंधित सुझाव रखे। एनटीपीसी टांडा के समूह महाप्रबंधक सिंह ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय एवं ग्राम प्रधानों द्वारा प्रस्तुत सुझावों पर विचार करके सीडी. सीएसआर के तहत हरसंभव कार्यान्वयन किया जाएगा। एनटीपीसी टांडा ने विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत 1320 मेगा वाट की क्षमता प्राप्त कर ली है। एनटीपीसी केंद सरकार की दृष्टि 'सबका साथ-सबका विकास' के साथ चलती है। परियोजना प्रभावित गाँवों के साथ ही आसपास के गाँवों का सम्पूर्ण विकास हमारी संस्था की सदैव प्राथमिकता रही है।

# खड़ंजा उखाड़ने से मना करने पर दबंगों ने युवक को पीटा

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** सार्वजनिक रास्ते से खड़ंजा उखाड़ने से मना करने पर दलित युवक की जमकर पिटाई को लेकर ग्रामीणों व महिलाओं ने सैकडों की संख्या में थाने का घेराव कर मुकदमा पंजीकृत करने की मांग किया पुलिस ने पिटाई से घायल दलित का डॉक्टरी परीक्षण कर दिया है। लेकिन समाचार प्रेषण तक मुकदमा नही पंजीकृत किया गया था। घायल सुशील कुमार पुत्र छैल बिहारी निवासी ग्राम रतनपुर ने आरोप लगाया कि आज 2 अगस्त की सुबह में लगभग 7 बजे ग्राम के विपक्षी राम कीरत वर्मा,राम चन्द्र पुत्रगण रामदेव, अजीत, दिवाकर पुत्रगण राम कीरत, अमित कुमार पुत्र रामचन्द्र गोलबंद होकर रास्ते का खड़ंजा उखाड़ कर फेंक रहे थे जिसका सुशील ने विरोध किया तो विपक्षीगण जाति सूचक गालियां देते हुए पटक कर लात घूंसों व धारदार हथियार से मार कर घायल कर दिया। गोहार पर ग्राम के लोगों के दौड़ने विपक्षी जान से मारने की धमकी देते चले गए।घटना के बाद सैकड़ों ग्रामीण व महिलाएं कोतवाली टाण्डा पहुंच कर घेराव कर मुकदमा पंजीकृत करने की मांग किया पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टाण्डा भेजा। ग्रामीणों ने सीओ टाण्डा संतोष कुमार से भी मुलाकात कर मुकदमा दर्ज करने की मांग किया। समाचार प्रेषण तक मुकदमा नही दर्ज किया गया था ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस राजनीतिक दबाव में मुकदमा नही दर्ज कर रही है।

# स्वयं चंद्रमा ने की थी सोमेश्वर महादेव की स्थापना

● शिव महापुराण में वर्णित है सोमेश्वर शिवलिंग की स्थापना एवं मान्यता

मनीष द्विवेदी। पायनियर समाचार सेवा

**प्रयागराज** के यमुनापार क्षेत्र के अरैल स्थित गंगा तट पर भगवान शिव के प्राचीन सोमेश्वर नाथ मंदिर में सावन माह में श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है। शिव महापुराण के सातवें अध्याय में वर्णित सोमेश्वर शिवलिंग की महिमा से प्रभावित लाखों भक्त महाशिवरात्रि के दिन भागवान भूतनाथ के दर्शन कर जलाभिषेक करते हैं। भक्त अपनी मनोकामना की पूर्ति हेतु विनती करते हैं। सोमेश्वर नाथ शिवलिंग की स्थापना परम पिता ब्रह्मा के आदेश पर स्वयं चद्रंमा ने की थी। बताते हैं कि इस मंदिर के आसपास अमृत की वर्षा होती है। इस मंदिर के गुंबज पर विराजित त्रिशूल हर अमावस्या और पूर्णिमा की रात दिशा बदल देती है। ऐसा चंद्रमा की स्थिति बदलने की वजह से होना बताया जाता है। अरैल गांव में गंगा तट पर स्थित सोमेश्वर शिवलिंग मंदिर के प्रधान पुजारी शैलेंद्र पुरी के अनुसार उक्त शिवलिंग की स्थापना चंद्रमा ने की थी। इसका वर्णन शिव महापुराण में भी है। मकसद चंद्रमा को भगवान शंकर की आराधना के जरिए अपने क्षय रोग से मुक्ति पाने का था। चंद्रमा के श्वसुर और राजा दक्ष प्रजापति ने क्रोधित होकर चंद्रमा को क्षय रोग के जरिए नष्ट होने का श्राप दिया था। जिससे चंद्रमा कुरूप होकर छय रोग से ग्रसित हो गए थे। श्राप से मुक्ति पाने के लिए ब्रह्मा जी के निर्देश पर उन्होंने पावन भूमि प्रयाग के दक्षिण दिशा में गंगा तट पर गंगा स्नान करने के बाद एक मुट्ठी बालू लाकर शिवलिंग बनाया था और उसकी पूजा अर्चना की थी। वर्षों तक भगवान शंकर की पूजा करने का उन्हें फल मिला था।


सोमश्वर महादेव मन्दिर में पूजा अर्चना करते हुए।

### सवा महीने तक जल चढ़ाने से दूर हो जाता है कुष्ठ रोग

**प्रयागराज।** सोमेश्वर मंदिर के प्रधान पुजारी ने बताया कि मंदिर के सामने उत्तरी तट पर मां गंगा बहती हैं। जिसे चंद्रकुंड घाट कहते हैं। मान्यता है कि लगातार सवा महीने तक यहां चंद्रकुंड घाट में स्नान करने के बाद सोमेश्वर महादेव शिवलिंग में जल चढ़ाने से कुष्ठ रोग से मुक्ति मिल जाती है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। प्रमुख पुजारी शैलेंद्र पुरी के अनुसार यहां काफी दूर दूर से हैरान परेशान लोग अपनी मान मनौती लेकर आते हैं। यहां भगवान शंकर का जलाभिषेक रुद्राभिषेक और अभिषेक करने का विधान है। जिससे अलग अलग तरह की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### सावन माह में चार पहर का होता है रुद्राभिषेक

**प्रयागराज।** सावन मास में चार पहर का रुद्राभिषेक होता है। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इस दौरान भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग के सबसे प्रिय बिल्व पत्र समी पत्र धतूर व मंदार पुष्प फल भांग चढ़ता है। पंचामृत से स्नान होगा। फूलों से श्रृंगार कराया जाएगा।

## नई शुरुआत
### इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा

**शिक्षा** के क्षेत्र में एक नया परिवर्तन लोगों के दिमाग में कुछ चिन्तायें पैदा कर रहा है। नीति आयोग ने आल इंडिया कौंसिल फार टेक्निकल एजुकेशन-एआईसीटीई के इस प्रस्ताव का समर्थन किया है कि राष्ट्रीय इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में अब इंटरमीडिएट में भौतिकी व गणित के विषय अनिवार्य होने की आवश्यकता नहीं होगी। छात्रों को प्लस टू परीक्षा में शामिल गणित, भौतिकी व रसायन समेत 14 विषयों में से किसी तीन में पास होने की जरूरत होगी। इसके पीछे तर्क यह दिया जा रहा है कि उद्योग तथा छात्रों का एक हिस्सा कृषि, बायोटेक्नोलोजी, एलेक्ट्रानिक्स या आईटी इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में तकनीकी कार्यक्रमों में भाग लेना चाहता है जो भौतिकी या गणित पर निर्भर नहीं हैं। एआईसीटीई का विचार विश्वविद्यालयों, आईआईटी, एनआईटी या आईआईएसईआर के बजाय संबंधित तकनीकी कालेजों पर लागू होगा। इस कदम से लोग आश्चर्यचकित हैं। कुछ लोगों का मानना है कि इससे छात्रों के एक हिस्से को लाभ होगा, पर इससे देश में तकनीकी शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण में अस्थिरता पैदा होगी क्योंकि बिना गणित व भौतिकी के इंजीनियरिंग की कल्पना नहीं हो सकती है। कुछ लोग याद करते हैं कि प्राचीन भारत में शून्य, त्रिकोणमिति तथा कैल्कुलस के कुछ आयामों की खोज हुई थी और क्या इस विरासत को खारिज कर दिया जाएगा। आलोचकों का मानना है कि यह कदम देश में इंजीनियरिंग कालेजों को बचाए रखने के लिए जरूरी है। हर साल सैकड़ों निजी इंजीनियरिंग व अन्य तकनीकी कालेज बंद हो रहे हैं क्योंकि उनकी सीटें ही नहीं भर पा रही हैं।

छात्र उन कालेजों में प्रवेश नहीं लेते हैं जहां शिक्षा के न्यूनतम मानकों



का पालन नहीं होता है, ढांचे का रखरखाव नहीं होता है तथा स्नातकों को नौकरियां नहीं मिलती हैं। छात्रों में महत्वाकांक्षायें बढ़ रही हैं और वे राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश लेते हैं या नए विविधितापूर्ण तकनीकी क्षेत्रों में जाते हैं। आलोचकों को लगता है कि एआईसीटीई का प्रस्ताव इन कालेजों में नई जान डाल सकता है, हालांकि यह सवाल अपनी जगह है कि शिक्षा की गुणवत्ता का क्या होगा। सुपर विषय कहे जाने वाले गणित व भौतिकी की प्रासांगिकता पर यह बहस जारी रहेगी। दुनिया तेजी से बदल रही है और तकनीक भी उसके साथ गतिशील है। खासकर शुरुआती वर्षों में शिक्षा का केन्द्र सैद्धान्तिक के साथ व्यावहारिक भी होना चाहिए। तकनीकी शिक्षा कार्यक्रमों में विविधता आ रही है तथा इसमें वाइन टेस्टर, साइबरसुरक्षा विशेषज्ञ, प्रसंस्कृत खाद्य विशेषज्ञ, साइट रिलायबेलेटी इंजीनियर व विकास प्रबंधन जैसे क्षेत्र शामिल हो रहे हैं। लिंकेडइन ने भारत में 2020 में उभरती इंजीनियरिंग नौकरियों की सूची बनाई है जिनका संबंध गणित या भौतिकी से ज्यादा नहीं है। 2021 की इंडिया स्किल रिपोर्ट के अनुसार भारत में हालिया वर्षों में नौजवानों द्वारा रोजगार प्राप्त करने की क्षमता में कमी आई है। इससे उनमें उच्च तकनीकी शिक्षा के माध्यम से कॅरियर अवसरों के अनुकूल मांग वाली क्षमतायें पैदा करना जरूरी हो गया है। तकनीक एक दुधारी तलवार की तरह है। इसने स्वचालीकरण को प्रोत्साहित किया है, लेकिन इसके बढ़ने से रोजगार कम हो रहे हैं। ऐसे में कौशल आधारित परिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता है। शिक्षा के बारे में विशिष्टतावादी विचार आज पुराने पड़ रहे हैं। ऐसे में एआईसीटीई को बेहतर प्रस्ताव देने चाहिए। उदाहरणार्थ वह प्रशिक्षण की ऐसी व्यवस्था बना सकता है जिसमें निजी क्षेत्र को कामगारों में आवश्यक कौशल देने का जिम्मेदार बनाया जाए तथा इसके आधार पर हर साल आवश्यक कौशलों की सूची की समीक्षा की जाए।

# नए रेलमंत्री के समक्ष कठिन चुनौतियां

**निवेश विकास को गति देता है लेकिन इसके लिए आपको लाभों का मूल्यांकन करने और निवेश के बाद रिटर्न की जांच करने के लिए एक ईमानदार और मजबूत प्रणाली की आवश्यकता होती है।**



**सुधांशु मणि**
(लेखक रेलवे के सेवानिवृत्त महाप्रबंधक हैं)

नए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के रिज्यूमे के विवरण के साथ मीडिया व्याकुल हो रहा है, शायद इसलिए कि यहां एक व्यक्ति है जिसके पास अनुभव का एक वास्तविक खजाना है : वह एम.टेक के साथ एक इंजीनियर है। आईआईटी, कानपुर के उत्पाद वैष्णव, व्हार्टन से प्रबंधन स्नातक हैं, उन्होंने ओडिशा में एक जिला मजिस्ट्रेट के रूप में अपना कामकाजी जीवन शुरू किया, बाद में निजी क्षेत्र में शामिल हो गए, अपना उद्यम शुरू किया और फिर राजनीति में शामिल हो गए। इस स्तर पर उनका उत्थान एक सेवानिवृत्त लेकिन युवा नौकरशाह-सह-उद्योग के कप्तान के लिए अभूतपूर्व है। वह आईटी और संचार के महत्वपूर्ण मंत्रालयों का भी प्रमुख है। उनका आगमन आशावाद के साथ भी हुआ है क्योंकि उन संगठनों में निराशा की भावना पैदा हो गई है जिनके वे अब प्रमुख हैं। प्रचार और फोटो ऑप्टिक्स के धुएं के पर्दे के पीछे ऐसे संगठन हैं जो जर्जर स्थिति में हैं। उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, खासकर रेल मंत्री के रूप में। चुनौतीपूर्ण चुनौतियां क्या हैं?

ऐसा कहा जाता है कि भारतीय रेलवे (आईआर) ने 2020-21 के लिए अपने परिचालन अनुपात (ओआर) में सुधार किया है, जो 2019-2020 में 98.4 से 97.5 हो गया है, 'राजस्व प्राप्तियों को अधिकतम करने और न्यूनतम करने के उद्देश्य से पहल के संयोजन के माध्यम से खर्चों की सख्त निगरानी के लिए वृद्धि हुई है। नियंत्रणीय राजस्व व्यय।' ओआर परिचालन दक्षता और परिणामी वित्तीय प्रदर्शन का एक उपाय है और यह बड़ी खबर होगी क्योंकि 2020-21 एक ऐसा वर्ष था जिसमें आईआर ने अपनी अधिकांश यात्री ट्रेनों को कोविड -19 महामारी के कारण नहीं चलाया था, जबकि इसकी सभी निश्चित लागत बनी हुई थी पहले के जेसे।

ऐसे साल में सुधार का दावा करना ओवरकिल के अलावा और कुछ नहीं है। मुख्य डेटा की बड़े पैमाने पर बाजीगरी कुछ वर्षों से चल रही है और जब तक एक सेब-से-सेब की तुलना नहीं की जाती है, तब तक यह केवल सच्चाई को उलझाकर एक गुलाबी तस्वीर पेश करना है। और एक कहानी है, जिसे मैं पिछले साल की दुर्दशा में जाने से पहले सबसे पहले पेश करूंगा।

परिचालन अनुपात वह राशि है जो प्रत्येक रुपया कमाने के लिए खर्च की जाती है और इसलिए यह जितना कम होगा उतना ही बेहतर होगा। यह एक अनुपात है, जिसमें अंश में कुल कार्य व्यय और हर में सकल आय, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में निकाला जाता है। ह्रक्र का उपयोग करने की प्रथा पांच दशक से अधिक पुरानी है। कार्य व्यय में ईंधन, प्रशासन, संचालन, रखरखाव, आदि पर सभी खर्च शामिल हैं, और मूल्यह्रास रिजर्व फंड (डीआरएफ) और पेंशन फंड (पीएफ) में किए गए योगदान में जोड़ा गया है। पूर्व को 1924 में मूल्यह्रास की देखभाल के लिए बनाया गया था, अर्थात, इसकी विशाल संपत्ति के प्रतिस्थापन या पुनर्वास और बाद में 1960 के दशक में सेवानिवृत्त आईआर कर्मचारियों के पेंशन के बढ़ते बोझ को पूरा करने के लिए स्थापित किया गया था। प्रारंभ में, ये योगदान इन मामलों पर वास्तविक व्यय से अधिक थे, जैसे कि भविष्य के लिए एक फंड बनाया गया था, लेकिन आज यह योगदान तार्किक रूप से, कम से कम वास्तविक व्यय के बराबर होना चाहिए। सकल आय में माल ढुलाई और यात्री परिवहन, विविध और गैर-किराया विविध से आय शामिल है जिसमें परिवहन मुख्य अर्जक है। 2010-11 में परिचालन अनुपात 94.6 था। 2015-16 में यह 90 थी जबकि 2019-20 में यह बढ़कर 98.2 हो गई।

डीआरएफ में व्यावहारिक रूप से कुछ भी नहीं जमा करने का मतलब यह नहीं है कि भारतीय रेल पर उपयोग में आने वाली संपत्तियों ने अचानक बूढ़ा होना बंद कर दिया है। यह केवल यह दर्शाता है कि यह केवल किसी ऐसी चीज को टालने का एक नासमझी भरा प्रयास है जिससे आपको भविष्य में अधिक पीड़ा होगी। पीएफ में योगदान में आधे से अधिक की कमी से पता चलता है कि शेष 49,000 करोड़ रुपये का वास्तविक खर्च उधार से पूरा किया गया था और यह खतरनाक रूप से एक बारहमासी ऋण जाल के करीब जी रहा है। आर्थिक तंगी को दूर करने की इस तरह की निरर्थक कवायद क्यों? क्या ऐसा इसलिए है क्योंकि मंत्रालय ने खर्च करने की होड़ में जाने का फैसला किया था?

पूर्व रेल मंत्री सुरेश प्रभु द्वारा निवेश को बढ़ावा देने का मंत्र है, लेकिन इसके लिए आपको निवेश से पहले लाभों का मूल्यांकन करने और निवेश के बाद रिटर्न की जांच करने के लिए एक ईमानदार और मजबूत प्रणाली की आवश्यकता है। ऐसा नहीं लगता है कि किया गया है। इस प्रणाली को अब तक पूंजीगत कार्यों में प्रति वर्ष लगभग 50,000 करोड़ रुपये निवेश करने के लिए तैयार किया गया था। अगले पांच वर्षों में 800,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की दृष्टि से उसी प्रणाली को अचानक 1,000,000 करोड़ रुपये तक खर्च करने का आदेश दिया गया था। अधिकारियों पर अनुपालन करने के लिए गंभीर दबाव के साथ, लागत-लाभ के लिए बहुत कम सम्मान के साथ अंधाधुंध निवेश किया गया है और किया जा रहा है।

जिस तरह से वर्षों में निवेश किया गया था, वह झूठा रूप से आईआर को सार्वजनिक निवेश के लिए एक परिपक्व गंतव्य के रूप में पेश करेगा। जबकि काम करने का खर्च काफी बढ़ रहा है, कैपेक्स, जो इससे काफी नीचे हुआ करता था, ने इस स्तर पर भारी उछाल दिखाया है कि यह इससे अधिक है। इस प्रकार के निवेश जिग को केवल इस शर्त पर उचित ठहराया जाएगा कि निवेश पर मिलने वाले रिटर्न से आय में वृद्धि हो; लेकिन यह कैसा दिखता है? आईआर की खर्च करने वाली पार्टी की पृष्ठभूमि को देखते हुए संख्याएं लगभग असली हैं। उदाहरण के लिए, 2015-16 में बजटीय सकल आय 183,578 करोड़ रुपये थी जबकि वास्तविक कमाई 164,334 करोड़ रुपये थी। 2019-20 के आंकड़े क्रमश: 205,733 करोड़ रुपये और 174,356 करोड़ रुपये थे।

यह आय में लगातार 10 प्रतिशत से अधिक कम प्रदर्शन दर्शाता है। निश्चित रूप से आईआर अपने लक्ष्यों के करीब बजट और प्रदर्शन करना जानता है? इसलिए, क्या यह एक जानबूझकर किया गया लेखांकन प्रक्षेपण है जो पूंजी के अधिक प्रवाह को आमंत्रित करने के लिए एक हंकी-डोरी तस्वीर दिखाने के लिए है? रेल बजट के आम बजट के साथ उस समय के विलय के साथ जब भारतीय रेल में भारी निवेश शुरू हुआ, अब इसमें गैर-जिम्मेदार वित्तीय कारनामों से सुरक्षा के कई कवच हैं और पीछे छिपने के लिए दीवारें भी हैं। स्पष्ट लापरवाही आंशिक रूप से केंद्र सरकार से अतिरिक्त-बजटीय समर्थन के नए मिले आराम में निहित है जो सब्सिडी के समान कुछ भी नहीं है।

और यह 2020-21 के लिए ओआर को घटाकर 97.5 करने के बारे में क्या है? वर्ष में सकल आय, माल ढुलाई आय में तीन प्रतिशत की बहुप्रचारित वृद्धि के बावजूद, 140,472 करोड़ रुपये थी, जिसे पूरी तरह से अपंग और फिर कम, यात्री सेवाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। टैरिफ के युक्तिकरण और अनुकूलन के माध्यम से बढ़ी हुई आय के बारे में बात कुछ और नहीं बल्कि विशेष ट्रेनों के रूप में चलने वाली नियमित ट्रेनों में उच्च यात्री किराए और कुछ खंडों में माल भाड़ा में वृद्धि है। अनुबंधों के अनुकूलन और वस्तुओं और सेवाओं की खरीद, और ऊर्जा लागत में बचत द्वारा व्यय को कम करने में बड़ा श्रेय लिया गया है। बड़ी संख्या में डीजल इंजनों के स्थिर होने के साथ सेवाओं में भारी कमी के परिदृश्य में, ये संख्या उनके द्वारा प्रकट की जाने वाली संख्या से अधिक छिपाती है। लब्बोलुआब यह है कि ओआर, जो शायद अभूतपूर्व 125-अंक पर चढ़ गया है, को फिर से उधार के माध्यम से पेंशन का ध्यान रखते हुए और मूल्यह्रास का प्रावधान न करके कृत्रिम रूप से 100 से नीचे रखा गया है। पीएफ में केवल 523 करोड़ रुपये और डीआरएफ को 200 करोड़ रुपये जमा करके एक नए निचले स्तर पर पहुंच गया है, हालांकि पेंशन खर्च स्वयं वर्ष में 54,000 करोड़ रुपये के दायरे में था।

आगे का रास्ता क्या है? एक बार जब नए मंत्री को आसन्न बर्बादी का दुष्चक्र स्पष्ट हो जाता है, तो उनके पास बुनियादी मुद्दों को हल करने का कार्य समाप्त हो जाएगा।




# घर तलाशने हेतु तकनीक का प्रयोग

> **“नए मिलीनियल मकान खरीदारों की जरूरतें पूरी करने के लिए फर्मों ने नये युग की तकनीक का प्रयोग कर नई पोस्ट-कोविड दुनिया में प्रवेश किया है।”**



**शशांक वशिष्ठ**
(लेखक ईएक्सपी रियलिटी के कार्यकारी निदेशक हैं)

कोविड-19 वैश्विक महामारी की दो चुनौतीपूर्ण लहरों के बाद भारतीय रियल स्टेट क्षेत्र 2021 में धीरे-धीरे संभल रहा है। हालांकि, निर्माण एवं रियल इस्टेट उद्योगों में अप्रैल 2020 व मार्च 2021 के बीच क्रमश:8.6 प्रतिशत व 1.5 प्रतिशत की कमी आई, पर राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग-एनएओ के अनुसार चौथी तिमाही में वाईओयो वृद्धि में 14.5 प्रतिशत व 5.4 प्रतिशत उछाल देखा गया। अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रही है तथा टीकाकरण दर बढ़ने से रियल इस्टेट उद्योग भी इसका लाभ उठा रहा है।

कोविड-19 वैश्विक महामारी के पहले कुछ महीनों में आवासीय क्षेत्र को बड़ा जबर्दस्त धक्का लगा था। बड़ी तेजी से मांग में कमी आई। लेकिन अक्टूबर में किराये पर मकान से संबंधित मांग में भारी उछाल आया तथा कर्ज ब्याज दरें घटीं। इसका कारण त्योहारों का मौसम भी था जिससे ग्राहकों ने नए मकान खरीदे। महाराष्ट्र में स्टांप ड्यूटी में कमी आने ने भी मांग बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। वर्ष 2020 की दूसरी छमाही में काफी बड़ी संख्या में कर्मचारी अपने घरों से काम करने लगे जिसके कारण बड़े घरों की मांग और ज्यादा बढ़ी। ऐसी स्थिति में सकारात्मक रूप से रियल स्टेट फर्मों ने अपना बिजनेस करने के लिए डिजिटल तरीके अपनाए। हमने देखा कि अनेक छोटे शहरों में भी मकान मालिकों ने अपनी संपत्तियों को पहली बार आनलाइन किया। व्यावहारिक दृष्टिकोण से डिजिटल होना लाभदायक है क्योंकि साइटों का भौतिक निरीक्षण घटा जिसका कारण सोशल डिस्टेंसिंग था।

इसके साथ ही आजकल आवास की मांग ज्यादातर नौजवान मिलीनियल्स की ओर से आ रही है। वे स्वाभाविक रूप से तकनीकी रूप से दक्ष होते हैं और हर जगह चौबीसों घंटे-सातों दिन कनेक्टिविटी चाहते हैं। एजेंटों और ग्राहकों, दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु तथा नए मिलीनियल मकान खरीदारों की जरूरतें पूरी करने के लिए फर्मों ने नये युग की तकनीक का प्रयोग कर नई पोस्ट-कोविड दुनिया में प्रवेश किया है।



वर्चुअल रियलिटी-वीआर के प्रयोग में काफी वृद्धि से मकान स्वामियों को अपने संभावित मकानों में डिजिटल रूप से घूमने का मौका मिलता है। डेवलपर डाउनलोड करने योग्य फ्लोर प्लान, 360 डिग्री ड्रोन व्यू, डोलहाउस व्यू तथा और बहुत कुछ शामिल कर विजुअल अनुभव को संभव बना रहे हैं। निकट भविष्य में रियल स्टेट ब्रोकरेज के वर्चस्व की उम्मीद की जाती है। इससे न कवे रियल स्टेट के समाधान निकलेंगे, बल्कि संपूर्ण वर्चुअल रूप से घरों की तलाश का अनुभव भी मिलेगा। इससे रियल स्टेट एजेंटों को भी लाभ होगा। वीआर में संभावित क्लाउड-आधारित वर्चुअल आफिस बनाने का अवसर मिलेगा जिससे भौतिक आफिसों की जरूरतें कम होंगी और कंपनियों का खर्च घटेगा। इसके साथ ही समुदाय में एकजुटता की भावना बनी रहती है तथा अंतर-विभागीय संवाद में सुविधा मिलती है, भले ही टीमें चाहे जिन शहरों में हों। वर्चुअल समाधानों से जमीनी स्थितियां बेहतर हुई हैं।

पिछले साल महामारी के चलते लॉकडाउन के दौरान एजेंटों को ग्राहकों को नियमित रूप से मकान दिखाने से वंचित होना पड़ा था तथा अनेक मकानमालिक अब भी घरों की आनलाइन ब्राउजिंग से हिचक रहे हैं। वर्चुअल आफिस समाधान से एजेंटों की डेटा, सीआरएम व अन्य संसाधनों तक पहुंच बढ़ेगी क्योंकि ये मोबाइल हो जाएंगे। इसके साथ ही उनको आवश्यकता होने पर बिना बाहर निकले आवश्यक इनपुट भी मिलेंगे। इन समाधानों से रियल स्टेट एजेंटों को अपना कौशल बढ़ाने में सहायता मिलेगी तथा वे पेशेवर रूप से सक्षम होंगे। इसका लक्ष्य एजेंटों की सहायता करना, उनकी पकड़ मजबूत करना, उनको तथ्यों से परिचित कराना तथा गेम माडल के माध्यम से प्रशिक्षित करना भी है।

हालांकि, देखने में यह आ रहा है कि नए युग की फर्मों का दृष्टिकोण प्रमुखत: कंपेनसेशन माडल की ओर है, पर एजेंट शेयरों से लाभ प्राप्त करने तथा हर बिक्री पर आकर्षक ब्रोकरेज पाने में ज्यादा दिलचस्पी रखते हैं। रियल स्टेट की दुनिया में वर्किंग माडल बदलने में कोई अपवाद नहीं है। अब परम्परागत रूप से साइट देखने तथा छूने के स्थान पर वर्चुअल समाधान निकलकर सामने आ रहे हैं, लेकिन मुख्य बात पहले जैसी है। कुशल रियल स्टेट एजेंट अब तकनीक से लैस हो चुके हैं और वे सफलतापूर्व वर्चुअल समझौते भी करा सकते हैं। इससे उनको सफलता तथा ग्राहकों व साथियों से सम्मान मिलेगा।

## आप की बात

### तीसरी लहर को आमंत्रण

**दुनिया** में कुछ दिनों तक स्थिर रहे कोरोना संक्रमण के फिर से गति पकड़ते आंकड़ों के मद्देनजर दो रिपोर्टों पर गौर करना जरूरी है। एक तो यह कि भारत में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़ी है और दूसरी यह कि अमेरिका में वैक्सीन की दोनों डोज लेने वालों के लिए भी अब मास्क की अनिवार्यता हो गई है। इन रिपोर्टों के बाद लोगों को कुछ भी अलग से समझाने की गुंजाइश नहीं रह जाती है क्योंकि वैक्सीनेशन में अमेरिका हम से काफी आगे है और फिर भी संक्रमण की जद में आता नजर आ रहा है। तीसरी लहर की आशंका के बीच देश और दुनियां में जनजीवन सामान्य है पर लापरवाह अधिक। पर्यटक और सार्वजनिक स्थल तथा बाजार भीड़ से गुलजार है। इतना ही नहीं लोग मास्क हीन तो है ही सामाजिक दूरी भी भीड़ भाड़ में खो गई है जो मुसीबत की वजह बन सकती है। अब अमेरिका के हालात समझना होंगे जो अपने नागरिकों को दोनों खुराक देने के बाद भी मास्क को अनिवार्य कर चुका है। अमेरिका में तेजी से फैलता डेल्टा वेरिएंट भी इसकी एक वजह है। पटल पर दोनों देशों के हालात एक से दिखते जरूर हैं मगर लगता है हमारे देश में माशा की अनिवार्यता तीसरी लहर के प्रभावी होने के बाद ही आवश्यक महसूस होगी।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### कृषि सुधार एवं खाद्य सुरक्षा

**भारत** में कृषि नीतियां संस्थाओं की एक जटिल प्रणाली द्वारा अभिकल्पित और कार्यान्वित की जाती है। कृषि के कई पहलुओं से संबंधित संवैधानिक उत्तरदायित्व राज्यों पर है लेकिन केंद्र सरकार कृषि नीति के प्रति राष्ट्रीय दृष्टिकोण के विकास और राज्य स्तर पर इसके कार्यान्वयन के लिए आवश्यक धन उपलब्ध कराने के रूप में इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। किसानों की आजीविका के सभी पहलुओं पर सरकारी एजेंसियों का दखल है नवीनतम निष्कर्षों में विभिन्न केंद्रीय और राज्य मंत्रालयों तथा एजेंसियों को शामिल किया गया जो ग्रामीण संपत्ति के अधिकार, भूमि उपयोग एवं भूमि सीमा, कमोडिटी की कीमतें ,इनपुट सब्सिडी एवं विभिन्न कर, आधारभूत संरचना ,उत्पादन विपणन एवं फरीद सार्वजनिक वितरण, अनुसंधान शिक्षा एवं कृषि विस्तार सेवाएं जैसे तमाम विषयों में अपना प्रभाव रखते हैं। हमें कृषि क्षेत्र में और सुधार करने की आवश्यकता है जैसे की आय को अधिकतम तथा जोखिम को न्यूनतम करना इसके साथ-साथ उदारीकृत खेती, कृषि संस्थानों और शासन प्रणालियों में सुधार एवं एक प्रकार की विकेंद्रीकृत प्रणाली के अनुमोदन से हम कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार ला सकते हैं।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### सदन बना अखाड़ा

**चाहे** लोकसभा हो या राज्यसभा राज्यों की विधानसभा हो या स्थानीय निकायों पंचायतों की सभा, ये सभी सदन ना केवल लोकतंत्र के मंदिर होते हैं, बल्कि देश तथा जनहित के ज्वलंत मुद्दों पर सार्थक व रचनात्मक बहस कर जनकल्याणकारी कार्यों की धूरी भी होते हैं। लेकिन अत्यंत दुखद पहलू यह है कि सत्ता पक्ष व विपक्ष की हठधर्मिता के चलते सदन अखाड़े में तब्दील हो गया है। जहां हो हल्ला, शोरगुल का राज है। टकराव के चलते सदन की कार्यवाही नहीं हो पाती और कीमती समय जाया होता है। किसी भी मुद्दों पर सहमति / असहमति हो सकती है। जिसकी चर्चा स्वस्थ बहस के जरिए होना चाहिए, ताकि समाधान वाला परिणाम निकले। कोई भी समझने को तैयार नहीं है। विपक्ष हठधर्मिता पर अड़ा हुआ है। प्रतिदिन लाखों रुपए की बर्बादी के बाद भी देश को इस सदन के जरिए कुछ भी प्राप्त नहीं हो रहा है। जो नहीं होना चाहिए। देश व जनहित के मुद्दों पर बहस कीजिए, जनता के सदन को ठप करने का अर्थ देश को ठप करना है।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



“**भारत** में जुलाई महीने में 13 करोड़ से ज्यादा डोज दी गई। इस महीने इसमें तेजी आने वाली है। इस उपलब्धि के लिए हमें अपने स्वास्थ्य कर्मियों पर गर्व है।

– **मनसुख मांडवीय**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री



**उत्तर प्रदेश** में भाजपा भारी बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। योगी आदित्यनाथ ने 44 कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के द्वारा उत्तर प्रदेश को नंबर एक राज्य बना दिया है।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री



**हमारी** पार्टी के दरवाजे सभी छोटी पार्टियों के लिए खुले हैं। कई छोटी पार्टियां पहले से ही हमारे साथ हैं। हमारे साथ और भी आएंगे।

– **अखिलेश यादव**
सपा अध्यक्ष”

## लूटपाट की नीयत से आए दो बदमाशों ने

# पुलिस चौकी के सामने दिनदहाड़े घर में घुसकर किया हमला

● विरोध करने पर बांके से प्रहार कर किया महिला को जख्मी

संवाददाता। सीतापुर

**क्या वाकई** योगी सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई और अपराधियों के हौंसले बुलंद है, इन पर पुलिस का कोई अंकुश नहीं रहा, तभी तो वो बेखौफ होकर अपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे है। अब शहर के तामसेनगंज की चौकी के ठीक सामने कलेक्ट्रेट कर्मचारी कॉलोनी को लीजिए, सोमवार की दोपहर को मास्क लगाकर दो बदमाश एक कर्मचारी के आवास में घुस जाते है और घर में अकेली महिला को पाकर लूटपाट करने लगते है, विरोध करने पर बदमाशों ने उन पर बांके से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मास्क लगाकर दो बदमाश आए थे और घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। बाद में जाते समय वो अपने साथ एक बोरी भी ले गए है। जानकारी पाकर सीओ पीयूष कुमार सिंह और कोतवाल टीपी सिंह मौके और मामले की जांच की। जाच के दौरान सीओ ने बताया कि बदमाशों के हमले में कलेक्ट्रेट कर्मचारी सरोज मिश्रा की पत्नी सौम्या मिश्रा घायल हो गई। घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इस मामले में डॉक्टर रमेश मिश्रा ने जानकारी दी।


सीतापुर-बदमाशों द्वारा घायल महिला का इलाज करते चिकित्सक।


सीतापुर-घटना स्थल पर जांच करते सीओ सिटी व अन्य पुलिस बल।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**बरेली** । पत्नी के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहा एक युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया । उसकी इलाज के दौरान बीती रात मौत हो गई । पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा सशाहजहांपुर के जलालाबाद थाने के गांव खाई खेड़ा निवासी सतनाम सिंह पुत्रसुवरन सिंह की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई । उसे कल शाम को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था । पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि सतनाम सिंह अपने घर से कुछ ही दूरी पर टायर पंचर का काम करा करता था और पास में ही उसकी गैराज थी । गैराज से कुछ ही दूरी पर उसकी ससुराल है । वह कल अपनी पत्नी चरणजीत कौर के साथ ससुराल गया था । जहां से वापस लौटते समय उदयपुर में उसकी बाइक को तेजी से आ रहे किसी वाहन ने टक्कर मार दी । जिससे सतनाम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया । उसकी पत्नी को मामूली चोट आई स दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया ।

## क्विक न्यूज

### टॉप मल्टीनेशनल कंपनी में छात्रों का हुआ सलेक्शन

**सीतापुर।** सीतापुर के सेक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज की। कॉलेज प्रबंधन ने जॉब प्लेसमेंट के जरिए 2020 और 2021 में तेरह छात्र-छात्राओं को टाप मल्टीनेशनल कंपनियों में सेलेक्शन कराया है। कॉलेज के बीसीए संकाय के बैच 2018-21 के तृतीय वर्ष में अध्ययनरत 5 छात्राओं का चयन टाटा कन्सल्टेन्सी सर्विसेज, में चयन हुआ है। इंफोसिस व विप्रो में एक-एक स्टूडेंट सेलेक्ट किया गया। इसके अलावा गत वर्ष बैच 2017-20 में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस में एक, कॉग्निजेंट में तीन तथा टेक चेलेंज, डेलॉइट एवं इंफोसिस में एक-एक छात्र चयनित हुआ है। प्राचार्य डॉ डेनी मैथ्यू ने सभी को बधाई देते हुए निष्ठा के साथ कार्य कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर सम्मानित किया। एकाडमिक कोआडिनेटर डॉ जॉनी अण्टोनी ने छात्रों को निरन्तर गतिमान रहने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बीसीए संकाय के विभागाध्यक्ष मोहित श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर पंकज श्रीवास्तव एवं अन्य शिक्षको ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### विश्व हिन्दू परिषद कार्यकर्ताओं का हुआ स्वागत

**सीतापुर।** विश्व हिंदू परिषद सीतापुर के नए पदाधिकारियों का सोमवार को विभाग कार्यालय में स्वागत किया और उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया। समारोह में प्रांतसंगठन मंत्री राजेश सिंह ने कहा कि संगठन सीतापुर जिले की टीम ऊर्जावान है और संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने में सहयोगी रहेगी। जिलाध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने नए पदाधिकारियों से भरपूर सहयोग मांगा। इस अवसर पर क्षेत्र गौरक्षा प्रमुख पूरन सिंह, प्रांत धर्माचार्य संपर्क प्रमुख विमल मिश्रा, विभाग अध्यक्ष विपुल सिंह, विभाग सह मंत्री राजेंद्र यादव, बिसवां के संगठन मंत्री कमलेश, जिला कार्याध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला मंत्री महेश, जिला सह मंत्री विकास, उपकारशील शुक्ला, राजन खरे, जिला सह संयोजक सौरभ, अनुज, जिला कोषाध्यक्ष बंशीधर पाठक, जिला कालेज विद्यार्थी संपर्क प्रमुख प्रज्वल दीक्षित, नगर अध्यक्ष सुनील टंडन, नगर संयोजक रवी, नगर मंत्री प्रशांत आदि उपस्थित थे।

### प्रधान व सचिव 'हर घर जल योजना' से हुए रूबरू



**सीतापुर।** विकास खण्ड ऐलिया परिसर में ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सचिवों को प्रशिक्षित किया गया। निदान सामाजिक संस्थान ने क्षमतावृद्धि का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अजीत कुमार यादव ने किया। जलजीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल योजना के बारे में दी गई। कार्यशाला में पंचायत सचिव आरपी वर्मा, कमलेश सिंह, मनोज सिंह, एसआर सिंह, राकेश कुमार सिंह, रूपेश दीक्षित, रवि पांडेय आदि मौजूद रहे।

### चोरी का माल बरामद, एक गिरफ्तार

**बरेली** । एक मकान में चोरी करने के बाद फरार हुए एक चोर को पुलिस ने बीती रात गिरफ्तार कर लिया । उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी का माल भी बरामद किया ।पुलिस ने चोर को जेल भेजा । बहेड़ी थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुई चोरी के मामले में पुलिस ने बीती रात एक चोर को गिरफ्तार कर लिया । उसके पास से पुलिस ने चोरी किया गया माल भी बरामद किया । उत्तराखंड के ट्रांजिट कैंप रूद्रपुर के आजाद नगर वार्ड 4 गली नंबर 4 के रहने वाले विशाल प्रजापति उर्फओम प्रकाश प्रजापति को बीती रात पुलिस ने बहेड़ी थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुई चोरी के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया । पूछताछ के दौरान पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी किया गया एक इनवर्टर, एक बैटरी, एक टेलीविजन और एक रसोई गैस सिलेंडर भी बरामद किया । विशाल प्रजापति के पास से पुलिस ने एक अवैध चाकू भी बरामद किया ।

# पांच अगस्त को मनेगा अन्नमहोत्सव

● डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

संवाददाता। सीतापुर

**आगामी पांच** अगस्त को यूपी में अन्न महोत्सव मनेगा। शासन के फरमान पर सीतापुर में भी यह महोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने तैयारियों की समीक्षा कर सभी आवश्यक प्रबंध समय से पूर्ण करने निर्देश दिए। कहा कि सभी आयोजन स्थलों पर कोविड हेल्प डेस्क स्थापित की जाए। कोविड प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन किया जाए। सभी सेक्टर एवं नोडल अधिकारी आवंटित कार्यक्रम स्थल का पहले से ही भ्रमण करें। सभी दुकानों पर राशन एवं ई.पास मशीनें समय से उपलब्ध कराई जाएं इस अवसर पर एडीएम विनय कुमार पाठक, एएसपी उत्तरी डॉ राजीव दीक्षित, डीएसओ संजय कुमार प्रसाद, डीडीओ राकेश कुमार पाण्डेय, डीपीओ राजकपूर, डीपीआरओ मनोज कुमार आदि उपस्थित थे। अन्न महोत्सव पर पूरे जिले में होने वाले आयोजन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था चौकस होगी। इसके लिए सभी आयोजन स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनाती की जाएगी। पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से सभी आयोजन स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनात रहेगा। आगामी पांच अगस्त को यूपी में मनाए जाने वाले अन्न महोतसव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चयनित जिलों के लाभार्थियों एवं दुकानदारों से सीधे रूबरू होंगे। साथ ही उनके संबोधन का सजीव प्रसारण भी किया जाएगा। इसके लिए सभी चयनित दुकानों पर टेलीविजन की व्यवस्था भी रहेगी। जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार प्रसाद ने बताया कि अन्न महोत्सव के दौरान जनपद की सभी उचित दर दुकानों पर टेलीवीजन के माध्यम से पीएम के सम्बोधन का सजीव प्रसारण किया जायेगा।

### भाजपा नेता की मनाई गई पुण्यतिथि

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर नगर के लोकतंत्र सेनानी एवं भाजपा नेता स्वर्गीय गोपीनाथ टंडन की तृतीय पुण्यतिथि पर नागारिकों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बाद में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर भाजपा विधायक सुनील वर्मा ने कहा कि स्वर्गीय गोपीनाथ टंडन की याद में किया गया वृक्षारोपण एक अनुकरणीय उदाहरण है, क्योंकि वृक्ष मानव को जीवन देते हैं। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी विमला देवी टंडन, लहरपुर ब्लाक प्रमुख उमाशंकर वर्मा, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, एसडीएम प्यारेलाल मौर्य, वन क्षेत्राधिकारी अभय मल्ल, कोतवाली प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने भी पौधे रोपे। इसके अलावा दीपक टंडन, मयंक टंडन, वीरेंद्र पुरी, राजेश्वर दयाल रस्तोगी, विशाल कपूर, अखिलेंद्र यादव, अनुज मेहरोत्रा, रमानिकेत सिंह तोमर, रामलखन वर्मा, शुभम श्रीवास्तव, राम गोपाल मिश्रा, प्रमोद अवस्थी, निरंकार मेहरोत्रा, उमंग मेहरोत्रा, निखिल मेहरोत्रा, आशीष मिश्रा, मनीष पाठक, अमित पाठक ने लच्छन नगर में विभिन्न प्रजातियों के पौधरोपण किया।

## प्रसूता को ऑटो से अस्पताल ला रहे थे परिजन

# एम्बुलेंस के अभाव में सड़क किनारे प्रसूता ने जनी बच्ची

● घंटों इंतजार किया मगर नहीं मिली एंबुलेंस

संवाददाता। सीतापुर

**सरकारी मशीनरी** लाख दावे करे, कि हड़ताली कर्मियों से एंबुलेंस की चाबियां लेकर दूसरे चालकों के सुपुर्द कर पटरी से उतरी सेहत सेवाएं बहाल कर दी गई, लेकिन हकीकत किसी से छिपी नहीं। हड़ताल से एंबुलेंस व्यवस्था बेपटरी ही है, अगर विश्वास नहीं होता है, तो रेउसा में एक प्रसव पीड़िता के संग हुए मामले को ले लीजिए, रविवार को एक गर्भवती प्रसव दर्द के लिए कराह रही थी, परिजनों ने एंबुलेंस को कॉल की और घंटों एंबुलेंस आने का इंतजार किया मगर वो पहुंची नहीं, असहनीय दर्द को देख परिजन आटो से सीएचसी ला रहे थे। कष्टदायक पीड़ा को देख मजबूरन परिजनों ने सड़क किनारे उसे खुले आसमान के नीचे जमीन पर लिटा दिया। कुछ देर में उसका प्रसव हो गया। जज्चा-बच्चा दोनों ही सुरक्षित है। आपको बता दें कि बिहार प्रदेश के जिला छपरा की रामदेवी अपने परिवार साथ कुशमौहरा गांव में डेरा डालकर रह रही है। रविवार को रामदेवी को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। पहले एंबुलेंस को फोन लगाया। इस पर कंट्रोल रूम ने जल्द एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। एंबुलेंस आने के इंतजार में गर्भवती महिला रामदेवी दर्द से कराहती रही, लेकिन एक घंटे से ज्यादा समय बीतने के बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंची। इस पर परिजन ऑटो से ही सीएचसी रेउसा लिए जा रहे थे। रेउसा के रामानुजनगर लकड़ी मंडी के समीप पहुंचते ही रामदेवी की तबियत बिगड़ गई। ऐसे में ऑटो चालक ने वहीं पर वाहन रोक दिया और परिजनों ने सड़क किनारे जमीन पर उसे लिटा दिया। कुछ देर बाद उसका प्रसव हो गया। रामदेवी ने एक बच्ची को जन्म दिया है, हालांकि जज्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित है। प्रसव होने के बाद पीड़िता के परिजनों ने मामले की जानकारी दी। उधर, रेउसा सीएचसी अधीक्षक डॉ अनूप पांडेय का कहना है कि सीएचसी में एंबुलेंस की कोई दिक्कत नहीं है। अगर कंट्रोल रूम या अन्य कहीं से एंबुलेंस मिलने की दिक्कत रही है तो इसकी जानकारी नहीं है। दिखवाया जाएगा।

# कैंप में कोविड वैक्सीन की लगीं सौ डोज



**मोहम्मदी-खीरी।** लगातार कोरोना के मामले को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. सुरेंद्र कुमार सिंह व चीफ फार्मासिस्ट डा. सुरेश कुमार शुक्ला के सहयोग से एमबी मेमोरियल स्कूल में कोविड-19 वैक्सिंग कैंप लगवाया गया। इसमें लगभग 100 लोगों के इंजेक्शन लगाए गए। इसमें विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद अब्बास नकवी, सभासद संजीव कुमार गुप्ता, सभासद नीलम त्रिवेदी का विशेष सहयोग रहा। वैक्सीन लगाने में एएनएम कौशल्या देवी और किरण वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सपा सरकार में उपभोक्ताओं को मिलेगी तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली

● सपा नगर अध्यक्ष ने दी जानकारी

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

सपा के नगर अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी ने दर्जनों गांव में जाकर सपा कार्यकाल में हुए कार्यों को गिनाया। आने वाले 2022 के विधानसभा चुनाव में कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। भाजपा की सरकार चुनाव नजदीक आते ही अलग-अलग तरह के प्रोपगंडा करेगी। ताकि आम जनमानस भ्रमित हो और चुनाव प्रभावित हो सके। ऐसे में हम सबको सावधान रहने की जरूरत है। आगामी चुनाव में प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी। भाजपा सरकार के हर झूठ को जनता पहचान चुकी है। महंगाई से जनता त्रस्त है। बेरोजगार काम के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। दर-दर ठोकरें खा रहे हैं। डीजल पेट्रोल रसोई गैस की कीमतें लगातार आसमान छू रही हैं। सरकार का महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए कोई भी प्रयास नहीं हो रहा है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि सरकार बनते ही पूरे प्रदेश में 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी। महिलाओं को समाजवादी पेंशन और समाजवादी सरकार में पिछली सभी योजनाएं बहाल होंगी।



# अभाविप नगर इकाई गठित




**ओयल-खीरी।** नगर क्षेत्र के सटे हुए ग्राम मोतीपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में ओयल नगर कार्यकारिणी घोषित की गई। बैठक का उद्देश्य युवाओं को परिषद में जोड़ना रहा। साथ ही युवाओं को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सम्बंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक सम्पन्न होने के मध्य में ही परिषद द्वारा चयनित युवाओं को पदाधिकारी बनाया गया। जिसमें ऋषभ तिवारी को नगर मंत्री, दशमेश उर्फ सोनी को नगर सह मंत्री, अभिनव अवस्थी को नगर प्रमुख बनाया गया। इस अवसर पर रामेंद्र त्रिपाठी, मंडल ओयल भाजपा उपाध्यक्ष, शिवांश तिवारी, अभय त्रिपाठी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभाविप व शिखर त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## और अब मनाया जाएगा अन्न महोत्सव

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**प्रधानमंत्री गरीब** कल्याण अन्न योजना के तहत 5 अगस्त को जिलेभर की सभी उचित दर दुकानों पर अन्न महोत्सव का आयोजन होगा। यह जानकारी डीएसओ विजय प्रताप सिंह ने दी।डीएम डा. अरविंद कुमार चौरसिया ने सभी एसडीएम व डीएसओ के साथ बैठक कर बताया कि आगामी 5 अगस्त को जिले की सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की सभी उचित दर दुकानों पर अन्न महोत्सव का कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए आयोजन होगा। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। कार्यक्रम में सभी उचित दर दुकानों पर पीएम के संबोधन का सजीव प्रसारण दूरदर्शन के जरिए होगा। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा 20 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से बैग में खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा।

# टीजीटी परीक्षा कराने को लेकर डीएम ने तय की रणनीति

● परीक्षा के लिए बनाए गए दस केंद्र

● दो दिन में 8704 परीक्षार्थी होंगे सम्मिलित

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**आगामी सात** व आठ अगस्त को जिले में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षा (टीजीटी) परीक्षा होगी। इसको लेकर डीएम डा. अरविंद कुमार चौरसिया ने अधीनस्थों के साथ बैठक की।

डीएम ने कहा कि केंद्र प्रभारी व केंद्र निरीक्षक नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराएं। परीक्षा की सीसीटीवी से निगरानी होगी। तीन सचल दल डायट प्राचार्य, डीआईओएस व बीएसए के नेतृत्व में गठित किए गए हैं। डीएम ने परीक्षा में 4 सेक्टर मजिस्ट्रेट समेत परीक्षा केंद्र वार स्टैटिक मजिस्ट्रेट व पर्यवेक्षकों की तैनाती की है। परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का तथा परिसर में मोबाइल फोन ब्लूटूथ अन्य संचार संबंधी उपकरण व आईटी गैजेट्स ले जाना प्रतिबंधित होगा। परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में फोटो कापिर मशीन व साइबर कैफे परीक्षा अवधि के दिन बंद रहेंगे। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी रहेगी।

डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने बताया कि सात व आठ अगस्त को प्रस्तावित टीजीटी परीक्षा जनपद में दस परीक्षा केंद्र में चार पालियों में आयोजित की जाएगी। दोनों दिनों में कुल 8704 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा में आधे कक्ष निरीक्षक बेसिक शिक्षा विभाग व आधे कक्ष निरीक्षक संबंधित परीक्षा केंद्र के रहेंगे। इस मौके पर एडीएम अरुण कुमार सिंह, एसडीएम ओपी गुप्ता, दिग्विजय कुमार सिंह, अखिलेश यादव, डाइट प्राचार्य डा. ओपी गुप्ता, डीआईओएस डा. ओपी त्रिपाठी, बीएसए लक्ष्मीकांत पांडे, डीएसओ वीपी सिंह, जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे सहित सभी केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट व पर्यवेक्षकों मौजूद रहे।

# अपराध पर लगाम लगाना मेरी प्राथमिकता: संदीप

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**पसगवां में** चर्चित कांड के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा युवा इंस्पेक्टर संदीप सिंह को कमान दी गई। पायनियर से बातचीत में उन्होंने बताया कि मैं मूल रूप से आजमगढ़ का मूल निवासी हूं। 2009 में सब इंस्पेक्टर बना। 2019 में इस पद पर आसीन हुआ। उन्होंने बताया कि पड़ोसी जनपद सीतापुर में क्राइम ब्रांच सहित अन्य थानों पर कार्य करने का मौका मिला।

जिले के भीरा, संपूर्णानगर तथा पुलिस अधीक्षक के पीआरओ के पद पर भी आसीन रहा। उन्होंने बताया कि शासन से मिले दिशानिर्देशों को असली जामा पहनाने के साथ-साथ आने वाले हर फरियादी की समस्याओं को सुनकर अपने अधीनस्थों के माध्यम से तत्काल प्रभाव से समस्या का समाधान कराना मेरी दिनचर्या में शामिल है। अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाना मेरी प्राथमिकता में आता है। प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि वर्तमान में चल रहे त्योहारों और आने वाले त्यौहारों को देखते हुए अभी से सभी तैयारियां की जा रही हैं। सभी त्यौहारों को कोविड-19 के तहत शासन से मिली गाइडलाइन के अनुसार ही संपन्न कराया जा रहा है। आगे भी त्यौहारों को संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने पुलिस विभाग मे अपने अधीनस्थों व चौकी इंचार्ज सहित थानों पर मौजूद सभी कर्मचारियों की प्रत्येक सप्ताह समीक्षा बैठक बुलाकर कार्य करने की बात कही। लापरवाह कर्मचारियों को चिन्हित कर कार्रवाई कराने की बात भी कही। वहीं मीडिया से मिल रहे सहयोग पर धन्यवाद दिया।



# मेरिट अथवा प्रवेश परीक्षा के आधार पर हो सकेगा छात्रों का प्रवेश

संवाददाता। बरेली

**महात्मा ज्योतिबा** फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली के कुलपति प्रोफेसर के पी सिंह द्वारा आज एक पत्रकार वार्ता का आयोजन विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में किया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कुलपति महोदय ने बताया कि विश्विद्यालय की प्रवेश की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है एवं इसे समयबद्ध कार्यक्रम के अनुसार शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। इस हेतु विश्वविद्यालय से संबंध सभी शासकीय महाविद्यालयों, वित्तीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों तथा स्ववित्तपोषित महाविद्यालय के प्राचार्य को अपने- अपने संस्थान में प्रवेश लेने का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त किया गया है ।कुलपति महोदय ने सभी पत्रकारों को बताया की राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अंगीकार करने वाला यह प्रथम विश्वविद्यालय है, इस विश्वविद्यालय ने नवीन सत्र में प्रवेश के साथ ही नई शिक्षा नीति के प्रावधानों को लागू करते हुए छात्रों का प्रवेश करने के निर्देश भी जारी कर दिए हैं। उन्होंने छात्रों को मिलने वाली सुविधाएं एवं लाभ के विषय में भी विस्तार से चर्चा की ।कुलपति जी ने बताया की विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार महाविद्यालयों को यह स्वायत्तता दी गई है कि वह छात्रों के प्रवेश मेरिट अथवा प्रवेश परीक्षा के आधार पर कर सके ।कुलपति जी ने सभी पत्रकारों को सूचित किया कि कोविड-19 काल में जब सभी संस्थान बंद थे तब विश्वविद्यालय लगातार अपने निदेशालय एवं सेलों का निर्माण एवं विस्तार करने में संलग्न रहा एवं इस दौरान विश्वविद्यालय ने 10 निदेशालय एवं सेलों का निर्माण किया जो ना केवल विश्वविद्यालय बल्कि समाज के भी लिए मददगार साबित होगा ।इस पत्रकार वार्ता के सफल आयोजन में मीडिया प्रभारी डॉ अमित सिंह, श्री रविंद्र गौतम, श्री तपन वर्मा एवं श्री जहीर अहमद की भूमिका रही।

### जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आज

**लखीमपुर-खीरी।** बेसिक शिक्षा विभाग के तहत संचालित योजनाओं के सम्यक अनुश्रवण हेतु डीएम डा. अरविंद कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में 3 अगस्त को सायं 5:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित होगी। उक्त आशय की जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. लक्ष्मी कांत पांडेय ने दी। बैठक में विभागीय समन्वय व कार्यों में तेजी लाने हेतु मध्यान भोजन टास्क फोर्स की बैठक, ग्रामीण व नगरीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि अपर मुख्य सचिवए उप्र शासन व महानिदेशक (स्कूल शिक्षा) द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के तहत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु प्रत्येक माह बैठक आयोजित करने के निर्देश है। बेसिक शिक्षा विभाग के तहत समग्र शिक्षा, मध्यान्ह भोजन योजना, बेसिक शिक्षा निदेशालय द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों का जिला स्तर पर डीएम के नेतृत्व में क्रियान्वयन किया जाता है। बेसिक शिक्षा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन व नियमित समीक्षा हेतु डीएम की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति का गठित है।

# चंद्रावल नदी में बाढ़ से मौदहा कस्बे के दो दर्जन गांवों का संपर्क टूटा, पुलिस तैनात

संवाददाता। हमीरपुर


चंद्रावल नदी में बाढ़ का दृश्य पायनियर

**क्षेत्र** में लगातार हो रही रुक रुक कर बारिश से अचानक चंद्रावल नदी में बाढ़ आने से मौदहा क्षेत्र के मौदहा-सिसोलर मार्ग पर पढोरी गांव में बने रपटा के तीन फीट ऊपर पानी बहने से दो दर्जन गांवों कान मौदहा कस्बे से सम्पर्क टूट गया है और लोंगों को लगभग पैतींस कोलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ रही है। चंद्रावल नदी से दूर रहने की अपील कर रही है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में मूसलाधार बारिश से अचानक चंद्रावल नदी में बाढ़ आ गयी है,सिसोलर से जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर पढ़ोरी ग्राम में चंद्रावल नदी पर बना रपटा जलमग्न होने के कारण लगभग दो दर्जन गांवों लेवा, पासुन, गहरौली खुर्द, बम्हरौली, भैंसमरी सहित लगभग दो दर्जन गांवों का तहसील मुख्यालय से सम्पर्क टूट गया हैकोतवाली क्षेत्र के ग्राम पढ़ोरी में चंद्रावल पुल पर बने रपटे पर पुल बनाने की मांग हर बार चुनावों में ग्रामीणों द्वारा जोरशोर से उठाई जाती है और सभी राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा उक्त मांग को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन भी मात्र चुनावों के समय दिया जाता है।सबसे बड़ी बात यह है कि बीते चार दशक दलों के नेताओं ने पढ़ोरी रपटे पर बनने वाले पुल को मात्र चुनावी मुददा ही मान लिया है। एसडीएम मौदहा आरके चौरसिया ने बताया कि चंद्रावल नदी की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं रपटे के दोनें ओर से रास्ते को बैरीकेट कर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। वहीं ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने बताया कि जब सुबह छः बजे वह ड्यूटी पर आये थे तो पानी रपटे के नीचे था लेकिन तीन घंटे में करीब चार फीट पानी बढ़ा है और नदी का बढ़ना लगातार जारी है।अगर इसी रफ्तार से पानी बढ़ता रहा तो शामतक स्थित बिगड़ सकती है।भैंसमरी निवासी साकेत कुमार ने बताया कि उन्हें भैंसमरी अपने गांव जाना था लेकिन पानी इतना अधिक है कि अब वह नहीं जा पा रहे हैं।और दूसरे रास्ते से जायेंगे। गहरौली खुर्द निवासी संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि वह आवश्यक काम से रात में मौदहा आये थे लेकिन अब नदी बढ़ गई है और पुलिस जाने से मना कर रही है नहीं तो कहीं से भी निकलने की कोशिश करते। वह यहां पर तीन घंटे से खड़े हुए हैं।

## बाढ़ से तबाह लोगों को दें मुआवजा

**चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के चौरा गांव की जनसेवा केन्द्र प्रभारी सरिता यादव ने जिलाधिकारी/मुख्य आपदा प्रबंधन अधिकारी को लिखे पत्र में चौरा गांव में आई बाढ से हुई तबाही की जानकारी दी है। सोमवार को पहाडी ब्लाक के चौरा गांव की जनसेवा केन्द्र प्रभारी सरिता यादव ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि लगातार पिछले एक सप्ताह से हो रही बारिश से मन्दाकिनी नदी में आई बाढ से चौरा गांव के लोग बुरी तरह प्रभावित हो गये हैं। आधा गांव नदी के पानी से घिरा हुआ है। गांव से लोगों का सम्पर्क टूट गया है। उन्होंने बताया कि चौरा गांव की प्रेमिया, नत्थू प्रजापति, शिवपरसन, माताबदल, नरेश सिंह चौहान व रावेन्द्र सिंह चौहान, विजयबहादुर तथा देवीशरण आदि के घर रात्रि में बारिश से ढह गये हैं। गांव के मजरे भगडीपुरवा व भोलापुरवा आदि मजरों का सम्पर्क टूट गया है। सरिता यादव ने जिलाधिकारी से मांग किया है कि पीड़ितों को बाढ राहत के तहत अनुदान मुहैया कराया जाये।

# बरदहा नदी में बांध निर्माण न होने से पाठा में पनप रहा आक्रोश

संवाददाता। चित्रकूट


बरदहा नदी में आई बाढ़ से गांवों का सम्पर्क टूटा पायनियर

**जिले** के पाठा क्षेत्र मानिकपुर तहसील के बरदहा नदी की बाढ में फंसे दर्जनों गांव के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। एक सप्ताह से हो रही बारिश से मऊगुरदरी, पयासीपुरवा, चमरौंहा, रानीपुर कल्याणगढ, गिदुरहा, चिरैया, भाटा, कल्याणपुर तरौंहा गांव के ग्रामीण नदी की उफान से आवश्यक कार्यों से कहीं आ-जा नहीं पा रहे हैं। तीन दिनों से कस्बे व अन्य नगर तथा जिला मुख्यालय से कनेक्शन कटा हुआ है। सोमवार को पाठा क्षेत्र की बरगहा नदी का पुल जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का शिकार है। नदी के दूसरे छोर में बसे ग्रामीणों के साथ हमेशा छलावा हुआ है। आज तक इस पुल का निर्माण सही ढंग से न होने से शासन-प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को ग्रामीण दोषी ठहरा रहे हैं। ग्रामीणों से कई बार पुल निर्माण का भरोसा लोगों ने दिया। इसके बाद भी पुल नहीं बन सका है। बरदहा नदी के पुल पर बीते एक सप्ताह से बारिश होने से विकास की गंगा बह रही है। पाठा क्षेत्र की बरदहा नदी में आई बाढ ने विकास के दावों के नाम पर जनता को गुमराह करने वाले जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदार अधिकारियों की पोल खोल दी है। प्रशासन की मुश्तैदी से लग रहा है कि ग्रामीणों को रेसक्यू आपरेशन के जरिये आवश्यक दवायें व खाद्य सामग्री पहुंचाई जा सकती हैं। भीषण बाढ को देखते हुए एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव, तहसीलदार राजेश कुमार, नायब तहसीलदार व पुलिस टीम बरगहा नदी किनारे बसे गांवों पर नजर जमाये है। सोंचने वाली बात है कि बरदहा नदी की बाढ से हर वर्ष दर्जनों गांव चपेट में आ जाते हैं। लेकिन इस नदी पर पुल बनाने को कई बार ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से कहा है, लेकिन आज तक पुल का निर्माण न हो पाना आखिर किसकी लापरवाही है।

## क्विक न्यूज

### राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष आज सुनेंगी पीड़ितों की समस्यायें

**चित्रकूट।** जिला प्रोबेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा ने बताया कि उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग अंजू चौधरी की अध्यक्षता में 4 अगस्त को पूर्वान्ह 11 बजे उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना विषयक जागरूकता शिविर एवं महिला जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस कर्वी में किया जाएगा उक्त बैठक में जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी महिला थानाध्यक्ष एवं संबंधित थाने के क्षेत्राधिकारी प्रतिभाग करेंगे।

### पत्रकार को मातृ शोक

**चित्रकूट।** वरिष्ठ पत्रकार संदीप रिछारिया की माता जी श्रीमती विजय लक्ष्मी रिछारिया सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह बहुमुखी प्रतिभा की धनी दो विषय से एम0ए0 संगीत प्रभाकर किये थी। अपने सौम्य व्यवहार के कारण वह समाज में अत्यन्त लोकप्रिय रहीं। उनके निधन पर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, सांसद आरके सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व विधायक दिनेश मिश्र, सभासद जागेश्वर यादव, प्रेस क्लब चित्रकूट के अध्यक्ष अशोक द्विवेदी, महासचिव रतन पटेल, शंकर यादव, ओंकार सिंह, व्यापारी नेता ओम केशरवानी, सुनील द्विवेदी, मट्टू साहू आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुये माता जी को श्रद्धांजलि दी है ।

### नवागंतुक एआर कोआपरेटिव को सचिवों ने किया गुमराह, नहीं की गयी खाद की डिमांड

**हमीरपुर।** नवागंतुक सहायक निबंधक(एआर) कोआपरेटिव को सचिवों ने जिले में खाद की कोई आवश्यकता न बताकर गुमराह कर दिया लिहाजा जिले में खरीफ फसल के लिये उर्वरक की मांग के बाद भी अभी तक उर्वरक का एक दाना नही आया है,किसानों के धरना प्रर्दशन करने के बाद सहकारिता विभाग की नीद टूटी है। जानकारी के मुताबिक जिले मे धान व खरीफ फसल का क्षेत्रफल लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे यूरिया उर्वरक की मांग बढ़ती जा रही है, इधर एक सप्पाह पहले यहां पर एआर कोआपरेटिव रामसागर चौरसिया ने कार्यभार संभाला मगर उनको सहकारी समितियो के सचिवों ने यह कहकर गुमराह कर दिया कि बुन्देलखंड में खरीफ की फसल नही होती है लिहाजा उर्वरक की कोई आवश्यकता नही होती है,जिससे उर्वरक की मांग नही की गयी,इधर कुरारा सुमेरपुर ब्लाक में जब किसानों ने धरना प्रदर्शन शुरु किया तो सहकारिता विभाग की नीद टूटी और सहायक निंबंधक को आभास हुआ कि उन्हे गुमराह कर दिया गया है, सहायक निबंधक सहकारिता(एआर) कोआपरेटिव रामसागर चौरसिया ने बताया कि सचिवों ने उन्हे गुमराह कर दिया है,पूरे जिले से उर्वरक की मांग ली जा रही है दो चार दिन में खाद मंगा ली जायेगी और सभी सहकारी समितियो को आपूर्ति कर दी जायेगी। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। यह पहला मामला है जब खरीफ की फसल के लिये उर्वरक नही मगायी गयी है।

### विचित्र बुखार से मासूम ने दम तोड़ा

**राठ( हमीरपुर )।** चिकासी थाना क्षेत्र के रावतपुरा में विचित्र बुखार की चपेट में आकर मासूम बालक ने दम तोड़ दिया है। परिजनों ने मृतक के शव का वगैर पोस्टमार्टम कराये ही अंतिम संस्कार कर दिया। रावतपुरा गांव निवासी राजप्रताप सिंह ने बताया कि उसके 11 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार को बीते तीन दिन से बुखार था। जिसका वह गांव में ही इलाज करा रहे थे। बीती रात अचानक उसकी हालत खराब हो गयी। जिस पर उन्होंने उसे इलाज के लिए सीएचसी राठ में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मझगवां थाना क्षेत्र के गौहानी गांव निवासी ब्रजेन्द्र सिंह (36) पुत्र बब्बू आज दोपहर गांव के बाहर से निकले नाले के चौकडेम पर बैठकर पानी में मछली पकड़ रहा था। तभी वह असंतुलित होकर चौकडेम से गिर गया और घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया है।

### वाहन पलटा तीन नशेड़ी घायल

**राठ( हमीरपुर )।** अपनी चार पहिया गाड़ी में सवार हो शराब के नशे में धुत होकर मौज मस्ती करने जा रहे नगर के मुहाल खुशीपुरा निवासी संजय सोनी पुत्र राजेशचंद्र व मनीष सोनी पुत्र प्रेमचन्द्र तथा मुहाल मियांपुरा निवासी नीलेश की तेज रफ्तार गाड़ी गौहाण्ड के पास अनियंत्रित होकर पलट गई।जिससे गाड़ी में सवार तीनों लोग घायल हो गये।जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया है।

### भाजपा ने शुरू की विधानसभा चुनाव की तैयारियां

**जालौन ( उरई )।** केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारने व जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए आप सभी को मिलकर काम चाहिए यह बात जिला प्रभारी संजीव श्रृंगी ऋषि ने भाजपा मंडल की बैठक में कही। भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी संजीव श्रृंगी ऋषि ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की जन कल्याण की नीतियों का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने में आप सभी लोग सहयोग दे। सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाये उसका दिलाने में सहयोग दे जिससे सरकार कि मंशा पूरी हो जरूरतमंद को उसका लाभ मिल सके। उन्होंने मौजूदा पदाधिकारियों को उनके पद की जिम्मेदारी को समझाया कि कैसे आप अपने नीचे या कार्य क्षेत्र में कार्य करते हुए लोगो को भाजपा की नीतियों से जोड़कर संगठन का विस्तार कर सकते हैं । सदर विधायक गोरीशंकर वर्मा ने पदाधिकारियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही है योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी तथा आहर्ता समझायी। नगर अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने संगठन के कार्यक्रमों को बताया व आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा व जानकारी दी। शक्ति केंद्र प्रभारी व संयोजक आगामी बूथ सत्यापन कार्यक्रम को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए बूथ पर जाकर ही कार्य करे।

## बीडीओ के स्थानांतरण पर दी गयी भव्य विदाई

**कुठौंद ( जालौन )।** विकासखंड कुठौंद के खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार यादव का रामपुरा स्थानांतरण होने पर सोमवार को क्षेत्र पंचायत कार्यालय में कर्मचारियों, पंचायत मित्रों की मौजूदगी में हुआ विदाई समारोह आयोजित हुआ जिसमें ग्राम प्रधानों ने ग्राम सभाओं में जो कार्य कराए गए उनको स्वयं अपनी देखरेख में हर गांव में जाना सभी को संतुष्ट रखना इनके कार्यकाल में कृषि प्रधान, पंचायत मित्र व कर्मचारी ने कोई कमी नहीं एहसास की स्थानांतरण के बाद सभी कर्मचारियों ने पंचायत मित्रों ने नाम आंखों में भावभीनी विदाई कर खुशी का खुशी विदा किया। उन्होंने सभी के साथ खड़े होकर सभी को अपने परिवार का सदस्य होते हुए जहां भी रहो वहां अपने कार्यों व दायित्वों को निर्वाहन करते हुए नौकरी करो।

# एडीएम ने बीहड़ के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा

- **बढ़ते जलस्तर पर सुरक्षा व्यवस्था के किये जायें पुख्ता इंतजाम:पूनम**

संवाददाता। उरई (जालौन)


यमुना नदी पर बने पुल से बाढ़ का जायजा लेती एडीएम पायनियर

**सोमवार** को एडीएम पूनम निगम रामपुरा के क्षेत्र के बीहड़ इलाके में पहुंची जहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया व कड़े सुरक्षा इंतजाम का अधिकारियों को निर्देश दिया एडीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर ध्यान देते हुए कहा कि नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है जिसके लिये तटबंध की सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया, हालांकि बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को तटबंध के मुड़ाव वाले स्थलों पर विशेष निगरानी रखने तथा तटबंध की सुरक्षा व्यवस्था को आवश्यकतानुसार और भी पुख्ता करने का निर्देश दिया। तटबंध की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने स्थानीय स्तर पर निगरानी समिति के गठन का निर्देश भी उन्होंने दिया, जो संबंधित कर्मचारियों के संपर्क में रहकर नदी के जलस्तर, तटबंध की सुरक्षा आदि से जुड़ी जानकारी से समय अवगत कराएंगे। एडीएम ने एसडीएम सालिकराम व तहसीलदार प्रेमनारायण प्रजापति को नदी के जलस्तर एवं उससे उत्पन्न स्थिति पर सतत निगरानी रखने का निर्देश भी दिया व बढ़ते जलस्तर पर सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए चौकी का भी जायजा लिया।

### तटबंध की सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने का दिया निर्देश

**बीहड़** क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता किया जाये ताकि बढ़ते जलस्तर के कारण ग्रामीण क्षेत्र अधिकांश प्रभावित न हो हालांकि यदि देखा जाये तो रामपुरा के बीहड़ क्षेत्र में बढ़ते जलस्तर के कारण कई गांव प्रभावित हो जाते है तो वही ग्रामीणों को अच्छी खासी परेशानियों से गुजरना पड़ता है इस दौरन नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण प्रभावित क्षेत्र व ग्राम बिल्हौड़, डिकौली, कूसेपुरा, नरौल, चांदनपुरा, बिल्हौआ, जायघा अन्य क्षेत्र प्रभावित हो जाते है ।

### कुरौती में एडीएम ने तालाब के सुन्दरीकरण का लिया जायजा

**एडीएम** पूनम निगम ने ग्राम कुरौती के तालाब के सुन्दरीकरण का जायजा लिया व सरकार की नीतियों को दृष्टिगत रखते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में तालाब की साफ सफाई ग्राम पंचायत में विकास की इकाई तैयार करना एक शासकीय प्रक्रिया है इसमें अधिकांश तौर पर समय रहते कार्यों को उन्मुक्त करने की जरूरत है इस दौरान एसडीएम सालिकराम, तहसीलदार प्रेमनारायण प्रजापति, खंड विकास अधिकारी दीपक यादव, ग्राम प्रधान, राजस्व कानूनगो मुलायम अन्य कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# समाज की परेशानियों में भाविप हमेशा सहयोग की भावना से पूरे राष्ट्र में खड़ा रहताः डा. श्रीवास्तव

- **भाविप की उरई शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित**

संवाददाता। उरई (जालौन)

**भारत** विकास परिषद उरई शाखा के दायित्व ग्रहण समारोह में डॉ. आरबी श्रीवास्तव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं रीजनल चेयरमैन भारत विकास परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक यशवीर, सदर विधायक उरई गौरी शंकर वर्मा, जीवनराम गुप्त, शशि भूषण गुप्ता राष्ट्रीय मंत्री संगठन भारत विकास परिषद, और अधिष्ठापन अधिकारी के रूप में इंजीनियर अजय इटोरिया प्रांतीय अध्यक्ष बुंदेलखंड प्रांत भारत विकास परिषद, के द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष लखन लाल चंदैया, सचिव मोहित सिपौलिया, कोषाध्यक्ष राम नरेश गुप्ता, महिला संयोजिका श्रीमती कल्पना कनकने को दायित्व ग्रहण कराते हुए परिषद के नियमों का पालन करते हुए कार्य करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर आरबी श्रीवास्तव ने कहा की उरई मुख्य शाखा सेवा कार्यों में हमेशा अग्रणी रही है और भारत विकास परिषद समाज की परेशानियों में हमेशा सहयोग की भावना से पूरे राष्ट्र में खड़ा रहता है और आगे भी किसी भी परेशानी में हर संभव मदद करने के लिए कटिबद्ध है। जिला प्रचारक यशवीर ने कहा भारत विकास परिषद भारतीय परंपराओं को समाज में फैलाने का अपना महत्वपूर्ण कार्य करता है। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने करोना काल में भारत विकास परिषद के द्वारा संचालित कोविड-19 अस्पताल और कोविड-19 रसोई की सराहना करते हुए कहा भारत विकास परिषद के कार्य बहुत ही प्रशंसनीय और समाज हित में हमेशा रहे हैं साथ ही उन्होंने भारत विकास परिषद को हर संभव मदद का आश्वासन दिया और कहा कि भारत विकास परिषद के भवन बनाने में वह हर प्रकार से मदद करने को तैयार हैं। शशि भूषण गुप्ता राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने अगले सत्र में व्यक्तित्व निर्माण के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित किया। अधिष्ठापन अधिकारी इंजीनियर अजय इटोरिया ने मुख्य शाखा के नवीन दायित्व धारियों को शपथ ग्रहण कराते हुए प्रशंसा के साथ कहा की नई कार्यकारिणी ने अपनी शाखा की 20 फीसदी सदस्य संख्या में वृद्धि की जो कोरोना काल में प्रशंसनीय है। डॉ. चंपा श्रीवास्तव राष्ट्रीय संपादक ज्ञान प्रभा भारत विकास परिषद मासिक पत्रिका ने महिला कार्यकारिणी को दायित्व ग्रहण कराते हुए कहा यदि कोई भी संगठन तभी सफल हो सकता है।

## सहायक विकास अधिकारी रामलाल मिश्र को दी गई विदाई

**चित्रकूट।** विकास खण्ड रामनगर के सभागार में विगत जुलाई माह में सेवानिवृत्त हो चुके सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) रामलाल मिश्र को समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। जिला पंचायत राज अधिकारी तुलसी राम विश्वकर्मा, खण्ड विकास अधिकारी धनञ्जय सिंह, ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्र, निवर्तमान ब्लाक प्रमुख बालमुकुन्द पाण्डेय की उपस्थिति में उनका माल्यार्पण कर एवं सप्रेम उपहार दिये गये। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी तुलसी राम विश्वकर्मा ने कहा कि विदाई शब्द ही बहुत मार्मिक होता है। रामलाल मिश्र एक कर्मठ, शालीन एवं ईमानदार ब्यक्तित्व के धनी हैं। विगत जुलाई माह तक इन्होंने हमारे विभाग की सेवा की, यह समय और अपने कार्य के प्रति हमेशा अग्रणी रहें हैं। अधिकारी,कर्मचारी एवं जनता के बीच इनका कार्य ब्यवहार हमेशा सराहनीय रहा है।

# पानी भरे गहरे गड्ढे में गिरकर डूबने से युवक की मौत

- **दो की बची जान, दूसरे दिन गोताखोरों ने निकाला शव**

संवाददाता। जालौन (उरई)

**बुंदेलखंड** एक्सप्रेस वे लिए उठाई गई मिट्टी के स्थान पर गड्ढा में भरे पानी में युवक की डूबने से मौत हुई। गोताखोरों की मदद से दूसरे दिन शव निकाला गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी राजाराम पटेल के रोड से सटे खेत से बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के लिए मिट्टी उठाई गई थी। उक्त स्थान पर काफी गहरा गड्ढा हो गया था। जिसमें बारिश का पानी भर गया। सिकरीराजा गांव के ही अमित (19) व उसका छोटा भाई विवेक (16) अपने दोस्त पंकज के साथ जालौन में बिजली की फिटिंग का काम करने के लिए गए थे। शाम को करीब साढ़े 6 बजे वह तीनों बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। रास्ते में कीचड़ होने के चलते वह उक्त गड्ढे के पास रूककर कीचड़ साफ करने लगे। तभी किनारे की मिट्टी धसकने से अमित और विवेक मिट्टी के साथ गड्ढे में चले गए। पंकज ने विवेक का हाथ पकड़कर उसे तो बाहर खींच लिया। लेकिन वह अमित को नहीं पकड़ सका। अमित देखते ही देखते गड्ढे में डूब गया। जिसके बाद विवेक व पंकज ने गांव पहुंचकर सूचना दी। ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस व गोताखोरों ने रात 9 बजे तक कोशिश की लेकिन अमित को नहीं ढूंढ सके। रात में बारिश की वजह से दिक्कत होने के चलते खोज बंद कर दी गई। सुबह पुलिस ने औरैया से गोताखोर शिववीर यादव और शिवहरे को बुलाया। लगभग एक घंटे की तलाश के बाद सुबह लगभग 8 बजे अमित का शव पानी के नीचे कीचड़ से बरामद हुआ।

# धर्म नगरी में पांच अगस्त को मनाया जायेगा 'अन्न महोत्सव' : डीएम

- **अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी योजना के लाथार्थियों को पीएमजीकेवाई के तहत प्रति यूनिट पांच किग्रा निशुल्क राशन का वितरण**
- **पात्र कार्ड धारकों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंकित दिये जायेंगे बैग**

संवाददाता। चित्रकूट


कार्यक्रम में बोलते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल पायनियर

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जनपद में 5 अगस्त को अन्न महोत्सव मनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक भजन संध्या स्थल सीतापुर के सभागार में तहसील कर्वी तथा शहर के उचित दर विक्रेताओं के साथ सम्पन्न हुई। सोमवार को जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी वी0के0 महान को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत वितरण हेतु आवंटित खाद्यान्न की उठान तत्काल सुनिश्चित कराएं। उन्होंने उचित दर विक्रेताओं से कहा कि मुख्यमंत्री जी की अपेक्षा है कि यह कार्यक्रम उत्सव के रूप में मनाया जाए इसके लिए निर्धारित प्रारूप पर बैनर बनवाकर कोटे की दुकानो पर प्रदर्शित किया जाये। कहा कि राशन कार्ड धारकों को पहले से सूचित किया जाए तथा जो वितरण किया जाना है उनके बैग में खाद्यान्न भरकर पहले से ही व्यवस्था सुनिश्चित करके लाभार्थियों की पर्ची लगा दी जाए,। जिलाधिकारी ने उचित दर विक्रेताओं से कहा कि अन्न महोत्सव के दिन प्रत्येक उचित दर दुकान पर कोविड-19 प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए कम से कम 150 लाभार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। इस वितरण में जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे इसके लिए जहां पर जगह हो वहां टेंट आदि की व्यवस्था भी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में इस योजना के प्रचार -प्रसार के लिए शासन की तरफ से बैग जो प्राप्त हुए है। इस सम्बन्ध समस्त उपजिलाधिकारी व जिला पूर्ति अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मियों के माध्यम से सभी कोटे की दुकानो पर बैग वितरण कराने की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। कहा किअगस्त माह में पांच तारीख को अन्न महोत्सव मनाए जाने का निर्देश शासन से दिए गए हैं। जिसके तहत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी योजना के लाथार्थियों को पीएमजीकेवाई के तहत प्रति यूनिट पांच किग्रा के हिसाब से निःशुल्क राशन वितरित किया जाएगा। राशन के साथ ही एक बैग भी प्रत्येक कार्डधारक को दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस बैग पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंकित होगा। साथ ही प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी की फोटो भी लगी होगी। ''अन्न महोत्सव'' के दिन जनपद के प्रतिनिधि कोटे की दुकानों पर पहुंचकर राशन वितरण करवाएंगे। साथ ही लोगों को कोविड प्रोटोकाल का पालन करने व वैक्सिनेशन कराने के लिए जागरूक भी करेंगें, उन्होंने उचित दर विक्रेताओं से यह भी कहा कि खाद्यान्न वितरण की पहले इतनी अच्छी व्यवस्था नहीं थी जिसमें उचित दर विक्रेताओं की शिकायतें होती थी लेकिन इस समय ई- पास मशीन के आ जाने से जनता में विश्वास बढ़ा है और पारदर्शी व्यवस्था पूरे प्रदेश में लागू की गई है जिसके आधार पर खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है अब ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में कोई समस्या नहीं है शासन द्वारा समय-समय पर और भी सुधार किए जा रहे हैं उसी व्यवस्था के अनुसार खाद्यान्न वितरण किया जाएगा उन्होंने कहा कि इस योजना का खाद्यान्न अभी माह नवंबर तक वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा यादव, जिला पूर्ति अधिकारी बीके महान, पूर्ति निरीक्षक कर्वी कृपा शंकर द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी तथा ग्रामीण व शहर के उचित दर विक्रेता मौजूद रहे।

## फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने पर पत्नी सहित गवाहों पर मुकदमा दर्ज

**जालौन ( उरई )।** चिकित्सालय झांसी में जन्में बच्चे का पत्नी ने मायके से जन्म प्रमाण पत्र जारी करा लिया। पति की शिकायत पर न्यायालय ने पत्नी व गवाहों के खिलाफ कूट रचित दस्तावेज तैयार करने का मामला दर्ज करने के निर्देश दिए। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पत्नी समेत लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बघौरा कोतवाली उरई निवासी आलोक राव पुत्र वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनका विवाह बौद्ध धर्म के रीति रिवाजों के साथ खटीकान निवासी मंजू के साथ हुआ है। 5 अक्टूबर 18 को उनके आस्था मेटरनिटी सेंटर झांसी में पत्नी संसर्ग से आप्रेशन से पुत्र आदित्य का जन्म हुआ था। पति ने बताया कि पत्नी ने षडयंत्र के तहत झूठा शपथ-पत्र देकर तथा विनोद कुमार व चेतन निगम के झूठी गवाही दिलाकर पिता के घर जन्म होने का नगर पालिका से प्रमाण पत्र जारी करा लिया है। कूट रचित षडयंत्र के तहत पुत्र के जन्म स्थान को अस्पताल की जगह पिता के घर दिखाने की जानकारी 14 जनवरी 19 को हुई।

# पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलायें: अंजू चौधरी

## ● राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्षा ने की महिला उत्पीड़न संबंधी मामलों की सुनवाई

संवाददाता। अमेठी


महिला उत्पीड़न संबंधी मामलों की सुनवाई करते हुए उपाध्यक्षा पायनियर

**महिला** उत्पीड़न मामलों में त्वरित न्याय दिलाने के लिये उप्र राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्षा अंजू चौधरी ने आज लोक निर्माण विभाग अमेठी के निरीक्षण गृह में जिला प्रोबेशन अधिकारीए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरीगंज गुरमीत सिंह, महिला थाना अध्यक्ष कंचन सिंह व स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ महिला उत्पीड़न से संबंधित मामले के निवारण की स्थिति महिलाओं पर हो रहे अत्याचारध्उत्पीड़न को प्रभावी रूप से नियंत्रित करने एवं उन्हें त्वरित न्याय दिलाए जाने को लेकर समीक्षा बैठक की। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि महिलाओं की उत्पीड़न जैसे जघन्नय अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण व रोकथाम लगाया जाए जिससे कि वे स्वावलंबी/ आत्मनिर्भर हो सकें इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत हर बालिका को सशक्त बनाया जाए जिसके लिए शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों को संचालित कर उन्हें जागरूक भी किया जा रहा है। आयोग की उपाध्यक्ष ने शासन द्वारा संचालित बाल कल्याण योजना की समीक्षा बैठक की जिसके संबंध में जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि जनपद में अब तक कोविड.19 के कारण 27 बच्चे प्रभावित हुए हैं जिनमें 9 बालिकाएं 15 बालक है जिनके माता अथवा पिता में से किसी एक का कोविड.19 संक्रमण के कारण मृत्यु हो गई है व 02 बालक जिनके माता व पिता दोनों की मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा बाल कल्याण योजना के तहत कोविड.19 के दौरान प्रभावित हुए बच्चों के परिवरिसकर्ता को प्रतिमाह 4000 रुपए दिया जाता है।

समीक्षा बैठक के उपरांत आयोग की उपाध्यक्षा ने महिला उत्पीड़न संबंधी मामलों की सुनवाई की आज सुनवाई के दौरान कुल 10 महिलाओं ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, बलात्कार, अवैध कब्जा पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी आदि मामलों को लेकर उपाध्यक्ष को शिकायती पत्र दिया व शिकायत करने वाली महिलाओं ने थाने पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी सुनवाई नहीं की जा रही हैए प्रतिपक्ष द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है जिस पर उपाध्यक्ष द्वारा संबंधित थाना अध्यक्ष व संबंधित अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी महिलाएं अपना शिकायती पत्र देती हैं उस पर त्वरित कार्यवाही कर उन्हें उचित न्याय दिलाएं। इसके साथ ही उन्होंने समस्त संबंधित को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में घूस लेते हुए पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी मामलों का ससमय निस्तारण कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। आयी हुई समस्त शिकायतों कों सम्बन्धित थाने के थानाध्यक्षों को भेजने का निर्देश प्रोबेशन अधिकारी व व महिला थानाध्यक्ष कंचन सिंह को राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने दिया और कहा कि इन शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराये। उन्होंने यह भी कहा कि महिलायें अपने उत्पीड़न सम्बन्धी कोई भी शिकायत उपस्थित होकर शिकायती प्रार्थना पत्र दे सकती है। जिसकी सुनवाई के लिये महिला आयोग द्वारा त्वरित निस्तारण के लिये कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी आर के शर्माए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अरविंद पाठक, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल मौर्य, संरक्षण अधिकारी अजय यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरीगंज गुरमीत सिंह, महिला थानाध्यक्ष गौरीगंज कंचन सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सरेशाम युवक को सशस्त्र बदमाशों ने लूटा

**ऊंचाहार,रायबरेली।** क्षेत्र में लगातार हो रही वारदातों में बदमाशों ने फिर सरेशाम घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है और बड़े आराम से बदमाश फरार हो गए है। ताजा घटना रविवार शाम की है। क्षेत्र के पुरनशाह पर निवासी युवक नीरज कुमार किसी काम से जमुनापुर बाजार गया हुआ था। वह शाम को बाजार से खरीदारी करके वापस अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे रोक लिया। और असलहे के बल पर उससे उसका मोबाइल फोन और ढाई हजार रुपए छीनकर भाग गए। घटना के बाद पीड़ित ने आसपास के लोगो को सूचना दी तो लोग एकत्र हो गए। इससे पूर्व जून महीने में राम सांडा गांव निवासी दवा व्यवसाई से बदमाशों ने इसी प्रकार असलहे के बल पर तीस हजार रुपए छीन लिए थे। क्षेत्र में हो रही लगातार चोरी और लूट की वारदातो से दहशत है। कोतवाल विनोद सिंह ने बताया कि मामले में छानबीन की जा रही है। पुलिस बल को सक्रिय किया गया है।

# हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ गंगा तटों पर उमड़ी आस्था

संवाददाता। ऊंचाहार,रायबरेली



**सावन** के दूसरे सोमवार शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं पहले सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा में डुबकी लगाई और गंगा जल से मंदिरों में जलाभिषेक किया। हर हर गंगे, हर हर महादेव के जयकारों के बीच हजारों लोगों ने गोकना घाट पर स्नान और पूजा अर्चना कर कल्याण की कामना की। मान्यता है कि सावन मास में शिव की आराधना से भोलेनाथ प्रसन्न होकर भक्तों को मनोवांछित फल देते हैं।सोमवार को गोकना के अलावा पूरे तीर खरौली घाट पर भी श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया और शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया। भोर से स्नान और जल भरने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। बाद में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर मिर्जापुर ऐहारी स्थित बूढ़े बाबा व बड़ागांव स्थित गौरीशंकर मन्दिर में जलाभिषेक कर कल्याण की कामना की। भोर से ही हर हर महादेव के जयकारों से मन्दिर गुंजायमान रहे। इसके अलावा अन्य विभिन्न शिवमंदिरों में भी लोगों ने जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। इस दौरान गोकना घाट पर सुरक्षा व कांवरियों पर नजर रखने के लिए तहसीलदार अभिनव पाठक, कोतवाल विनोद कुमार सिंह दल बल मौजूद रहे। बताते चलें कि कोरोना के चलते सरकार ने कांवरियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। गंगा में बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर पुलिस घाट पर गोताखोर टीम के साथ एलर्ट रही। हालांकि इस दौरान घाट पर कोरोना गाइड लाइन की जमकर धज्जियां उड़ाई गईं। स्नानार्थियों ने जहां सोशल डिस्टेंसिंग का मजाक उड़ाया गया वहीं लोगों के चेहरे से मास्क गायब रहे। अल्बर्ट माइक से लोगों से कोरोना गाइड लाइन के पालन की अपील औपचारिकता बन कर रह गई।

# सांसद सोनिया गांधी द्वारा 52 सड़कों के प्रस्ताव पर एमएलसी ने उठाए सवाल

संवाददाता। रायबरेली



**राजनीति** में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहता है इसी क्रम में मीडिया में आयी एक खबर का खंडन करते हुए भाजपा एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह ने कहा या खबर पूरी तरह से भ्रामक है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना प्रत्येक वित्तीय वर्ष जिलेवार धन आवंटन करता है। और इस आवंटन के सापेक्ष रिस विभाग जनपद की सड़कों की सूची जो पहले से तैयार होती है का पुन: निरीक्षण कर उसका मूल्यांकन करता है फिर जिला पंचायत की बैठक की जाती है फिर राज्य सरकार को अनुमोदानार्थ भेजा जाता है फिर निर्माण प्रक्रिया शुरू होती है। उन्होंने कहा इन सड़कों की वरीयता कोई सांसद विधायक तय नहीं करता बल्कि शासनादेश से टाइप हो जाती है निगरानी का अधिकार जिला पंचायत का है। एमएलसी के द्वारा उठाए गए सवालों से राजनीति तो गर्म हो ही जाएगी उसके साथ ही आरोप प्रत्यारोप का भी दौर शुरू होना निश्चित हो गया है। वही अखबार में छपी खबर के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिशासी अभियंता द्वारा सांसद सोनिया गांधी से योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के प्रस्ताव मांगे गए थे इस पर सांसद ने अधिशासी अभियंता को 52 सड़कों के प्रस्ताव भेजे हैं।

## सस्ती लोकप्रियता के लिए बयानबाजी कर रहे है एमएलसी: पंकज तिवारी

संवाददाता। रायबरेली



**कांग्रेस** जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि दिनेष प्रताप सिंह कांग्रेस से एमएलसी है इन्हे तो नैतिकता के आधार पर सर्व प्रथम इस्तीफा देना चाहिए। इन्हें सांसद सोनिया गांधी के खिलाफ बयानबाजी करने का कोई अधिकार नहीं है। जनप्रतिनिधी के पास पूरा अधिकार होता कि व विकास हेतु प्रस्ताव बनाये। सांसद सोनिया गांधी रायबरेली की जनप्रतिनिधि है और उनको रायबरेली वासियों के हितों के लिए कार्य करने व प्रस्ताव बनाने का पूरा अधिकार है। उन्होने कहा कि भाजपा में इनकी पूछ नहीं हो रही है इसलिए सस्ती लोकप्रियता के लिए इस प्रकार के अनरगल बयान देते है जो एमएलसी को शोभा नहीं देता है।

## फरार गैंगस्टर के घर पर धारा 82 की नोटिस चस्पा

**तिलोई,अमेठी।** गैंगस्टर आरोपी के फरारी के चलते शिवरतनगंज पुलिस द्वारा रविवार दिनांक 01/08/2021को मु0अ0स0. 449 ध् 2020 धारा-2/3(1) यू0पी0गैंगेस्टर एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी से संबंधित वांछित अभियुक्त शिवमूरत सिंह उर्फ नान बाबू पुत्र गंगाबक्स सिंह निवासी ग्राम देवतरा थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के विरुद्ध न्यायालय द्वारा जारी 82 सीआरपीसी की कार्यवाही आदेश अभियुक्त के घर के दरवाजे पर चस्पा किया गया।यह जानकारी थानाध्यक्ष शिवरतनगंज डीके सिंह ने दी।थानाध्यक्ष ने बताया कि 82 के आदेश चस्पा होने के साथ ही गांव में मुनादी कराई गई कि यदि अभियुक्त उपरोक्त एक माह के अंदर न्यायालय अथवा पुलिस में आत्मसमर्पण नहीं करता तो उसकी चल अचल संपत्ति न्यायालय के आदेश पर कुर्क कर ली जाएगी।

## क्विक न्यूज

### अवैध कब्जेदारों को बेदखल करने के साथ भू-माफियाओं पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जायेगी

**लालगंज रायबरेली।** सरकारी जमीनो पर अवैध कब्जेदारो को बेदखल करने के साथ भू-माफिआओं पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जायेगी। मुकदमों का बोझ निपटाने के लिये बार एसोसिएसन से मिलकर योजना बनायी जा रही है। उक्त विचार नवागत उपजिलाधिकारी विजय कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। एसडीएम ने कहा कि फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। कानून व्यवस्था के मुद्दे पर उन्होने कहा कि क्षेत्राधिकारी व थाना अध्यक्षो से सामजस्य के साथ मिलकर काम किया जायेगा।

### एमसीएफ ने जुलाई में बनाये 200 कोच

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (एमसीएफ) ने माह जुलाई 2021 में 200 कोच बनाया जो किसी भी वर्ष के जुलाई माह में सर्वाधिक कोच उत्पादन है। आरेडिका द्वारा विगत वर्षों के जुलाई माह में अब तक किए गए कोचो का उत्पादन. 2017.18 में 60 कोचए 2018-19 में 120 कोचए 2019-20 में 142 कोचए 2020.21 में 151 कोच और वर्तमान वर्ष 2021.22 के जुलाई माह में 200 कोचों का है। कोविड.19 के चलते वर्तमान वित्तीय वर्ष में उत्पादन कार्य प्रभावित होने के बावजूद आरेडिका द्वारा लगातार अपने उत्पादन में वृद्धि की जा रही हैए जिससे वित्तीय वर्ष 2021-22 में रेलवे बोर्ड द्वारा दिया गया लक्ष्य प्राप्त हो सके। वित्तीय वर्ष 2021-22 में अभी तक माह अप्रैल से जुलाई तक कुल 508 कोचों का उत्पादन किया जा चुका है। यह महाप्रबन्धक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व तथा प्रबन्धन के दृंढ विश्वासए धैर्यए दृंढ संकल्प और साहस से संभव हुआ है। महाप्रबंधक विनय मोहन श्रीवास्तव ने इस उपलब्धि का श्रेय सम्पूर्ण आरेडिका के अधिकारियोंए कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों की कड़ी मेहनत को दिया है, जो सभी विभागों के समन्वय से संभव हो सका है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

**जगदीशपुर, अमेठी।** परिवारिक कलह के चलते युवक ने कमरे में साड़ी के सहारे लगे पंखे से फाँसी लगाकर आत्म हत्या कर ली आनन फानन में परिवारीजन इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुची पुलिस ने जांच पड़ताल कर आगे की कार्यवाही शुरू की है। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पूरे पुटटी मजरे इटरौर निवासी रंजीत कुमार उम्र लगभग 28वर्ष घरेलू कलह के चलते कमरे में लगे पंखे के सहारे लटककर आत्महत्या कर ली परिवारी जनों को जानकारी होने पर दरवाजा तोड़कर लटकते हुए रंजीत कुमार को नीचे उतारकर इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पुलिस जांच पड़ताल में जुटी।

### टीकाकरण ही कोरोना से जीत के लिए एकमात्र उपाय: डीएम

**श्रावस्ती।** कोविड-19 के मद्देनजर जिलाधिकारी टीके शिबु ने जन सामान्य से अपील करते हुए कहा कि कोरोना की सम्भावित तीसरी लहर को देखते हुए टीकाकरण से वंचित सभी जनपदवासी अपना टीकाकरण अवश्य करा लें। उन्होने बताया कि कोरोना से लड़ने का एकमात्र उपाय टीकाकरण है। इसलिए सभी लोग शत.प्रतिशत टीकाकरण करायें और सुरक्षित रहे। उन्होने सभी जनपद वासियों से अनिवार्य रूप से मास्क लगाने के साथ.साथ सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने और बेवजह घरों से बाहर न निकले। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एपी भार्गव ने बताया है कि जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अथक प्रयासों से ही जनपद में कुल 4494 पॉजिटिव केस प्रकाश में आए हैंए जिनमें से अबतक 4459 ठीक हो चुके हैए तथा कुल 35 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। जिले में अब कोविड.19 के शून्य ऐक्टिव केस है। जनपद में अबतक आरटीपीसीआर द्वारा कुल 208074 एन्टीजेन टेस्ट किट द्वारा कुल 229871 तथा ट्रूनाट मशीन द्वारा कुल 439072 जांचें कराई जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 397 तथा नगरीय क्षेत्रों में 37 निगरानी समितियों द्वारा घर.घर जाकर सर्वे किया जा रहा है।

### आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को जेल

**लालगंज रायबरेली।** कानून व्यवस्था को सुदृढ करने के साथ अपराधिक प्रवृत्ति के लोगो को जेल पहुंचाने के साथ कानून से खिलवाड़ करने वाले बदमाशों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। नवागत कोतवाली प्रभारी जितेंद्र सिंह ने कहा कि रजिस्टर्ड अपराधियों के साथ महिला अपराधो पर तत्काल रूप से कार्रवाई की जायेगी। जाम की समस्या को हल करने के लिये मास्टर प्लान बनाकर इसे दूर किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि फरियादियो की समस्याओं को हल करने के लिये पुलिसकर्मियो को विोष निर्देष दिये जायेगें साथ ही सभी पुलिस कर्मियों की जवाबदेही भी तय की जायेगी।

# पूर्व विधायक की मूर्ति का चेयरमैन सहित सभासदों ने किया माल्यार्पण

संवाददाता। बछरावां रायबरेली



**बछरावां** नगर के वार्ड नंबर सात मे पारिजात वृक्ष के समीप बछरावां विधानसभा के पूर्व विधायक व प्रसिद्ध समाजसेवी, शिक्षाविद अर्थशास्त्री, स्वर्गीय राम दुलारे कुरील बाबूजी की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बछरावां नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी व विशिष्ट अतिथि सभासद गण मौजूद रहे। वहीं मूर्ति का अनावरण मुख्य अतिथि चेयरमैन बछरावां शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने किया। कार्यक्रम के आयोजक बाबूजी स्मृति संस्थान के महासचिव वीरेंद्र कुमार बाबूजी के बताए गए पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने अवगत कराया कि स्वर्गीय राम दुलारे कुरील उर्फबाबू जी बछरावां विधानसभा से 5 बार 1967, 1969, 1974, 1977 व 1980 मे बछरावां विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए। उन्होंने बछरावां विधानसभा को नई गति व नया आयाम दिया। वहीं विशेष रूप से कर्नल कमलेश चंद्र सेवानिवृत्त अतिरिक्त सचिव भारत सरकार व बाबूजी के दोनों पुत्र वीरेंद्र कुमार नरेंद्र कुमार मौजूद रहे। इस मौके पर बछरावां नगर पंचायत के पूर्व अधिशासी अधिकारी अजीत कुमार बागी, वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार वर्मा, सभासद रामकिशोर वर्मा, बाबू जगजीवन, विजय कुमार एडवोकेट, पूर्व सभासद रामेश्वर, सभासद शकील मंसूरी, सभासद प्रतिनिधि मयंक रंजन द्विवेदी, सभासद प्रतिनिधि कुंवर वीरभान सिंह, सभासद प्रतिनिधि प्रवेश कुमार उर्फ अंशु धानुक, सभासद सतीश कुमार, सौरभ कुमार व मन्सू धानुक मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया पूर्व मंत्री संजय विद्यार्थी का जन्मदिन

संवाददाता। श्रावस्ती

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री संजय विद्यार्थी का सोमवार को श्रावस्ती सविता समाज ने 38वां जन्मदिन बड़े हीं धूमधाम से मनाया। इस दौरान सविता समाज के लोगों ने सबसे पहले संजय विद्यार्थी के छात्र जीवन से लेकर मंत्री और सपा राष्ट्रीय सचिव बनने तक के संघर्षों पर विस्तृत प्रकाश डाला। इसके बाद उनके चित्र के समक्ष केक काटकर संजय विद्यार्थी के लम्बे जीवन की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए डीएस नन्दा ने कहा कि संजय विद्यार्थी ने आज जो मुकाम हासिल किया हैए वह उनके खुद के संघर्षों की बदौलत हुआ हैए सविता समाज उनके संघर्षों को नमन करता है। इस मौके पर कांशीराम वर्माए डीएस नन्दाए हरीश नन्दाए दया प्रकाशए चित्रांशए दीपकए दीपूए लवकुश समेत सविता समाज के तमाम लोग मौजूद रहे।

# संपत्ति के लालच में भाई ने बहन को घाघरा में फेंका

## ● सुबह ग्रामीणों ने बचायी जान

संवाददाता। श्रावस्ती,भिनगा

**जाको** राखे साईया मार सके न कोय जी हाँ यह कहावत आज चरितार्थ साबित हुई। सम्पत्ति के लालच में एक भाई राखी के बंधन को तोड़ते हुए आज हैवान बन गया अपनी बहन को मध्य रात्रि में घाघरा नदी में अपने दोस्तों की सहायता से फेक दिया लेकिन किशोरी जिंदा बच गई। संपति के लालच में अपनी 20 वर्षीय सगी बहन को घाघरा नदी में फेकने वाले भाई व उसके दोस्त के विरुद्ध भिनगा कोतवाली में पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

भिनगा कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मण पुर इटवरिया गाँव निवासी गुलफिशा को 30 जुलाई को उसका भाई कासिम इलाज के बहाने लखनऊ ले गया था। देर रात लखनऊ से वापस लौटते समय घाघरा नदी के संजय सेतु से कासिम ने अपने दोस्त की सहायता से अपनी बहन को रात करीब डेढ़ बजे घाघरा नदी में फेंक दिया था। सुबह होने पर ग्रामीणों ने किशोरी को नदी से बाहर सुरक्षित निकाल लिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी। इस मामले में श्रावस्ती जनपद के भिनगा कोतवाली में किशोरी के भाई व उसके दोस्त के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशोरी ने बताया कि उसके भाई ने संपति हड़पने के लिए उसे नदी में फेंका था। इस मामले में कोतवाल भिनगा का कहना है कि किशोरी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की जांचकर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## किशोरी से महीनों करता रहा दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव, अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता। अमेठी

**बीते** कई माह से नाबालिग लड़की से एक शख्स जबरन दुष्कर्म करता रहा घर वालों को जानकारी होने पर गर्भपात करवाने व धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया प् पुलिस को जानकारी होने पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है प् पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है प् प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम भीखीपुर मौजा रामबख्श गढ़ के राजकुमार पासी पुत्र रामकिशन अहमदाबाद में दिहाड़ी मजदूरी करते हैं प् घर पर इनकी पत्नी व बच्चे रहते हैं प् इधर दो दिन पहले जब राजकुमार गांव आया तो इसको पता चला कि इनकी लड़की जिसकी उम्र मात्र 16 वर्ष की है प् गांव के ही दबंग किस्म का लड़का जबरन संबंध बनाकर लगभग 07 माह से यौन शोषण कर रहा था प् जिसकी वजह से लड़की के पेट में गर्भ रह गया प् इनके अनुसार जैसे ही विपक्ष के लोगों को राजकुमार के आने की जानकारी हुई तो नौशाद पुत्र इस्लाम और इसके पिता इस्लाम पुत्र स्वर्गीय रज्जाक मेरे घर आये और धर्म परिवर्तन व गर्भपात के लिए दबाव बनाया प् मजबूर होकर मैंने जामो थाने व 112 नंबर को सूचित किया और मदद मांगी प् सभी पुलिस के लोगों व गांव वालों के सामने मेरी लड़की ने कहा कि मेरे पेट में जो बच्चा है वह नौशाद पुत्र इस्लाम का है और यह लगभग 07 माह से मेरे साथ जबरदस्ती दुष्कर्म कर रहे थे प् पीड़ित राजकुमार ने उपरोक्त सभी चीजें लिखकर थाने पर प्रार्थना पत्र दिया प् प्रार्थना पत्र मिलते ही पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही करना शुरू कर दिया है प् इस बाबत जानकारी करने पर अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि मामला गंभीर है प् मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है द्य अभिलंब दोषी लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सौंदर्यीकरण व जल निकासी की आस लगाए भिंडा का तालाब

संवाददाता। जामों,अमेठी



**आप** लोगों ने तालाब तो बहुत सुने और देखे होंगे और इस समय सभी ग्राम पंचायतों में ऐसे तालाब देखने को मिल जाएंगे लेकिन प्रकृति की गोद में ऐसे भी तालाब हैं जिसकी आज तक ना तो खुदाई ही हुई है और ना ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था फिर भी साल के 12 महीने यह तालाब पानी से लबालब भरा रहता है प् अगर देखा जाए तो इसी तरह का तालाब सही मायने में तालाब की श्रेणी में आता है द्य जी हां विकासखंड के ग्राम पंचायत गोरियाबाद में एक ऐसा तालाब है जिसे सही मायने में तालाब कहा जाता है वैसे तो इस समय अमूमन सभी ग्राम पंचायतों में कई कई तालाब देखने को मिलते हैं प् लेकिन यह तालाब सिर्फ कागजों पर ही आदर्श तालाब लिखे जाते हैं और बीच.बीच में प्रधान द्वारा धन कमाने के लिए खुदाई व सफाई का कार्य भी किया जाता है प् लेकिन इन तालाबों में अधिकतर ऐसे भी तालाब है जिसमें बरसात के अलावा कभी भी पानी देखने को नहीं मिलता और गर्मियों में धूल उड़ती देखी जा सकती है फिर भी सरकारी अभिलेखों में इनका नाम आदर्श तालाब रखा जाता है प् उपरोक्त सभी बातों के ठीक विपरीत मैं जिस तालाब की बात कर रहा हूं वह है भिंडा का तालाब प् भिंडा के तालाब की बहुत सारी खूबियां हैं गोरियाबाद ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि मुकुंद सिंह ने बताया कि हमारी ग्राम पंचायत का यह तालाब लगभग 5 बीघा जरीबी से ज्यादा क्षेत्रफल में फैला हुआ है जो कि सरकारी अखिलेख में भी दर्ज है प् यह तालाब पूरब पश्चिम व दक्षिण की तरफ आबादी से घिरा हुआ है सिर्फ यही नहीं लगभग सैकड़ों वर्षो से आज तक कभी भी यह तालाब सूखा नहीं हमेशा सर्दी गर्मी व बरसात में पानी से लबालब भरा रहता है प् इस तालाब से पानी की निकासी की कोई समुचित व्यवस्था अभी तक नहीं हो पाई करीब 25 वर्ष पहले तालाब से पूर्व की तरफ को पानी की निकासी के लिए एक नाले की व्यवस्था शासन प्रशासन द्वारा किया गया था लेकिन ऊंचाई ज्यादा होने के कारण पानी के निकास की व्यवस्था नहीं हो पाती है प् जिसकी वजह से ग्राम पंचायत के लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है प् इस बड़े क्षेत्रफल में फैले हुए तालाब को भी अगर शासन.प्रशासन स्तर पर संज्ञान लेकर सुंदरीकरण व जल निकासी की समुचित व्यवस्था कर दी जाए तो यह सही मायने में आदर्श तालाब की श्रेणी में आ जाएगा और यह तालाब आदर्श तालाब के सभी मानकों पर खरा भी उतरेगा द्य इस तालाब में मछली पालन व वृक्षारोपण करके अच्छी खासी राजस्व की कमाई भी की जा सकती है।

# चुनावी रंजिश में चले ईंट-पत्थर एक की मौत, सात घायल

संवाददाता। बस्ती

● तनाव को देखते हुए गांव में कई थानों की फोर्स और पीएसी लगाई गई

**रुधौली** थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में चुनावी रंजिश को लेकर जमकर लाठी, डंडे, ईंट, पत्थर चले। मारपीट के दौरान एक की गंभीर चोट लगने से मौत हो गई, जबकि दोनों पक्षों के सात लोग घायल हो गए। तनाव को देखते हुए गांव में कई थानों की फोर्स और पीएसी लगाई गई है। एएसपी, एसडीएम, सीओ ने भी भ्रमण कर स्थितियों का जायजा लिया।

मामले में एक पक्ष की तहरीर के आधार पर 6 लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट, हत्या एवं धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। जबकि दूसरे पक्ष के 9 के विरुद्ध बल्वा, मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बहादुरपुर निवासी अजीत सिंह और अक्षय सिंह के परिवार के बीच प्रधानी चुनाव को लेकर रंजिश चल रही है। इस रंजिश को लेकर दोनो पक्षों के बीच इससे पूर्व भी विवाद हो चुका है। इसी विवाद को लेकर घारी से गाय का दूध दुहकर वापस लौटते समय दूसरे पक्ष से कहासुनी हुई। कहासुनी से शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि दोनो पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। जमकर लाठी, डण्डा, ईंट, पत्थर चले। इस दौरान अजीत सिंह के भाई नीरज सिंह की गंभीर चोटों के चलते मौत हो गई। जबकि उनके परिवार की दो महिलाओं सहित चार घायल हो गए। दूसरे पक्ष के रामकेवल सिंह, जीत बहादुर सिंह को भी गंभीर चोटे आई। सूचना बाद मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को उपचार के लिए लेकर सीएचसी रुधौली पहुंची, जहां परीक्षण उपरांत डाक्टर ने नीरज सिंह को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का सीएचसी में ही उपचार चल रहा है। जबकि दूसरे पक्ष के रामकेवल सिंह, जीत बहादुर सिंह की गंभीर चोटों को देखते हुए उन्हे गोरखपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया गया है। नीरज सिंह के भाई अजीत सिंह ने बताया कि अपनी घारी से दूध लेकर वापस आते समय रंजिश को लेकर उसके भाई पर हमला किया गया। बीच बचाव करने आए परिवार के अन्य सदस्यों पर भी हमला किया गया जिसमें वे घायल हुए। एसएचओ संजय कुमार मिश्र ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अजीत सिंह की तहरीर के आधार पर रामकेवल सिंह, उनके पुत्र अभिषेक सिंह सहित 6 के विरुद्ध बल्वा, मारपीट, हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि दूसरे पक्ष के अक्षय सिंह की तहरीर पर 9 के विरुद्ध बल्वा, मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है। गांव में तनाव की स्थिति देखते हुए ऐहतियातन कई थानों की पुलिस और पीएसी लगाई गई है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और पुलिस हालात पर नजर रखे हुए है।

## तबादले के बाद भी लिपिक को कार्यमुक्त नहीं कर रहे डीडी कृषि

**बस्ती।** उप निदेशक कृषि कार्यालय में लिपिक पद पर कार्यरत संकट हरण पाण्डेय का स्थानान्तरण होने के बाद भी उन्हे बलरामपुर के लिए कार्यमुक्त न किए जाने की डीएम से शिकायत की गई है। प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना प्रचार प्रसार अभियान के आध्यात्म कला एवं सांस्कृतिक प्रभाग के प्रदेश मंत्री महंथ गिरजेश दास ने डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि लिपिक संकट हरण पाण्डेय के पटल से सम्बन्धित जांच उच्चाधिकारियों के आदेश पर हो रही है। अपर कृषि निदेशक प्रशासन द्वारा इनका स्थानान्तरण उप कृषि निदेशक कार्यालय बलरामपुर के लिए कर दिया गया है, बावजूद इसके जांच प्रभावित करने की नीयत से उप कृषि निदेशक बस्ती उसे कार्य मुक्त नहीं कर रहे हैं। डीएम से आग्रह किया है कि पूर्व में दिए गए जांच आदेश को दृष्टिगत रखते हुए उन्हे तत्काल कार्यमुक्त करने का डीडी कृषि को आदेश दिया जाय ताकि लिपिक संकट हरण पाण्डेय के विरुद्ध चल रही जांच प्रभावित न होने पाए और निष्पक्ष जांच पूरी हो सके।

## यूपी में भाजपा को हराने वाले दल से गठबंधन के लिए खुले हैं आम आदमी पार्टी के रास्तेः इं. लतीफ

संवाददाता। बस्ती



**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बस्ती जिले के प्रभारी ईंजीनियर इमरान लतीफ ने कहा कि भाजपा को हराने और दिल्ली सरकार जैसी तमाम सुविधाओं को यूपी में लागू करने वाले हर दल से गठबंधन के रास्ते खुले हैं। उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो 300 यूनिट फ्री बिजली, मोहल्ला क्लीनिक, युवाओं को 5 हजार बेरोजगारी भत्ता, प्रतिवर्ष 21 लाख नौकरियां पारदर्शिता के साथ दी जाएगी। प्रेस क्लब सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में महिलाएं, किसान, नौजवान, व्यापारी, बुजुर्ग, कर्मचारी सभी संवर्ग परेशान हैं। सरकार सबकी आवाजें सुनकर उनकी बुनियादी जरूरतें पूरी करने की बजाय दमनकारी रवैया अपना रही है। यूपी में सबसे ज्यादा युवा बेरोजगार हैं। सरकार के पास उन्हे रोजगार देने का कोई रोडमैप नही है। जिन युवाओं की शारीरिक और बौद्धिक क्षमता राष्ट्र निर्माण में लगनी चाहिए वे सारा समय सड़कों पर घूमकर बिता रहे हैं। जिस देश का युवा भविष्य को लेकर चिंतित है वहां संभावनाएं अपने आप क्षीण हो जाती हैं। कहा कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने सर्विस कमीशन केन्द्र के अधीन होने के बाद डोर डिलेवरी, मोहल्ले और महिलाओं के बसों में सुरक्षा के लिए मार्शलों की तैनाती जैसे अनेक कदम उठाए हैं जिससे रोजगार के अवसर विकसित हुए हैं और युवाओं को इसका लाभ मिला है। शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्र में दिल्ली सरकार ने दुनिया के सामने एक मिसाल पेश किया है। चाहे मुआवजे का मामला हो, वृद्धा, विधवा पेंशन का मामला हो या फिर सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलाने का मामला हो, दिल्ली सरकार ने देश के अन्य राज्यों से बेहतर करके दिखाया है। यूपी में पार्टी विधानसभा चुनाव को देखते हुए 8 अगस्त तक एक करोड़ नए सदस्य बनाने का लक्ष्य बनाया है। इसके लिये सभी जिलों में यूपी जोड़ों सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार से आजिज आ चुके सभी संवर्ग के लोग बड़ी तेजी से सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

## बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर केंद्रों को डीएम-एसपी ने गहनता से जांचा

● सम्बन्धित अधिकारियों को दिया निर्देश



संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिला** मजिस्ट्रेट श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ सोमवार को आगामी 6, अगस्त को दो पालियों में जनपद में होने वाले संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0 2021 नकलविहीन व पारदर्शिता के साथ शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो इसके लिए उन्होंने पुलिस अधीक्षक के साथ जनपद के 6 परीक्षा केन्द्रो पर पहुँचकर तैयारियों की जानकारी ली। इसके लिए, उन्होंने मजिस्ट्रेटो की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा केन्द्रों पर कलेक्ट्रेट के कुशल कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों से सीधा संवाद कर उन्होंने नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के लिए निर्देश दिया है। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक/प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी गिरीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी खलीलाबाद राज नारायण त्रिपाठी, सीओ सदर अंशुमान मिश्र मौजूद रहे। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने परीक्षा केन्द्र हीरालाल रामनिवास इण्टर कालेज खलीलाबाद, हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद, राजकीय कन्या इण्टर कालेज खलीलाबाद, नेहरू कृषक इ0का0 खलीलाबाद, मौला आजाद इ0का0 खलीलाबाद तथा संत कबीर आचार्य रामविलास इ0का0 खलीलाबाद को जाँचा।

## महिलाओं में हस्तशिल्प टूल किट वितरित

● सीडीओ ने योजना की सराहना करते हुए समाजसेवी देवी प्रसाद को दी बधाई

संवाददाता। संतकबीरनगर



प्रमाण पत्र देते मुख्य विकास अधिकारी — पायनियर

**मगहर** मे आर्टिस्टिक एंब्रॉयडरी शिल्प में 50 महिला हस्तशिल्पयो के समेकित विकास के लिए वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित अंबेडकर हस्तशिल्प विकास योजना कार्यक्रम के अंतर्गत मैसर्स संत कबीर हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा नगर पालिका परिषद सभागार ,मगहर में उन्नत औजार वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र कुमार क्षेत्रीय निदेशक हस्तशिल्प मध्य क्षेत्र कार्यालय लखनऊ उपस्थित रहे एवं उन्होंने हस्तशिल्पियों को प्रोड्यूसर कंपनी से जुड़े तथ्यों एवं उसकी आवश्यकता के बारे में जानकारी दी एवं नए कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्रा ने हस्तशिल्पियों को वोकल फॉर लोकल एवं उपस्थित महिला हस्तशिल्पियों को पहली पंक्ति में आकर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर विनय कुमार सिंह हस्तशिल्प संवर्धन अधिकारी ने कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कारीगरों के लिए के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस मौके पर समाजसेवी देवी प्रसाद त्रिपाठी ने अपने अनुभवों से सभी शिल्पियों को प्रेरित किया तथा आगे बढ़ने का आवाहन किया एवं प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए विशेष प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सुभाष चंद्र शुक्ल , स्वयं सहायता समूह विशेषज्ञ उपस्थित रहे एवं हस्तशिल्पियों को स्वयं सहायता समूह के बारे में , उसके लाभ एवं संगठित विकास के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में संतकबीर हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के अंत में हस्तशिल्पियों से संवाद भी स्थापित किया गया।

## क्विक न्यूज

### चोरी के सामानों और गांजा के साथ तीन गिरफ्तार

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का टुल्लू पम्प मोटर, एक मार्बल कटर मशीन,एक अदद ग्राइंडर मशीन, हथौड़ा, छिनी, साहुल एवं एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद किया है। चोरी के सामान और गांजा के साथ पकड़े गए लोगों में कोतवाली क्षेत्र के लबनापार निवासी अनुराग सहाय त्रिपाठी उर्फ किंग, राहुल तिवारी , जखनी निवासी नरसिंह उर्फ शिवा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार राहुल तिवारी के विरूद्ध पुरानी बस्ती, कोतवाली में छह, अनुराग पर कोतवाली में दो आपराधिक मुकदमें दर्ज है।

### तगादा करने पर युवक को पीटा

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** एक युवक द्वारा पूर्व में दिए गए रुपयों का तगादा करना उस समय महंगा पड़ गया। जब दबंगों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर निवासी राजू पुत्र जमील द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत तीन माह पूर्व उसने अपने पड़ोस के एक युवक को पन्द्रह हजार रूपये उधार दिए थे। जब उसने उक्त युवक से अपने रुपए वापस मांगे तो, उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### पिता-पुत्र को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** रंजिश के चलते पिता पुत्र के साथ गांव के ही तीन लोगों ने अभद्रता करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग निवासी सोनू शुक्ला पुत्र वीरेंद्र द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि सोमवार को वह अपने दरवाजे पर बैठा था। उसी समय रंजिश के चलते गांव के ही तीन लोगों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए उसके पिता को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### ऑटो रिक्शा चालकों ने ठेकेदार के विरोध में की हड़ताल

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** ऑटो रिक्शा चालकों ने नये ठेकेदार के चयन के विरोध में हड़ताल कर नारेबाजी की और सभी ऑटो पायका मैदान में खड़े कर दिए। चालकों ने पुराने ठेकेदार को ही चुनते हुए माला पहनाकर ऑटो रिक्शा का संचालन शुरू कर दिया। सोमवार की सुबह नगर से सवारियां लेकर कन्नौज को जाने वाले करीब 60 ऑटो चालकों ने नए ठेकेदार के चयन पर विरोध करते हुए क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा स्थित पायका मैदान पर ऑटो खड़ा करके विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। इसके पश्चात टेंपो चालक शाहरुख, खुर्शीद, साजिद, माजिद, सरफ़राज, रिंकू, सलमान खान, वसीम, राजू, नफीस, अजय, बबलू, जीतू, शमीम, संदीप, शोएब, निहाल आदि ने ऑटो रिक्शा यूनियन के पुराने ठेकेदार वासिद को माला पहनाकर पुन: यूनियन का ठेकेदार चुनते हुए माल्यार्पण कर स्वागत किया। ऑटो रिक्शा चालकों ने बताया कि नए ठेकेदार टैक्सी चालकों के हितों के लिए सही नहीं है। जिसको लेकर सभी ऑटो चालक प्रदर्शन करने पर मजबूर हो गए हैं। इसके पश्चात टेंपो चालकों ने हड़ताल समाप्त की।

### पुलिस ने अधिवक्ता पर जानलेवा हमले करने के दो आरोपित दबोचे

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** विगत दिनों पूर्व चुनावी रंजिश के चलते अधिवक्ता पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों में से दो को कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध देसी बंदूक सहित हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्रवाई की गई। सोमवार को कोतवाली प्रभारी टीपी वर्मा के निर्देशन में कस्बा चौकी प्रभारी रूद्र प्रताप नारायण त्रिपाठी व जसोदा चौकी प्रभारी अमित पोरवाल ने मुखबिर की सूचना पर कॉस्टेबल अवनीश चौहान, विकास, दीपांशु के साथ विगत दिनों पूर्व अधिवक्ता पर चुनावी रंजिश के चलते जानलेवा हमला करने के मामले में गैरहाजिर चल रहे दो अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर मझपुर्वा रोड पर घेराबंदी कर 27 वर्षीय सरफ़राज उर्फ करिया पुत्र मोहम्मद अली दराज उर्फ कल्लू को 12 बोर की अवैध देसी बंदूक सहित दो कारतूस बरामद किए। वहीं इसी मामले में दूसरे आरोपी 30 वर्षीय सहनवाज पुत्र मोहम्मद अली दराज उर्फ कल्लू को भी हिरासत में लेकर कड़ी सुरक्षा में रिमांड हेतु जनपद न्यायालय भेजा गया।

### पीएम व सीएम आवास के पात्रों को दूसरी किस्त भेजना सुनिश्चत करें : डीएम

**कन्नौज।** प्रधानमंत्री एंव मुख्यमंत्री आवास योजना हेतु लाभार्थियों को द्वितीय किस्त उनके खाते में अंतरित करना सुनिश्चित करें। समस्त ब्लाकों में रंगाई-पुताई का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। मनरेगा में स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को मेट बनाये जाने के लिये चिन्हित करें। तीन अगस्त को जनपद में कोविड 19 टीकाकरण हेतु लगेगें मैगा कैम्प। उक्त निर्देश सोमवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मनरेगा, आवास, एनआरएलएम, एंव तालाब निर्माण सहित कोविड 19 टीकाकरण अभियान को सफल बनाये जाने हेतु बैठक की अध्यक्षता करते हुये उपस्थित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि आगामी 03 अगस्त 2021 को जनपद में कोविड 19 टीकाकरण हेतु मैगा कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिसमें शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में सार्वजनिक स्थल जैसे, पंचायत भवन, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, आंगनवाडी केन्द्र प्राथमिक विद्यालय, एंव नगरीय क्षेत्रों में मैगा कैम्प स्थापित कर आज ही मुनादी आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुये टीकाकरण से वंचित 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को वैक्सीन के लिये प्रेरित करें। मनरेगा के कार्यो की समीक्षा करते हुये उपायुक्त मनरेगा को मनरेगा के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो में एनआरएलएम द्वारा बनाये गये स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मेट पद हेतु नियमानुसार चयनित करें।

## मोहल्ले की सड़क की दुर्दशा से आजिज होकर निवासियों ने डीएम को दिया ज्ञापन

● नगर पालिका क्षेत्र के स्टेशनपुरवा मोहल्ले का मामला



डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते मुहल्लावासी

संवाददाता। संतकबीरनगर

**नगर** पालिका परिषद खलीलाबाद के मोहल्ला स्टेशनपुरवा के लोगों ने रास्ते की पैमाइश व निशानदेही कराकर इंटरलॉकिंग कराये जाने का मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर परिसर में धरना दिया। मोहल्लावासियों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। मामले को संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने उप जिलाधिकारी खलीलाबाद को आदेश दिया कि वह तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण करने के बाद इस संबंध में अवगत कराएं ताकि इस पर आगे की कार्रवाई की जा सके। जिलाधिकारी ने मोहल्लावासियों को दो सप्ताह में रास्ते के विवाद का निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया। वहीं मोहल्लावासियों ने कहा कि यदि दो सप्ताह में रास्ते का विवाद समाप्त नहीं हुआ तो आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे। मुहल्लावासियों का आरोप है कि करीब 25 वर्षो से यहां मकान बनवा करके रह रहे हैं। यहां आने जाने के लिए यही मात्र एक रास्ता है वह भी काफी पुराना है। इसके अलावा अन्य कोई रास्ता नहीं है। रास्ते में आधे रास्ते तक सरकारी कागजात में भी रास्ता दर्ज है। अगल-बगल के कुछ कास्तकारान उक्त सरकारी रास्ता को अवैध ढंग से कब्जा कर लिए है। जिसकी शिकायत कई बार की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। मुहल्लावासियों ने मांग किया है कि उक्त रास्ते की पैमाइश निशानदेही कराकर इंटरलॉकिंग बनाने हेतु आदेश दिया जाय। धरने में सभासद वीरेन्द्र यादव, पवन यादव, सनी, अवधेश प्रसाद चौधरी, जय सिंह यादव, मिथिलेश त्रिपाठी, हरिश्चन्द्र दूबे, अभयनाथ दूबे, केदारनाथ दूबे, राम जोखन सिंह, महेन्द्र यादव, धर्मेन्द्र यादव, लक्ष्मी प्रसाद श्रीवास्तव, अरविन्द कुमार दूबे, आर्यन यादव, ओम प्रकाश मिश्र, राम प्रसाद राय, दिलीप कुमार, नीतू अग्रहरि, ऊषा आदि मोहल्ले के लोग शामिल रहे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यो को गति देगी जिला पंचायत

**बस्ती।** बुद्ध विहार परिसर नरखोरिया में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी का स्वागत किया गया। आलोक आंबेडकर बुद्ध विहार नरखोरिया सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि उन्हें सेवा का जो अवसर मिला है पूरा प्रयास होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत की ओर से विकास की गति को तेज किया जाय। ब्लाक प्रमुख यशकांत सिंह ने स्थानीय समस्याओं से पंचायत अध्यक्ष को अवगत कराया। कहा कि आम जन मानस को यह महसूस होना चाहिए कि जिला पंचायत उनके साथ है। विकास कार्य इस तरह कराए जांय कि लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आए। समिति के अध्यक्ष फूलचन्द गौतम ने मूल भूत आवश्यकताओं की ओर ध्यान दिलाया।

## शुरू हुआ सघन दस्त नियंत्रण पखवारा बचाव के लिए करेंगे जागरूक

संवाददाता। बस्ती

**सघन** दस्त नियंत्रण पखवाड़ा कार्यक्रम का जिला महिला अस्पताल में प्रभारी सीएमओ डा0 एफ हुसैन ने शुभारम्भ किया। 15 अगस्त तक चलने वाले कार्यक्रम के तहत लोगों को बीमारी के प्रति जागरूक किया जाएगा। प्रभारी सीएमओ ने कहा कि दस्त में ओआरएस, जिंक काफी असरदार साबित होता है। हर साल दस्त से शिशु की एक बड़ी संख्या मौत का शिकार हो जाती है। प्रदेश में हर एक हजार पर होने वाली 47 मौत में 10 प्रतिशत मृत्यु दस्त के कारण हो रही है। देश में लगभग 1.2 लाख बच्चे दस्त से पीड़ित होकर मर जाते हैं। बच्चों की मृत्यु के कारणों में दस्त रोग का कारण दूसरे स्थान पर है। लोगों को जागरूक कर एवं जिंक की गोली और ओआरएस के सेवन से इन मौतों को कम किया जा सकता है। कहा कि दस्त रोग विकासशील देशों में व्यापक रूप से मौजूद है, इसका मुख्य कारण दूषित पेयजल, स्वच्छता, शौचालय का अभाव तथा पांच वर्ष तक के बच्चों का कुपोषित होना है।

कहा कि डॉयरिया से बचाव एवं प्रबंधन के संबंध में हर साल सघन दस्त पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सभी गतिविधियां संचालित की जाएगी। ओआरएस का पैकेट घरों तक पहुचाने के साथ ही जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दौरान प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

एसीएमओ आरसीएच डा0 सीके वर्मा, सीएमएस जिला महिला अस्पताल डा0 सुषमा सिन्हा, डा0 राकेशमणि त्रिपाठी, डीसीपीएम दुर्गेश, डा0 अजीत कुमार कुशवाहा, राजकुमार प्रजापति, विनयशंकर व अन्य मौजूद रहे।

## नीट परीक्षा में 65 प्रतिशत आरक्षण का निर्णय वापस लेने की मांग

● 'मेधा' ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को सम्बोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा

**बस्ती।** मेधा पार्टी पदाधिकारियों और सदस्यों ने नीट परीक्षा में 65 प्रतिशत आरक्षण का निर्णय वापस लिए जाने की मांग किया है। इस सम्बन्ध में एसडीएम सदर के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को 5 सूत्रीय ज्ञापन प्रेषित किया है। मेधा के राष्ट्रीय प्रवक्ता दीन दयाल त्रिपाठी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि केन्द्र की सरकार ने प्रतिभाओं के अधिकारों के साथ खिलवाड़ करते हुए नीट परीक्षा में 65 प्रतिशत आरक्षण लागू कर दिया है, इससे योग्य विद्यार्थी चिकित्सक बनने से वंचित हो जाएंगे और जातिगत कारणों से अयोग्य चिकित्सक होंगे जो मरीजों के जीवन के साथ भी खिलवाड़ होगा। इस निर्णय को तत्काल वापस लिया जाना जनहित में आवश्यक है। इसके अलावा सभी वर्गो के गरीब छात्र-छात्राओं को छात्र वृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सुनिश्चित कराने,त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सभी एकल पदों ग्राम प्रधान, ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष का चक्रानुक्रम आरक्षण समाप्त कराए जाने, चक्रानुक्रम आरक्षण विधि सम्मत माना जाता है तो सभी एकल पद राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को भी चक्रानुक्रम आरक्षण की परिधि में लाए जाने, एससीएसटी एक्ट को सामाजिक उत्पीड़न का हथियार न बनाए जाने और दर्ज फर्जी मुकदमों की उच्च स्तरीय जांच कराकर निर्दोषों को न्याय दिलाए जाने आदि की मांग शामिल है। ज्ञापन भेजने वालों में उमेश पाण्डेय 'मुन्ना' राहुल तिवारी, प्रमोद पाण्डेय, नागेन्द्र मिश्र, शेषमणि मिश्र, प्रवीण मिश्र, रमेश गिरी, गिरिराज गिरी, जय प्रकाश गोस्वामी, हरि ओम, मनीष पाण्डेय व अन्य शामिल रहे।

## तीसरी लहर में सेवा के लिए तन, मन धन से तैयार रहें स्वयंसेवक

● आरएसएस की बैठक में क्षेत्र प्रचारक ने किया स्वयं सेवकों से आह्वान

● पर्यावरण की सुरक्षा, संरक्षा के लिए रोपे गए पौधे

संवाददाता। बस्ती



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ कोविड-19 समिति की बैठक संघ कार्यालय पर हुई। संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना ही समाज में व्याप्त कुरीतियों और समस्याओं के निराकरण के लिए हुई थी, आज कोविड-19 का प्रथम और द्वितीय चरण लगभग खत्म हो चुका है परंतु दुनिया अज्ञात तीसरे चरण को लेकर भयभीत है, ऐसी स्थिति में हमें अपनी जिम्मेदारी से मुकरना नहीं चाहिए। संघ समाज के साथ तादात्म्य स्थापित कर सदैव खड़ा रहा है और अक्टूबर-नवंबर में संभावित तीसरी लहर के भयानक रूप लेने की आशंका को देखते हुए संघ के स्वयंसेवकों को उसके लिए तन मन धन से तैयार रहना चाहिए। हमारी चिंता समाज के उन वर्गों के प्रति विशेष रूप से हैं जो किसी भी प्रकार से आहत हैं और समाज के अंतिम व्यक्ति हैं। मास्क एवं अन्य कोविड से सुरक्षा के उपाय का प्रयोग करते हुए स्वयं सेवकों की टोली बनाकर जिला खंड स्तर पर जाकर जो लोग हमारे बीच में नहीं है उनकी सूचीबद्ध कर उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई दिक्कत हो तो उनसका निराकरण और उनकी अनाथ बच्चियों के लिए हमेशा तैयार हैं। कहा कि अगर कोई अनाथ बच्ची है जिसके पास अब कोई नहीं बचा है तो संघ उनकी जिम्मेदारी भी लेने के लिए तैयार है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा एकलव्य पर अपने सम्बोधन में कहा कि संघ के कार्यकर्ता समस्या से जूझते हुए समस्या से निराकरण के लिए हमेशा तत्पर रहता है। संघ की भूमिका को चिन्हित करते हुए पीपल और मौलश्री का पौधरोपण किया। संघ के विभाग प्रचारक लालजी भाई, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व वरिष्ठ प्रचारक राजेंद्र नाथ तिवारी, विभाग संपर्क प्रमुख सुभाष शुक्ला, सह प्रमुख वीरेंद्र शुक्ला, विभाग कार्यवाह नागेन्द्र सिंह, रविंद्र गौतम व अन्य ने विचार व्यक्त किए। सत्येंद्र सिंह भोलू ने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि पौधरोपण पुनीत धर्म है और मानवता की रक्षा तभी हो पाएगी जब पीपल, पाकड़, गूलर, बरगद के पौधे लगाकर उन्हे सुरक्षित रखेंगे। समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता नहीं होगी तब तक हमें पौधरोपण की अलख जगाए रखने की जरूरत है।

# भारतीय महिला हाकी टीम ने रचा इतिहास

## आस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर पहली बार अंतिम चार में पहुंची

### ● सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से भिड़ेगी

**भाषा** । टोक्यो

**ड्रैगफ्लिकर** गुरजीत कौर के गोल और गोलकीपर सविता की अगुवाई में रक्षापंक्ति के बेहतरीन प्रदर्शन से भारतीय महिला हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक खेलों के क्वार्टर फाइनल में विश्व में नंबर दो आस्ट्रेलिया को करीबी मुकाबले में 1-0 से हराकर पहली बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में प्रवेश करके नया इतिहास रचा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के 49 वर्ष बाद सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद विश्व में नौवें नंबर की महिला टीम ने यह इतिहास रचा। सेमीफाइनल में उसका सामना बुधवार को अर्जेंटीना से होगा, जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में जर्मनी को 3-0 से हराया।

गुरजीत ने 22वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर महत्वपूर्ण गोल किया। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी पूरी ताकत गोल बचाने में लगा दी जिसमें वह सफल भी रही। गोलकीपर सविता ने बेहतरीन खेल दिखाया और बाकी रक्षकों ने उनका अच्छा साथ दिया। आखिरी दो क्वार्टर में आस्ट्रेलिया ने लगातार हमले किए लेकिन भारतीयों ने उन्हें अच्छी तरह से नाकाम किया। भारतीय टीम आत्मविश्वास से भरी और खुद को साबित करने के लिए प्रतिबद्ध दिखी। उसने साहसिक प्रदर्शन किया और आस्ट्रेलिया पर करीबी जीत दर्ज की। भारतीय टीम का ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इससे पहले मास्को ओलंपिक 1980 में था जबकि टीम चौथे स्थान पर रही थी लेकिन तब केवल छह टीमों ने हिस्सा लिया था और मैच राउंड रोबिन आधार पर खेले गए थे। रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम की यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि क्योंकि पूल चरण में उसे शुरू में संघर्ष करना पड़ा। भारतीय टीम अपने पूल में दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड को हराकर चौथे स्थान पर रही थी जबकि आस्ट्रेलिया अपने पूल में शीर्ष पर रहा था। विश्व में दूसरे नंबर के आस्ट्रेलिया ने शुरूआती मिनटों में भारतीय रक्षकों को व्यस्त रखा। भाग्य भारत के साथ था जो दूसरे मिनट में स्टीफेनी केरशॉ के क्रास पर एंब्रोसिया मालोनी का शॉट पोस्ट से टकराने के कारण आस्ट्रेलिया बढ़त हासिल नहीं कर पाया। भारतीय खिलाड़ी हालांकि अधिक आत्मविश्वास में दिखी। भारत नौवें मिनट में गोल करने के करीब भी पहुंच गया था। लालरेमसियामी और वंदना कटारिया के प्रयासों से भारत ने आस्ट्रेलियाई रक्षापंक्ति में सेंध लगाई लेकिन रानी रामपाल का शॉट पोस्ट से टकरा गया।

भारत ने पहले क्वार्टर में गेंद पर अच्छा नियंत्रण बनाया और दूसरे क्वार्टर में भी अपने खेल में निंरतरता बनाए रखी। आस्ट्रेलिया को 19वें मिनट में मैच का पहला पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन भारतीयों ने बेहतरीन रक्षण से यह खतरा टाल दिया। इसके बाद मोनिका के आस्ट्रेलियाई सर्कल में बेहतरीन प्रयास से भारत ने पेनाल्टी कार्नर हासिल किया और गुरजीत ने उसे गोल में बदलकर 22वें मिनट में टीम को बढ़त दिला दी। गोल के बाएं छोर पर गए उनके शॉट का आस्ट्रेलियाई रक्षकों के पास कोई जवाब नहीं था। भारत के पास 26वें मिनट में बढ़त दोगुनी करने का मौका था जब सलीमा टेटे बीच मैदान से गेंद लेकर आगे बढ़ी लेकिन उनका शॉट निशाने पर नहीं लगा। इस तरह से रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम मध्यांतर तक 1-0 से आगे थी। आस्ट्रेलिया गोल करने के लिए बेताब था और उसने तीसरे क्वार्टर के शुरू में स्टीवर्ट ग्रेस के प्रयासों से मौका भी बनाया लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता ने मारिया विलियम्स के शॉट को रोककर यह हमला नाकाम कर दिया। आस्ट्रेलिया ने इसके बाद दो पेनल्टी कार्नर हासिल किए लेकिन सविता की अगुवाई में भारतीय रक्षापंक्ति अद्‌भुत और अदम्य साहस दिखाकर खतरे टालती रही। इस क्वार्टर में भारत की मध्यपंक्ति और रक्षापंक्ति का खेल दर्शनीय रहा। सुशील चानू, दीप ग्रेस एक्का, सलीमा टेटे, मोनिका सभी ने बेहतरीन खेल दिखाया। इस क्वार्टर में भारत के पास गोल करने का सबसे अच्छा मौका 44वें मिनट में था जब शर्मिला देवी ने दाएं छोर से गेंद रानी को थमाई लेकिन वह फिर से निशाने पर शॉट जमाने से चूक गई। भारतीय रक्षकों ने चौथे क्वार्टर में भी बेहतरीन खेल दिखाया। आस्ट्रेलिया के पास 50वें मिनट में गोल करने का मौका था लेकिन इस बार निक्की प्रधान उसकी राह में रोड़ा बनी। आस्ट्रेलिया को इसके बाद लगातार दो पेनाल्टी कार्नर मिले लेकिन सविता रूपी दीवार को भेद पाना उसके लिए मुश्किल था। आस्ट्रेलिया ने मैच समाप्त होने से दो मिनट पहले पेनाल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन सविता ने फिर से भारत पर आया खतरा टाल दिया। अंतिम सीटी बजने के साथ ही भारतीय खिलाड़ी झूमने लगी और एक दूसरे के गले लग गई।



पेनाल्टी कार्नर के जरिए गोल करतीं गुरजीत कौर

### पदक का सूखा खत्म करने उतरेगी पुरुष टीम

**टोक्यो** । भारतीय पुरुष हाकी टीम सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन बेल्जियम को हराकर फाइनल में जगह बनाते हुए 41 साल में पहला ओलंपिक पदक सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ उतरेगी। आठ स्वर्ण पदक सहित 11 ओलंपिक पदक जीतने वाले भारत का खेलों में समृद्ध इतिहास है और मनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम उस गौरव को लौटाने की राह पर है। भारत ने रविवार को क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और अब टीम पदक जीतने की दहलीज पर खड़ी है। भारत ने अपने आठ स्वर्ण पदक में से आखिरी पदक 1980 मॉस्को खेलों में जीता था लेकिन उन खेलों के दौरान सेमीफाइनल मुकाबला नहीं हुआ था क्योंकि सिर्फ छह टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। हॉकी को मेजर ध्यानचंद और बलबीर सिंह सीनियर जैसे महान खिलाड़ी देने वाला भारत मौजूदा ओलंपिक से पहले कई ओलंपिक तक हॉकी के मैदान से खाली हाथ लौटता रहा है। भारत ने पिछली बार 1972 म्यूनिख ओलंपिक के दौरान सेमीफाइनल में हिस्सा लिया था और तब उसे चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 0-2 गोल से हार झेलनी पड़ी थी। ग्राहम रीड के मार्गदर्शन में खेल रही भारतीय टीम को पता है कि बेल्जियम के खिलाफ मंगलवार को एक और अच्छा प्रदर्शन टीम का नाम इतिहास में दर्ज करा देगा, फिर चाहे पदक का रंग कोई भी क्यों ना हो। आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने दूसरे ग्रुप मैच में 1-7 की करारी शिकस्त के बाद भारतीय टीम लगातार चार मैच जीत चुकी है और बेल्जियम के खिलाफ भी मनप्रीत सिंह की टीम इस लय को बरकरार रखना चाहेगी, लेकिन मैदान पर भारत की राह इतनी आसान नहीं होने वाली क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में बेल्जियम की टीम में काफी सुधार हुआ है। बेल्जियम की टीम मौजूदा विश्व और यूरोपीय चैंपियन होने के अलावा दुनिया की नंबर एक टीम भी है। रैंकिंग के लिहाज से हालांकि दोनों टीमों के बीच अधिक अंतर नहीं है क्योंकि भारत भी दुनिया की तीसरे नंबर की टीम है।

# चक्का फेंक में कमलप्रीत छठे स्थान पर, दुती चूकी

### ● धाविका दुती 200 मी. के सेमीफाइनल में भी जगह नहीं बना सकीं

**भाषा** । टोक्यो

**भारतीय** चक्का फेंक खिलाड़ी कमलप्रीत कौर अपने पहले ओलंपिक के वर्षाबाधित फाइनल में 63.70 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो लगाकर छठे स्थान पर रही जबकि फर्राटा धाविका दुती चंद 200 मीटर के सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी। शनिवार को क्वालीफाइंग दौर में दूसरे स्थान पर रही कमलप्रीत छह दौर के फाइनल में कभी भी पदक की दौड़ में नहीं रही। बारिश के कारण मुकाबला एक घंटे तक बाधित रहा। कमलप्रीत ने तीसरे दौर में 63.70 मीटर का थ्रो फेंका और छठे स्थान पर रही। इससे पहले 2010 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता कृष्णा पूनिया भी लंदन ओलंपिक 2012 में छठे स्थान पर रही थी। अपने निजी कोच के बिना आई कमलप्रीत पूरे फाइनल में नर्वस नजर आई। अभी तक वह एकमात्र अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट विश्व यूनिवर्सिटी खेल 2017 में भाग ले पाई हैं और उनमें आत्मविश्वास का अभाव दिख रहा था। बारिश के बाद फिसलन और उमस होने के कारण थ्रो फेंकना मुश्किल हो रहा था।

दाहिने कंधे पर पट्टी बांधकर आई कमलप्रीत ने 61.62 मीटर का थ्रो फेंका लेकिन अगला प्रयास अवैध रहा। इससे वह दबाव में आ गई चूंकि वह नौवें स्थान पर खिसक गई थी। इसके बाद उसने अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो 63.70 मीटर फेंका और छठे स्थान पर पहुंच गई। तीन दौर के बाद फाइनल में खेलने वाले 12 खिलाड़ियों में से चार बाहर हो गए थे। आखिरी तीन प्रयास में कमलप्रीत ने चौथा थ्रो फाउल फेंका जिसके बाद 61.37 मीटर का थ्रो फेंका।

आखिरी थ्रो भी फाउल रहा। अमेरिका की वालारी आलमैन 68.98 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण , जर्मनी की क्रिस्टीन पुडेंज को रजत और मौजूदा विश्व चैम्पियन क्यूबा की एमे




पेरेज को कांस्य पदक मिला। दो बार की गत चैम्पियन क्रोएशिया की सैंड्रा पेरकोविच चौथे स्थान पर रही। इससे पहले दुती चंद ने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में इस सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन वह अपनी हीट में सातवें और अंतिम स्थान पर रहकर ओलंपिक से बाहर हो गई। दुती ने चौथी हीट में 23.85 सेकेंड का समय निकाला जो उनका इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है लेकिन यह सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था। 25 वर्षीय दुती इससे पहले अपनी पसंदीदा 100 मीटर दौड़ में भी सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई थी। दुती 41 प्रतिभागियों के बीच कुल 38वें स्थान पर रही और इस तरह से उनके ओलंपिक अभियान का निराशाजनक अंत हुआ।

दुती का सर्वश्रेष्ठ समय 23 सेकेंड का है जो उन्होंने एशियाई खेल 2018 में निकाला था। तब उन्होंने रजत पदक जीता था। ओड़िसा की धाविका सेमीफाइनल में पहुंचने के लक्ष्य के साथ ओलंपिक में आई थी लेकिन वह उसे भी हासिल नहीं कर पाई। उन्होंने विश्व रैंकिंग के आधार पर 200 मीटर के लिए क्वालीफाई किया था क्योंकि वह 22.80 सेकेंड के क्वालीफाईंग मार्क को हासिल करके स्वत:: प्रवेश नहीं कर पाई थी।

# तीन हार के बाद फिल्म ने जोश भरा

### ● ऐतिहासिक जीत के बाद महिला हाकी कोच मारिन का खुलासा

**भाषा** । टोक्यो

**भारतीय** महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच सोर्ड मारिन ने सोमवार को खुलासा किया कि लगातार तीन हार से टीम का मनोबल टूट गया था लेकिन इसके बाद खिलाड़ियों ने आत्मविश्वास जगाने वाली फिल्म देखी जिससे उनमें नया ओज भरा और वे पहली बार ओलंपिक सेमीफाइनल में पहुंचकर इतिहास रचने में सफल रही।

भारतीय टीम ने लगातार हार के बाद शानदार वापसी की और मारिन ने कहा कि आयरलैंड के खिलाफ करो या मरो मैच से पहले एक फिल्म देखने से टीम को मनोवैज्ञानिक रूप से मदद मिली। उन्होंने इस फिल्म के नाम का खुलासा नहीं किया। भारत की क्वार्टर फाइनल में विश्व के नंबर दो आस्ट्रेलिया पर 1-0 गोल की जीत के बाद मारिन ने कहा कि स्वयं पर विश्वास करने और अपने सपनों पर विश्वास करने से अंतर पैदा हुआ और यह अतीत को ध्यान में रखते हुए वास्तविकता का सामना करने से जुड़ा था। यह अहम चीज थी और हमने यही किया। उन्होंने कहा कि यदि आप हार जाते हैं तो आप स्वयं पर विश्वास करना नहीं छोड़ते हैं और यही मैंने लड़कियों से कहा। सबसे महत्वपूर्ण उस पल में जीना होता है। मैंने उन्हें एक फिल्म दिखाई और यह फिल्म वर्तमान पल को जीने से जुड़ी थी और मुझे लगता है कि इससे वास्तव में मदद मिली।

आयरलैंड के खिलाफ हम इस फिल्म का जिक्र करते रहे। मारिन ने फिल्म का नाम बताने से इन्कार करते हुए कहा कि मैंने इसका जिक्र अपनी किताब में किया है जो मैंने लॉकडाउन के दौरान भारत में अपने अनुभवों के बारे में लिखी है।



### बेलारूस की फर्राटा धाविका को पोलैंड में मानवीय आधार पर मिला वीजा

**टोक्यो** । बेलारूस की एक ओलंपिक फर्राटा धाविका ने आरोप लगाया है कि उनकी टीम के अधिकारियों ने जबर्दस्ती उन्हें स्वदेश भेजने की कोशिश की, जबकि उसका मानना है कि वहां निरंकुश सरकार होने के कारण वह सुरक्षित नहीं है। उसे पोलैंड का मानवीय वीजा मिल गया है और वह उस देश में शरण ले सकती है। खिलाड़ी क्रिस्टसीना सिमानोस्काया को टोक्यो में पोलैंड दूतावास से मानवीय वीजा मिल गया है। बेलारूस स्पोर्ट सॉलिडेरिटी फाउंडेशन ने बताया कि उन्होंने उसे चार अगस्त का वारसॉ का टिकट खरीद दिया है। ताजा विवाद की शुरूआत तब हुई जब सिमानोस्काया ने अधिकारियों के टीम के प्रति बर्ताव की निंदा की जिसकी बेलारूस में सरकारी मीडिया ने काफी निंदा की है। सिमानोस्काया ने कहा कि उसे जबरन चार गुणा 400 मीटर रिले दौड़ने के लिए कहा गया जबकि उसने इसमें कभी भी भाग नहीं लिया।

# सिराज की शार्ट गेंद से मयंक चोटिल, पहले टेस्ट से बाहर

**भाषा** । नॉटिंघम

**भारत** के सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल अभ्यास सत्र के दौरान टीम के साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की शॉर्ट गेंद सिर पर लगने से चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाले शुरुआती टेस्ट से बाहर हो गए। इंग्लैंड दौरे पर गए भारतीय गेंदबाजों में सिराज सबसे तेज गेंदबाजी करते है।

अभ्यास के समय मयंक ने उनकी शॉट गेंद से नजरें हटा ली, जिसके बाद गेंद उनकी सिर के पिछले हिस्से में हेलमेट से टकरा गई। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) सचिव जय शाह ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा, सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल सोमवार को नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में भारतीय टीम के नेट सत्र के दौरान



बल्लेबाजी करते समय हेलमेट पर गेंद लगने से चोटिल हो गए। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई की चिकित्सा टीम ने उनका आकलन किया और उनकी कनकशन जांच की गई। उनमें कनकशन के लक्षण दिखे, जिसके बाद वह इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनकी हालत हालांकि स्थिर है और वह चिकित्सकों की निगरानी में रहेंगे। भारतीय टेस्ट उपकप्तान अजिंक्य रहाणे से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मयंक के सिर में चोट लगी है। रहाणे ने कहा कि मयंक अग्रवाल के सिर में चोट लगी है। चिकित्सा टीम उनकी निगरानी कर रही है। अन्य सभी खिलाड़ी फिट है।

मयंक हेलमेट खोलने के बाद कुछ असहज महसूस कर रहे थे और फिर फिजियो नितिन पटेल उनके साथ जमीन पर बैठे गए। इसके बाद वह सिर के पिछले हिस्से पर हाथ रखकर पटेल के साथ नेट से बाहर निकल गए। यह उम्मीद की जा है रही कि टेस्ट मैच खेलने के लिए मंजूरी मिलने से पहले अनिवार्य रूप से उन्हे कनकशन जांच से गुजरना होगा। मयंक की गैरमौजूदगी में लोकेश राहुल को सलामी बल्लेबाज के तौर पर मौका मिल सकता है।

### इंग्लैंड में जीतने के लिए अथक प्रयास करने होंगे: कोहली

**भाषा** । नॉटिंघम

**भारतीय** कप्तान विराट कोहली ने सोमवार को कहा कि इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला जीतने के लिए अथक प्रयास और पूरी तरह से उत्कृष्टता हासिल करने पर ध्यान देना जरूरी है। कोहली की अगुवाई में भारतीय टीम जो रूट की कप्तानी वाली इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी, जिसका आगाज बुधवार को पहले टेस्ट से होगा।

उन्होंने कहा कि पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में हमें हर दिन अथक प्रयास के साथ उत्कृष्टता हासिल करने पर ध्यान देना जारी रखना होगा। यहां आपको खुद से यह कहना होगा कि आप कड़ी मेहनत करना चाहता है और ऐसी परिस्थितियों का सामना करना चाहते है जो हर दिन हर टेस्ट मैच में कठिन होती हैं।

# जैस्मिन कमाचो ने महिला 100 मीटर बाधा दौड़ जीती

**एपी** । टोक्यो



**पुएर्तो** रिको की जैस्मिन कमाचो-क्विन ने उलटफेर करते हुए अमेरिका की केनी हैरिसन को पछाड़कर महिला 100 मीटर बाधा दौड़ का खिताब जीता। विश्व रिकॉर्ड धारक केनी के स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहने के साथ अमेरिका तोक्यो ओलंपिक की ट्रैक स्पर्धाओं में एक भी स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया। जैस्मिन ने 12.37 सेकेंड के साथ सोने का तमगा अपने नाम किया। केनी उनसे 0.15 सेकेंड पीछे रही और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जमैका की मेगान टेपर ने कांस्य पदक जीता। पुएर्तो रिको अमेरिकी क्षेत्र है लेकिन वह ओलंपिक में अपने ध्वज तले हिस्सा लेता है। ओलंपिक से पहले जैस्मिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 12.38 सेकेंड का था। उन्होंने सेमीफाइनल में 12.26 सेकेंड का समय लिया जिससे वह सर्वकालिक सूची में चौथे स्थान पर आ गईं। विश्व रिकॉर्ड केनी केनी के नाम है जिन्होंने 12.2 सेकेंड का समय लिया था।

# बजरंग व विनेश से पदक की उम्मीद

कुश्ती

### ● रवि दहिया भी मजबूत दावेदार

**भाषा** । टोक्यो

**भारत** के सात पहलवान टोक्यो खेलों में जब अपने अभियान की शुरुआत करेंगे तो सभी की नजरें बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट पर टिकी होंगी जिन्होंने ओलंपिक से पहले शानदार प्रदर्शन करके पदक की उम्मीदें जगाई हैं। कुश्ती में भारत के अभियान की शुरुआत मंगलवार को यहां सोनम मलिक करेंगी।

कुश्ती में भारत को तीन पदक की उम्मीद है और अगर पहलवान तीन पदक जीतने में नाकाम रहते हैं तो इसे कमतर प्रदर्शन माना जाएगा। बजरंग (65 किग्रा फ्रीस्टाइल) और विनेश (महिला 53 किग्रा) के अलावा रवि दाहिया (57 किग्रा फ्रीस्टाइल) से अगले कुछ दिनों में कुश्ती के मैट पर पदक जीतने की उम्मीद है। भारत की ओर से 19 साल की सोनम सबसे पहले महिला 62 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करने उतरेंगी।

उन्हें एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंगोलिया की बोलोरतुया खुरेलखू से भिड़ना है। सोनम और 19 साल की एक अन्य पहवान अंशू मलिक दोनों सीनियर सर्किट पर नई खिलाड़ी हैं और ऐसे में विरोधी खिलाड़ियों को उनके खेल की अधिक जानकारी नहीं है और भारतीय पहलवान विरोधियों को हैरान कर सकती हैं।

अंशू ने अच्छा प्रदर्शन किया है और उनके खेल में लगातार सुधार हो रहा है। इन दोनों ही खिलाड़ियों पर कोई दबाव नहीं है और अगर ए पदक के बिना भी लौटती हैं तो इन्हें भविष्य में यहां मिलने वाले अनुभव से फायदा ही होगा। सीनियर पहलवान विनेश अपनी स्पर्धा में शीर्ष वरीय पहलवान के रूप में उतरेंगी और जापान की मायू मुकाइदा के अलावा वह सभी विरोधियों को हराने में सक्षम हैं। विनेश के वर्ग में प्रतिस्पर्धा हालांकि काफी कड़ी होगी।

विनेश का डिफेंस बेहतर हुआ है और उनकी पलटवार करने की क्षमना का कोई सानी नहीं है। उन्होंने एशियाई चैंपियनशिप में खिताब जीतने के दौरान इसे दिखाया भी है। एशियाई चैंपियनशिप और अन्य प्रतियोगिताओं में हालांकि जापान और चीन की पहलवानों ने हिस्सा नहीं लिया था। पुरुष वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुआई बजरंग करेंगे जो विश्व स्तर पर काफी सम्मानित पहलवान हैं। बजरंग ने अपने पिछले 10 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीता है। बजरंग का स्टेमिना उनका पलड़ा भारी करता है लेकिन उनके पैर के रक्षण की परीक्षा होगी।

### दिग्गज क्रिकेटर शेन वार्न कोविड-19 से संक्रमित

**लंदन** । दिग्गज क्रिकेटर शेन वार्न का कोविड-19 के लिए किया गया परीक्षण पॉजिटिव आया है और इसलिए वह लंदन स्प्रिट और सदर्न ब्रेव के बीच खेले गए द हंड्रेड प्रतियोगिता के मुकाबले के दौरान उपस्थित नहीं रह पाए। आस्ट्रेलिया के पूर्व लेग स्पिनर 51 वर्षीय वार्न लंदन स्प्रिट की पुरुष टीम के मुख्य कोच हैं। क्लब ने बयान में कहा कि सुबह अस्वस्थ महसूस करने के बाद शेन का शुरुआती परीक्षण कराया गया जो कि पॉजिटिव आया है। उन्हें टीम और सहयोगी स्टाफ से अलग-थलग कर दिया गया है और पीसीआर परीक्षण के परिणाम का इंतजार है। इसमें कहा गया है, टीम प्रबंधन के एक दूसरे सदस्य का परीक्षण भी पॉजिटिव आया है और उन्हें भी अलग-थलग कर दिया गया है। कोई भी खिलाड़ी प्रभावित नहीं है। सदर्न ने लार्ड्स में खेले गए मैच में चार रन से जीत दर्ज की।

# घुड़सवार मिर्जा व्यक्तिगत इवेंटिंग में 23वें स्थान पर

**भाषा** । टोक्यो

**भारत** के फवाद मिर्जा ओलंपिक की घुड़सवारी स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बनने के बाद इवेंटिंग स्पर्धा में 23वें स्थान पर रहे। मिर्जा ने अपने घोड़े सिगन्योर मेडिकॉट के साथ व्यक्तिगत इवेंटिंग वर्ग के जंपिंग फाइनल्स में प्रवेश किया था। फाइनल में उन्हें 12.40 पेनल्टी अंक मिले और उनके कुल 59.60 पेनल्टी अंक रहे जिसमें क्वालीफाइंग स्पर्धाओं ड्रेसेज, क्रॉसकंट्री और जंपिंग के तीन दौर के अंक शामिल है। बेंगलुरू के 29 वर्ष के राइडर मिर्जा सिडनी ओलंपिक 2000 में इम्तियाज अनीस के बाद ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय हैं। दिवंगत विंग कमांडर आईजे लाम्बा (अटलांटा



1996) ओलंपिक में क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय थे। ड्रेसेज दौर में नौवें स्थान पर रहे फवाद को जंपिंग दौर में आठ पेनल्टी अंक मिले। उनके कुल पेनल्टी अंक 47.2 रहे और वह 25वें स्थान पर थे। मिर्जा और सिग्न्योर ने तकनीकी कारण से देर से शुरू हुए क्रॉसकंट्री को सिर्फ आठ मिनट में पूरी कर ली। जर्मनी की जूलिया क्राजेवस्की को स्वर्ण मिला जो इवेंटिंग के इतिहास में पहली महिला ओलंपिक चैम्पियन है।

# टॉक टाइम

## वीरेन्द्र सक्सेना

*वीरेन्द्र सक्सेना ने अपने करियर की शुरुआत 1985 में मैसी साहब के साथ की थी और अब इंडस्ट्री में 36 साल बाद भी वे प्रासंगिक बने रहने में कामयाब रहे हैं। मुसबा हाशमी के साथ बातचीत में सक्सेना बता रहे हैं कि वे अभिनय से कैसे जुड़े और कैसे उन्होंने ज़ी टीवी के भाग्य लक्ष्मी के साथ छोटे पर्दे पर वापसी की।*

# मुझे इंडस्ट्री से कोई शिकायत नहीं



**■ अभिनय में कैसे आए ?**

मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक दिन अभिनेता बनूंगा। मैं एक छोटे से शहर मथुरा से आता हूँ। उस समय, जब भी मैं लोगों को कोई घटना सुनाता था, तो कई लोगों ने मुझसे कहा कि मैं एक अच्छा अभिनेता हूं और मुझे मुंबई में अपनी किस्मत आजमानी चाहिए। मुझे पता था कि यह संभव नहीं था क्योंकि किसी भी चीज़ को आगे बढ़ाने के लिए आपको उसका अध्ययन करना होगा। साथ ही, मैं बहु-प्रतिभाशाली था, मैं संगीत वाद्ययंत्र बजाता था, गाता था और क्या कुछ नहीं करता था। इन गुणों ने मुझे अपने लोगों के बीच लोकप्रिय बना दिया। एक दिन मुझे एहसास हुआ कि मुझे दिल्ली चले जाना चाहिए। छोटे शहर में रहना भी उतना ही जरूरी है जितना उसको छोड़ देना। इसलिए, मैं दिल्ली शिफ्ट हो गया और एक महत्वपूर्ण व्यक्ति के सचिव के रूप में नौकरी करना शुरू कर दिया। मेरा काम एक दिन में तीन पत्र लिखना था। उसी दौरान, मैं अपने एक सीनियर से मिलने गया और उसने एक नाटक की पेशकश की। मैंने उसे किया और उसके लिए मेरी सराहना की गई। उसके बाद मुझे इस क्षेत्र में जाने का खयाल आया। अभिनय को आजमाने के लिए फिर मैंने अपनी नौकरी छोड़ दी। यह 1977 की शुरुआत में हुआ था।

**■ इंडस्ट्री का हिस्सा बनने का अनुभव कैसा रहा ?**

मेरे पास हीरो जैसा चेहरा नहीं है। मैं एक औसत व्यक्तित्व का औसत दिखने वाला व्यक्ति हूं। लेकिन जब मुझे मेरी पहली फिल्म मिली, तो मैं उस प्रोजेक्ट के लिए साइन करने वाला पहला व्यक्ति था, बाकी कास्टिंग बाद में हुई। इसलिए, मैं दिल्ली में रहकर इंडस्ट्री में काम कर पाया क्योंकि मैं मुंबई नहीं जाना चाहता था। मुझे एक सीरियल तमस करने को मिला, जिस पर बाद में फिल्म बनी, जिसने मुझे अपने करियर को आगे बढ़ाने में बहुत मदद की। मैं आज जो हूं और जहां हूं, उससे खुश हूं। मैं अपनी पसंद के अनुसार काम करता हूं। मुझे मुंबई या इंडस्ट्री से कोई शिकायत नहीं है। मैं खुशहाल शादीशुदा हूं और मेरी पत्नी लेखिका भी हैं और अभिनेत्री भी। हमारे कोई बच्चे नहीं हैं, लेकिन हम एक खुशहाल जीवन जी रहे हैं।

**■ हालांकि ज्यादातर लोग मुंबई जाना चाहते हैं, मगर आपने कुछ समय के लिए नहीं जाने का फैसला किया। क्यों ?**

> मेरे पास हीरो जैसा चेहरा नहीं है। मैं एक औसत व्यक्तित्व का औसत दिखने वाला व्यक्ति हूं। लेकिन जब मुझे मेरी पहली फिल्म मिली, तो मैं उस प्रोजेक्ट के लिए साइन करने वाला पहला व्यक्ति था, बाकी कास्टिंग बाद में हुई। इसलिए, मैं दिल्ली में रहकर इंडस्ट्री में काम कर पाया क्योंकि मैं मुंबई नहीं जाना चाहता था। मुझे एक सीरियल तमस करने को मिला, जिस पर बाद में फिल्म बनी, जिसने मुझे अपने करियर को आगे बढ़ाने में बहुत मदद की। मैं आज जो हूं और जहां हूं, उससे खुश हूं।

हां, बहुत से लोग एनएसडी से ट्रेनिंग लेते हैं और फिर छुट्टियों में मुंबई चले जाते हैं, लेकिन उनका तरीका यही है। मैं मुंबई शिफ्ट नहीं होना चाहता था। लेकिन तमस के बाद मुझे बहुत काम मिलने लगा। मैंने कई प्रोजेक्ट खो दिए और उनमें से एक महेश भट्ट की फिल्म थी जिसमें मैं एक खलनायक की भूमिका निभा रहा था, क्योंकि मुंबई में उपलब्ध नहीं था। फिर, मेरे एक वरिष्ठ ने मुझसे कहा कि मुंबई एक बाजार है और आपको पता होना चाहिए कि खुद को कैसे बेचना है। मैं समझ गया कि उसका क्या मतलब है और मैं इस शहर में आ गया।

**■ आपने बताया कि कैसे आपका हीरो जैसा व्यक्तित्व नहीं है। क्या आपको नहीं लगता कि बाह्य रूप अब हाशिए पर चला गया है ?**

हां, यह धारणा कि व्यक्ति किसी खास तरीके को दिखना होगा, अब बदल गई है। इसीलिए कहानियां बदल गई हैं। या आप कह सकते हैं चूंकि कहानियां बदल गई हैं, इसलिए रूप पीछे की सीट ले लिया है। पहले निर्माता को फिल्म के नुकसान की चिंता रहती थी, लेकिन अब ओटीटी के साथ कई रास्ते खुल गए हैं। बहुत सी अच्छी फिल्में जिनकी जनता तक पहुंचने की कोई गुंजाइश नहीं थी, आखिरकार उन्हें एक रास्ता मिल गया है। हालांकि, केवल कुछ मुट्ठी भर ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म हैं जिनके बारे में हम जानते हैं, मगर वास्तव में उबारने के लिए लगभग 200 ऐसे प्लेटफ़ॉर्म हैं।

**■ क्या आपको लगता है कि आपको इंडस्ट्री में अपना स्थान मिल गया है ?**

इस इंडस्ट्री में बहुत सारे अभिनेता काम करते हैं। मैं कोई हीरो या नायक नहीं हूं। मुझे जावेद साहब की पंक्तियाँ याद हैं : आप लोग कभी हीरो नहीं बन सकते हैं, आप बहुत अच्छे कांधे हैं। हीरो को ऊपर चढ़ाने के लिए आप का कांधा लगता है, आप की जरूरत यहीं रहेगी, इससे आगे ये फिल्म इंडस्ट्री आप को कहीं नहीं लेकर जाएगी। यह उनकी सर्वाधिक पुरानी पंक्तियों में से एक थी, लेकिन यह चलन अब समाप्त हो गया है। हमारा उद्देश्य समर्पण भाव से काम करना है। कई बार हमें एक अलग कहानी सुनाई जाती है और अंतिम उत्पाद पूरी तरह से अलग होता है और आप शिकायत नहीं कर सकते। आप बस इसे लेकर दुख महसूस करते हैं। यह असल में कोई बुरी बात नहीं है क्योंकि अंततः निर्माता अपनी फिल्म चलाना चाहता है, वह हम जैसे अभिनेताओं पर भरोसा नहीं करेगा। लेकिन उस ने कहा, हम जो कुछ भी करें, उसके प्रति हमें अपनी ईमानदारी रखनी चाहिए। रोल कितना भी बड़ा या छोटा क्यों न हो, किरदार के साथ न्याय करना हमारा फर्ज है।

**■ आप एक दशक से अधिक समय के बाद ज़ी टीवी के भाग्य लक्ष्मी के साथ टीवी पर वापसी कर रहे हैं। आपने भूमिका निभाने के लिए क्या किया ?**

सच तो यह है कि मैं टीवी से ऊब चुका हूं। हर जगह एक ही तरह की कहानियां हैं और यह नीरस हो गई है। अब मुझे बिल्कुल भी दिलचस्पी नहीं है। लेकिन भाग्य लक्ष्मी एक अलग कहानी है जो वे बताना चाहते हैं। साथ ही, एकता (कपूर) की वजह से ही मैंने इसके लिए हां कहा। मैं उसका बहुत सम्मान करता हूं।

**■ आपकी भूमिका किस बारे में है ?**

मैं लक्ष्मी (ऐश्वर्या खरे द्वारा अभिनीत) के पिता मनोज बाजवा का किरदार निभा रहा हूं। बिना ज्यादा खुलासा किए कहानी बाप-बेटी के रिश्ते और उनके जुड़ाव के बारे में है।

# ज़रूरत पर काम आने वाला दोस्त ही सच्चा दोस्त होता है



यहां हर किसी के जीवन में अलग-अलग तरह की दोस्ती होती है, और मैं बेहद खुशकिस्मत हूं कि मेरी बेस्टी - राशी बावा भी मेरी सह-कलाकार हैं। हम एक अद्भुत बंधन और विश्वास साझा करते हैं, जो हमें एक-दूसरे के साथ कुछ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने में मदद करता है। जब वह आसपास होती है, मुझे पता है कि मेरी सभी समस्याओं का समाधान मिल जाएगा। इस साल, मैत्री दिवस के लिए, मैंने अपने दोस्तों के साथ दोपहर का भोजन करने की योजना बनाई है क्योंकि यह उस बंधन का जश्न मनाने का दिन है जिसे हम संजोते रहे हैं। इसलिए, इस दिन के रूप में एक धमाका करने की योजना बनाने से मैं अपने दोस्तों से मिलूंगी और उन सभी लोगों के साथ दिन मनाऊंगी जिन्हें मैं बेहद प्यार करती हूं।

**- हिबा नवाब जो सोनी सब के ''जीजाजी छत पर कोई है'' में सीपी की भूमिका निभा रही हैं।**



भगवान आपको अपने दोस्तों के माध्यम से प्यार करता है - इस उद्धरण ने मेरा ध्यान आकर्षित किया, और मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। मेरे लिए फ्रेंडशिप डे का मतलब है जब मैं अपने दो सबसे अच्छे दोस्तों से मिलूं। वे कॉलेज से मेरे दोस्त हैं और मैं उन्हें 11 साल से जानता हूं। इंजीनियरिंग के उन चार सालों में आपके दोस्त ही आपका परिवार हैं और मेरे साथ यही हुआ है ये दोनों मेरे परिवार की तरह हैं। मेरे कॉलेज के आखिरी सेमेस्टर के दौरान, मेरा अभिनय करियर शुरू हुआ, और मैं सप्ताहांत अभिनय पाठ्यक्रम के लिए मुंबई आया करता था। मैं अपने सबसे अच्छे दोस्त भानु के साथ लगभग सब कुछ साझा करता था। जब मैंने भानु से कहा कि मैं अभिनय में अपना करियर बनाऊंगा, तो मुझे याद है कि भानु ने मेरे करियर के बारे में मेरे लिए एक बहुत ही भावनात्मक नोट लिखा था और पत्रिका के कवर पर आपको देखने की उम्मीद लिखी थी। सबसे प्यारी बात यह थी कि उसने मेरे लिए पैसे बचाए ताकि मैं आर्थिक रूप से मजबूत हो। मैं इसे सौभाग्य की निशानी मानता हूं और उन्होंने जो नोट मुझे दिया है, मैंने उसे संभाल कर रखा है। इस बार मैं उनके साथ कॉल या वीडियो कॉल पर फ्रेंडशिप डे मना रहा हूं।

**- शुभाशीष जो जीजाजी छत पर कोई है में जितेंद्र जामवंत जिंदल का किरदार निभा रहे हैं।**



फ्रेंडशिप डे मेरे दिल में एक बहुत ही खास जगह रखता है यह एक ऐसा दिन है जब हम उस बंधन का जश्न मनाते हैं जो हमारे बहुत करीब है। अपने दोस्तों के साथ मेरी सबसे प्यारी याद तब थी जब मैं उनके साथ एक संग्रहालय में स्कूल की यात्रा के लिए गई थी और हमने वहां दोस्ती दिवस मनाया। यह एक ऐसी याद है जिसे मैं कभी नहीं भूल पाऊंगी। हमने वहां घर का बना खाना मनाया और खूब मस्ती की। इस बार मैं इस खास दिन को अपने भाई के साथ मनाऊंगी क्योंकि वह मेरा सबसे अच्छा दोस्त है। हम लंच या डिनर के लिए बाहर जाएंगे। मेरे प्रशंसक भी मेरे दोस्तों की तरह हैं क्योंकि उन्होंने मुझे वह बनाया है जो मैं हूं। मैं उन्हें उस प्यार और स्नेह के लिए भी धन्यवाद देना चाहती हूं जो वे हमें दे रहे हैं।

**— युक्ति कपूर जो सोनी सब के मैडम सिर में करिश्मा का किरदार निभा रही हैं**



मेरे जीवन में फ्रेंडशिप डे हमेशा से एक बहुत ही खास दिन रहा है। मैं इस दिन के लिए बहुत उत्साहित रहती थी। जिस तरह से हम एक-दूसरे को उपहार और शुभकामनाएं देते हैं, मुझे बहुत अच्छा लगता है। इस दिन का मुख्य अनुष्ठान अपने मित्र के हाथ पर पट्टी बांधना है। जो वाकई में बेहद रोमांचक है। मैं अपने दोस्तों के लिए वो फैंसी और सुंदर बैंड लाया करता था। मेरा अग्रभाग बैंड से भर जाता था भले ही मैं इसे थोड़ी देर तक पहनती लेकिन स्कूल में मेरे शिक्षकों द्वारा डांटे जाने के बाद हमें इसे हटाना पड़ता है। फिर भी मेरे पास वो सारे बैंड हैं जिन्हें मैंने इकट्ठा किया है। मैं इसे मीठी यादों के साथ एक दिन कहती हूं और मैं उन्हें बहुत संजो कर रखती हूं।

**- प्रतिभा रांता जो ज़ी टीवी के कुर्बान हुआ में चाहत का किरदार निभा रही हैं**

फ्रेंडशिप डे हमेशा मुझे उन दिनों की याद दिलाता है जब बचपन में हम एक-दूसरे के लिए रंगीन फ्रेंडशिप बैंड चुनने में काफी समय लगाते थे। हमेशा 2-3 बैंड होते थे जो आपके सबसे खास दोस्तों के लिए खरीदे जाते थे जबकि एक गुच्छा दूसरों के लिए खरीदा जाता था। मुझे याद है जब मैं स्कूल में था, मैं लोगों से दोस्ती करने के लिए सबसे ज्यादा उत्साहित हुआ करता था और वास्तव में, मुझे अक्सर सबसे ज्यादा दोस्ती बैंड भी मिलते थे। इसमें हमारा पूरा दिन निकल जाता था और स्कूल में फ्रेंडशिप डे मनाने से अच्छा कोई दिन नहीं होता। बेशक, अब मेरा मानना है कि दोस्ती का जश्न मनाने के लिए कोई एक विशेष दिन नहीं हो सकता है और यह कुछ ऐसा है जो हमें अक्सर इस महामारी के दौरान करना चाहिए। इस तरह मैं अपने जीवन में सबसे अद्भुत दोस्त पाकर धन्य हूं, चाहे वह मेरे शो, हमारीवाली गुड न्यूज में हो या उद्योग से बाहर भी हो। अपने सभी दोस्तों से जिनसे मैं महामारी के कारण नहीं मिल पा रहा हूं, मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि मुझे आप लोगों की याद आती है।



**— राघव तिवारी जो ज़ी टीवी के हमारीवाली गुड न्यूज में आदित्य तिवारी की भूमिका निभाते हैं।**



चूंकि यह फ्रेंडशिप डे है, इसलिए मैं अपनी दोस्त इशिका के बारे में बात करना चाहूंगी। शुरुआत में मैं बहुत शर्मीली और अंतर्मुखी हुआ करती थी, जिसे हमेशा लोगों से बात करने में डर लगता था। बचपन में मेरे ज्यादा दोस्त नहीं थे क्योंकि मैं कभी स्कूल नहीं जाती थी। एक दिन मैं अपनी इमारत की लिफ्ट के पास अपनी मां के इंतज़ार में खड़ी थी, और अचानक एक लड़की मेरे पास आई और बोली, ''तुम टीवी पर सही अभिनय करती हो, मैंने तुम्हारे विज्ञापन देखे हैं, तुम क्यों नहीं आती और खेलती हो। वहीं और फिर, हमने नंबरों का आदान-प्रदान किया और तभी मैंने बगीचे में खेलते हुए वास्तव में दोस्त बनाना शुरू किया। इस घटना को लगभग 11 साल हो चुके हैं और जब से मैं इशिका से मिली हूं। वह वह है जो हमेशा मेरे लिए खास रही है और हमेशा रहेगी। मैं उसके जैसा दोस्त पाकर खुद को धन्य महसूस करती हूं।

**- रीम शेख जो ज़ी टीवी के तुझसे है राब्ता में कल्याणी की भूमिका निभा रही हैं**

सरल शब्दों में दोस्ती एक ऐसा रिश्ता है जो आपका अपने चुने हुए परिवार के साथ होता है। दोस्त वे बहनें और भाई हैं जो हमारे पास कभी नहीं थे और जीवन के उतार-चढ़ाव में हमारे साथ हैं। अपने दोस्तों को विशेष अवसरों के लिए मनाना या बस उनके दिन को रोशन करना बहुत अच्छा लगता है। मैं सभी को मित्रता की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूं।

**- सपना ठाकुर जो ज़ी टीवी के क्यूं रिश्तों में कट्टी बट्टी में समायरा का किरदार निभा रही हैं**



# मेलोड्रामा से भरपूर मिमी



**नेटफ्लिक्स**
**कीर्ति सनन, मनोज पाहवा, सुप्रिया पाठक, पंकज त्रिपाठी, साई तम्हाणकर, शेख इशाक मोहम्मद**
**रेट : 5/10**

सभी बॉलीवुड फिल्मों के साथ समस्या यह है कि वे सभी मेलोड्रामा की ओर झुक जाते हैं, आंसू और कई गर्म शब्दों का आदान-प्रदान होता है क्योंकि यह अपने अंतिम चरण में आता है। यह लगभग वैसा ही है जैसे निर्देशक को यह नहीं पता था कि इसे कैसे समाप्त किया जाए और यह तय किया कि नाटक, भावनाएं और आंसू जरूरतमंदों को करेंगे। लेकिन वे भूल गए हैं कि दर्शकों को अब अच्छा कंटेंट देखने की आदत हो गई है। कोई भी गलत कदम और यह खेल का अंत है।

यही वह बीमारी है जिससे मिमी पीड़ित है। यह एक अच्छे नोट पर शुरू होता है। शुरुआत में हंसी बहुत आती है। डायलॉग और सिचुएशन फनी हैं और हंसाते हैं। सरोगेसी के इर्द-गिर्द पूरी बातचीत और भारत में लोग कैसे हैरान हैं कि यह सब कैसे काम करता है, इससे किसी के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी।

मनोज पाहवा, सुरपिया पाठक, पंकज त्रिपाठी और शेख इशाक मोहम्मद का प्रदर्शन सबसे अच्छा है। सुप्रिया पाठक और मनोज पाहवा ने अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन शो को चुराने वाले हैं पंकज त्रिपाठी। एक टैक्सी ड्राइवर भानु के रूप में, वह बिल्कुल कमाल का है। उनके एक्सप्रेशन देखने लायक हैं। कुछ मायनों में, वह इस जहाज का संचालन करने वाले व्यक्ति हैं, भले ही इसमें कृति सनोन प्रमुख हैं। निर्देशक लक्ष्मण उटेकर ने त्रिपाठी के एक्सप्रेशन्स को इतनी खूबसूरती से कैद किया है कि वह शानदार है।

आतिफ की भूमिका निभाने वाले शेख इशाक मोहम्मद एक और युवा अभिनेता हैं, जिन्हें उनके प्रदर्शन के लिए सराहना की आवश्यकता है। मनोज पाहवा के छात्र के रूप में, वह मजाकिया हैं और उनकी छोटी-छोटी टिप्पणियां आपको स्क्रीन पर आते ही हंसाती और मुस्कुराती हैं।

बहुत सारी भावनाएं हैं, मसाला भी है और आइटम सांग भी है, इसकी जरूरत नहीं थी। चूंकि, यह राजस्थान के एक छोटे से शहर की पृष्ठभूमि पर आधारित है, इसका मतलब है कि फिल्म उतनी ही यथार्थवादी है जितनी अंत में अनावश्यक नाटक के बावजूद मिल सकती है।

**— शालिनी सक्सेना**

# चिप एन डेल : पार्क लाइफ

**डिज्नी+हॉटस्टार**
**आईएनजी ( वॉयस ओवर ) : केसी चेस, मैथ्यू गेज़ी, बिल फार्मर**
**रेटेड : 5.5/10**



हम में से लगभग सभी लोग चिप एन डेल - शरारती लेकिन प्यारे चिपमंक्स को देखते हुए बड़े हुए हैं। इस बार दोनों एक पार्क में अपने जीवन के साथ वापस आ गए हैं। अच्छी बात यह है कि 22 से अधिक चलने वाले समय में छोटी तीन कहानियां यह सुनिश्चित करती हैं कि छोटे टाट स्क्रीन के सामने ज्यादा समय न बिताएं। हालाँकि, यह सुनिश्चित करता है कि वे आनंद लें कि कैसे चिपमंक्स मुसीबत में पड़ जाते हैं और फिर उन मुद्दों को हल करते हैं जिनका वे दैनिक जीवन में सामना करते हैं।

अफसोस की बात है कि कहानियां नासमझ हैं और केवल टॉडलर्स को ही पसंद आती हैं। बेशक, वयस्क इसमें शामिल हो सकते हैं क्योंकि वे अपने बच्चों को स्क्रीन पर हरकतों का आनंद लेते हुए देखते हैं। लेकिन अगर वयस्क किसी ऐसी चीज की तलाश में हैं जो समझ में आता है, तो वे इससे दूर रहना चाहते हैं। एक संदेश भी है। एक जो माता-पिता अपने बच्चों को सिखा सकते हैं - चोरी करना कितना बुरा है और लड़ने के बजाय एक साथ चीजों को साझा करना और करना कितना अच्छा है।

गैर-मौखिक एनीमेशन उन बच्चों की बोरियत को दूर करने के लिए निश्चित है जो वर्तमान महामारी के कारण अपने घरों की सुरक्षा में फंस गए हैं। कुल मिलाकर एक प्यारा एनीमेशन जिसमें बहुत मज़ा आता है जो छोटे बच्चों को पसंद आएगा।

**— शालिनी सक्सेना**